www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

67 YEARS देशबन्धु

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, बुधवार, 30 अप्रैल 2025 । वर्ष – 67 । अंक – 14 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 06072/59



■ राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा बन गई है टीवी पत्रकारिता
■ अमेरिका से व्यापार समझौते करने वाले देशों को चीन की चेतावनी — पृष्ठ 6
■ भारत अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने वाला पहला देश बन सकता है : स्कॉट बेसेंट — पृष्ठ 7
वैभव ने एक साथ ध्वस्त किए कई रिकॉर्ड — पृष्ठ 8

# कश्मीर घाटी के 50 पर्यटक स्थल बंद

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रशासन ने किया कड़ा फैसला, श्रीनगर आने वाले पर्यटकों की संख्या में गिरावट

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। इसे आने वाले तूफान की धमक समझा जाए या फिर कोई भयानक खतरा कि प्रदेश सरकार ने पहलगाम नरसंहार में सुरक्षा खामियों पर पर्दा डालने की गरज से कई टूरिस्ट स्पाटों, झरनों, उद्यानों, रेस्तरां और होटलों पर गाज गिराते हुए उनमं पर्यटकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लागू कर दिया है। हालांकि इसके प्रति कोई सरकारी आदेश जारी नहीं हुआ है पर इनके दरवाजे टूरिस्टों के लिए बंद कर दिए गए हैं। ऐसा करने के लिए कोई कारण नहीं बताया गया है। बताया जाता है कि प्रदेश सरकार ने बिना किसी औपचारिक आदेश के आज से कश्मीर में पर्यटकों के लिए 87 पर्यटन स्थलों में से 50 को बंद कर दिया, जबकि श्रीनगर हवाई अड्डे पर आने वाले पर्यटकों की संख्या ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



**सूची में ये नाम हैं शामिल**–यूसमर्ग, तौसा मैदान, डूडपथरी, अहरबल, कौसरनाग, बंगस, करिवान डाइवर चंडीगाम, बंगस वैली, वुलर–वटलब, रामपोरा और राजपोरा, चेरहर, मुंडिज–हमाम–मरकूट झरना, खाम्पू, बोस्निया, विजीटाप, सूर्य मंदिर, वेरिनाग गार्डन, सिंथन टाप, मार्गनटाप, अकाड पार्क, हब्बा खातून पाइंट, बाबा रेशी दरगाह, रिंगावली, गोगलदारा, बदरकोट, श्रुंज झरना, कमान पोस्ट, नंबलान झरना, इको पार्क खडनियार, संगरवानी, जामिया मस्जिद, बादामवारी, राजौरी कदल होटल कनाज, आली कदल जेजे फूड रेस्तरां, आइवरी होटल, पदशापाल रिसार्ट्स और रेस्तरां, चेरी ट्री रिसार्ट (फकीर गुजरी), नार्थ क्लिफ कैफे और स्टे पैटर्न द्वारा रिट्रीट, फारेस्ट हिल काटेज, इको विलेज रिसार्ट (दारा), अस्तानमार्ग दृश्य प्वाइंट, अस्तनमर्ग पैराग्लाइडिंग, ममनेथ और महादेव हिल्स, बौद्ध मठ, दाचीगाम – ट्राउट फार्म / मत्स्य पालन फार्म से परे, अस्तनपोरा (विशेष रूप से कायम गाह रिसार्ट, लछपत्री, हंग पार्क और नारानाग।

## जम्मू-कश्मीर की सीमाओं पर तनाव जारी

**पाकिस्तानी सेना ने फिर किया संघर्ष विराम का उल्लंघन**

**भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई की**

**जम्मू**। भारतीय सेना ने मंगलवार को कहा कि उसके जवानों ने लगातार पांचवीं रात नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान की ओर से ष्बिना उकसावेष् की गोलीबारी का जवाब दिया, क्योंकि पिछले सप्ताह पहलगाम में पर्यटकों पर हुए घातक हमले के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की तलाश तेज कर दी थी। अब पाक गोलीबारी का दायरा जम्मू सेक्ष्टर में भी बढ़ गया है। पाक सेना ने पुंछ के बाद अब अखनूर में भी गोलीबारी की है। यह संघर्ष विराम उल्लंघन 28–29 अप्रैल की रात को भी हुआ, जिसमें पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने कुपवाड़ा और पुंछ जिलों के विपरीत इलाकों में छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना के जवानों ने तेजी से और प्रभावी ढंग से जवाब दिया, हालांकि भारतीय पक्ष में तत्काल कोई हताहत या महत्वपूर्ण क्षति नहीं हुई। भारतीय सेना ने कहा कि आगे की स्थिति को रोकने के लिए नियंत्रण रेखा पर हाई अलर्ट जारी है। इस बीच प्राप्त विवरण के अनुसार, सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच, जम्मू के पुंछ, राजौरी व कठुआ व सांबा क्षेत्रों में किसानों ने समय से पहले अपनी फसलों की कटाई शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों को मकई तथा गेहूं की कटाई के लिए एक साथ काम करते देखा गया, संभवत: क्षेत्र में चल रही सुरक्षा स्थिति के कारण अनिश्चितता के जवाब में।

# यूपीएससी मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने पर एक लाख की मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**रायपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के यूपीएससी मेंस परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले प्रतिभागियों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बड़ी सौगात दी है। राज्य सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। यह ऐतिहासिक फैसला मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर लिया गया है, जिसके तहत नगरीय प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर इसको महापौर सम्मान राशि निधि के अंतर्गत शामिल किया है। छत्तीसगढ़ सरकार की यह घोषणा को यूपीएससी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए प्रेरणादायी कदम है, जो राज्य में यूपीएससी परीक्षा को लेकर प्रतिभागियों में प्रतिस्पर्धी वातावरण को बढ़ावा देगा।

यूपीएससी 2024 में छत्तीसगढ़ के 5 अभ्यर्थियों की शानदार उपलब्धि

संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा 2024 के अंतिम परिणाम 22 अप्रैल 2025 को घोषित किए, जिसमें छत्तीसगढ़ के पांच

**मुख्यमंत्री के निर्देश पर नगरीय प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश**

अभ्यर्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर राज्य का गौरव बढ़ाया है। इन अभ्यर्थियों के नाम और उनकी रैंक इस प्रकार है – पूर्वा अग्रवाल (रायपुर) – 65वीं रैंक, अर्पण चोपड़ा (मुंगेली) – 313वीं रैंक, मानसी जैन (जगदलपुर) – 444वीं रैंक, केशव गर्ग (अंबिकापुर) – 496वीं रैंक, शची जायसवाल – 654वीं रैंक। इन अभ्यर्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से न केवल व्यक्तिगत सफलता हासिल की, बल्कि छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि पर सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ के युवा प्रतिभाशाली और मेहनती हैं। यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त कर हमारे युवाओं ने साबित कर दिया है कि सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से वे किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल कर सकते हैं। नगरीय प्रशासन विभाग के अनुसार, यह प्रोत्साहन राशि नगर निगमों के तहत संचालित महापौर सम्मान राशि निधि से प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत यूपीएससी की मुख्य परीक्षा पास करने वाले सभी पात्र अभ्यर्थियों को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

## सार संक्षेप

### आरजी कर मामला पीड़िता के पिता ने सीबीआई पर लगाए गंभीर आरोप

**कोलकाता**। आरजी कर मामले में अब पीड़िता के पिता ने मंगलवार को सीबीआई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने कोलकाता हाई कोर्ट और सियालदह जिला कोर्ट में दो अलग-अलग रिपोर्टें पेश की हैं। उन्होंने कहा कि हम आज हाई कोर्ट में बताएंगे कि सीबीआई दो अलग-अलग स्टेटस रिपोर्ट पेश कर रही है। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट के जज भी रिपोर्ट की गंभीरता को देखकर हैरान थे। हमें सीबीआई पर भरोसा था, लेकिन अब उम्मीद खत्म हो रही है। सीबीआई को असली गुनहगारों की जानकारी है, लेकिन वह सच छुपा रही है। उन्होंने कहा कि सीबीआई को पता है कि मेरी बेटी के साथ दुष्कर्म और हत्या किसने की, लेकिन सीबीआई जानकारी छुपा रही है।

### कांग्रेस ने की संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने की मांग

**नई दिल्ली**। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले के कारण उपजी स्थिति पर विचार विमर्श के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया है। ।

### पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का एक्स अकाउंट किया ब्लॉक

**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट ब्लॉक कर दिया।

# पाक सेना का पूर्व कमांडो हासिम मूसा पहलगाम हमले का मास्टर माइंड !

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले में खुफिया एजेंसियों को एक बड़ी जानकारी हाथ लगी है। इस हमले में शामिल एक आतंकी आतंकवादी हाशिम मूसा उर्फ़ सुलेमान है, जो पाकिस्तान सेना के स्पेशल फोर्सेज का पूर्व पैरा कमांडो है, अब लश्कर–ए–तैयबा के साथ काम कर रहा है। जांच से पता चला है कि उसे गैर कश्मीरी लोगों और सुरक्षाबलों पर हमले करने के लिए जम्मू–कश्मीर भेजा गया था। गृहमंत्रालय सूत्रों के मुताबिक पहलगाम हमले में इंटेलिजेंस एजेंसियों ने बड़ी जानकारी हासिल की है।



■ **लश्कर के लिए काम कर रहे मूसा को खास ऑपरेशन के लिए भेजा गया था कश्मीर**

इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया कि हमले का मास्टरमाइंड पाकिस्तान का पूर्व एसएसजी कमांडर हाशिम मूसा है। मूसा अभी लश्कर–ए–तैयबा के लिए काम कर रहा है। इस

## मोदी ने सेना को दी खुली छूट-टारगेट, समय और तरीका तय करे सेना

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरा देश आतंकियों के आका पाकिस्तान पर कार्रवाई की मांग कर रहा है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और तीनों सेनाओं के अध्यक्ष के साथ हाई लेवल मीटिंग की। इसमें सीडीएस अनिल चौहान और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद थे।

सूत्रों के मुताबिक करीब डेढ़ घंटे चली इस बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। पीएम मोदी ने सेना को खुली छूट दे दी है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को करारा जवाब देना हमारा दृढ़ राष्ट्रीय संकल्प है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी जवाबी कार्रवाई का तरीका क्या हो, इसके टार्गेट्स कौन से हों और इसका समय क्या हो, इस प्रकार के ऑपरेशनल निर्णय लेने के लिए सैन्य बलों को खुली छूट है।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह का निधन



**सक्ती**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। सक्ती रियासत के राजा और पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह का आज 29 अप्रैल मंगलवार को 83 वर्ष की उम्र मे निधन हो गया। उन्होंने सक्ती स्थित हरी गुजर महल में अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है कि वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और महल में ही रहकर इलाज करवा रहे थे। राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह ना केवल अविभाजित मध्यप्रदेश में राजनीति का हिस्सा रहे, बल्कि सक्ती रियासत के राजा के रूप में भी लोकप्रिय थे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता के रूप में भी लंबे समय तक सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने सक्ती क्षेत्र में विभिन्न धार्मिक और शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना और संचालन में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# दैवेभो कर्मचारी को नियमित करने हाईकोर्ट का आदेश

**बिलासपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। हाईकोर्ट ने राज्य के आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र में दो दशकों से दैनिक वेतन पर कार्यरत कर्मचारी को राहत देते हुए उसकी सेवाओं को नियमित करने का आदेश दिया। इस संदर्भ में दायर याचिका स्वीकार कर कोर्ट ने कर्मचारी के मामले और अभिलेखों का उचित मूल्यांकन करने का आदेश दिया है।



■ **नियमितीकरण का लाभ दो दशक से अधिक समय से दैनिक वेतनभोगी को मिलेगा**

जस्टिस बिभु दत्ता गुरु की एकल पीठ ने सुनवाई के बाद कहा कि – मामले के तथ्यों और परिस्थितियों तथा सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित कानून के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए याचिका स्वीकार की जाती है। प्रतिवादी अधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे अन्य समान स्थिति वाले कर्मचारियों के अभिलेखों का निरीक्षण करें, जब उनकी सेवाओं को नियमित किया गया। यदि याचिकाकर्ता का मामला भी उन दैनिक वेतन भोगियों के समान पाया जाता है, जिनकी सेवाएं नियमित की गई थीं तो उसकी सेवाओं को भी उसी तिथि से नियमित ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# 'बिल्डर-बैंक गठजोड़' की होगी सीबीआई जांच

**नई दिल्ली**, 29 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को रियल एस्टेट डेवलपर्स और बैंकों के बीच कथित 'अपवित्र गठजोड़' के संबंध में सात प्रारंभिक जांच दर्ज करने का निर्देश दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम और आस–पास के इलाकों में सब्सिडी योजनाओं के तहत आवास परियोजनाओं में निवेश करने वाले घर खरीदारों द्वारा दायर कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पारित किया। घर खरीदारों ने शिकायत की कि बैंक उन्हें ईएमआई का भुगतान करने के लिए मजबूर कर रहे हैं, जबकि उन्हें अभी तक अपने फ्लैटों का कब्जा नहीं मिला है।

# कनाडा में लिबरल पार्टी की चौथी बार सत्ता में वापसी

**ओटावा**, 29 अप्रैल (एजेंसियां)। कनाडा की लिबरल पार्टी ने चौथी बार सत्ता में वापसी की है। प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नेतृत्व में मिली यह जीत कई मायनों में हैरान करने वाली है क्योंकि साल की शुरुआत में पार्टी की स्थिति बहुत कमजोर मानी जा रही थी। कनाडा के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आक्रामक रुख पार्टी की जीत में बड़ा फैक्टर माना जा रहा है। कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पियरे पोलीवरे ने हार कबूल कर ली और मंगलवार की सुबह कार्नी को बधाई देते हुए उनकी जीत की पुष्टि की। जीत की घोषणा करते हुए कार्नी ने कहा, हम अपने महान देश के लिए एक स्वतंत्र भविष्य का निर्माण करेंगे। हालांकि खबर लिखे जाने तक कनाडाई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लिबरल पार्टी 146 सीटें जीत चुकी है जबकि 22 पर वह आगे चल रही है। इस तरह से वह 168 सीट जीत सकती हैं। अभी यह साफ नहीं है कि लिबरल पार्टी बहुमत हासिल करेगी या नहीं। बहुमत का जादुई आंकड़ा 172 है। 343 सदस्यीय हाउस ऑफ कॉमन्स में लिबरल पार्टी ने पिछली बार 152 सीटें थीं। कंजर्वेटिव पार्टी ने 128 सीटें जीती हैं जबकि 16 पर वह आगे चल रही है।

# जल सरंक्षण के नाम पर जल जगार महोत्सव में फूंक दिए गए दो करोड़, दस्तावेजों में सामने आई गड़बड़ी

**रायपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय भूमि जल बोर्ड की एक रिपोर्ट कहती है कि साल 2040 तक राज्य का भू जल स्तर अपनी सर्वाधिक गिरावट दर्ज कर लेगा। हालात बद से बदतर हो जाएंगे और राज्य में पानी के लिए हाहाकार मचेगा। इस रिपोर्ट के बीच जल संसाधन विभाग ने हाल ही में कलेक्टरों को एक पत्र जारी कर कहा है कि राज्य के 5 ब्लॉक क्रिटिकल और 21 ब्लॉक सेमी क्रिटिकल की श्रेणी में है। जाहिर है, भू जल संरक्षण के लिए सरकार सतर्क कर रही है। भू जल स्तर की वर्तमान स्थिति के बीच जल संरक्षण के उपायों पर सरकार का ध्यान है।



इन उपायों के बीच हाल ही में धमतरी जिले में जल जगार महोत्सव का आयोजन किया गया। करीब छह महीने पहले हुए इस आयोजन में जिला प्रशासन ने दो करोड़ रुपए खर्च किए थे। इस आयोजन का मकसद जल संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाना था। प्रशासन के पास इस बात का कोई आंकड़ा नहीं है कि जिस आयोजन में करोड़ों रुपए फूंक दिए गए उसका कितना जमीनी असर हुआ है, मगर जल जगार महोत्सव में खर्च हुई रकम से जुड़े दस्तावेज बताते हैं कि जल जगार महोत्सव के आयोजन में धमतरी जिला प्रशासन ने बड़ी गड़बड़ी कर दी।

दस्तावेजों की पड़ताल से यह मालूम पड़ता है कि इस आयोजन का उद्देश्य जल सरंक्षण के लिए प्रचार–प्रसार कम और एक इवेंट कंपनी को फायदा पहुंचाना ज्यादा रहा। शासन के विभिन्न विभागों में अलग–अलग मदों के लिए आई राशि ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



# देश

उवाच

“ जम्मू-कश्मीरमें निर्दोष लोगों को, जिनका आतंकवादी कृत्यों से कोई संबंध नहीं है, नुकसान नहीं उठाना चाहिए। कश्मीर के लोगों ने विरोध मार्च, मोमबत्ती जुलूस और मौन प्रदर्शनों के माध्यम से आतंकवादी कृत्यों की कड़ी निंदा की है।

-शेख मुस्तफा कमाल,नेकां के अतिरिक्त महासचिव



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.0 | 27.0 |
| मुंबई | 32.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 24.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 29.0 |

# देश और नागरिकों की सुरक्षा से ज्यादा प्रधानमंत्री को चुनाव की चिंता : दीपंकर

■ पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी पर बोला हमला

**पटना**, 29 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा माले) महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश और नागरिकों की सुरक्षा से ज्यादा चिंता चुनाव की है। भट्टाचार्य ने मंगलवार को यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें देश एवं नागरिकों की सुरक्षा से ज्यादा चिंता चुनाव की रहती है। उन्होंने कहा कि मोदी से सवाल करते थे कि देश में आतंकवादी घुसते कैसे हैं। वे कहते थे जब देश की सीमाएं केंद्र सरकार के नियंत्रण में हैं, तो आखिर सुरक्षा में चूक कैसे होती है। यह सवाल आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उनका दूसरा सवाल होता था कि आतंकवादी को पैसा कहां से मिलता है। हाल ही में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच रिपोर्ट के अनुसार, गुजरात में 22,000 करोड़ रुपए का ड्रग पकड़ा गया था। रिपोर्ट में बताया गया कि इसका संबंध लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों से है। मोदी के सवाल का जवाब अब खुद एनआईए ने दे दिया है। सात-आठ अप्रैल को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह खुद सुरक्षा समीक्षा के लिए वहां गए थे, लेकिन मुख्यमंत्री को बैठक से बाहर रखा गया। उसके बाद 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री का कश्मीर दौरा प्रस्तावित था, जिसे रद्द कर दिया गया। क्या कोई विशेष खुफिया इनपुट था। यदि ऐसी आशंका थी, तो आम



नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी और भी गंभीर हो जाती थी। लेकिन आज तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला है। सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, लेकिन हम लोगों को उसमें आमंत्रित नहीं किया गया। यह दर्शाता है कि सरकार इस गंभीर मसले पर व्यापक राजनीतिक विमर्श से बच रही है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषय पर गैर-जिम्मेदाराना रवैया है। माले महासचिव ने कहा कि देशभर में पहलगाम की आड़ में कश्मीरी छात्रों, व्यापारियों और आम नागरिकों पर हो रहे हमलों की हम कड़ी निंदा करते हैं। यह पूरी तरह गलत है और संविधान के मूल्यों के खिलाफ है।

**मोदी कहते थे देश में सुरक्षा नहीं है**

माले महासचिव ने कहा मोदी कहते थे कि देश में सुरक्षा नहीं है। आज कश्मीर जैसे संवेदनशील इलाके में, जहां सबसे ज्यादा सेना की तैनाती है, और पूरी कानून-व्यवस्था सीधे केंद्र सरकार के अधीन है। वहां पहलगाम जैसी बड़ी घटना घट जाती है। देश की एकता, भाईचारा और सामाजिक समरसता को नुकसान पहुंचाने वाली ऐसी घटनाएं अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण हैं। और भी चिंताजनक बात यह है कि केंद्र सरकार के वरिष्ठ मंत्री पीयूष गोयल खुद देश की जनता की देशभक्ति पर सवाल उठा रहे हैं। आज देश के भीतर प्रवासी मजदूरों, मुस्लिम समुदाय और अन्य कमजोर वर्गों पर जिस तरह के हमले हो रहे हैं, वे न केवल अन्यायपूर्ण हैं, बल्कि देश को भीतर से कमजोर करते हैं। किसी भी प्रकार की सांप्रदायिक हिंसा या विभाजन आतंकवाद को

## पुलवामा के समय प्रधानमंत्री शूटिंग में थे व्यस्त : भाकपा- माले

भाकपा माले महासचिव भट्टाचार्य ने कहा कि सोशल मीडिया और मुख्यधारा मीडिया में सरकार जिस तरह से इस मुद्दे का राजनीतिक उपयोग कर रही है, वह आपत्तिजनक है। पुलवामा हमले के समय प्रधानमंत्री शूटिंग में व्यस्त थे। आज भी वे पहले कश्मीर जाने के बजाय सीधे चुनाव प्रचार में व्यस्त हो गए। सरकार की प्राथमिकता चुनाव है, शासन और सुरक्षा नहीं। यह रवैया पूरे देश को उचित नहीं लग रहा। और जब जनता सवाल पूछती है, तो उन्हें जवाब देने के बजाय, सवाल पूछने वालों जैसे कलाकार नेहा सिंह राठौर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। यह लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है।

खत्म नहीं करता - बल्कि समाज में और अस्थिरता पैदा करता है। भट्टाचार्य ने कहा कि यदि आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी है, तो सरकार निर्दोष नागरिकों को क्यों निशाना बना रही है जो खुद पीड़ित हैं। जहां तक भारत और पाकिस्तान के बीच सीमित कानूनी या मानवीय संवाद का सवाल है, उन पर रोक लगाकर आतंकवाद पर क्या असर पड़ेगा। क्या इससे दोनों देशों के आम लोगों के बीच विश्वास और संवाद के रास्ते और ज्यादा बंद नहीं हो जाएंगे। हमें आतंकवाद से दृढ़ता से लड़ना चाहिए।

# झारखंड में ध्वनि प्रदूषण पर राज्य सरकार के अधूरे जवाब से हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

■ स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 6 मई तक अंतिम मौका




**रांची,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए सरकार की ओर से की जाने वाली कार्रवाई के बारे में स्पष्ट जवाब न दिए जाने पर गहरी नाराजगी जताई है। इससे संबंधित जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मौखिक तौर पर कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य सरकार ने ध्वनि प्रदूषण रोकने की दिशा में धरातल पर ठोस कार्रवाई नहीं की। अदालत ने सरकार की ओर से की जाने वाली कार्रवाई के संबंध में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 6 मई तक अंतिम मौका दिया है। इसी दिन याचिका पर अगली सुनवाई भी निर्धारित की गई है। इसके पहले इस याचिका पर 8 अप्रैल को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार से पूछा था कि पर्व-त्योहार के मौके पर राज्य के सभी जिलों में ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। इस संबंध में सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया गया था। मंगलवार को सुनवाई के पूर्व सरकार ने जो शपथ पत्र दाखिल किया, उसमें केवल रांची जिले में प्रशासन की ओर से उठाए गए कदम की जानकारी दी गई। इस पर बेंच ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि कोर्ट के आदेश का अनुपालन क्यों नहीं किया गया। रांची को छोड़कर राज्य के बाकी जिलों में क्या कदम उठाए गए हैं। झारखंड सिविल सोसाइटी एवं अन्य की ओर से दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि ध्वनि प्रदूषण अधिनियम वर्ष 2000 के तहत निर्धारित मानकों का झारखंड में उल्लंघन किया जा रहा है। रेजिडेंशियल, कमर्शियल एवं इंडस्ट्रियल एरिया में ध्वनि के मानक निर्धारित किए गए हैं, लेकिन इन जगहों पर निर्धारित मानकों से अधिक शोर है। ध्वनि प्रदूषण की शिकायतों पर सरकार की ओर से रोक की कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभम कटारुका ने अदालत में दलीलें पेश की।

# जंगलराज से भी बदतर कानून व्यवस्था में अब पुलिस थाने में भी सुरक्षित नहीं पुलिस : पटवारी

■ दो जिलों में कानून व्यवस्था को लेकर मध्य प्रदेश सरकार को घेरा

**भोपाल,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य के दो जिलों के दो अलग-अलग मामलों को लेकर प्रदेश सरकार को घेरा है। पटवारी ने सतना जिले के जैतवारा थाने में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक पर अज्ञात आरोपी द्वारा जानलेवा हमले को लेकर सरकार से सवाल किए हैं। उन्होंने इससे जुड़ा एक वीडियो पोस्ट करते हुए आरोप लगाया कि जंगलराज से भी बदतर हुई प्रदेश की कानून व्यवस्था में अब तो पुलिस पुलिस थाने में भी सुरक्षित नहीं है। पुलिस की पिटाई के बाद अब तो पुलिस पर ही गोलियां चलने लगी है। जिस समय राज्य की कानून व्यवस्था रसातल में पहुंच चुकी हो, पुलिस खुद अपराधियों के निशाने पर हो, ऐसे समय में राज्य सरकार पुलिस को



न्याय दिलाने की बजाय सत्ता के प्रतीकों के सामने झुकने का फरमान सुना रही है। इस दुखद घटनाक्रम के लिए जिम्मेदार दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

वहीं श्योपुर जिले के विजयपुर में कथित तौर पर एक दलित के अंतिम संस्कार रोके जाने के मामले को लेकर पटवारी ने अपने बयान में कहा कि विजयपुर में भारतीय जनता पार्टी नेता रामनिवास रावत के इशारे पर दलित जाटव समाज के लोगों को अपने स्वजन का अंत्येष्टि संस्कार करने से जबरन रोका गया। यह कृत्य न केवल भारतीय संविधान का घोर अपमान है बल्कि मानवता के खिलाफ भी एक शर्मनाक अपराध है। विजयपुर में जो हुआ, वह कोई साधारण घटना नहीं, बल्कि एक सोची-समझी साजिश है, जिसके पीछे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए नेता रामनिवास रावत का सीधा हाथ है। सवाल ये है कि प्रशासन रामनिवास रावत जैसे नेताओं के सामने इतना लाचार क्यों है। विजयपुर के वीरपुर थाना इलाके के लीलधा गांव के निवासी मजदूर जगदीश की मौत के बाद कल उसका शव गांव में अंतिम संस्कार के लिए लाया गया।

# इटानगर में नशीले पदार्थ का मुख्य आपूर्तिकर्ता गिरफ्तार

**इटानगर,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश के इटानगर में ऑपरेशन डॉन 2.0 के तहत स्थानीय पुलिस ने नाहरलागुन मामले से जुड़े नशीले पदार्थ के मुख्य आपूर्तिकर्ता को एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नाहरलागुन थाना के प्रभारी निरीक्षक कृष्णेंदु देव के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने पहले से गिरफ्तार आरोपी की जांच के दौरान प्राप्त महत्वपूर्ण सुरागों पर कार्रवाई करते हुए अन्य अधिकारियों के साथ असम पुलिस की सहायता से सोमवार को समन्वित छापेमारी की।


बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

आंचलिक दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, जबलपुर
1489, राइट टाउन, मानस भवन के पास, जबलपुर– 482002 (म.प्र.)
Ph.: 0761-2480150, Email: armbja@bankofbaroda.co.in

ई- नीलामी बिक्री सूचना

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

परिशिष्ट– IV-A (नियम 6 (2) एवं 8 (6) का परन्तुक देखें)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6 (2) एवं 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियाँ जो **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित हैं, का प्रलक्षित/ वास्तविक कब्जा **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है को **''जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है''** निम्न वर्णित ऋणियों से **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार को निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई– नीलामी द्वारा बेची जाएगी। बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई– नीलामी दिनांक एवं समय एवं धरोहर राशि नीचे दर्शाई गई है :–

| क्र. सं. | ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम एवं पता | अचल संपत्ति का विवरण उस पर ज्ञात भार यदि कोई हो एवं संपत्ति मालिक का नाम | बकाया राशि | ई–नीलामी की दिनांक एवं समय | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि | कब्जे का प्रकार (प्रलक्षित/भौतिक) | सम्पत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **(i) मेसर्स एसकेएम बिल्डकॉन पार्टनरशिप फर्म,** रजि. ऑफिस पताः शॉप नं. 28, ग्राउण्ड फ्लोर, डालफिन चेम्बर्स, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) **(ऋणी)**<br>**(ii) श्री सुरेश कुमार मिरघानी पिता शोभा राम मिरघानी,** पताः सी–2, सेक्टर– 04, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)– 492001 **(पार्टनर एवं जमानतदार)**<br>**(iii) श्री रवि मिरघानी पिता सुरेश कुमार मिरघानी,** पताः सी–2, सेक्टर– 04, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)– 492001 **(पार्टनर एवं जमानतदार)**<br>**(iv) श्रीमति समीक्षा मिरघानी पति रवि मिरघानी,** पताः सी–2, सेक्टर– 04, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)– 492001 **(जमानतदार)**<br>**(v) श्रीमति लता मिरघानी पति सुरेश मिरघानी,** पताः सी–2, सेक्टर– 04, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)– 492001 **(जमानतदार)**<br>**(vi) मेसर्स होटल पुनीत पार्टनरशिप फर्म,** रजिस्टर्ड. पताः बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, क्लाथ मार्केट, पंडरी, रायपुर (छ.ग.)– 492004 **(जमानतदार)** | 1. शॉप नं. 17, खसरा नं. 175/3, 175/4, 176/4, 176/5 का भाग, प.ह.नं. 109, एरिया– 320 वर्गफुट स्थित ग्राउण्ड फ्लोर ''मल्टी– स्टोरी बिल्डिंग डालफिन चेम्बर्स'', सेक्ट–4, महात्मा गांधी वार्ड नं. 25, ग्राम– पंडरी, तराई, देवेन्द्र नगर, तहसील एवं जिला– रायपुर (छ.ग.) एवं बंधककर्ता– श्री सुरेश कुमार मिरघानी। | रू. 1195.92 लाख + ब्याज एवं खर्चे 28-02-2022 से जो लागू हों | 22-05-2025 दोप.2.00 बजे से 6.00 बजे तक | Rs. 3590000/-<br>Rs. 359000/-<br>Rs. 50000/- | सांकेतिक | 16-05-2025 सुबह 11.00 बजे से 4.00 बजे तक |
| | | 2. शॉप नं. 18, खसरा नं. 175/3, 175/4, 176/4, 176/5 का भाग, प.ह.नं. 109, एरिया– 320 वर्गफुट स्थित ग्राउण्ड फ्लोर ''मल्टी– स्टोरी बिल्डिंग डालफिन चेम्बर्स'', सेक्ट–4, महात्मा गांधी वार्ड नं. 25, ग्राम– पंडरी, तराई, देवेन्द्र नगर सेक्ट– 4, तहसील एवं जिला– रायपुर (छ.ग.) एवं बंधककर्ता– मेसर्स होटल पुनीत। | | | Rs. 3590000/-<br>Rs. 359000/-<br>Rs. 50000/- | | |
| | | 3. सभी भू–भाग एवं उससे जुड़े रूम्स/ऑफिस नं. 310, 311, 312, 313, 314, 315, 316, 317, 318 एवं 319 (प्रदर्शित नया नम्बर 701, 702, 703, 704, 716, 717, 718, 719 एवं 720), खसरा नं. 175/3, 175/4, 176/4, 176/5 का भाग, कुल एरिया– 5422.67 वर्गफुट, शॉप नं. 315 श्री सुरेश कुमार मिरघानी के नाम पर, शॉप नं. 314 श्रीमति समीक्षा मिरघानी के नाम पर एवं शेष होटल पुनीत के नाम पर है स्थित थर्ड फ्लोर ''मलटी स्टोरी बिल्डिंग डालफिन चेम्बर्स'', महात्मा गांधी वार्ड नं. 25, ग्राम– पंडरी, तराई, देवेन्द्र नगर सेक्ट, 4, प.ह.नं. 109, तहसील एवं जिला– रायपुर (छ.ग.) एवं बंधककर्ता– श्री सुरेश कुमार मिरघानी, श्रीमति समीक्षी मिरघानी एवं मेसर्स होटल पुनीत। | | | Rs. 18320000/-<br>Rs. 1832000/-<br>Rs. 200000/- | | |
| | | 4. आवासीय सम्पत्ति एवं मकान निर्मित खसरा नं. 86/108 एरिया– 1500.00 वर्गफुट निर्मित एरिया ग्राउण्ड फ्लोर एरिया 1200.00 वर्गफुट एवं फर्स्ट फ्लोर 1000.00 वर्गफुट स्थित देवपुरी, गौतम विहार के सामने, प.ह.नं. 114/52, रवीन्द्र नाथ टैगोर वार्ड, रायपुर, तहसील एवं जिला– रायपुर (छ.ग.) एवं बंधककर्ता– श्री रवि मिरघानी। | | | Rs. 3712000/-<br>Rs. 371200/-<br>Rs. 50000/- | | |
| | | 5. आवासीय फ्लैट नं. 701, ब्लॉक–बी, सातवां फ्लोर, सुपर बिल्ड अप एरिया– 1150.00 वर्गफुट, डायवर्टेड खसरा नं. 559, 560/1, 560/2, 567/3, 567/4 स्थित डालफिन प्रीमियम प्लाजा बिल्डिंग, दलदल सिवनी, प.ह.नं. 109/39, रायपुर, तहसील एवं जिला– रायपुर एवं बंधककर्ता– श्री रवि मिरघानी पिता श्री सुरेश मिरघानी। | | | Rs. 3188000/-<br>Rs. 318800/-<br>Rs. 50000/- | | |
| | | 6. आवासीय फ्लैट नं. 703, ब्लॉक–बी, सातवां फ्लोर, सुपर बिल्ड अप एरिया– 1150.00 वर्गफुट, डायवर्टेड खसरा नं. 559, 560/1, 560/2, 567/3, 567/4 स्थित डालफिन प्रीमियम प्लाजा बिल्डिंग, दलदल सिवनी, प.ह.नं. 109/39, रायपुर, तहसील एवं जिला– रायपुर एवं बंधककर्ता– श्री सुरेश मिरघानी | | | Rs. 3188000/-<br>Rs. 318800/-<br>Rs. 50000/- | | |
| | | 7. आवासीय फ्लैट नं. 704, ब्लॉक–बी, सातवां फ्लोर, सुपर बिल्ड अप एरिया– 1150.00 वर्गफुट, डायवर्टेड खसरा नं. 559, 560/1, 560/2, 567/3, 567/4 स्थित डालफिन प्रीमियम प्लाजा बिल्डिंग, दलदल सिवनी, प.ह.नं. 109/39, रायपुर, तहसील एवं जिला– रायपुर एवं बंधककर्ता– श्री रवि मिरघानी पिता श्री सुरेश मिरघानी। | | | Rs. 3188000/-<br>Rs. 318800/-<br>Rs. 50000/- | | |
| | | 8. आवासीय सम्पत्ति एवं मकान निर्मित खसरा नं. 50/8, प्लाट नं. 195/2 का भाग, एरिया– 1000.00 वर्गफुट निर्मित एरिया ग्राउण्ड फ्लोर एरिया– 700.00 वर्गफुट एवं फर्स्ट फ्लोर 1000.00 वर्गफुट, सेकेण्ड फ्लोर– 500.00 वर्गफुट स्थित मौजा– तेलीबंधा, प.ह.नं. 113, वार्ड नं. 43, मदर टेरेसा वार्ड, तहसील एवं जिला– रायपुर एवं बंधककर्ता– श्री रवि मिरघानी पिता श्री सुरेश मिरघानी। | | | Rs. 4680000/-<br>Rs. 468000/-<br>Rs. 50000/- | | |
| | | 9. सभी भू–भाग एवं उससे जुड़े रूम्स/ऑफिस नं. 201 से 209 फिर से अंकित किया गया रूम नं. 601 से 609, खसरा नं. 175/3, 175/4, 176/4, 176/5 का भाग, प.ह.नं. 109, एरिया– 3245 वर्गफुट, स्थित सेकेण्ड फ्लोर, होटल पुनीत, डालफिन चेम्बर्स, पंडरी, तराई, वार्ड नं. 25, महात्मा गांधी वार्ड, देवेन्द्र नगर सेक्ट.– 4, रायपुर, तहसील एवं जिला– रायपुर (छ.ग.) एवं बंधककर्ता– श्री सुरेश कुमार मिरघानी पिता श्री शोभाराम मिरघानी, श्रीमति लता मिरघानी पत्नि श्री सुरेश मिरघानी एवं श्री रवि मिरघानी पिता श्री सुरेश मिरघानी | | | Rs. 15350000/-<br>Rs. 1535000/-<br>Rs. 100000/- | | |
| | | 10. सभी भू–भाग एवं उससे जुड़े शॉप नं.9, खसरा नं. 175/3, 175/4, 176/4, 176/5 का भाग, प.ह.नं. 109, एरिया– 320 वर्गफुट स्थित ग्राउण्ड फ्लोर ''मल्टी– स्टोरी बिल्डिंग डालफिन चेम्बर्स'', महात्मा गांधी वार्ड नं. 25, ग्राम– पंडरी, तराई, देवेन्द्र नगर सेक्टे.– 4, तहसील एवं जिला– रायपुर (छ.ग.) एवं बंधककर्ता– मेसर्स होटल पुनीत। | | | Rs. 2378000/-<br>Rs. 237800/-<br>Rs. 50000/- | | |
| | | 11. सभी भू–भाग एवं उससे जुड़े शॉप नं. 10, खसरा नं. 175/3, 175/4, 176/4, 176/5 का भाग, प.ह.नं. 109, एरिया– 320 वर्गफुट स्थित ग्राउण्ड फ्लोर ''मल्टी– स्टोरी बिल्डिंग डालफिन चेम्बर्स'', महात्मा गांधी वार्ड नं. 25, ग्राम– पंडरी, तराई, देवेन्द्र नगर सेक्टे.– 4, तहसील एवं जिला– रायपुर (छ.ग.) एवं बंधककर्ता– श्री रवि मिरघानी। | | | Rs. 1189000/-<br>Rs. 118900/-<br>Rs. 25000/- | | |
| | | 12. आवासीय मकान एरिया– 1500 वर्गफुट, प्लाट नं. डी–14/4 सेक्टर– 4 पर स्थित, प.ह.नं. 109 देवेन्द्र नगर, महात्मा गांधी वार्ड, रायपुर (छ.ग.) बिल्डिंग निर्मित एवं उससे जुड़े ग्राउण्ड फ्लोर, भूमि की वैल्यू, निर्मित ग्राउण्ड फ्लोर एवं फर्स्ट फ्लोर एरिया– 1496 वर्गफुट, सिर्फ इस पर विचार किया गया एवं बंधककर्ता– श्री सुरेश मिरघानी पिता श्री शोभाराम मिरघानी। | | | Rs. 8970000/-<br>Rs. 897000/-<br>Rs. 50000/- | | |
| | | 13. होटल पुनीत का भाग, रूम नं. 214 से 219 फिर से अंकित किया गया 610–616 स्थित सेकेण्ड फ्लोर, होटल पुनीत, कमर्शियल बिल्डिंग निर्मित डालफिन प्रोमोटर्स एवं डालफिन एसोसिएट्स स्थित खसरा नं. 175/4, 176/5, 175/3 एवं 176/4, प.ह.नं. 109 स्थित पंडरी, रायपुर, छ.ग., एरिया– 1593 वर्गफुट एवं बंधककर्ता– होटल पुनीत। | | | Rs. 7532000/-<br>Rs. 753200/-<br>Rs. 50000/- | | |
| | | 14. ऑफिस/रूम नं. 210, 211, 212, 213, खसरा नं. 175/3 एवं 176/4 का भाग, प.ह.नं. 109, एरिया– 1068 वर्गफुट स्थित सेकेण्ड फ्लोर होटल पुनीत मल्टी– स्टोरी बिल्डिंग डालफिन चेम्बर्स, महात्मा गांधी वार्ड नं. 25, ग्राम– पंडरी, तहसील एवं जिला– रायपुर, (छ.ग.) एवं बंधककर्ता– होटल पुनीत। | | | Rs. 5000000/-<br>Rs. 500000/-<br>Rs. 50000/- | | |
| | | 15. आवासीय फ्लैट नं. 702, ब्लॉक–बी, सातवां फ्लोर, सुपर बिल्ड अप एरिया– 1135 वर्गफुट स्थित खसरा नं. 559, 560/1, 560/2, 567/3, 567/4 डालफिन प्रीमियम प्लाजा की श्रृंखला, दलदल सिवनी, प.ह.नं. 109/39, तहसील एवं जिला– रायपुर एवं बंधककर्ता– श्रीमति लता मिरघानी पत्नि श्री सुरेश मिरघानी। | | | Rs. 2824000/-<br>Rs. 282400/-<br>Rs. 50000/- | | |
| | | 16. शॉप नं. 310ए– 311ए, खसरा नं. 175/3 एवं 176/4 का भाग, प.ह.नं. 109, एरिया– 900 वर्गफुट स्थित ग्राउण्ड फ्लोर ''मल्टी– स्टोरी बिल्डिंग डालफिन चेम्बर्स'', महात्मा गांधी वार्ड नं. 25, ग्राम– पंडरी, तराई, रायपुर (छ.ग.) एवं बंधककर्ता– मेसर्स होटल पुनीत। | | | Rs. 3040000/-<br>Rs. 304000/-<br>Rs. 50000/- | | |

**सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन 15 दिनों की वैधानिक विक्रय सूचना है।**

विक्रय के निबंध और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट https://www.bankofbaroda.in/e-auction एवं ई– नीलामी पोर्टल– Baanknet.com देखें। अन्य संबंधित जानकारी के लिए प्राधिकृत अधिकारी से फोन नं. 0761– 2480150, मोबा. नं. 9810553775 पर संपर्क कर सकते हैं।

स्थानः जबलपुर, दिनांकितः 28.04.2025

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा



**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बीपी–4, टेक्नोपोलिस बिल्डिंग, चौथी मंजिल, सेक्टर V, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता पश्चिम बंगाल– 700091
CIN No: L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हीराधर गुप्ता/ रेखा गुप्ता/ 1005/ जी मायापारा, वार्ड नंबर 1 पंचशील नगर, छत्तीसगढ़, दुर्ग– 491003/ LBBLI00004712427/ LBBLI00005359961 | खसरा नं. 342/132 और 344/38, पी.एच. नं. 06, मौजा बघेरा, आर.एन.एम. दुर्ग 2, तहसील और जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल– 25x57=1425 वर्ग फीट या 0–013 हेक्टेयर/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि 25.04.2025 | 28/03/2023 रु. 40,50,844/- | दुर्ग |
| 2. | मद्दू अनंत राव/ मद्दू जगन्नाथ राव/ मद्दू स्वाति/ एल आई जी II– 403, 32 एकड़ आम्रपाली वनांचल सिटी यानी भिआली, जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, भिलाई– 490026/ LBBLI00004417355 | मकान क्रमांक एलआईजी– II/403, औद्योगिक एस्टेट, भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) क्षेत्रफल– प्लिंथ 32.11 वर्ग मीटर/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि 25.04.2025 | नवंबर 25, 2024 रु. 22,46,217.06/- | भिलाई |

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(याँ) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

**दिनांक : अप्रैल 30, 2025, स्थान : दुर्ग और भिलाई** — **भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए**

## मेरे एक्टिंग कॅरियर में 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' सुखद बदलाव वाली फिल्म : अक्षय

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय ओबेरॉय, वरुण धवन और जान्हवी कपूर स्टारर अपकमिंग फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में नजर आएंगे। अभिनेता ने अपने अनुभव शेयर करते हुए बताया कि फिल्म में काम करना शानदार और उनके करियर में बदलाव लाने वाला साबित हुआ। 'फाइटर' और 'किसको था पता' जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाले अक्षय ने बताया कि 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' उनके करियर में एक सुखद बदलाव लेकर आया। अक्षय ने बताया कि सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में काम करना मेरे लिए शानदार अनुभव से भरा रहा। पिछले कुछ सालों में मैंने कई तरह के गंभीर, कई तरह के किरदार निभाए हैं।

## नई शुरुआत को खास तारीख तक नहीं रखती सीमित : काम्या पंजाबी



**मुंबई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। टीवी जगत की लोकप्रिय अभिनेत्री काम्या पंजाबी ने हिंदू धर्म के पवित्र दिन अक्षय तृतीया को लेकर अपनी राय रखी। काम्या ने बताया कि वह नई शुरुआत को किसी खास तारीख तक सीमित नहीं रखती हैं। अभिनेत्री का मानना है कि किसी भी काम को करने का सबसे सही समय होता है 'अभी।'

काम्या ने नई शुरुआत को लेकर कहा कि अक्षय तृतीया को अक्सर कुछ नया शुरू करने के लिए सबसे शुभ दिनों में से एक माना जाता है। चाहे वह कुछ खास खरीदना हो, नई शुरुआत हो या जीवन का कोई बड़ा फैसला लेना हो। मैं व्यक्तिगत रूप से नई शुरुआत को किसी विशेष तिथि या मुहूर्त तक सीमित नहीं रखती, मैं उन लोगों का बहुत सम्मान करती हूं, जो ऐसी परंपराओं को लेकर चलते हैं और उससे सकारात्मकता पाते हैं। लेकिन मेरा मानना है कि अगर आपके इरादे नेक हैं और आपका दिल नए सफर के लिए तैयार है, तो हर दिन शुरुआत के लिए अच्छा है।उन्होंने बताया कि सबसे खास बात है कि डर या झिझक के कारण अपने सपनों को टालना या इग्नोर करना सही नहीं है। इसके लिए पहला कदम उठाना चाहिए, चाहे वह कितना भी छोटा क्यों न हो। यह बहुत मायने रखता है। एक नई शुरुआत के लिए बेहतरीन दिन की नहीं, बल्कि साहस और खुद पर विश्वास की जरूरत होती है।काम्या ने कहा कि मैं साहसिक कदम उठाने में विश्वास रखती हूं। जब भी दिल को कुछ नया करने का मन करे, चाहे वह कितना भी चुनौतीपूर्ण हो, उसके लिए कोशिश जरूर से करनी चाहिए।

# आयुर्वेदिक गुणों का खजाना है देवदारु

- प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध देवदारु
- हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और सिक्किम जैसे राज्यों में उगता है देवदारु
- खांसी जैसे कफ विकार रोगों से राहत दिलाने में मदद
- तेल जोड़ों के दर्द, गठिया व मांसपेशियों की अकड़न को कम करने में प्रभावी



**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। देवदारु हिमालय की वादियों में पाया जाने वाला एक विशाल वृक्ष है। यह न केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि इसके औषधीय, आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ भी इसे अनमोल बनाते हैं। हाल के समय में आयुर्वेद के बढ़ते महत्व के बीच देवदारु ने विशेष तौर पर लोगों का ध्यान आकर्षित किया है।

देवदारु को 'देवताओं की लकड़ी' के रूप में जाना जाता है। इस पौधे के सभी भागों का उपयोग विभिन्न औषधीय लाभों के लिए किया जाता है। भारत में यह हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और सिक्किम जैसे राज्यों में उगता है और इसकी ऊंचाई 40-60 मीटर तक हो सकती है। इसकी शंकुधारी पत्तियां और सुगंधित लकड़ी इसे विशिष्ट बनाती हैं।

हिंदू धर्म में देवदारु को पवित्र माना जाता है। पुराणों में इसे भगवान शिव से जोड़ा जाता है और कई धार्मिक स्थलों पर इसके वृक्ष लगाए जाते हैं। इसकी शीतल छाया और सुगंधित वातावरण ध्यान और योग के लिए बेहतर माहौल प्रदान करते हैं।

आयुर्वेद में देवदारु का विशेष स्थान है। इसकी छाल, पत्तियां, तेल और राल का उपयोग विभिन्न रोगों के उपचार में किया जाता है। आयुर्वेद के अनुसार, देवदारु में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-बैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं। इसका तेल जोड़ों के दर्द, गठिया और मांसपेशियों की अकड़न को कम करने में प्रभावी है। इसके अलावा यह त्वचा रोगों में भी उपयोगी है।

देवदारु जुकाम-खांसी के समय शरीर से अतिरिक्त कफ को भी बाहर निकालने में मदद करता है। इस गुण के कारण रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट से बलगम को निकालकर खांसी जैसे कफ विकार रोगों से राहत दिलाने में मदद करता है। देवदारु का सेवन करने कफ को संतुलित करने और फेफड़ों से अतिरिक्त बलगम को बाहर निकालने में मदद मिलती है। जिससे यह अस्थमा के लक्षणों को नियंत्रित करने में मदद करता है और सांस फूलने की स्थिति में राहत देता है। अस्थमा जैसे श्वास रोग में देवदारु का सेवन रामबाण इलाज है।

इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण के कारण गठिया से संबंधित सूजन और दर्द जैसी समस्याओं को ठीक करने के लिए इसे जोड़ों पर लगाया जा सकता है। देवदारु तेल को इसके एंटीसेप्टिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण के कारण घाव भरने के लिए घावों पर भी लगाया जा सकता है। अपनी त्वचा पर देवदारु के पत्ते का पेस्ट लगाने से त्वचा के संक्रमण के साथ-साथ इसके एंटीफंगल गुण के कारण खुजली को रोकने में भी मदद मिल सकती है।

देवदारु मधुमेह रोगियों के लिए अच्छा हो सकता है और मन को शांत करने में भी मदद करता है। इसके उपयोग से नींद के पैटर्न को बेहतर बनाने में भी मदद मिलती है, जिससे अनिद्रा की शिकायत दूर होती है। वहीं, झुर्रियां, शुष्क त्वचा को भी देवदारु का तेल नियंत्रित करता है और त्वचा में नमी की मात्रा बढ़ाने में मदद करता है।

## कटिहार के गुल्फराज ने 'मोदी मखाना' ब्रांड से बनाई पहचान




**गांव में सैकड़ों लोगों को दिया रोजगार**

**कटिहार,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के कटिहार जिले के 23 वर्षीय गुल्फराज ने मखाना उद्योग में अपनी मेहनत से एक नई पहचान बनाई है। इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने पारंपरिक नौकरी की बजाय स्टार्टअप की राह चुनी और 'मोदी मखाना' नाम से ब्रांड स्थापित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मखाना को लेकर की गई पहल और उनके भाषणों ने उन्हें इस दिशा में काम करने के लिए प्रेरित किया। उनका यह ब्रांड आज देश के कई राज्यों में प्रसिद्ध हो चुका है और वह लाखों का कारोबार कर रहे हैं।

कटिहार के कोढ़ा प्रखंड स्थित चरखी मस्जिद टोला निवासी गुल्फराज ने बताया कि ग्रेजुएशन की पढ़ाई के दूसरे वर्ष में स्टार्टअप से जुड़ा एक कार्यक्रम हुआ था, जिसमें मखाना को लेकर चर्चा हुई। यहीं से उन्हें मखाना उद्योग में संभावनाएं नजर आईं। वर्ष 2019 में उन्होंने स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद अपने छोटे से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती दौर में परिवार ने इस फैसले पर असहमति जताई, लेकिन वह अपने इरादों से पीछे नहीं हटे।

गुल्फराज ने कहा कि जब युवा नौकरी करते हैं तो वे सिर्फ अपने लिए काम करते हैं, लेकिन उद्योग खड़ा करने से अन्य लोगों को भी रोजगार मिलता है। यही सोच उन्हें प्रेरित करती रही।

उन्होंने अपने कारोबार की शुरुआत महज 500 वर्ग फुट से की थी, जो अब एक प्रोसेसिंग यूनिट में बदल चुका है। उनके ब्रांड का नाम 'मोदी मखाना' रखने के पीछे भी खास वजह है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के उस भाषण का उल्लेख किया जिसमें मखाना के बेहतर पैकेजिंग की बात की गई थी। गुल्फराज ने कहा कि मुझे लगा कि जब मखाना को लेकर प्रधानमंत्री खुद इतनी गंभीरता दिखा रहे हैं, तो उन्हें भी इसे वैश्विक पहचान दिलाने की कोशिश करनी चाहिए। इसी सोच के साथ उन्होंने मखाना को बेहतर तरीके से पैकेज कर मोदी मखाना के नाम से बाजार में उतारा।

उन्होंने प्रधानमंत्री की युवाओं, विशेषकर अल्पसंख्यकों के प्रति सकारात्मक सोच को सराहा और कहा कि उनके विचारों से प्रभावित होकर ही यह नाम रखा गया। उनकी प्रोसेसिंग यूनिट में अधिकांश कर्मचारी अल्पसंख्यक समुदाय से हैं, जिन्हें गांव में ही रोजगार मिल रहा है।

उनके साथ काम करने वाले मोहम्मद एजाज आलम ने बताया कि वह पहले मुंबई में स्पोर्ट्स सेक्टर में काम करते थे, लेकिन अब गांव में ही रहकर रोजगार मिलने से बेहद खुश हैं। गुल्फराज ने कहा कि मखाना उद्योग में सुधार और बेहतर पैकेजिंग से किसानों को भी लाभ मिल रहा है। साल 2019 में जहां मखाना की कीमत 500-600 रुपए प्रति किलोग्राम थी, वहीं आज यह 1,200-1,500 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। इससे किसानों की आमदनी में भी कई गुना वृद्धि हुई है।

## क्लासिक अंदाज में करिश्मा तन्ना ने कराया फोटोशूट

**मुंबई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। मशहूर एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना की फैन फॉलोइंग किसी बॉलीवुड एक्ट्रेस से कम नहीं है। बेशक उन्होंने पर्दे से दूरी बना रखी हो, लेकिन वह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और पोस्ट के जरिए अपने फैंस से जुड़ी रहती हैं। इस कड़ी में उन्होंने अपना नया फोटोशूट शेयर किया है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। उनका यह फोटोशूट अब इंटरनेट पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है।



इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया फोटोशूट ब्लैक एंड व्हाइट है। इन फोटोज में करिश्मा का क्लासिक अंदाज नजर आ रहा है। उन्होंने शर्ट और लॉन्ग स्कर्ट पहनी हुई है और बालों का बन बनाया हुआ है। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा- 'नो कैप्शन, क्या कोई कैप्शन बता सकता है?'

फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- 'ब्यूटी इन ब्लैक'

वहीं दूसरे यूजर ने लिखा कि आप बहुत सुंदर और आकर्षक लग रही हैं। अन्य यूजर ने लिखा कि खूबसूरत, एक्ट्रेस के बारे में बात करें तो करिश्मा तन्ना छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकी हैं। उन्होंने 2001 में टीवी शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी से अपने करियर की शुरुआत की। वह बाल वीर, 'नागिन 3', 'कयामत की रात' जैसी टीवी सीरियल्स में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने कई फिल्में भी की हैं, जिसमें 'दोस्ती फ्रेंड्स फॉरएवर', 'ग्रैंड मस्ती', 'संजू' जैसी फिल्में शामिल हैं। इसके अलावा, वह ओटीटी में भी किस्मत आजमा चुकी हैं। उन्होंने वेब सीरीज 'करले तू भी मोहब्बत' और 'स्कूप' में भी काम किया है। वह रियलिटी शो 'बिग बॉस 7' की रनर-अप रहीं। उन्होंने 'झलक दिखला जा' और 'खतरों के खिलाड़ी' जैसे रियलिटी शोज भी किए। वह 'खतरों के खिलाड़ी 10' की विजेता रही हैं। तन्ना अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। साल 2022 में उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड वरुण बंगेरा से शादी की। वरुण बंगेरा एक बिजनेसमैन हैं और वीबी क्रॉप नाम की कंपनी के डायरेक्टर हैं। दोनों पहली बार कॉमन फ्रेंड सुवेद लोहिया की पार्टी में मिले थे।

## श्वास संबन्धी समस्याओं का रामबाण इलाज, कांटेदार पौधा भटकटैया

**मुंबई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। 'जे मुंह से श्रापे, उ मुंह में कांटा धंसे, हमरे भाई क उमर बढ़े...' ये वही पंक्तियां है जब बहनें भटकटैया के कांटे को भाईदूज (पर्व) के मौके पर अपने जीभ में चुभोकर बोलती हैं। केवल पर्व ही नहीं आयुर्वेद में भी भटकटैया का बहुत महत्व है। आज जानने की बारी है रेंगनी के बारे में जिसके इस्तेमाल से रोग-व्याधी कोसो दूर चले जाते हैं। रेंगनी, कंटकारी, व्याघ्री या भटकटैया... ये वो पौधा है, जिसके सेवन से खांसी में तो राहत मिलती ही है, साथ ही यह और भी कई रोगों को मौत की नींद सुला देता है। भटकटैया का भाई-बहन के पर्व भाईदूज की पूजा में जितना महत्व है, उतना ही आयुर्वेद में भी है। सूखी या बलगम वाली खांसी, बुखार, संक्रमण, वात-कफ का भी नाश करता है। अस्थमा के रोगियों के लिए भी यह बेहद फायदेमंद होता है।

भटकटैया के फायदों को गिनाते हुए पंजाब स्थित बाबे के आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के बीएएमएस, एमडी डॉक्टर प्रमोद आनंद तिवारी ने बताया कि औषधीय गुणों से भरपूर रेंगनी के सेवन से कई रोग छूमंतर हो जाते हैं।

भटकटैया के गुणों, उसके महत्व और फायदे पर बात की। उन्होंने कहा कि भटकटैया का आयुर्वेद में खास स्थान है। यह कई रोगों को दूर भगाने में सहायक तो होता ही है, इसके साथ ही यह उन लोगों के लिए भी किसी वरदान से कम नहीं है, जिनकी खांसी ठीक होने का नाम नहीं ले रही। डॉक्टर तिवारी ने बताया कि भटकटैया का काढ़ा बेहद फायदेमंद होता है। इसका काढ़ा बनाने की विधि भी सरल होती है। रेंगनी के पौधे को फूल, फल, पत्ती, तना, जड़ सहित उखाड़कर लाना चाहिए और ठीक तरह से धुल लेना चाहिए। इसके बाद पौधे को किसी बड़े से बर्तन में धीमी आंच पर दो से चार घंटे तक पकाना चाहिए। इसके बाद जब बर्तन में पानी तिहाई शेष रह जाए, तब कांच की बोतलों में भरकर रख लेना चाहिए।



- फूल, फल, पत्ती, तना, जड़ सहित उखाड़कर लाना चाहिए
- पौधे को किसी बड़े से बर्तन में धीमी आंच पर दो से चार घंटे तक पकाना चाहिए

इसे रोगी को तुरंत दिया जा सकता है और कई दिनों तक रखा भी जा सकता है। उन्होंने आगे बताया कि समय-समय पर काढ़े को गर्म भी किया जा सकता है। इसके सेवन से कितनी भी पुरानी खांसी हो, वह ठीक हो जाती है और सीने में जमा कफ भी धीरे-धीरे बाहर आ जाता है। डॉक्टर ने बताया, कंटकारी खांसी में विशेष लाभदायी होने के साथ ही बुखार, सांस संबंधित समस्याओं में भी विशेष रूप से लाभ देता है। इससे इस मर्ज में आराम मिलता है।

## पिता इरफान खान की डेथ एनिवर्सरी पर बाबिल ने शेयर की तस्वीरें, बोले- मुझे आपकी याद आती है



**मुंबई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। दिवंगत अभिनेता इरफान की 5वीं डेथ एनिवर्सरी पर फिल्म जगत के तमाम सितारे उनके लिए पोस्ट शेयर कर भावुक नजर आए। इसी कड़ी में इरफान के बेटे, अभिनेता बाबिल ने पिता की याद में एक खूबसूरत और इमोशंस से भरा पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने बताया कि उन्हें उनकी बहुत याद आती है। इंस्टाग्राम पर पिता इरफान खान के साथ वाली तस्वीरों को शेयर करते हुए बाबिल ने कैप्शन में एक कविता को लिखा कि तुम्हारे साथ, तुम्हारे बिना। जिंदगी चलती रहती है, मेरे साथ, मेरे बिना। जल्द ही मैं वहां पहुंच जाऊंगा। तुम्हारे साथ, तुम्हारे बिना नहीं और हम साथ-साथ दौड़ेंगे, और उड़ेंगे। कविता की लाइन को पूरा करते हुए बाबिल ने आगे लिखा कि झरनों से पानी पिएंगे, गुलाबी नहीं नीला। मैं तुम्हें बहुत कसकर गले लगाऊंगा, और रोऊंगा। फिर हम हंसेंगे, जैसे हम पहले हंसते थे। मुझे आपकी याद आती है। बाबिल से पहले दिवंगत अभिनेता इरफान खान की पांचवीं डेथ एनिवर्सरी पर फिल्म निर्माता-निर्देशक शूजित सरकार ने उनके लिए एक खूबसूरत और भावनाओं से भरा लेटर लिखा। सोशल मीडिया पर पोस्ट को शेयर कर उन्होंने अपने दर्द को बयां करने के साथ ही बताया कि वह इरफान को कितना मिस कर रहे हैं।

## दिल और दिमाग के लिए बेस्ट है 'ओम' का उच्चारण

**मुंबई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। भाग्यश्री स्वास्थ्य को लेकर खासा एक्टिव रहती हैं। उन्हें न केवल अपने बल्कि प्रशंसकों के स्वास्थ्य की भी चिंता रहती है। सोशल मीडिया पर 'मंगलवार हेल्थ टिप्स' पोस्ट को शेयर करते हुए अभिनेत्री ने बताया कि दिल और दिमाग के लिए ओम का उच्चारण फायदेमंद होता है। यह तनाव को दूर करने के साथ ही फेफड़े और दिल को भी स्वस्थ रखता है।



■ भाग्यश्री ने बताया ओम के फायदे

इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए भाग्यश्री ने कैप्शन में लिखा कि ओम! जागृति की ध्वनि है। ओम का वाइब्रेशन आपके तंत्रिका तंत्र, चक्रों, आपके शरीर के न्यूरॉन को खोलने का सही तरीका है। ब्रह्मांड में भेजे गए इस शब्द के कंपन से स्थिरता, शांति और फोकस आता है। चाहे शरीर की एक्टिविटीज हों या ध्यान, यह सब कुछ एक इसके उच्चारण से आप ला सकते हैं। वहीं, शेयर किए गए वीडियो में भाग्यश्री कहती नजर आईं, अगर आपके इंद्रियों को सुबह से जुड़ना है तो जितने लंबे समय तक आप ओम कह सकते हैं, इसे जरूर कीजिए, उसका सीधा सकारात्मक असर आपके दिल और फेफड़ों पर पड़ता है।

भाग्यश्री ने सहजता के साथ प्रक्रिया भी बताई। उन्होंने बताया कि ओम का उच्चारण करते हुए धीरे-धीरे सांस लेकर फिर धीरे इसे छोड़ दीजिए, यह प्रक्रिया आपके दिल को स्वस्थ रखती है और स्ट्रेस भी दूर भागता है। यह प्रक्रिया वेगस नर्व के फंक्शन को भी मजबूत करती है। वेगस नर्व आपके दिल और फेफड़ों को नियंत्रित करती है। यही नहीं, यह आपके नर्वस सिस्टम तक सिग्नल्स भी पहुंचाती है। यानी कि जब आप ओम का उच्चारण करते हैं, तो आपका पूरा शरीर जागृत हो जाता है।

इससे पहले भाग्यश्री ने एक पोस्ट में हेल्थ सीक्रेट भी बताया था। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए भाग्यश्री ने बताया कि वह हर दिन सुबह खाली पेट एक खास चीज खाती हैं और वो है भीगे हुए मेथी के दाने। अभिनेत्री ने बताया कि वह सालों से इस आदत को फॉलो कर रही हैं और इसकी वजह से उनकी त्वचा, बाल और एनर्जी लेवल आज भी पहले जैसा बना हुआ है। यह कई समस्याओं को दूर करता है।

# संदीपा धर ने अपनी प्रेरणा माधुरी दीक्षित को किया सलाम

**मुंबई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर अभिनेत्री संदीपा धर ने डांस के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अभिनेत्री माधुरी दीक्षित उनकी प्रेरणा हैं और उन्होंने ही डांस के मैजिक से उन्हें सबसे पहली बार रूबरू कराया। संदीपा डांस की दिवानी हैं और उनका मानना है कि डांस खुशी पाने का एक सरल सा साधन है। संदीपा ने बताया कि नृत्य में एक ऐसी सच्चाई होती है, जिसे शब्द कभी पूरी तरह बयां नहीं कर सकते। नृत्य मेरे लिए दशकों से सिर्फ एक कला नहीं, बल्कि एक साधना की तरह रहा है, यह दुनिया की खूबसूरती को महसूस करने का एक जरिया है। बचपन में संदीपा, माधुरी दीक्षित की खूबसूरती और उनकी भावनाओं से भरी प्रस्तुति को देखकर आकर्षित हुईं और उन्हें डांस की खूबसूरती और ताकत का अहसास हुआ। अपनी भावना व्यक्त करते हुए संदीपा ने कहा कि माधुरी मैम को डांस करते देखना किसी जीवंत कविता को देखने जैसा है। वह सिर्फ स्टेप्स नहीं करतीं, बल्कि कहानियां सुनाती थीं, दिलों को छूती थीं। उन्होंने मुझे सिखाया कि डांस सिर्फ तकनीक नहीं, बल्कि सच्चाई, आत्मा और ईमानदारी से जुड़ा होता है। संदीपा के लिए डांस आज भी जीवन के हर पड़ाव में खुद से जुड़ने का




सबसे सच्चा माध्यम है। उन्होंने आगे कहा कि डांस हर दिखावे को हटा देता है। यह आपको उस पल में ले जाता है, जहां आप खुलकर सांस लेते हैं। माधुरी मैम से मैंने सीखा है कि सच्चे और खुशी से भरे पलों में ही असली ताकत होती है। अपनी बात खत्म करते हुए संदीपा ने कहा कि आज मैं सिर्फ डांस का नहीं, बल्कि उन लोगों के जज्बे का भी जश्न मना रही हूं, जिन्होंने हमें डांस की असली खूबसूरती दिखाई।

## डांस एक ऐसी जगह, जहां रोल या स्क्रिप्ट की जरूरत नहीं होती : ऋत्विक धनजानी

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 4625/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 24/04/25**

प्राधिकरण की डॉ. खूबचंद बघेल, रांवाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत श्रीमती सोनी मिश्रा पति श्री आशीष मिश्रा को ब्लॉक 13 में भूखण्ड क्रमांक WIC–39 क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री–होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्री–होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री–होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक................. कोजारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

---

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 4428/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 24/04/25**

प्राधिकरण की डॉ. खूबचंद बघेल, रांवाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत श्री आशीष मिश्रा आत्मज श्री आर.बी. मिश्रा प्रो. इलाहाबाद कानपुर ट्रांसपोर्ट कंपनी को ब्लॉक 19 में भूखण्ड क्रमांक SSI–81 क्षेत्रफल 215 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री–होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्री–होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री–होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक ..... को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग कवर्धा जिला - कबीरधाम (छ.ग.)**

ज्ञाप क्र. / 1927/ व.ले.लि./2025–26 कवर्धा, दिनांक 28.04.2025

## भाव पत्र

इस संभाग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में व्ही.आई.पी. आगमन पर एवं शासकीय कार्यक्रमों के आयोजन हेतु होने वाले समारोह हेतु किराया भंडार सामग्री के भाव पत्र (कोटेशन) रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट के द्वारा बंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। इच्छुक योग्य टेन्ट हाऊस प्रतिष्ठान निम्नानुसार तिथि में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है, विवरण निम्नानुसार है:–

1 आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि 09.05.2025
2 दर प्रस्तुत करने की तिथि 16.05.2025
3 दर खोलने की तिथि 19.05.2025

**आवेदन पत्र के साथ निम्नानुसार दस्तावेज / प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक होगा ।**

**आवश्यक अर्हताएँ:-**

1 टेन्ट हाऊस प्रतिष्ठान के मालिकाना तथा लाईसेंस की प्रति होना चाहिए ।
2 जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति ।
3 टेन्ट हाऊस प्रतिष्ठान का विगत 03 वर्षों में, टेन्ट हाऊस कार्यक्रम संपादन का औसत वाषिक टर्न ओवर कम से कम रू. 50.00 लाख होना आवश्यक है, तत्संबंध में प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा ।
4 विगत 03 वर्षो में छ.ग. राज्य में संपादित महत्वपूर्ण कम से कम 03 व्ही.आई.पी. (राज्यपाल / मुख्यमंत्री) कार्यक्रम संपादित किये जाने जिसमें प्रति कार्य के लागत कम से कम रू.30.00 लाख होने का अनुभव प्रमाण–पत्र जो कार्यपालन अभियंता / समकक्ष अथवा उच्च अधिकारी से हस्तांक्षरित हो ।

**विस्तृत शर्ते किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है ।**

जी- 252600562 — **कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग कवर्धा**

---

**शपथ–पत्र**

मैं सनत राम सोढ़ी पिता बैसाखू सोढ़ी आयु 48 वर्ष निवासी बाजार पारा वार्ड कोण्डागांव, तहसील–कोण्डागांव, जिला–कोण्डागांव छ.ग. सत्यनिष्ठापूर्वक निम्न सत्य कथन करता हूं:–

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरे पुत्र का वास्तविक सही नाम दक्ष सोढ़ी (DAKSHA SODI) है, जो कि उसके जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है।
3. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड नं. 6356, 6615, 8814 में उसका नाम त्रुटिवश दक्क्ष सोडी (DAKAKSH SODI) अंकित हो गया है।
4. यह कि मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड नं. 6356, 6615, 8814 में उसका वास्तविक सही नाम दक्ष सोढ़ी (DAKSHA SODI) अंकित करवाना चाहता हूं।
5. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड नं. 6356, 6615, 8814 , में उसका वास्तविक सही नाम दक्ष सोढ़ी (DAKSHA SODI) अंकित किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूं।

**शपथकर्ता**

---

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग ( छ.ग. )**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नरेन्द्र सिंह आ. स्व. सुरेन्द्रर सिंह, निवासी–एम.आई.जी.– 11/16, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला–दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा भवन क्रमांक एम.आई.जी. 11/16, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी श्री नरेन्द्र सिंह ने उक्त भवन को श्रीमती मीरा कौर पति श्री नरेन्द्र सिंह के नाम पर दान कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती मीरा कौर ने दान बयनामा रजिस्ट्री कराकर उक्त भवन को मण्डल अभिलेख में नाम दर्ज नही कराया गया है, आबंटी श्रीमती मीरा कौर की मृत्यु दिनांक 29.10.2024 को हो चुकी है। आबंटी की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस/वारिसानों श्री नरेन्द्र सिंह आ. स्व. सुरेन्द्रर सिंह ने आबंटित भवन को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक एम.आई.जी.–11/16, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को श्री नरेन्द्र सिंह के नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. श्रीमती मीरा कौर के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा।

अत: श्री नरेन्द्र सिंह के नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 25.04.2025 को जारी किया गया।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
मुहर **प्रक्षेत्र–दुर्ग ( छ.ग. )**

---

## ईश्तहार/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार पंकज संतवानी पिता लालचंद संतवानी निवासी निर्वाणी गली बेमेतरा तह. व जिला बेमेतरा (छ.ग.) का निवासी है। मेरे पक्षकार के द्वारा शत्रुहन साहू पिता स्व. बिहारी साहू निवासी ग्राम चोरभट्ठी पोस्ट मटका तह. व जिला बेमेतरा (छ.ग.) के हक एवं स्वामित्व की भूमि ग्राम मटका प.ह.नं. 33 तह. व जिला बेमेतरा (छ.ग.) स्थित भूमि ख. नं. 62/4 रकबा 1.14हे. लगान 3.20रू. भूमि को एकमुश्त 90,00,000 रू. (अक्षरी नब्बे लाख रूपये) में मेरे पक्षकार के पास विक्रय करने का सौदा दिनांक 22.04.2024 को करते हुए 1,00,000 रू. ब्याना बतौर मेरे पक्षकार के भाई विवेक संतवानी के बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा बेमेतरा का चेक क्र. 086854 को दिनांक 22.04.2024 को गवाहों के समक्ष शत्रुहन साहू को प्रदाय कर दिया गया था, जिसकी अभिस्वीकृति देते हुए शत्रुहन साहू उक्त भूमि को दिनांक 22.04.2025 तक शेष 89,00,000 रु. प्राप्त कर उक्त भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार के नाम पर किये जाने का इकरारनामा निष्पादित किया गया है।

उक्त भूमि को किसी भी व्यक्ति / संस्था / समिति आदि के पास विक्रय या किसी भी रूप में अंतरण किया जाता है, तो वह झूठा व नाजायज माना जायेगा। विवादित भूमि का सौदा विक्रेता शत्रुहन साहू के द्वारा मेरे पक्षकार से किया जा चुका है। अत: इस आम सूचना के जरिये अन्य व्यक्ति, संस्था, समिति के द्वारा उक्त विवादित भूमि को क्रय न करे, अन्यथा कथित विक्रय अमान्य व शुन्य होगा।

**एतद् सूचना जानो**

**संजय राजपुत, अधिवक्ता**
स्थान–बेमेतरा — जिला अधिवक्ता संघ बेमेतरा
दिनांक–26.04.2025 — जिला बेमेतरा (छ.ग.)

---

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं सुभाष चोपड़ा, पिता मूलचंद चोपड़ा, निवासी, म. नं. 36, वार्ड नं.12, गंज पारा, बालोद (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम सुभाष चोपड़ा, को त्याग कर नया नाम सुभाष चंद चोपड़ा, रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम सुभाष चंद चोपड़ा, से ही जाना पहचाना जावे।

**सुभाष चंद चोपड़ा**
म नं. 36, वार्ड नं. 12, गंजपारा बालोद (छ.ग.)

---

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम महेश कुमार मिश्रा पिता देवी प्रसाद मिश्रा निवासी मकान नं. 269, सन सिटी, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड 41, जगदलपुर, छ.ग. यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम महेश कुमार मिश्रा को त्याग कर नया नाम महेश मिश्रा पिता देवी प्रसाद मिश्रा रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम महेश मिश्रा से ही जाना पहचाना जावे।

**महेश मिश्रा**
निवासी मकान नं. 269, सन सिटी, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड 41, जगदलपुर, छग.

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार गण्डई जिला–खैरागढ़–छुईखदान–गण्डई ( छ.ग. )**

रा.प्र.क्र. 202501290200005 अ–21 (1)
ग्राम खौडा पहन 13 रा.नि.मं. पेंडरवानी तहसील गंडई जिला के जी.सी.(छ.ग.)

// **ईशतहार** //

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है. कि आवेदक कृपाराम गोड पिता सावंत गोड निवासी खौडा प.ह.न. 13. द्वारा ख.न. 36/6 रकबा 0.081 हे. में से 0.10 एकड को क्रेता फिरतुराम पटेल पिता सोनसिंह पटेल को तथा ख.नं. 229/3 रकबा 0.081 हे. में से 0.073 हे. को भी क्रेता फिरतुराम पटेल पिता सोनसिंह पटेल के पास विक्रय किये जाने हेतु अनुमति बाबत् आवेदन इस न्यायालय को माननीय अ.वि.अ. के माध्यम से जाँच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या विशेष को कोई दावा आपत्ति हो तो अपने व अधिवक्ता के मार्फत दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 28/04/2025
पेशी दिनांक 13/05/2025

मुहर — **नायब तहसीलदार गण्डई जिला खैरागढ़**

---

**Bandhan Bank** | रीजनल ऑफिस: नेताजी मार्ग, मीठाखली छ: रास्ते के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-06. फोन : +91-79-26421671-75

**सांकेतिक आधिपत्य (कब्जा) सूचना**

एतदर्थ सूचना दी जाती है कि वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पूर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित प्रर्वतन अधिनियम, 2002 कि धारा 13(12) एवं प्रतिभूतिहित प्रर्वतन नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढते हुए अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत प्राधिकृत अधिकारी ने खाते(अकाउंट) के सामने उल्लेखित तिथि को डिमांड नोटिस (मांग पत्र) भेजा था व नोटिस प्राप्ति के 60 दिवस के अन्दर राशि की मांग की गई थी। ऋणी द्वारा भुगतान करने में असफल रहने पर कर्जदार और आम जनता को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है की अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्त अधिनियम कि धारा 13 की उपधारा(4) सपठित नियम 8 के तहत नीचे लिखे लोन खातों में वर्णित बंधक सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया है। अतः आप कर्जदार और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित संपत्तियों के बारे में कोई व्यवहार न करें और इन संपत्तियों के साथ किसी व्यवहार पर वह राशि, ब्याज, खर्च एवं शुल्क के साथ बैंक को चुकाना होगा । सुरक्षित सम्पत्ति को रिडीम/वापस लेने के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) में उपलब्ध प्रावधानों के तहत ऋणियों का ध्यान आमंत्रित किया जाता है।

| ऋणियों के नाम, गेरन्टर और ऋण खाता सं. | बंधक संपत्ति का विवरण (प्रतिभूती आस्तियां) | मांगपत्र की तिथि | सांकेतिक कब्जे की तिथि | कुल बकाया राशि, मांगपत्र की तारीख तक |
|---|---|---|---|---|
| आकाश कुमार श्रीवास्तव<br>शुष्मा श्रीवास्तव<br>20008610000011 | सभी अचल संपत्ति जो मौजा, भिलाई – 3, प.ह.नं. 9, आरएनएम – भिलाई–3, तहसील – पाटन, खसरा नंबर 121/115, क्षेत्रफल – 1742 वर्ग फुट, पाटन, जिला – दुर्ग, छत्तीसगढ़ स्थित है और जो आवरित हैः उत्तर: सड़क 4 फीट, पूर्व: केएम् अंसारी का प्लॉट, पश्चिम: कविता मंडल का घर, दक्षिण: सड़क 18 फीट | 22.01.2025 | 24.04.2025 | रू.12,86,801.45 |
| अफ़रोज़ खान<br>मोहम्मद परवेज़ खान<br>जावेद खान<br>इस्माल खान<br>सद्दाम खान<br>20008610000801 | सभी अचल संपत्ति जो मौजा, सर्वे फाइनल प्लाट नंबर 4265/3, रकबा – 0.03, 3240 वर्ग फीट (54*60 = 3240) 301 वर्ग मीटर मौसा खास, कोहका भिलाई, प.ह. नंबर 14, भिलाई दुर्ग छत्तीसगढ़ 491001 स्थित है और जो आवरित हैः उत्तर: 10 फीट रोड, पूर्व: अतुलकर की भूमि, पश्चिम: अब्दुल मजीद द्वारा बेची गई भूमि, दक्षिण: 5 फीट रोड | 11.06.2024 | 24.04.2025 | रू.23,23,673.02 |
| मनोज सिंह<br>अंजू सिंह<br>20008610001253,<br>20008610001370 | सभी अचल संपत्ति जो मौजा भिलाई वार्ड नंबर 12, राम नगर रोड, जवाहर नगर, ब्लॉक नंबर 26, प्लॉट नंबर 60, क्षेत्रफल–40.5 वर्ग मीटर, जिला – दुर्ग, छत्तीसगढ़ स्थित है और जो आवरित हैः उत्तर: प्लॉट नंबर 51, पूर्व: प्लॉट नंबर 59, पश्चिम: प्लॉट नंबर 48, दक्षिण: सड़क | 22.01.2025 | 24.04.2025 | रू.10,93,799.19 |
| चंदू लाल देवांगन<br>केसर बाई देवांगन<br>20008610000033 | सभी अचल संपत्ति जो प्लॉट नंबर 02, वार्ड नंबर 03, न्यू कृष्णा नगर, ब्लॉक नंबर 27डी, आरइजीडी पट्टा, सुपेला भिलाई, दुर्ग, छत्तीसगढ़ स्थित है और जो आवरित हैः उत्तर: सड़क, पूर्व: मकान संख्या 27डी/15, पश्चिम: मकान संख्या 27डी/1, दक्षिण: मकान संख्या 27डी/15 | 07.01.2025 | 24.04.2025 | रू.7,27,321.74 |
| मनोज राजपूत<br>संतोषी राजपूत<br>20008530001488 | सभी अचल संपत्ति जो ख. क्रमांक 323/122, 324/12, वार्ड–55, प.ह.नंबर 07, बघेरा, चन्द्रशेखर के पास, एससीएच नयापारा, दुर्ग, तह/जिला – दुर्ग, छत्तीसगढ़ – 491001 स्थित है और जो आवरित हैः उत्तर: विनोद गुप्ता की भूमि, पूर्व: दशरथ राजपूत का घर, पश्चिम: सड़क 25 फीट, दक्षिण: यादवों की भूमि | 15.03.2024 | 24.04.2025 | रू.14,66,501.52 |
| शबार्ट नाग<br>जसवन्ती नाग<br>20008530004013 | सभी अचल संपत्ति जो मौजा कोहका, प.ह.नं.–14/19, वार्ड नंबर 09, खसरा नंबर 63/1, क्षेत्रफल – 1000 वर्ग फीट, कोहका पुरानी बस्ती, वार्ड हनुमान मंदिर के पास कुरूद रोड नाला, जिला – दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490009 स्थित है और जो आवरित हैः उत्तर: प्लॉट नंबर 15, पूर्व: प्लॉट नंबर 11, पश्चिम: 25 फीट रोड, दक्षिण: प्लॉट नंबर 13 | 27.11.2024 | 24.04.2025 | रू.9,02,032.09 |
| चुम्मन लाल सिन्हा<br>त्रिवेणी सिन्हा<br>रूप कुमार सिन्हा<br>20008540000885 | सभी अचल संपत्ति जो खसरा नंबर 169, प.ह.नंबर 13, ग्राम सरबदा, तहसील–गुरुर, जिला–बालोद, दुर्ग, छत्तीसगढ़, 491227, खुला प्लॉट क्षेत्र लगभग 819 वर्ग फीट स्थित है और जो आवरित हैः उत्तर: विजय सिन्हा का घर, पूर्व: एप्रोच रोड, पश्चिम: कांगलू का घर, दक्षिण: सड़क | 22.01.2025 | 24.04.2025 | रू.3,93,638.76 |
| रिंकी सिंह<br>नरेंद्र सिंह<br>20008560001037,<br>20008560001232 | सभी अचल संपत्ति जो सी.जी. हाउसिंग बोर्ड, मकान नं. 56, वार्ड नं. 13, गांव– टेडेसरा, जिला और तहसील– राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ (552.63 वर्ग फीट क्षेत्र) स्थित है और जो आवरित हैः उत्तर: 6 मीटर सीमा, पूर्व: मकान नं. 57 सी.जी. हाउसिंग बोर्ड, पश्चिम: मकान नं. 55 सी.जी. हाउसिंग बोर्ड, दक्षिण: शीर्षकहीन | 27.05.2024 | 24.04.2025 | रू.5,05,908.55 |

**स्थानः दुर्ग–राजनांदगांव**
**तारीखः 30/04/2025**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**बंधन बैंक लिमिटेड**

# छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में रच रहा नए प्रतिमानः विष्णु देव साय

**रायपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित किए जा रहे हैं। राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और सेवा भावना का परिणाम है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (हृक्र्स) प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले शासकीय अस्पतालों की संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है।



मुख्यमंत्री साय ने बताया कि वर्ष 2024-25 में 427 से अधिक शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों ने राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन हासिल किया है, जो पूर्व वर्षों की तुलना में सबसे अधिक है। यह प्रदेश की स्वास्थ्य प्रणाली में आए अभूतपूर्व सुधार और सेवा के अंतिम छोर तक पहुँच सुनिश्चित करने का प्रमाण है।

■ एक वर्ष में सर्वाधिक स्वास्थ्य संस्थाओं को मिली राष्ट्रीय गुणवत्ता पहचान

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को उनकी समर्पित कार्यशैली और दूरदर्शी प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने विशेष रूप से सुदूर अंचलों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सुकमा जिले के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र 'चिंतागुफा' प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की उपलब्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि जो क्षेत्र कभी चुनौतियों का प्रतीक रहा, आज वहाँ का स्वास्थ्य केन्द्र राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सेवा गुणवत्ता के लिए सम्मानित हुआ है। चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र को 28 नवंबर 2024 को भारत सरकार के राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि प्रदेश में कुल 436 शासकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों को गुणवत्ता प्रमाणन मिल चुका है, वहीं 644 अन्य संस्थानों का मूल्यांकन प्रक्रियाधीन है। यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को सुसंगत, भरोसेमंद और उत्कृष्ट बनाने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (हृक्र्स) प्रमाणन केवल उन्हीं अस्पतालों को प्रदान किया जाता है, जो उपलब्ध सेवाओं, मरीज अधिकारों, इनपुट गुणवत्ता, क्लिनिकल सर्विसेज, इन्फेक्शन कंट्रोल और गुणवत्ता प्रबंधन जैसे सख्त मानकों पर खरे उतरते हैं। विशेषज्ञों की टीम द्वारा गहन मूल्यांकन के बाद ही यह प्रमाणन प्रदान किया जाता है। मुख्यमंत्री साय ने विश्वास जताया कि सरकार की सतत पहल और समर्पित टीम वर्क के जरिए छत्तीसगढ़ शीघ्र ही देश के अग्रणी स्वास्थ्य सेवा प्रदायक राज्यों में शामिल होगा।

## नगरीय निकायों को महापौर, अध्यक्ष और पार्षद निधि के तहत 103 करोड़ जारी

**रायपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगर निगमों में महापौर निधि, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में अध्यक्ष निधि तथा तीनों तरह के निकायों में पार्षद निधि के रूप में 103 करोड़ रुपए जारी किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने नगरीय निकायों को ये राशि जारी कर दी है। उन्होंने नगरीय निकायों को इन निधियों का सदुपयोग करते हुए राज्य की शहरी आबादी तक यथाशीघ्र योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। इस राशि से निकायों में मूलभूत विकास के कार्य किए जाएंगे।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देश पर चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नगर निगमों में महापौर निधि तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में अध्यक्ष निधि की 50-50 प्रतिशत राशि की प्रथम किस्त के रूप में कुल 30 करोड़ 63 लाख 75 हजार रुपए जारी किए गए हैं। तीनों तरह की नगरीय निकायों में पार्षद निधि के रूप में कुल 72 करोड़ 33 लाख 75 हजार रुपए भी जारी किए गए हैं।

विभाग द्वारा नगर निगमों में महापौर निधि के दस करोड़ 12 लाख 50 हजार रुपए, नगर पालिकाओं में अध्यक्ष निधि के दस करोड़ 50 लाख रुपए तथा नगर पंचायतों में अध्यक्ष निधि के दस करोड़ एक लाख 25 हजार रुपए जारी किए गए हैं। वहीं पार्षद निधि के प्रथम किस्त (50 प्रतिशत) के रूप में नगर निगमों को 21 करोड़ 96 लाख रुपए, नगर पालिकाओं को 23 करोड़ 37 लाख 75 हजार रुपए एवं नगर पंचायतों को 27 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

## एम्बुलेंस की लापरवाही से गई महिला की जान, 3 लाख मुआवजा देने के आदेश

**बिलासपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर एक कैंसर पीड़ित महिला को समय पर एम्बुलेंस न मिलने के कारण उसकी मौत हो गई। इस मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार और रेलवे को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने पीड़िता के परिजनों को तीन लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है। 62 वर्षीय महिला अपने परिजनों के साथ ट्रेन से सफर कर रही थी, तभी बिलासपुर स्टेशन पर उसकी हालत बिगड़ गई। स्टेशन प्रशासन को जानकारी देने पर स्ट्रेचर भेजा गया, लेकिन एम्बुलेंस करीब एक घंटे देर से पहुंची। जब तक सहायता मिलती, तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। अस्पताल ले जाने से भी एम्बुलेंस कर्मियों ने इनकार कर दिया, जिससे परिजन को खुद निजी वाहन से शव ले जाना पड़ा।

वहीं, दंतेवाड़ा जिले के गीदम में भी 11 घंटे तक एम्बुलेंस का इंतजार करते हुए एक और मरीज ने दम तोड़ दिया। परिजनों का कहना था कि बार-बार कॉल करने के बाद भी सुबह की बजाय रात में एम्बुलेंस पहुंची। हाईकोर्ट ने दोनों मामलों को जनहित याचिका मानते हुए सुनवाई की और साफ निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए राज्य सरकार ठोस कदम उठाए।

**NECC**

| 30.04.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 421 | 68 | 155 |
| चिल्हर | 6 | 90 | 180 |

डिलीवरी 436 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA







प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

एक अमेरिकी डॉक्टर भारत आया. बस स्टैंड पर एक किताब देखते ही उसे दिल का दौरा पड़ गया. 20 रुपये की इस किताब का नाम था- 30 दिनों में डॉक्टर कैसे बनें.

संपादकीय

## पर्यटन स्थल हों सुरक्षित

छत्तीसगढ़ में अनेक प्रसिद्ध पर्यटन केन्द्र हैं। इनमें कुछ धार्मिक स्थल होने के कारण तो अनेक अपनी प्राकृतिक सुंदरता के कारण लोगों को बड़े पैमाने पर आकर्षित करते हैं। रतनपुर की महामाया देवी, डोंगरगढ़ स्थित बमलेश्वरी देवी के मंदिर यदि पहाड़ों पर स्थित हैं, तो वहीं दंतेश्वरी मंदिर डंकिनी-शंखिनी नदी के किनारे बसा है। कवर्धा का भोरमदेव व पाली का मंदिर अष्टकोणीय तालाब के किनारे पर है। बस्तर और कोरबा में अनेक झरने हैं तो मैनपाट अपने खूबसूरत पठार के लिये जाना जाता है। पूरे राज्य में और भी अनेक सुंदर पर्यटन स्थल हैं। इन्हें विकसित करने के लिये राज्य सरकार और पर्यटन मंडल ने कोई कमी नहीं छोड़ी है। फिर भी, जिस बात की सबसे ज्यादा कमी नज़र आती है वह है सुरक्षा के उपाय। कई जगह पानी में गिरने अथवा पहाड़ी से नीचे गिर पड़ने का खतरा है। कई जलाशयों में भी सुरक्षा उपायों का अभाव दिखलाई पड़ता है।

राज्य के अनेक पर्यटन स्थलों पर आधुनिक उपकरणों या साधनों के प्रयोग भी किये जा रहे हैं। मैनपाट में पैराग्लाइडिंग होती है तो रायपुर के बूढ़ा तालाब, कोरबा के सतरेंगा आदि में नौकायन की सुविधाएं उपलब्ध हैं ताकि वहां जाने वाले अपना दिल बहला सकें। बमलेश्वरी मंदिर तक जाने के लिये रोप वे का इस्तेमाल काफी दिनों से हो रहा है जो वहां के श्रद्धालुओं के लिये सुविधा के साथ सभी के लिये रोमांचकारी मनोरंजन का अनुभव कराता है। ऊपर जाकर देवी के प्रति आस्था व्यक्त करने के इच्छुक सैकड़ों दर्शनार्थी रोप वे का इस्तेमाल करते हैं। बुजुर्गों, बीमारों, असक्तों, गर्भवती महिलाओं आदि के लिये रोप वे बहुत उपयोगी साबित होता है क्योंकि मंदिर तक जाने के लिये बड़ी चढ़ाई है जहां सीढ़ियों से चलकर जाना हर किसी के लिये सम्भव नहीं हो पाता। पिछली शुक्रवार को मंदिर से लौट रही एक ट्रॉली अलग होकर प्लेटफॉर्म पर गिर गयी। इसमें 6 लोग सवार थे जिनमें राज्य के एक पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा भी थे जो बुरी तरह से घायल हो गये। उन्हें रायपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य लोगों को हल्की चोटें आई हैं।

यह हादसा बहुत गम्भीर हो सकता था यदि ट्रॉली प्लेटफॉर्म पर न गिरकर ऊंचाई से गिरती, यानी जब वह हवा में आगे बढ़ रही थी। प्रारम्भिक अनुमान तो यही मिला है कि दुर्घटना का कारण खराब रख-रखाव हो सकता है। ऐसे उपकरणों एवं साधनों की नियमित देखभाल ज़रूरी है। इसी तरह से जिन पर्यटन स्थलों पर ऊंचाई से गिरने का खतरा हो, वहां रेलिंग, बाड़ आदि ज़रूरी है। जहां डूबने का खतरा होता हो, वहां रक्षक दल व नौकाएं, लाइफ जैकेट आदि की व्यवस्था होनी चाहिये। साथ ही, लोगों को चेतावनी देने वाले बोर्ड भी यथोचित स्थानों पर लगाये जाने चाहिये। इसके साथ ही स्वयं पर्यटक तथा श्रद्धालुगण सावधान रहें।

# तेज तूफान ने मचाया उत्पात

## दोरनापाल में भारी नुकसान, नप अध्यक्ष राधा मंडावी ने किया वार्डों का निरीक्षण





**सुकमा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। दोरनापाल क्षेत्र में एक तेज तूफान ने कहर बरपाया है, जिससे क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ है। तूफान के चलते कई पेड़ गिर गए। घरों के टीन शेड उड़ गए और बिजली के पोल टूट गए, जिससे बिजली व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। तेज तूफान के कारण कई बड़े पेड़ गिर गए, जिससे सड़कों पर यातायात बाधित हो गया। पेड़ों के गिरने से कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि तूफान के दौरान हवा इतनी तेज थी कि बड़े-बड़े पेड़ भी नहीं बच पाए।

**घरों के टीन शेड उड़े:** तूफान के कारण कई घरों के टीन शेड उड़ गए, जिससे लोगों को भारी नुकसान हुआ है। कई घरों की छतें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। स्थानीय लोगों ने बताया कि तूफान के दौरान उन्होंने अपने घरों को बचाने की बहुत कोशिश की, लेकिन तेज हवा के आगे वे बेबस थे।

बिजली व्यवस्था प्रभावित

तूफान के कारण बिजली के पोल टूट गए, जिससे बिजली व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। कई इलाकों में बिजली नहीं है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। बिजली विभाग के कर्मचारी बिजली व्यवस्था को बहाल करने में जुटे हुए हैं।

**नगर पंचायत अध्यक्ष राधा मंडावी ने वार्डों का निरीक्षण कर लोगों का हालचाल जाना:** स्थानीय प्रशासन ने तूफान से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए एक टीम का गठन किया है। टीम नुकसान का आकलन कर रही है और प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने की कोशिश कर रही है। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष राधा मंडावी ने वार्डों का निरीक्षण कर लोगों का हालचाल जाना और उन्हें आश्वासन दिया कि तूफान से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाया जाएगा।

## राष्ट्रीय स्तर की बैडमिंटन प्रतियोगिता खेलेंगी बस्तर की दो बच्चियां



केरल के एर्नाकुलम में हो रही है, राष्ट्रीय प्रतियोगिता

**जगदलपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के राष्ट्रीय बैडमिंटन खेलों में बस्तर जिले के दो स्कूली छात्राओं का चयन हुआ है। केंद्रीय विद्यालय जगदलपुर में पढ़ने वाली 12 वर्षीय सव्या कार्तिका गुप्ता और 14 वर्षीय कृतिका कुमारी का अंडर 14 गर्ल्स बैडमिंटन कांपीटीशन के लिए हुआ है। केंद्रीय विद्यालय जगदलपुर में अध्यनरत दोनों ही बच्चियां अब दो महीने बाद केरल राज्य के एर्नाकुलम शहर में होने जा रहे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। ज्ञात हो कि इससे पूर्व महासमुंद में हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय जगदलपुर का प्रतिनिधित्व करते सव्या और कृतिका के साथ-साथ अदिति, श्मोई और सुरभि ने भी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। यहां से अपने बेहतरीन खेल के दम पर सव्या और कृतिका को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलने का अवसर प्राप्त हुआ है। बस्तर जिला बैडमिंटन संघ के सहयोग से प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में स्कूली बच्चों को बैडमिंटन प्रशिक्षण दे रहे कोच क्रिस क्रिस्टोफर ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जगदलपुर से दो बच्चियों का चयन होना बस्तर के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि लगभग 30 से अधिक स्कूली बच्चे लगातार उनसे प्रशिक्षण ले रहे हैं। इससे पहले भी जूनियर वर्ग में आरव लाहोटी, अन्वी तेन्नेटी का >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा में नशामुक्त भारत एवं सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यशाला




**जगदलपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं नशामुक्त भारत अभियान सहित सड़क सुरक्षा अभियान अंतर्गत कलेक्टर शहरिस एस और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय टास्क फोर्स बस्तर के सहयोग से राज्य शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में नशे में लिप्त बच्चो के चिन्हांकन, सरंक्षण एवं पुनर्वास हेतु राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जारी एसओपी के अनुसार एक युद्ध नशे के विरुद्ध जागरूकता के लिए गत दिवस शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा जगदलपुर में नशामुक्त भारत अभियान तथा सड़क सुरक्षा अभियान विषय पर जनजागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में किशोर एवं युवा छात्र-छात्राओं को ड्रग्स एवं अन्य स्वापक औषधि का प्रयोग नहीं करने सम्बन्धी विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों द्वारा इन मादक पदार्थों के व्यापक दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान जिला स्तरीय टास्क फोर्स दल द्वारा पुलिस विभाग, यातायात पुलिस, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, नगरीय प्रशासन, श्रम, स्वास्थ्य, आबकारी, समाज कल्याण विभाग सहित जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाईल्ड लाइन हेल्प डेस्क के अधिकारियों-कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों से समन्वय स्थापित कर उक्त मादक पदार्थों के उपयोग की रोकथाम एवं नशा मुक्ति हेतु तैयार कार्ययोजना के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं पुलिस विभाग के जवानों द्वारा नशामुक्ति एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता सम्बन्धी लघु नाटिका की संदेशपरक प्रस्तुति दी गई।

## ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था हेतु क्रेडा ने 24 सुधारयोग्य सोलर ड्यूल पम्पों का किया मरम्मत



**जगदलपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण द्वारा समन्वित पहल किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार मरम्मत योग्य हेण्डपम्पों एवं सोलर ड्यूल पम्पों का संधारण अभियान चलाया जाकर सुधार किया जा रहा है। सहायक अभियंता क्रेडा जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार क्रेडा द्वारा जिले के विभिन्न स्थलों में पेयजल व्यवस्था हेतु 1043 सोलर ड्यूल पम्प तथा जल जीवन मिशन अंतर्गत 777 नग सोलर ड्यूल पम्प स्थापित किये जा चुके हैं ।साथ ही खराब हो रहे सोलर संयंत्रों का संधारण भी लगातार नियमित रूप से विभाग द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में ग्रीष्मकालीन पेयजल जरूरत को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा भी अकार्यशील सोलर संयंत्रों को कार्यशील कर पेयजल व्यवस्था दुरूस्त करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के परिपालन में जिले के अंतर्गत पेयजल हेतु स्थापित सोलर ड्यूल पम्पों का संधारण क्रेडा के प्रधान कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए नवीन स्पेयर पम्पों को स्थापित कर संयंत्रों को कार्यशील किया गया है तथा सुधार योग्य पम्पों को सुधार कर अब तक कुल 24 नग संयंत्रों को कार्यशील किया जा चुका है। जिसके तहत ग्राम आमागुडा, बाघनपाल, कोड़ेनार (कुमापारा), लेण्ड्रा (आवासपारा), छापर भानपुरी (हलवापारा), मावलीपदर (पाण्डेगुड़ापारा), चिड़पाल (डोगमापारा), कापानार (स्कूलपारा एवं नयापारा), चमिया, कण्डोली (पटेलपारा) तथा विश्रामपुरी (नहरपारा) में नवीन मोटर पम्प स्थापित किए गए हैं। वहीं जिला क्रेडा कार्यालय स्तर पर ग्राम लालागुड़ा (पुजारीपारा), करंजी (डाबरीगुड़ा), टेकामेटा (पटेलपारा), राजूर (स्कूलपारा), धनपुंजी, अटपहरीसेमरा, टलनार, जुनावनी (स्कूलपारा), करमरी, बास्तानार (किसकेपारा), रतेंगा (सरगीगुड़ा), रतेंगा (बड़ेबदरंगा) तथा मूतनपाल (डोंगरीपारा) के सुधार योग्य सोलर सयंत्रों के मोटर पम्पों को कार्यशील किया गया है। जिससे उक्त ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीणों को ग्रीष्मकाल में पेयजल की समुचित उपलब्धता हो सकेगी।

## सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का तत्परता से करें निराकरण : कलेक्टर





साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश

**जगदलपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि सुशासन तिहार के आवेदनों का सभी अधिकारी तत्परता से गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। इस दिशा में प्रत्येक आवेदन पत्रों का परीक्षण कर समुचित समाधान की कार्यवाही करें। कलेक्टर हरिस मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में उक्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में सुशासन तिहार के दौरान विभागों में प्राप्त हुए आवेदनों का स्वरूप और उसके निराकरण के लिए की जा रही कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा किए। उन्होंने आदिवासी विकास विभाग, उद्यानिकी, क्रेडा विभाग, विद्युत विभाग, खाद्य विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जल संसाधन विभाग, नगर पंचायत बस्तर, नगर निगम पालिक निगम, सभी सातों जनपदों, पीएमजीएसवाए, परिवहन विभाग, पशुपालन, मत्स्यपालन विभाग, सभी एसडीएम और तहसील कार्यालयों, जल जीवन मिशन, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, श्रम विभाग, केंद्रीय सहकारी बैंक, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभाग के आवेदनों के स्वरूप पर चर्चा किए। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार में मांगों के निराकरण हेतु शासन को प्रस्ताव देने से पहले सम्पूर्ण विवरण की जानकारी दी जाए।

कलेक्टर ने समय-सीमा के प्रकरण में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माणाधीन आवास को बरसात से पूर्व मई माह तक आवश्यक प्रगति लाकर पूर्ण करवाएं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी जनपदों में एक या दो मॉडल गांव बनाने का प्रयास करें, जिसमें स्वच्छता के सभी कार्यों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने मनरेगा के तहत निर्माणाधीन भवनों की प्रगति का संज्ञान लेकर सभी जनपदों के अधिकारियों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्यों का यूसी और सीसी देने कहा गया, इसके साथ ही जनपदों में प्रगतिरत कार्यों की स्थिति की समीक्षा किए। अन्य विभाग में डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्यों की प्रगति का संज्ञान लेकर कार्य को पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खाद्यान्न भंडारण की लगातार शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की और उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी सामग्रियों के भंडारण की व्यवस्था को माहवार पूर्ण करने सहित वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। वहीं खरीदी की गई धान का खरीदी केंद्रों से जल्द उठाव को पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। कृषि और संबद्ध विभागों को विभागीय योजनाओं का कारगर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग से जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र निर्माण की प्रगति और लंबित प्रकरणों को पूर्ण करवाने कहा। साथ ही स्कूल मरम्मत के तहत विकास कार्यों को सभी अनुभाग में पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्डधारी मृत व्यक्तियों का नाम डिलीट करवाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए, मितानिनों से मृत व्यक्तियों की सूची बनाने कहा। इसके आधार पर ब्लॉकवार लक्ष्य निर्धारित कर कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, डीएफओ उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल और ऋषिकेश तिवारी एवं नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाल श्रमिक रखने पर दो होटल संचालकों से 40 हजार रुपए का जुर्माना वसूली

**जगदलपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार श्रम विभाग की टीम द्वारा विभिन्न संस्थाओं में जांच के दौरान 18 वर्ष से कम उम्र के बाल श्रमिक से कार्य कराए जाने वाले संस्थाओं के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में गत दिवस दो होटल संचालकों को बाल श्रमिकों से कार्य करवाते पाए जाने पर सम्बन्धितों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की गई। उक्त प्रकरणों की सुनवाई में श्रम न्यायालय द्वारा 40 हजार रुपए का जुर्माना किया गया है। श्रम पदाधिकारी भूपेन्द्र नायक ने इस बारे में बताया कि श्रम विभाग की टीम के निरीक्षण के दौरान मौर्य होटल चित्रकोट तथा मलाबार होटल जगदलपुर के संचालक द्वारा बाल श्रमिकों से कार्य कराया जा रहा था। इस दौरान संयुक्त दल में शामिल श्रम निरीक्षक नमिता जॉन एवं नितेश महंत द्वारा इस सम्बंध में प्रकरण तैयार कर श्रम न्यायालय जगदलपुर में धारा 03 के तहत प्रकरण प्रस्तुत किया गया था, जिसमें श्रम न्यायालय द्वारा सम्बन्धित संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 40 हजार रुपए का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। श्रम पदाधिकारी श्री नायक ने बताया कि जिले में बाल श्रम को रोकने के लिए निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी और बाल श्रमिक से कार्य कराने वाले संस्थानों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जिले के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों तथा होटल संचालकों से आग्रह किया है कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से बाल श्रम ना कराएं और श्रम अधिनियमों का पालन सुनिश्चित करें।

## हरिद्वार से चली ज्योति यात्रा 3 मई को पहुंचेगी जगदलपुर



गायत्री शक्तिपीठ में बीस दिन रहेगी, श्रद्धालु कर सकेंगे दर्शन

**जगदलपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। हरिद्वार से 26 फरवरी से रवाना हुई अखंडज्योति कलश यात्रा का आगामी तीन मई को जगदलपुर आगमन होगा। देश भर में हरिद्वार से ऐसी यात्राओं को रवाना किया गया है। छत्तीसगढ़ जोन की यह रथ यात्रा बस्तर संभाग पहुंच गई है। कांकेर के बाद यह जगदलपुर जिले में पहुंचेगी। यह जानकारी गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्ट मंडल ने बुधवार को एक पत्रवार्ता के दौरान दी। पत्रवार्ता को संबोधित करते हुए मुख्य ट्रस्टी जयश्री श्रीवास्तव, सहायक ट्रस्टी निलेश सिंह ठाकुर ने बताया कि आगामी वर्ष 2026 में तीन तीन विशिष्ट अवसर का योग बन रहा है। इनमें गायत्री शक्तिपीठ में अखंड ज्योति प्रज्जवलन, महान दार्शनिक व विचारक महर्षि अरविंद का जन्म दिवस व भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी वर्ष एक साथ हैं। इस आयोजन के लिए यह ज्योतियात्रा निकाली जा रही है।

**बीस दिन तक जगदलपुर में रहेगा कलश:** मुख्य ट्रस्टी जयश्री श्रीवास्तव ने बताया कि यह शक्तिकलश मातृ शक्ति का प्रतीक है। माताजी की शक्ति के संचय के तौर पर इसे देश भर में प्रतीकात्मक भेजकर नारी शक्ति का संकल्प दोहराया जा रहा है। तीन मई से आने वाले बीस दिन तक यह कलश जगदलपुर शक्तिपीठ में विराजित रहेगा। इसके बाद अन्य धार्मिक स्थलों पर इसे पहुंचाया जाना है।

**माडिया चौक में स्वागत:** वक्ताओं ने बताया कि इस ज्योतिकलश का स्वागत गुरुवार को दोपहर तीन बजे माड़िया चौक में किया जाएगा। यहां सर्व समाज, सनातन समाज, पतंजलि योग पीठ समिति, बजरंग दल, सक्षम सहित अन्य समाज संगठन पदाधिकारी करेंगे। इसके बाद यहां से बाइक रैली शहीद पार्क, चांदनी चौक होते सीताराम शिवालय पहुंचेगी। यहां महिला संगठन के पदाधिकारी इस कलश का स्वागत करेंगे। यहां से पदयात्रा कोतवाली, मेन रोड, गोलबाजार होते दंतेश्वरी मंदिर पहुंचेगी। यहां महाआरती के बाद यह यात्रा संजय बाजार होते गायत्री शक्तिपीठ पहुंचेगी। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## छग पारिस्थितिक पुनर्स्थापन नीति निर्माण विषय पर आज कार्यशाला

**जगदलपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पारिस्थितिक पुनर्स्थापन नीति निर्माण के लिए सुबह 10-30 बजे से वन विद्यालय, गीडम रोड जगदलपुर में एक दिवसीय क्षेत्रीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन छग राज्य जलवायु परिवर्तन केन्द्र रायपुर एवं वन वृत्त जगदलपुर के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को किया जा रहा है। उन वनक्षेत्रों को फिर से जीवित करें, जहाँ जैवविविधता कम हो गई हो या जहाँ प्राकृतिक प्रक्रियाएँ बाधित हो गई हों। सीजी इकोरेस्टोरेशन पॉलिसी का निर्माण किया जा रहा है। इसे अंतिम स्वरूप प्रदान किये जाने हेतु 3 क्षेत्रीय कंसल्टेशन कार्यशालाओं का आयोजन कमशः सरगुजा, जगदलपुर एवं दुर्ग वन वृत्त मुख्यालय में किया जाना है। इसके लिए प्रथम कार्यशाला का आयोजन 30 अप्रैल को जगदलपुर वन वृत्त मुख्यालय में किया जाना है। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. आर. के. सिंह, से.नि. प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख छत्तीसगढ़ उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला के आयोजन में निम्न निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये , कार्यशाला में प्रतिभागी वन वृत्त के विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों जैसे कृषि, जल संसाधन, खनन, शहरी विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा स्थानीय स्तर पर इस विषय पर कार्य कर रहे गैर सरकारी संस्थानों के प्रतिनिधियों तथा स्थानीय समाज के प्रतिनिधियों को आवश्यक रूप से आमंत्रित किया जा रहा है। कार्यशाला में कार्यलयीन प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगें।

## अजय पाठक बने बस्तर जिला मिथिला मंडल के अध्यक्ष



**जगदलपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। 27 अप्रैल को अनुपमा चौक स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में बस्तर जिला मिथिला मंडल की बैठक हुई। इस दौरान नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। सर्वसम्मति से अजय पाठक को अध्यक्ष चुना गया। रूपेश कुमार झा एवं साकेत राज झा को उपाध्यक्ष, देव कुमार झा को सचिव, विनय झा को कोषाध्यक्ष एवं विवेकानंद झा व राजेन्द्र सिंह को सहसचिव बनाया गया। ज्ञात हो कि बस्तर जिला मिथिला मंडल की स्थापना 19 जून 1989 को की गई थी। समाज के सभी पदाधिकारीगण समाज के कल्याण एवं सर्वांगिन विकास हेतु कार्य करने के प्रति अपनी इच्छा प्रकट की। उक्त जानकारी समाज के सचिव द्वारा दी गई है।

# सुशासन में लापरवाही डीपीओ समेत दो को नोटिस



- समीक्षा में कलेक्टर कुणाल दुदावत के कड़े तेवर
- महत्वपूर्ण अभियान में कोताही पर निपटेंगे अफसर
- आवेदनों का तय सीमा में निराकरण के निर्देश

**दंतेवाड़ा**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में आवेदनों, मांगों और शिकायतों के निराकरण की समीक्षा के लिए समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर कुणाल दुदावत ने की। इस दौरान विभागवार लंबित मामलों की गहन समीक्षा की गई और अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री दुदावत ने सुशासन तिहार के अंतर्गत विभागों द्वारा किये जा रहे निराकृत प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए निराकरण में लापरवाही बरतने पर नगर पालिका किरंदुल एवं बचेली के सीएमओ सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी वरूण नागेश को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित समाधान ही सुशासन की प्राथमिकता है। और इसमें किसी भी प्रकार का विलम्ब अस्वीकार्य है। अत: विभाग प्रमुख आवेदनों का निराकरण स्वयं के निगरानी में करें।

इस क्रम में भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर श्री दुदावत ने सभी शासकीय कार्यालयों में आम नागरिकों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने साथ ही, बस स्टैंड एवं बाजारों जैसे सार्वजनिक स्थलों में प्याऊ निर्माण, तथा अस्पतालों, वेलनेस सेंटरों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में नि:शुल्क ओआरएस पैकेट के वितरण के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने अपने हालिया गीदम और कुआकोंडा दौरे के दौरान अधिकारियों को दिए गए निर्देशों की प्रगति की भी जानकारी ली।

इसके अलावा समय सीमा बैठक के एजेंडे जैसे जिले में स्कूल छात्र,छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य, आस्था किरंदुल की प्रगति, 70 से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाने, नगर पालिका बचेली अंतर्गत पार्क के सौंदर्यीकरण के अलावा प्रधानमंत्री आवास की प्रगति, नगर पालिका दंतेवाड़ा अंतर्गत निर्माण कार्य, एकता परिसर कुम्हाररास में भवन निर्माण कार्य, के संबंध में भी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना के तहत चयनित ग्रामों में संबंधित विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन को भी युद्ध स्तर पर पूर्ण करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# गरीबी के कुचक्र से बाहर निकालेगा यह जाल



- सुशासन तिहार का उपहार, कृषकों को मत्स्य जाल
- मछली पालन विभाग ने दिखाई तत्परता
- मछली पालन से बदलेगी ग्रामीणों की तकदीर

**दंतेवाड़ा**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तहत, किसानों, मछुआरों और ग्रामीण समुदायों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ पहुँचाने की दिशा में व्यापक पहल की गई है। इसी क्रम में, मत्स्य पालन विभाग ने प्राप्त आवेदनों का गहन सत्यापन कर किसानों को लाभान्वित करने की कार्यवाही तेजी से पूरी की गई है।

सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित करना, समस्याओं का त्वरित समाधान करना और पात्र हितग्राहियों तक सुविधाओं को पारदर्शी ढंग से पहुँचाना है। इस क्रम में मत्स्य पालन विभाग को सुशासन तिहार के दौरान मत्स्य कृषकों से विभिन्न मांगों के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए थे। सत्यापन उपरांत विभाग ने कुआकोंडा के खतकुड़ी कोर्राम, बालवीर कोर्राम, हल्बारास के राजेश राणा, पांडेवार के महेश ठाकुर और टेकनार के अमेश कुमार को मछली पालन हेतु आवश्यक जाल (नेट) प्रदाय करने के साथ-साथ आधुनिक तौर-तरीके से मत्स्य पालन करने की तकनीक के संबंध में मार्गदर्शन दिया। मत्स्य जाल प्राप्त होने से इन किसानों को अब अपनी आजीविका को और मजबूत करने का अवसर मिला है। यह सहायता न केवल उनकी आज की जरूरतों को पूरा करेगी, बल्कि भविष्य में उनकी आय में भी इजाफा करेगी। मछली पालन के लिए उच्च गुणवत्ता वाले जाल की उपलब्धता से उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, जिससे वे बेहतर आर्थिक स्थिरता हासिल कर सकेंगे। दंतेवाड़ा जिला प्रशासन और मछली पालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार की पहल से किसानों का शासन के प्रति विश्वास और भागीदारी दोनों बढ़ेगी।

# इंद्रावती बचाओ अभियान जगदलपुर के सदस्य मिले महापौर से



## शहर को स्वच्छ व स्वस्थ्य रखने हेतु दिए सुझाव

**जगदलपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। इंद्रावती बचाओ अभियान जगदलपुर के सदस्य बुधवार को महापौर से मिले और शहर को स्वच्छ व स्वस्थय रखने हेतु सुझाव दिए। इस दौरान निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानिग्राही, लक्ष्मण झा, उर्मिला आचार्य, शिव चांडक, नोयल चंद्र पुरुषोत्तम, ज्योति गर्ग, किशोर पारख, हेमंत कश्यप, अनिल सामंत, लक्ष्मी कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी के बीच जिपं अध्यक्ष की पहल से पेयजल



- नंदलाल मुड़ामी की मेहनत और ग्रामीणों के विश्वास की जीत
- जिपं सदस्य श्रीमती तिलेश्वरी नागेश की भी अहम भूमिका
- ग्रामीणों ने सरकार और जन प्रतिनिधियों को दिया धन्यवाद

**दंतेवाड़ा**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत भोगाम के पूरनतराई ठोठापारा में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का समाधान अब हो गया है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी से मुलाकात की और अपनी पीड़ा साझा की, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

गौरतलब है कि ठोठापारा में ग्रामीणों के लिए पेयजल का एकमात्र सहारा एक प्राकृतिक जल स्रोत था, जो लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित है। इस दूरस्थ स्रोत से पानी लाना ग्रामीणों के लिए बेहद कठिन था। क्षेत्र में पहले एकमात्र हैंडपंप था, लेकिन उसके धँस जाने के बाद पेयजल संकट और गहरा गया था। ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को देखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मुड़ामी ने तुरंत अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और नए हैंडपंप की स्वीकृति दी गई। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती तिलेश्वरी नागेश का इस प्रयास में विशेष सहयोग रहा। हैंडपंप की खुदाई पूरी होते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य का हृदय से आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर श्री मुड़ामी ने कहा, हमारा उद्देश्य है कि शासन की हर योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। जनता की समस्याओं का समाधान हमारी पहली प्राथमिकता है। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती तिलेश्वरी नागेश ने कहा, आपका सहयोग और विश्वास हमारी ताकत है। जब भी कोई समस्या हो, बेझिझक बताइए, मैं हमेशा साथ खड़ी रहूंगी। जनपद उपाध्यक्ष रमेश गावड़े ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जनपद स्तर से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। इस मौके पर जनपद सदस्य श्री पवन कर्मा सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे और इस पहल की सराहना की। इस दौरान पूर्व सरपंच जोगा पोड़ियम, सुमित आर्य, देवा, सोमलु, मंगू सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे और इस पहल की सराहना की।

# शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा में कल को होगी व्यापमं की पीपीटी

**जगदलपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा प्री-पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा (पीपीटी 25) 01 मई 2025 को पूर्वान्ह 09 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक परीक्षा केंद्र शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नम्बर 02 जगदलपुर में आयोजित की जाएगी। उपरोक्त परीक्षा में समस्त परीक्षार्थियों को वर्तमान वर्ष का प्रवेश पत्र लेकर आना अनिवार्य है। उक्त परीक्षा के सफल संचालन के लिए नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर मायानन्द चन्द्रा मोबाइल नंबर 99267-59295 तथा सहायक नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर सत्येन्द्र कुमार बंजारे मोबाइल नंबर 78984-78891 और समन्वयक प्राचार्य शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा जगदलपुर डॉ. अनिल श्रीवास्तव मोबाइल नंबर 98274-91253 एवं सहायक समन्वयक सहायक प्राध्यापक शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा जगदलपुर डॉ. अजय सिंह ठाकुर मोबाइल नंबर 70009-74126 को दायित्व सौंपा गया है।

## निधन

### करूणा शंकर तिवारी



**पलारी**, 29 अप्रैल। विकासखंड पलारी के ग्राम देवसुंदा निवासी करूणा शंकर तिवारी का 57 वर्ष की उम्र में अस्वस्थता के चलते आकस्मिक निधन हो गया है। वे रमाशंकर तिवारी के बड़े भैया अविनाश तिवारी, अज्जू तिवारी के पिता तथा श्रीमती पुष्पा तिवारी के पति थे। उनके अंतिम संस्कार में स्वजनों के अलावा भारी संख्या में लोग शामिल होकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित किए हैं।

# छात्रों के भविष्य निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका

**खरोरा**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। देश के भविष्य निर्माण में शिक्षक अहम भूमिका होती हैं। शिक्षक अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए छात्रों को ज्ञान, संस्कृति, राष्ट्रभक्ति, संस्कार , की पाठ पढ़ाकर छात्रों के भविष्य के साथ साथ राष्ट्र निर्माण करते हैं। जिस प्रकार माली पौधे को उत्तम खाद, बीज, जल देकर उसे तैयार करते हैं, उसी प्रकार शिक्षक भी अपना सब कुछ न्यौछावर कर विद्यार्थियों को गढ़ने का काम करते हैं। उक्त बात सुनील कुमार नायक राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता एवं अजय साव व्याख्याता के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह में अतिथि द्वारा कहीं गई ।शाला परिवार द्वारा संकुल स्तरीय सम्मान समारोह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मठपुरैना रायपुर में सेवानिवृत शिक्षक के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के पूर्व महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा, प्रभारी प्राचार्य सरोज चंद्राकर, पूर्व प्राचार्य अर्चना चौबे,प्राचार्य चमेली वर्मा के उपस्थिति में सुनील नायक राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता एवं अजय साव व्याख्याता के विदाई समारोह में का आयोजन किया गया। अतिथि यशवंत वर्मा कहा कि शिक्षक छात्रों में नैतिक, राष्ट्रीय, संस्कारों के मूल्यों को छात्रों तक हस्तांतरण करते हैं ,शिक्षक अपनी पूरी निष्ठा ,ईमानदारी से अपना दायित्व का निर्वहन कर छात्रों का भविष्य संवारते है। शासकीय शालाओं में चुने हुए योग्यताधारी शिक्षक सेवाएं देते हैं ,वे अपने छात्रों को शिखर तक पहुंचाने की प्रयास करते हैं। छात्रों को एक नेक इंसान बनाने का लक्ष्य होता हैं ।छात्रों की सफलता ही गुरु के लिए सही गुरु दक्षिणा होती हैं। शिक्षक छात्रों के भविष्य को संवारते हैं, वे हमेशा याद किए जाते हैं। बच्चों के प्रथम गुरु माता-पिता होते हैं, तत्पश्चात वे अपने बच्चों को शाला में शिक्षक के पास काफी उम्मीद के साथ सौंपते हैं। छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षक की भूमिका अहम होती है। राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक सुनील नायक ने कहा कि अपने 38 वर्ष की सेवा में अनुभव किया कि ,छात्रों को उनके रुचि के अनुसार कक्षा अध्यापन कराने से उनमें अधिगम , दक्षता का विकास होता हैं। शिक्षक द्वारा कही गई बातों को छात्र ठीक समझ सके । उनकी जिज्ञासा को समझकर उनकी समस्या का समाधान करें। शिक्षक अपने विषयवस्तु को पूर्ण रूप से तैयारी कर कक्षा प्रस्तुत करें। छात्रों को कक्षा में ईमानदारी से अध्ययन करवाने पर ही आत्म संतुष्टि मिलती है। शिक्षक छात्रों के लिए आईना के सामान होता हैं,वे उनका आदर्श होते है। देशहित,छात्रहित,शिक्षा हित,शिक्षक हित को सर्वोपरि मानते हुए अपने दायित्व का निर्वहन किया जाना चाहिए। मुख्य अतिथि अर्चना चौबे ने कहां शिक्षक को अपने जीवन में सबसे बड़ा उपलब्धि उनके द्वारा दिया गया शिक्षा दान जिसके द्वारा छात्र अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में कार्य की सराहना करते हुए कहा कि समर्पित शिक्षक होने के साथ साथ कुशल नेतृत्व कर्ता रहे, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के विभिन्न पदों पर रहकर शिक्षक एवं शिक्षा हित की लिए कार्य किया प्रभारी प्राचार्य सरोज चंद्राकर एवं सभी स्टाफ द्वारा उत्तम स्वास्थ्य, शतायु होने की कमाना की। विदाई समारोह में शाला परिवार के गोविंद सोनी, लेमन ठाकुर, बाबूलाल पटेल,मनोज बारीक, शैल चंद्रवंशी, रामलाल पटेल संगीता मिश्रा ,रितु वैष्णव विजय भारती पटेल, सुषमा कंवर,श्वेता यास्मीन,ममता वर्मा चित्रलेखा नेताम जितेंद्र सिन्हा,मोहित वर्मा छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, राहुल वर्मा, चित्रलेखा नेताम,चंद्रभूषण शुक्ला,आरती पांडेय, संजीव बल्लाल ,सरिता त्रिपाठी सविता श्रीवास्तव, जया मिश्रा, संध्या देशपांडे, प्रज्ञा झा, संदीप नेताम, विद्या नायडू कोमल सिंहा ,देवाशीष भोई ,निक्की चौरसिया, लक्ष्मी पटेल, मंजू नेताम, ज्योति शिंदे, पूजा ठाकुर, संदीप चंद्राकर ,उत्तम पांडे ,छोटे लाल, अंकिता तिवारी ,कुसुम सोनी ,गंगा नायक,तृप्ति साव आदि सभी संकुल के शिक्षक,गणमान्य उपस्थित थे ।कार्यक्रम का संचालन गोविंद सोनी, विजया भारती पटेल,के द्वारा किया गया।




# बच्चों की देखभाल हम सबकी जिम्मेदारी : केशव टेकाम

**नगरी**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। विगत दिवस विकासखंड के ग्राम फरसिया में लईका घर केंद्र क्रमांक 2 के नए भवन में शिफ्टिंग सह शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में सरपंच केशव टेकाम एवं उपसरपंच त्रिलोक साहू उपस्थित थे।

कार्यक्रम शुभारंभ कर सरपंच श्री टेकाम ने कहा कि लईका घर बच्चों के समग्र विकास का केंद्र है, जहां बच्चों को मिलती है पोषण के साथ-साथ खेल , शैक्षिक, मानसिक गतिविधियां तथा संस्कार । उपसरपंच त्रिलोक साहू ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों की देखभाल हम सबकी जिम्मेदारी है। बच्चों के लिए उचित वातावरण निर्माण के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। गर्मी में बढ़ती उमस से बच्चों को राहत दिलाने सरपंच एवं उपसरपंच व ओमप्रकाश साहू के नेतृत्व में केंद्र को एक कूलर प्रदाय किया गया। उपस्थित जनों ने पंचायत प्रमुखों के निर्णय का तालियां बजाकर स्वागत किया। इसके पूर्व अतिथियों व ग्राम के वरिष्ठ जनों ने नये केन्द्र भवन का विधिवत पूजन अर्चन कर व फीता काटकर केन्द्र को समर्पित किया।



## पंचायत प्रमुखों ने केन्द्र को दिया कूलर

अतिथियों के उद्बोधन के पूर्व मोबाईल क्रैचेस संस्था से मुकेश कुमार वर्मा ने लईका घर कार्यक्रम में मोबाईल क्रैचेस संस्था व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की भूमिका की जानकारी दी। तत्पश्चात सुपरवाईजर उपेंद्र साहू ने लईका घर की सेवाएं, बच्चों की पात्रता, पोषण प्रबंधन तथा अन्य गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। अतिथियों के उद्बोधन पश्चात लईका घर प्रबंधन समिति का गठन किया गया। समिति में अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष अनिता साहू, सचिव अश्वनी सिन्हा व संयोजक संगीता गोस्वामी का मनोनयन किया गया। समिति में सरपंच केशव टेकाम, उपसरपंच त्रिलोक साहू, पूर्व उपसरपंच शिवदयाल साहू को प्रमुख रूप से शामिल किया गया। इस अवसर पर पंच अनिता साहू, सोपसिंग जी, तोरण साहू, ओमप्रकाश साहू, अग्नू साहू, पालक अश्वनी सिन्हा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नंदनी साहू, देखभाल कार्यकर्ता संगीता गोस्वामी, प्रीति सिन्हा, वालिंटियर लोकेश्वर साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### राष्ट्रीय स्तर की बैडमिंटन ...

राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु हुआ था। जबकि यथार्थ देवांगन, पारस संतवानी, एल्विन, टोनी वर्गिस आदि खिलाड़ियों ने भी सरगुजा में हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया था।

**बस्तर जिला बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी ने दी शुभकामनाएं**

राष्ट्रीय खेलों में चयन होने पर बस्तर जिला बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी ने दोनों ही चयनित बच्चियों और प्रशिक्षक क्रिस क्रिस्टोफर को बधाई देते राष्ट्रीय खेलों में अच्छे प्रदर्शन की शुभकामनाएं प्रेषित की है। संघ ने दोनों बच्चों पर उम्मीद जताते कहा है कि नेशनल्स में निश्चित तौर पर बेहतर खेल का प्रदर्शन कर बस्तर का नाम रोशन करेंगे।

### हरिद्वार से चली ज्योति ...

यहां कलश का स्वागत व आरती होगी। पत्रवार्ता के दौरान गीता शर्मा, सुभद्रा सिंह, सुप्रिया श्रीवास्तव, नीता डडसेना, राजीव निगम, भरत व अन्य मौजूद थे।

# सपोर्ट पर्सन के इम्पेनलमेन्ट हेतु 1 मई तक रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**जगदलपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं नियम 2020 के प्रावधानों के अधीन सहायक व्यक्तियों के संदर्भ में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जारी गाईडलाईन के क्रियान्वयन हेतु जिले में सपोर्ट पर्सन का इम्पैनलमेंट किया जाना है। इस हेतु इच्छुक, अनुभवी एवं योग्य व्यक्ति तथा संस्थाओं से रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया गया है। सपोर्ट पर्सन हेतु निर्धारित योग्यताएं व्यक्तिगत आवेदन की स्थिति में आवेदक के पास समाज कार्य या समाजशास्त्र या मनोविज्ञान या बाल विकास विषय में स्नातकोत्तर या बाल शिक्षा और विकास या संरक्षण के क्षेत्र में न्यूनतम 3 वर्ष के अनुभव के साथ स्नातक डिग्री होना चाहिए। स्वयंसेवी संस्था द्वारा आवेदन करने की स्थिति में संबंधित संस्था बाल अधिकार या संरक्षण के क्षेत्र में न्यूनतम 03 वर्ष से कार्यरत होना चाहिए। जिले में सपोर्ट पर्सन के रूप में इम्पैनलमेंट होने के इच्छुक व्यक्तियों,अशासकीय संस्था या संगठन निर्धारित प्रारूप में अपनी रूचि की अभिव्यक्ति को 01 मई 2025 तक जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जगदलपुर में पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट या कोरियर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। रूचि की अभिव्यक्ति हेतु आवेदन प्रपत्र प्रारूप, आवेदन के साथ सलंग्न किए जाने वाले दस्तावेजों की जानकारी, पत्राचार का पता एवं आवेदन प्रक्रिया का विवरण जिले की वेबसाईट 222.ड्डड्डह्यह्लड्डह्न.द्दश1.द्बठ्ठ तथा कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

# फेडरेशन ने दी पहलगाम घटना के मृतकों को श्रद्धांजलि

## युद्ध की स्थिति निर्मित होने पर देश हित में आर्थिक सहयोग करेगा फेडरेशन

**मगरलोड**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। आज देश वासियों का खून खौल रहा है और खून खौले भी क्यों न। जिस प्रकार से जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष लोगों की हत्या की गई है,इससे हर भारतीयों का खून खौल रहा है और हर कोई इस बार पाकिस्तान को सबक सिखाने की बात कर रहा है। बात जब देश और देश के लोगों की आती है तो निश्चित रूप से सारा देश एकजुट हो जाता है। इसी कड़ी में मृतकों को श्रद्धांजलि देने का सिलसिला भी लगातार जारी है। आतंकवादियों के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन करने छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक शाखा मगरलोड द्वारा पहलगाम घटना में शहीद हुए लोगों को कारगिल उद्यान मगरलोड में कैंडल लाइट जलाकर एवं दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि दी गई। तथा आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान होश में आओ, जैसे नारे लगाए गए और कहा कि ईंट का जवाब पत्थर से देना चाहिए,आतंकी भारत की धैर्य की परीक्षा ना ले। भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। तथा छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक शाखा मगरलोड के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने युद्ध की स्थिति निर्मित होने पर देश हित में आर्थिक सहयोग करने की बात भी कही। इस अवसर पर ब्लॉक संयोजक दयाराम साहू, ब्लॉक प्रवक्ता डेवेश कुमार साहू, ?ब्लाक कोषाध्यक्ष सियाराम कुर्रे, सह प्रवक्ता खिलेश्वर सोनबेर,प्रचार-प्रसार मंत्री बेदराम साहू, मार्गदर्शक तामेश्वर ठाकुर, दुष्यंत साहू, दिलीप कोठारी, शेखन साहू,मोहन सारथी, प्रमोद डड़सेना, ताम्रध्वज साहू, भामेश्वरी साहू , ईश्वरी निर्मलकर, कीर्ति लता, रश्मि निर्वाण,कामना केरकेट्टा, सहित आम नागरिक इस आंतकी घटना के विरोध एवं आक्रोश प्रदर्शन में उपस्थित थे।



# मुरूम की जगह डाली मिट्टी



- सड़क किनारे धुल से लोग परेशान
- ठेकेदार की लापरवाही और पीडब्ल्यूडी की मनमानी

**दंतेवाड़ा**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा-बचेली मार्ग की बदहाली पर 3 साल तक लोग परेशान रहें। अब जैसे-तैसे सड़क बनकर तैयार, तो हो गई, लेकिन अभी भी लोगों को परेशानी से मुक्ति नहीं मिल रही है। ठेकेदार ने सड़क किनारे मुरूम की जगह मिट्टी डाल दी, इसकी धुल से पातर रास और आसपास के रहवासी बेहद परेशान हैं। मिट्टी भी ऐसी डाली गई है कि नगर पालिका द्वारा बनायी गई नाली भी पट गई है। सड़क से ऊपर मिट्टी आ गई है। ठेकेदार ने मुरूम की जगह मिट्टी क्यों डाली यह पूछने के लिए पीडब्ल्यूडी के पास समय नहीं है। अपनी नाली गायब होने के बाद भी नगर पालिका को इसकी चिंता नहीं है।

# अक्षय तृतीया आज, बाल विवाह रोकने अभियान

**दंतेवाड़ा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार ने राज्य को बाल विवाह से मुक्त करने के संकल्प के तहत अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 10 मार्च 2024 को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की शुरुआत की गई थी, जिसका लक्ष्य वर्ष 2028-29 तक राज्य को पूरी तरह से बाल विवाह मुक्त बनाना है।




- प्रशासन ने सख्ती के साथ जागरूकता पर दिया जोर
- जिले में बनाई टीम, हेल्प लाईन नंबर भी जारी

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में, विभागीय सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी द्वारा सभी जिलों और विभागों को अभियान की रणनीति और विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। बाल विवाह को न केवल सामाजिक अभिशाप, बल्कि एक गंभीर कानूनी अपराध भी माना गया है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत, 21 वर्ष से कम आयु के पुरुष एवं 18 वर्ष से कम आयु की बालिका के विवाह को दंडनीय अपराध घोषित किया गया है, जिसमें दो वर्ष तक की सजा अथवा एक लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है।

अक्षय तृतीया, जो इस वर्ष 30 अप्रैल को मनाई जाएगी, के अवसर पर विवाह आयोजनों में बाल विवाह की संभावना को देखते हुए राज्य शासन ने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। शासन ने सभी संबंधित विभागों, पंचायत प्रतिनिधियों और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सहयोग की अपील की है। इसके साथ ही यदि किसी को बाल विवाह की सूचना मिले तो तत्काल बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, नजदीकी थाना प्रभारी, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 या आपात कालीन सेवा ईआरएसएस 112 पर जानकारी दे सकते है।

# विभागों की समीक्षा करेंगे नए कलेक्टर



- 1 से 3 मई तक विभागवार बैठक
- अब तक की प्रगति के साथ तय होंगे लक्ष्य

**दंतेवाड़ा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत आगामी 1 मई से 3 मई तक विभिन्न विभागों की विभागीय समीक्षा बैठक लेंगे।

इस संबंध में जिला कार्यालय द्वारा विस्तृत बैठक कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। 1 मई की सुबह 10 से 12 बजे तक खाद्य, जिला विपणन, नागरिक आपूर्ति एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं, दोपहर 1 से 3 बजे तक महिला एवं बाल विकास, और शाम 4 से 6 बजे तक आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा होगी। 2 मई को सुबह 10 से 12 बजे तक स्वास्थ्य, औषधि प्रशासन एवं आयुर्वेद, दोपहर 1 से 3 बजे तक जिला रोजगार, कौशल विकास एवं लाइवलीहुड मिशन, तथा शाम 4 से 6 बजे तक समाज कल्याण, श्रम एवं अंत्यावसायी विभाग की समीक्षा की जाएगी।

इसी तरह 3 मई को सुबह 10 से 12 बजे तक शिक्षा विभाग एवं दोपहर 12 से 3 बजे तक कृषि, पशु चिकित्सा, उद्यानिकी, मत्स्य तथा रेशम विभाग की समीक्षा बैठक होगी। इस संबंध में कलेक्टर श्री दुदावत ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित हों एवं अद्यतन जानकारी सहित विभागीय प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इन समीक्षा बैठकों का उद्देश्य विकास कार्यों की गुणवत्ता में सुधार एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है।

# कृषि भूमि में सड़क न बनाए जाने पलना के किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**कोण्डागांव,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। पी.डब्लू.डी.के द्वारा पलना सरहद मार्ग में सड़क बन चुके स्थान के आगे स्थित कृषि भूमि पर सड़क बनाने पर रोक लगाए जाने विषयक एक आवेदन कलेक्टर जिला कोण्डागांव को पलना के किसानों द्वारा सौंपे जाने का मामला सामने आया है।

किसानों के द्वारा कलेक्टर को सौंपे गए आवेदन में लेख किया गया है कि ग्राम पलना के पीडित सभी किसानों के द्वारा कृषि भूमि में रोड़ बनवाने पर रोक लगाने के लिए एस.डी.एम. से मिलकर सभी किसानों निवेदन किया कि कृषि भूमि में जहां कोई रोड नहीं है, वहां पर रोड़ नहीं बनवाया जाए, लेकिन गांव के कुछ लोग जिनका जमीन रोड बनवाए जाने वाली जगह पर नहीं है। उनके द्वारा रोड़ बनना चाहिए बोलकर एस.डी.एम. को पत्र लिखा गया, जिसमें झूठ बोला गया है कि प्रभावित सभी किसान जिनका जमीन रोड बनने में जाना है, वो सहमत हैं। जबकि प्रभावित सभी किसान जाकर एस.डी.एम. से निवेदन किए हैं कि प्रभावित किसान केवल हम लोग हैं और हमारा जमीन सड़क निर्माण में जा रहा है और हम अपनी कृशि भूमि पर रोड़ बनाने के लिए सहमत नहीं है। लेकिन एस.डी.एम. हम किसानों के निवेदन को स्वीकार करने की जगह, रोड़ के मापदण्ड के लिए पी.डब्ल्यू.डी. को फारवर्ड कर दिए हैं और प्रभावित किसानों की बात को नहीं सुन रहे हैं।

अत: हम सभी प्रभावित किसानों की बात सुनी जाए और जो ग्राम पलना के किसान सहमत हैं, करके झूठ बोलकर आवेदन पत्र दिया गया है। उन पर उचित कार्यवाही की जाए एवं कृषि भूमि पर रोड़ बनाये जाने पर रोक लगाया जाए। लखनलाल सिंहा, बिहारीलाल साहू, खेदूराम निशाद, षीतलाप्रसाद निशाद, नीता, बाबुलाल साहू, अजय कुमार, रामसुंदर, कुंदन साहू, धनेष्वर, भावसिंह, बीसनतिन आदि किसानों के हस्ताक्षर आवेदन पत्र में दर्ज हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस दिवस पर विजेता किए गए पुरस्कृत

**कोण्डागांव,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कोंडागांव जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस दिवस पर पुरस्कार वितरण समारोह रविवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल रहे। मुख्य अतिथि पटेल ने विजयी प्रतिभागियों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों को यथासंभव सहयोग करने की बात कही।




आरके जैन ने टेबल टेनिस के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि जिले से 117 खिलाड़ी राष्ट्रीय तथा 800 खिलाडी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेल चुके हैं। स्थितियों ने लगभग 35 वर्षों से बच्चों को नि:शुल्क टेबल टेनिस का प्रशिक्षण देने की बात कही। 21 से 22 अप्रैल तक एन.सी.सी.मैदान टेबल टेनिस हाल में आयोजन हुआ।

**इन्हें किया गया पुरस्कृत**

बालक वर्ग 13 वर्ष प्रथम स्थान अजय सेन, द्वितीय भव्य ओस्तवाल, तृतीय पूरब साहू, 15 वर्ष प्रथम स्थान अर्नव सिंह थावरे, द्वितीय समर्थ संचेती, तृतीय- वर्धन सिंह राठौर, 17 वर्ष प्रथम स्थान राहुल चावरा, द्वितीय वर्धन सिंह राठौर, तृतीय समर्थ संचेती, 19 प्रथम स्थान मौलिक पवार, द्वितीय-काव्यांश पारख, बालिका वर्ग 13 वर्ष प्रथम स्थान कु.जिया बंजारे, द्वितीय दिव्यांशी, तृतीय नंदिनी गुप्ता, 15 वर्ष प्रथम स्थान कु.किंजल, द्वितीय कु.हिरण्या, तृतीय सान्वी सुराना 17 वर्ष प्रथम स्थान निधिसिंह, द्वितीय कु.दिशा बेनर्जी, तृतीय कु.निमिषा बेनर्जी। वहीं उत्कृष्ट खिलाड़ी का पुरस्कार कु.मान्वी सुराना व चि.अशु साहू को प्रदान किया गया।

इस दौरान आर.के.जैन अध्यक्ष जिला टेबल टेनिस संघ, डॉ.दीपक सेठिया, कुलवंत सिंह चहल, संतोष पात्रे, डॉ.शिल्पा देवांगन सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी, खिलाड़ी मौजूद रहे।

# प्रधान जिला न्यायाधीश के द्वारा उप-जेल नारायणपुर का किया गया निरीक्षण

**कोण्डागांव,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधान जिला न्यायाधीश के द्वारा उप-जेल नारायणपुर का निरीक्षण किए जाने के सम्बन्ध में जानकारी देते बताया गया है कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी के द्वारा 29 अप्रैल 2025 को उप जेल नारायणपुर का औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नारायणपुर हरेन्द्र सिंह नाग, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर कु. प्रतिभा मरकाम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव श्रीमती रेश्मा बैरागी पटेल एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव गायत्री साय उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान श्रीमती किरण चतुर्वेदी ने कारागार की विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया, जिसमें बैरकों की साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सा सुविधाएं और बंदियों को प्रदान की जा रहीं अन्य सुविधाए शामिल थी। जेल में निरूद्ध बंदियों से उनकी समस्याओं के बारे में बातचीत की गई और उनकी शिकायतों का त्वरित निवारण करने के निर्देश दिए गए।

जिला न्यायाधीश ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि जेल मैनुअल के अनुसार सभी बंदियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। विशेष रूप से, जिन बंदियों के पास कानूनी सहायता के लिए अधिवक्ता नहीं है, उनके लिए नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान करने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से व्यवस्था की जाए। साथ ही बंदियों के नियमित स्वास्थ्य जांच और चिकित्सा सुविधाओं को और सुदृढ करने के निर्देश दिए गए।

उक्त निरीक्षण में सहायक जेल अधीक्षक संजय नायक, चन्द्रप्रकाश कश्यप् अधिवक्ता एवं पैरालीगल वालिंटियर/अधिकार मित्र घासी राम नेताम एवं प्रतिमा दोदी उपस्थित थे।

# शादी के एल्बम मांगने पर धमकी केमरामेन के खिलाफ थाने में शिकायत

**चारामा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। विवाह में फोटोग्राफी एव शुटिंग करने के नाम पर पैसे लेकर एल्बम नहीं देने एवं एल्बम मांगने पर धमकी देने की शिकायत प्रार्थी द्वारा केमरामेन के खिलाफ चारामा थाने में की गई है। प्रार्थी छबीलाल सेन पिता प्यारेलाल सेन निवासी ग्राम पंडरीपानी ने थाने मे लिखिल शिकायत दर्ज कराई कि उसके पुत्र का विवाह 21 मई 2022 को सम्पन्न हुआ था, शादी के विडियो ग्राफी और फोटो ग्राफी के लिए ग्राम चारभाठा निवासी छगन साहु ने कार्य लिया था, जिसके लिए उसने प्रार्थी से 26000 रूपये और 64 जीबी पेन डाईव लिया था, लेकिन 03 साल होने के बाद भी आज तक फोटोग्राफर के द्वारा उन्हे फोटो विडियो नही दिया गया है। उसके घर जाने पर न पैसा वापस कर रहा है और उल्टी जो करना है कर लो कहकर धमकी देता है। वही प्रार्थी की शिकायत पर जब पुलिस ने फोटोग्राफर से जानकारी लेने के लिए थाने में बुलाया तो आरोपी द्वारा थाने में अशांति भंग की गई, जिस पर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस फोटोग्राफर के खिलाफ धारा 174 और शांति भंग करने पर धारा 107/16 के तहत कार्यवाही की है।

# मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी होगी 4 मई को

**जगदलपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत सरकार के राष्टीय परीक्षा एजेंसी द्वारा दिए गए निर्देशानुसार मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2025 परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु जिले में तैयारी पूरी कर ली गई है। उक्त निर्देशानुसार बस्तर जिले में नीट (यूजी) 2025 की परीक्षा 4 मई 2025 को जगदलपुर शहर के 3 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। जिसके तहत जगतु माहरा शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकेण्डरी स्कूल जगदलपुर, शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा जगदलपुर और झाड़ा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा जगदलपुर परीक्षा केन्द्रों में उक्त परीक्षा होगी।

# कलेक्टर ने की उद्यानिकी व रेशम विभाग के कार्यों की समीक्षा

**कोण्डागांव,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने 28 अप्रैल जिला कार्यालय के सभा कक्ष में उद्यानिकी एवं रेशम विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल के अंतर्गत ऑयल पाम क्षेत्र विस्तार के लिए कलस्टर चयन कर मिशन मोड में क्रियान्वयन पर बल दिया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि एफआर क्लस्टर का चयन कर जहां सिंचाई और बिजली की उपयुक्त व्यवस्था हो, वहां अधिकतम क्षेत्र में रोपण सुनिश्चित किया जाए और बरसात से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। जिले में लगभग 600 एकड़ में मिर्ची का उत्पादन हो रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से मिर्ची उत्पादन बढ़ाने और प्रसंस्करण इकाई की स्थापना के लिए भी निर्देश दिए।



**पाम ऑयल के क्षेत्र विस्तार के लिए मिशन मोड में कार्य करने पर जोर**

जिले में सब्जी मंडी की आवश्यकता को देखते हुए मंडी बोर्ड से समन्वय कर निर्धारित मापदंडों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करने को भी कहा गया। साथ ही नारियल उत्पादन के क्षेत्र विस्तार हेतु नारियल विकास बोर्ड के सहयोग से सिंचाई सुविधा वाले क्षेत्रों में नारियल के पौधारोपण को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई।

बैठक में किसानों के लंबित केसीसी प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए भी निर्देश दिए गए। इसके अलावा जिले में गेंदा और गुलाब की खेती के साथ-साथ झरबेरा और आर्किड की खेती की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना तैयार करने पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में रेशम विभाग की टसर योजना, कोसा संरक्षण एवं अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई तथा उद्यानिकी एवं रेशम विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ताओं के साथ प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया बैठक

**कोण्डागांव,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ बैठक किया गया है।



**नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और छ.ग.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 10 मई 2025 को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी की अध्यक्षता में 29 अप्रैल को व्यवहार न्यायालय नारायणपुर में न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों, जैसे मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, वैवाहिक विवाद, चेक बाउंस (पराक्रम्य लिखत अधिनियम की धारा 138) बैंक वसूली, श्रम विवाद और प्री-लिटिगेशन मामलों तथा न्यायालय में लंबित मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करना था। जिला न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं से अपने पक्षकारों को लोक अदालत के लाभों, जैसे शीघ्र न्याय, कोर्ट फीस की वापसी, और अंतिम निर्णय की अपील न होने की सुविधा, के बारे में बताए जाने व जागरूक करने कहा गया।

# मजदूर दिवस पर बचेली में अभा कवि सम्मेलन का आयोजन, कई राज्यों के कवि करेंगे काव्य पाठ



**बचेली,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक), शाखा बचेली द्वारा 1 मई, गुरुवार को एनएमडीसी मंगल भवन में भव्य अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सांस्कृतिक संध्या संध्या 7 बजे से शुरू होगी, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से पधारे कवि अपनी ओजपूर्ण, भावपूर्ण और रसविभोर काव्य रचनाओं से समारोह को गरिमा प्रदान करेंगे। कविता प्रेमियों के इस महोत्सव में प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) से वंदना शुक्ला, रीवा (मध्यप्रदेश) से अमित शुक्ला, दिल्ली से चेतन चर्चित, मुंगेली (छत्तीसगढ़) से देवेंद्र परिहार, कोरबा (छत्तीसगढ़) से हीरामणि वैष्णव तथा बचेली की अपनी सुप्रसिद्ध कवयित्री शकुन शेंडे संघर्ष मंच पर काव्य पाठ करेंगी। इस आयोजन का मूल उद्देश्य श्रमिकों के अथक परिश्रम और उनके सामाजिक योगदान के सम्मान में साहित्य और संस्कृति के माध्यम से जागरूकता लाना है। यूनियन द्वारा प्रस्तुत यह कवि सम्मेलन न केवल एक भावनात्मक और कलात्मक संध्या का रूप लेगा, बल्कि यह क्षेत्र में साहित्यिक वातावरण को भी समृद्ध करेगा।

# जल जीवन मिशन- मेंडपाल गांव बना हर घर जल प्रमाणित गांव

**कोण्डागांव,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले से लगभग 27 किलोमीटर दूर बसा छोटा सा ग्राम मेंडपाल 28 अप्रैल को जल प्रबंधन के क्षेत्र में एक मिसाल बन चुका है। कभी जहां गांव की महिलाएं दूर तालाब और हैंड पंप से पानी भरने के लिए जाती थीं, आज उसी गांव के हर घर में नल से स्वच्छ जल उपलब्ध है। यह परिवर्तन जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन और ग्रामवासियों की मजबूत जनभागीदारी का परिणाम है। पहले पानी की किल्लत न केवल महिलाओं की दिनचर्या को प्रभावित करती थी, बल्कि बच्चों की पढ़ाई और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती थी।



जल जीवन मिशन के अंतर्गत हुए इस परिवर्तन से न केवल महिलाओं को बड़ी राहत मिली है, बल्कि बच्चों, बुजुर्गों और विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आया है। अब महिलाएं घर के अन्य कार्यों पर ध्यान दे पा रही हैं, बच्चे समय पर स्कूल पहुंच पा रहे हैं और बुजुर्गों को दूर-दराज पानी ढोने की कठिनाइयों से मुक्ति मिली है।

ग्राम मेंडपाल में फूलमती, ललिता, सुनीता, सावित्री और केसरी जैसी महिलाएं 'जल वाहिनी' के रूप में सक्रिय हैं। ये महिलाएं न केवल जल की गुणवत्ता की जांच करती हैं, बल्कि स्वच्छता, जल संरक्षण और जल जनित बीमारियों से बचाव के प्रति गांव को निरंतर जागरूक भी कर रही हैं। जल जीवन मिशन ने महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया है, जिससे वे अब समाज के विकास में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। ग्राम मेंडपाल की एक विशेषता यह भी है कि जल आपूर्ति प्रणाली का संचालन और रखरखाव स्वयं ग्रामवासियों के द्वारा किया जा रहा है। हर महीने प्रत्येक घर से जल शुल्क एकत्र कर योजनाबद्ध ढंग से इस व्यवस्था को स्थायी बनाया गया है। इससे न केवल सिस्टम की मजबूती बनी है, बल्कि आत्मनिर्भरता और सामुदायिक स्वामित्व की भावना भी गहरी हुई है।

ग्राम के सरपंच बताते हैं, पानी की टंकी स्थापित होने के बाद गांव में जल संकट का समाधान हुआ है। पहले पानी हैंडपंप से मिलता था, जो दूर था और गर्मी में जल स्तर गिरने के कारण समस्याएं और बढ़ जाती थीं। लेकिन अब नल जल योजना का लाभ हर घर तक पहुंच रहा है। समय की बचत हो रही है और जल को लेकर गांव की आत्मनिर्भरता और जनभागीदारी ने मेंडपाल को 'हर घर जल' प्रमाणित बना दिया है। ग्राम मेंडपाल का यह परिवर्तन केवल बुनियादी सुविधाओं के विकास की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस सोच का भी प्रतीक है जिसमें सरकार की योजनाओं को तभी सच्ची सफलता मिलती है, जब समुदाय स्वयं उसे अपनाता और उसका संचालन करता है। आत्मनिर्भरता और जनभागीदारी के इस उत्कृष्ट उदाहरण ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब इरादे मजबूत होते हैं, तो विकास खुद ब खुद रास्ता बना लेता है।

# स्व. शिवराम शर्मा को पेंशनरों ने मौन रख दी श्रद्धांजलि



**कोण्डागांव,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। छ.ग.पेंशनधारी कल्याण संघ 1881 जिला शाखा कोंडागांव की बैठक 27 अप्रैल को पेंशनर भवन कोंडागांव में आहुत की गई। बैठक में उपस्थित पेंशनरों के बीच कई अहम बिंदुओं विषेश रुप से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पेंशनरों को बढ़ी हुई महंगाई राहत भत्ता 53 प्रतिशत का आदेश अभी तक जारी नहीं किए जाने, जबकि अन्य प्रांतों में केंद्र के समान बढ़े हुए 55 प्रतिषत महंगाई राहत भत्ता का आदेश जारी कर एरियर्स सहित भुगतान हेतु आदेश जारी किए जा चुकने पर पर चर्चा किया गया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मनाये जा रहे सुशासन तिहार में भी जगह-जगह उक्त समस्या के समाधान हेतु आवेदन दिए गए हैं। इस बारे में भी गहन चर्चा कर जानकारी दी गई। अंत में कोंडागांव पेंशनर संघ के निष्ठावान एवं सहयोगी बैठक में सर्वप्रथम उपस्थित होने वाले शिवराम शर्मा वन विभाग के डिप्टी रेंजर पद से सेवानिवृत के 23 अप्रैल 2025 को देहावसान हो जाने की सूचना पर सभी पेंशनरों द्वारा शोक जताते हुए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दिया गया। अंत में अध्यक्ष प्रज्ञा पुत्र वैद्य कवि इंजीनियर एसपी विश्वकर्मा द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गई। बैठक में एसपी विश्वकर्मा अध्यक्ष, आर.एस.पांडे उपाध्यक्ष, नासिर अली, अहमद खलील, रमजान हुसैन, राम वाघ तथा एम.डी.बघेल आदि उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी संघ के अध्यक्ष प्रज्ञा पुत्र वैद्य कवि इंजीनियर एसपी विश्वकर्मा द्वारा दी गई।

CMYK

# कैपिटल ज़ोन

## संपादकीय

### पर्यटन स्थल हों सुरक्षित

*छत्तीसगढ़ में अनेक प्रसिद्ध पर्यटन केन्द्र हैं। इनमें कुछ धार्मिक स्थल होने के कारण तो अनेक अपनी प्राकृतिक सुंदरता के कारण लोगों को बड़े पैमाने पर आकर्षित करते हैं। रतनपुर की महामाया देवी, डोंगरगढ़ स्थित बमलेश्वरी देवी के मंदिर यदि पहाड़ों पर स्थित हैं, तो वहीं दंतेश्वरी मंदिर डंकिनी-शंखिनी नदी के किनारे बसा है। कवर्धा का भोरमदेव व पाली का मंदिर अष्टकोणीय तालाब के किनारे पर है। बस्तर और कोरबा में अनेक झरने हैं तो मैनपाट अपने खूबसूरत पठार के लिये जाना जाता है। पूरे राज्य में और भी अनेक सुंदर पर्यटन स्थल हैं। इन्हें विकसित करने के लिये राज्य सरकार और पर्यटन मंडल ने कोई कमी नहीं छोड़ी है। फिर भी, जिस बात की सबसे ज्यादा कमी नज़र आती है वह है सुरक्षा के उपाय। कई जगह पानी में गिरने अथवा पहाड़ी से नीचे गिर पड़ने का खतरा है। कई जलाशयों में भी सुरक्षा उपायों का अभाव दिखलाई पड़ता है।*

*राज्य के अनेक पर्यटन स्थलों पर आधुनिक उपकरणों या साधनों के प्रयोग भी किये जा रहे हैं। मैनपाट में पैराग्लाइडिंग होती है तो रायपुर के बूढ़ा तालाब, कोरबा के सतरेंगा आदि में नौकायन की सुविधाएं उपलब्ध हैं ताकि वहां जाने वाले अपना दिल बहला सकें। बमलेश्वरी मंदिर तक जाने के लिये रोप वे का इस्तेमाल काफी दिनों से हो रहा है जो वहां के श्रद्धालुओं के लिये सुविधा के साथ सभी के लिये रोमांचकारी मनोरंजन का अनुभव कराता है। ऊपर जाकर देवी के प्रति आस्था व्यक्त करने के इच्छुक सैकड़ों दर्शनार्थी रोप वे का इस्तेमाल करते हैं। बुजुर्गों, बीमारों, असक्तों, गर्भवती महिलाओं आदि के लिये रोप वे बहुत उपयोगी साबित होता है क्योंकि मंदिर तक जाने के लिये बड़ी चढ़ाई है जहां सीढ़ियों से चलकर जाना हर किसी के लिये सम्भव नहीं हो पाता। पिछली शुक्रवार को मंदिर से लौट रही एक ट्रॉली अलग होकर प्लेटफॉर्म पर गिर गयी। इसमें 6 लोग सवार थे जिनमें राज्य के एक पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा भी थे जो बुरी तरह से घायल हो गये। उन्हें रायपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य लोगों को हल्की चोटें आई हैं।*

*यह हादसा बहुत गम्भीर हो सकता था यदि ट्रॉली प्लेटफॉर्म पर न गिरकर ऊंचाई से गिरती, यानी जब वह हवा में आगे बढ़ रही थी। प्रारम्भिक अनुमान तो यही मिला है कि दुर्घटना का कारण खराब रख-रखाव हो सकता है। ऐसे उपकरणों एवं साधनों की नियमित देखभाल ज़रूरी है। इसी तरह से जिन पर्यटन स्थलों पर ऊंचाई से गिरने का खतरा हो, वहां रेलिंग, बाड़ आदि ज़रूरी है। जहां डूबने का खतरा होता हो, वहां रक्षक दल व नौकाएं, लाइफ जैकेट आदि की व्यवस्था होनी चाहिये। साथ ही, लोगों को चेतावनी देने वाले बोर्ड भी यथोचित स्थानों पर लगाये जाने चाहिये। इसके साथ ही स्वयं पर्यटक तथा श्रद्धालुगण सावधान रहें।*

## उल्टा पुल्टा

औरंगजेब- सेनापति! यह बताओ कि हम शिवाजी को क्यों नहीं ढूंढ़ पा रहे हैं?
सेनापति- महाराज, क्योंकि हम मुगल हैं, गूगल नहीं.

# निगम की विशेष सामान्य सभा में सत्ता पक्ष एवं विपक्ष में टकराव

## कांग्रेस पार्षदों ने किया वाक आउट



**रायपुर**, 29 अप्रैल(देशबन्धु)। एक राष्ट्र एक चुनाव एजेन्डे पर आज शहीद स्मारक भवन में हुई नगर निगम की विशेष सामान्य सभा में भाजपा पार्षदों एवं कांग्रेस पार्षदों के बीच टकराव देखने को मिला। निगम नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू जब अपनी बात रख रहे रहे थे, कुछ भाजपा पार्षदों ने टोकाटाकी की। इस पर कांग्रेस पार्षद आपत्ति जताते हुए सदन से वाक आउट कर गए।

सदन में अपनी बात रखते हुए नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू ने कहा कि इतनी क्या जल्दी थी विशेष सामान्य सभा बुलाने की। दो माह बाद भी बुला सकते थे। रायपुर की जनता पानी के लिए तरस रही है। सवाल यह है कि इस समय विशेष सामान्य सभा पानी या फिर एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर होनी चाहिए। शहर में हैंड पम्प और टैंकर की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। भाजपा पार्षदगण मनोज वर्मा, आशु चंद्रवंशी, राजेश गुप्ता, कृतिका जैन एवं भोलाराम साहू ने आपत्ति करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष एजेंडे से बाहर जाकर बात कर रहे हैं। मनोज वर्मा ने कहा कि नगर निगम में जब कांग्रेस की सत्ता थी दो महीने में शहर को टैंकर मुक्त करने का दावा हुआ था, उसका क्या हुआ। भाजपा पार्षदों व्दारा कही जा रही बातों पर कांग्रेस पार्षद शेख मुशीर एवं अर्जुमन ढेबर ने आपत्ति की। इसके विरोध में भाजपा के पार्षद अपनी जगह पर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे। इस पर विरोध जताते हुए सभी कांग्रेस पार्षद सदन से वाक आउट कर गए। व्यवधान के कारण सभापति सूर्यकांत राठौर को सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी।

सदन में लगभग डेढ़ घंटे की चर्चा के बाद एक राष्ट्र एक चुनाव का एजेन्डा सर्वसम्मति से पारित हुआ। एक राष्ट्र एक चुनाव पर महापौर मीनल चौबे एवं निगम नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू समेत भाजपा पार्षद मनोज वर्मा, दीपक जायसवाल, महेन्द्र खोड़ियार, प्रमोद साहू, अजय साहू, गायत्री सुनील चंद्राकर, अंबर अग्रवाल, राजेश गुप्ता, भोलाराम साहू, साधना प्रमोद साहू, विनय निर्मलकर, स्वप्निल मिश्रा, कृतिका जैन, सोहनलाल साहू, आशु चंद्रवंशी, गज्जू साहू तथा कांग्रेस पार्षदगण शेख मुशीर, अर्जुमन ढेबर एवं रेणु जयंत साहू ने भी अपनी बात रखी।

### एक साथ चुनाव कराने पर खर्चों में आएगी कमी : सभापति

इस अवसर पर सभापति सूर्यकांत राठौर ने कहा कि बार-बार चुनाव कराने में भारी प्रशासनिक खर्च और संसाधनों की बर्बादी होती है। एक साथ चुनाव से चुनावी खर्चों में कमी आएगी और सुरक्षा बलों, शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों को बार-बार चुनावी ड्यूटी से मुक्त किया जा सकेगा एवं प्रशासनिक कार्य में गति आयेगी।



सदन की कार्यवाही शुरु होते ही सभापति सूर्यकांत राठौर ने कहा कि च्एक राष्ट्र एक चुनावज्ञ का मुख्य उद्देश्य लोकसभा और सभी राज्य विधानसभा के चुनावों को एक साथ आयोजित करना है। ताकि समय, संसाधन और प्रशासनिक खर्चा की बचत हो सके तथा देश के विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे। बार-बार लगने वाली आदर्श आचार संहिता के कारण विकास कार्यों, परियोजनाएँ, शासकीय भर्तियां रूक जाती हैं। एक साथ चुनाव होने से बाधा दूर होगी और सरकारें अपने विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी।

### हम गंभीर चर्चा करने बैठे और कांग्रेसी पार्षद वाक आउट कर गए : महापौर



एक राष्ट्र एक चुनाव एजेंडे पर नगर निगम की हुई विशेष सामान्य सभा में महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने कहा कि दुख की बात है कि आज हम गंभीर विषय पर चर्चा करने के लिए बैठे हैं और कांग्रेसी पार्षद सदन से वाक आउट कर गए। वे बुलाने पर भी सदन में वापस नही आए।

शहीद स्मारक भवन में हुई विशेष सामान्य सभा में महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने कहा कि एक देश एक चुनाव यह महत्वपूर्ण विषय है। इसके पीछे परिकल्पना विकसित भारत एवं विकसित छत्तीसगढ़ दोनों की है। एक राष्ट्र एक चुनाव वाली व्यवस्था लागू हो जाती है तो इससे लोकतंत्र मजबूत होगा। देश में लगातार चुनाव जो होते रहे हैं उस पर बेतहाशा खर्च होता है। 2024 में जो लोकसभा चुनाव हुआ उसी पर 1 लाख 33 हजार करोड़ राशि खर्च हो गई। मोदी जी ने दूर की सोचकर एक राष्ट्र एक चुनाव की परिकल्पना की है। इससे संसाधनों की बचत होगी। विकास में और तेजी आएगी। मुझे लगता है कि एक राष्ट्र एक चुनाव पर सभी सहमत होंगे। हमारे विपक्ष के साथी इस पर शंका जता रहे थे। शंकाओं का समाधान करने के लिए ही हम यहां बैठे हैं। हम तो खुली चर्चा चाहते थे। विपक्ष को इस बात का डर क्यों है कि एक राष्ट्र एक चुनाव से परिणाम सत्ता पक्ष की तरफ आएंगे। मेरा तो मानना है कि एक राष्ट्र एक चुनाव से फर्जी वोटिंग बंद होगी। पुलिस के कंधों पर भार कम होगा। प्रिंटिंग का खर्चा कम आएगा। चुनाव के लिए टीमें एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश जो आना-जाना करती हैं, इससे आवागमन पर होने वाला अनावश्यक खर्च कम होगा। आचार संहिता एक ही बार लगेगी।

### विपक्ष की बात सुनने का साहस नहीं जुटा पा रहे भाजपा पार्षद : शेख मुशीर

कांग्रेस पार्षद दल के प्रवक्ता शेख मुशीर ने कहा आज सामान्य सभा में भाजपा पार्षदों ने सभापति के आदेश की लगातार अवमानना करते हुए विपक्ष की आवाज़ को दबाने का प्रयास किया। हमे सभापति के द्वारा बोलने का अवसर दिया गया तब हम अपनी बात रख रहे थे परंतु भाजपा पाषदों ने सामने आकर हल्ला शुरू कर दिया और हमारी बात को संख्या बल के दम पर दबाने का प्रयास किया। जब हमें अपनी बात रखने ही नहीं दिया गया तो कांग्रेस पार्षद दल ने बहिर्गमन किया। रही आज के एजेंडे की बात तो एक राष्ट्र एक चुनाव तो इसे चुनाव लागू कराना इतना आसान और व्यवहारिक न्ही लगता है। शेख मुशीर ने कहा एक राष्ट्र एक चुनाव लागू करने से पहले अति आवश्यक है इस बात को ध्यान में रखना की इस प्रणाली से लोकतन्त्र स्थापित होता है और इसे बेहद मज़बूती से और सभी दलों को साथ लेकर जनता की सहमति से सविंधान के दायरे में रहकर लागू करना उचित होगा।

## साय कैबिनेट की बैठक आज, तबादले पर लग सकती है मुहर

**रायपुर**, 29 अप्रैल(देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल कैबिनेट की अहम बैठक होने वाली है। .मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 30 अप्रैल को सुबह 11ञ्30 बजे अटल नगर नवा रायपुर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जाएगी।

इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों की संभावना जताई जा रही है, जिनमें श्रमिकों के हित में निर्णय और छत्तीसगढ़ में ट्रांसफर पॉलिसी लागू करने जैसे मुद्दे शामिल हैं। मध्यप्रदेश में ट्रांसफर पॉलिसी लागू हो गई है।

छत्तीसगढ़ में भी ट्रांसफर पॉलिसी लागू करने को लेकर कैबिनेट में चर्चा हो सकती है।

## विद्युत कंपनी के कर्मियों को मिलेगा 55 फीसदी डीए

**आदेश जारी**

**रायपुर**, 29 अप्रैल(देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनी ने अपने अधिकारी कर्मचारियों को केंद्र के समान 5त्नडीए भुगतान का आदेश जारी कर दिया है। अब 18 हजार कर्मियों को 55त्न डीए अप्रैल के ही वेतन से मिलेगा।

वहीं राज्य सरकार के पांच लाख अफसर कर्मचारियों को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। आने वाले दिनों में कर्मचारी संगठन विरोध पर उतरने की तैयारी कर रहे। वे सुशासन तिहार के तीसरे चरण में होने वाले शिविरों में विरोध कर सकते हैं।

## रामदेव अग्रवाल ने एनआईटी में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना करने दिया 71 करोड़

**रायपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन ने एनआईटी रायपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के लिए 71 करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता जताई। छत्तीसगढ़ की धरती के सपूत और मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन के अध्यक्ष रामदेव अग्रवाल ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप इन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी हेतु सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए 71 करोड़ रुपये का ऐतिहासिक योगदान देने की घोषणा की है। यह परिवर्तनकारी पहल एनआईटी रायपुर को नवाचार और उद्यमिता के एक राष्ट्रीय केंद्र के रूप में स्थापित करेगी, जो भारतभर में आर्थिक विकास को गति देने और भविष्य के लिए तैयार प्रतिभाओं को सशक्त बनाने का कार्य करेगी।

इस सेंटर का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण क्षेत्रों—जैसे खनन, लौह एवं इस्पात, ऊर्जा और प्रोसेस इंडस्ट्रीज—में अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करते हुए एक विश्वस्तरीय केंद्र के रूप में कार्य करना है। यह सेंटर अत्याधुनिक प्रतिभाओं को विकसित कर औद्योगिक परिवर्तन को सशक्त बनाएगा। आने वाले समय में यह सेंटर राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप एक मील पत्थर साबित होगा और नवाचार एवं उद्यमिता के नए मानदंड स्थापित करेगा।

प्रो. एन. वी. रमना राव, निदेशक, एनआईटी रायपुर ने इस साझेदारी के लिए गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा, ज्हमें गर्व है कि छत्तीसगढ़ के सपूत श्री रामदेव अग्रवाल ने अपनी मातृभूमि के भविष्य में निवेश करने का निर्णय लिया है। अविनाश मिश्रा, आईएएस ने कहा कि च्यह पहल आत्मनिर्भर और नवाचार-संपन्न छत्तीसगढ़ की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## कांग्रेस फ्यूज बल्ब, संविधान बचाओ रैली शोभा नहीं देती : साय

**रायपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला करते हुए उसे फ्यूज बल्ब करार दिया है। राजस्थान की राजधानी जयपुर पहुंचे मुख्यमंत्री साय ने जयपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस अब देश की राजनीति में अप्रासंगिक हो चुकी है। कांग्रेस एक फ्यूज बल्ब बन चुकी है, जिसने देशभर में जनता का विश्वास खो दिया है। अब ये लोग बेतुके बयान देकर खुद को प्रासंगिक रखने की कोशिश कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में दर्शन हेतु राजस्थान के दौरे पर थे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा के दौरान उन्होंने कांग्रेस द्वारा जारी किए गए च्जायबज्ज पोस्टर और संविधान बचाओ रैली पर तीखा प्रहार किया।



- राजस्थान प्रवास पर सीएम साय का कांग्रेस पर तीखा हमला
- जिनका खुद का इतिहास संविधान विरोधी रहा, वे संविधान बचाने की बात कर रहे हैं

**संविधान का सबसे बड़ा अपमान कांग्रेस ने किया**

कांग्रेस की ओर से हाल ही में आयोजित संविधान बचाओ रैली पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि संविधान को सबसे ज्यादा खतरा कांग्रेस ने ही पहुँचाया है। देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या किसने की। गैर-कांग्रेसी दलों के नेताओं को जेल में किसने डाला। अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए इन्होंने कई बार संविधान में संशोधन किया।

उन्होंने आगे कहा कि जो लोग खुद संविधान का दुरुपयोग करते रहे हैं, उन्हें संविधान बचाने की बात करना शोभा नहीं देता। यह केवल दिखावा है, जनता सब देख और समझ रही है।

**राजनीतिक हलचल तेज**

मुख्यमंत्री श्री साय के इस तीखे बयान से राजस्थान और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों के राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। विधानसभा चुनावों के पूर्व भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासी बयानबाज़ी अपने चरम पर है। मुख्यमंत्री श्री साय के इस बयान को भाजपा की आक्रामक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य कांग्रेस को उसके पुराने कार्यकालों की याद दिलाकर कटघरे में खड़ा करना है।

## वक्फ बिल को लेकर मुस्लिम समाज के बीच पहुंचेंगे भाजपाई : किरण देव

### जनजागरण अभियान में केंद्रीय नेता भी कार्यक्रम में होंगे शामिल



**रायपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु) ।वक्फ संशोधन बिल को लेकर छत्तीसगढ़ में भाजपा जनजागरण अभियान चलाएगी ।इस अभियान को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने पत्रकार वार्ता में दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि, भाजपा पूरे प्रदेश में जनजागरण अभियान चलाएगी और मुस्लिम समाज के बीच पहुंचेगी ।इसके लिए 1 से 10 मई तक अलग- अलग कार्यक्रम होंगे।

प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बताया, 1 मई को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा की कार्यशाला भी होगी। जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सभी मंत्री, सांसद, विधायक शामिल होंगे। यह कार्यशाला पहले 25 अप्रैल को रखी गई थी। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद इसे स्थगित किया गया था।

उन्होंने कहा, वक्फ बोर्ड में जो विसंगतियां थी उन्हें दूर करने के लिए इसमें संसोधन किया गया ।मुस्लिम समाज को फायदा मिले इसके लिए संसोधन किया गया है ।वक्फ संशोधन बिल को लेकर छत्तीसगढ़ में भाजपा जन जागरण अभियान चलाएगी। 1 से 10 मई तक यह अभियान चलेगा। 1 मई को वृहद कार्यशाला का आयोजन किया गया है, जिसमें बुद्धजीवियों के साथ चर्चा होगी।

**कांग्रेस ने झूठ परोसने का काम किया : किरण देव**

किरण देव ने कहा, कांग्रेस ने पूरे देश में झूठ परोसने का काम किया। मुस्लिम समाज के लोगों के सामने भ्रम फैलाने की कोशिश की।

महिला मोर्चा के नेतृत्व में भी जनजागरण कार्यक्रम होगा, जिसमें केंद्रीय नेता भी शामिल होंगे। मुस्लिम समाज के धर्म नेताओं के सामने अल्प संख्यक मोर्चा संगोष्ठी का आयोजन करेगी ।इसमें नए संसोधन बिल के सकारात्मक पहलुओं को बताया जाएगा। बिल की सत्यता को लेकर जनता तक जाएंगे।

## नहीं रुकेगा ऑपरेशन, खात्मे की ओर नक्सलवाद : तोखन साहू



**रायपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ा एंटी नक्सल ऑपरेशन 8 वें दिन भी जारी है। नक्सलियों के बड़े लीडरों को जवानों ने कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों में घेर रखा है। इस मुठभेड़ में फ़ोर्स को बड़ी सफलता मिलने की उम्मीद है। इस बीच नक्सलवाद के खात्मे को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने बड़ा बयान दिया है।

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद खात्मे की ओर है, लेकिन कुछ नेता और दल माओवाद को सपोर्ट करने में लगे हैं। तेलंगाना की एक पार्टी ऑपरेशन रोकने की अपील कर रही है। लेकिन केंद्रीय अमित शाह ने टारगेट तय कर दिया ऑपरेशन रुकेगा नहीं। मार्च 2026 तक पूरा प्रदेश नक्सल मुक्त होगा। सरकार और जवान नक्सलियों के सामने शक्ति से कार्रवाई कर रहे हैं।

**कांग्रेस के संविधान बचाओ रैली पर बोला केंद्रीय राज्य मंत्री का हमला**

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कांग्रेस के संविधान बचाओ रैली पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने संविधान की हत्या की है। भाई भतीजा वाद करने वाले संविधान की बात क्या करेंगे। प्रदेश में प्रदर्शन करने भ्रमित करने कांग्रेस पार्टी आती है। कांग्रेस के सिर्फ नेताओं की सक्रियता सिर्फ प्रदर्शन करने के लिए दिखती है। कांग्रेस के मन में सेवा भाव नहीं है।

बता दें कि तेलंगाना और छत्तीसगढ़ की सीमा कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों ने बड़ी संख्या में जवानों ने डेरा डाला हुआ है। हेलीकॉप्टर से इलाके की निगरानी रखी जा रही है। यहां नक्सलियों के बड़े लीडरों के होने की आशंका है। जिसके मद्देनजर फ़ोर्स ने भी पूरी तैयारी के साथ घेराबंदी कर ली है। फिलहाल तीन महिला नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं, जिन पर 8-8 लाख का इनाम घोषित था।

## सरपंचों को डराकर पारित कराया जा रहा वन नेशन वन इलेक्शन पर प्रस्ताव : भूपेश

### संसद का विशेष सत्र बुलाए सरकार

**रायपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर निगमों में प्रस्तावों पर भाजपा सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय जबदस्ती सरपंचों को डराकर कराया जा रहा है। बघेल ने आरोप लगाया कि सरकार जनता का ध्यान भटकाने के लिए यह कदम उठा रही है ।उन्होंने कहा कि नियमित समय में अगर नगर पालिका चुनाव नहीं करा पाए, तो राष्ट्रीय चुनावों में क्या करेंगे ? इसके साथ ही भूपेश बघेल ने यह भी सवाल उठाया कि बीच में लोकसभा चुनाव का समय आया तो क्या बचत समय के लिए चुनाव कराएंगे ?

राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने विशेष सत्र के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा इस पर भूपेश बघेल ने कहा कि जब जम्मू कश्मीर में विशेष सत्र हो सकता है, तो राहुल गांधी के कहने पर लोकसभा में क्यों नहीं हो सकता ? आपसी लड़ाई का फायदा आतंकवादी उठा रहे हैं। एक जुट होने के लिए पार्लियामेंट में विशेष सत्र होना चाहिए।

**पाकिस्तानियों की जांच को लेकर साधा निशाना**

भूपेश बघेल ने पाकिस्तानियों की जांच को लेकर भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि उनकी यह स्थिति है कि केंद्र ने पाकिस्तानियों की जांच के लिए बोला है लेकिन मुख्यमंत्री और



उपमुख्यमंत्री के बयानों में एकता नहीं है।

भाजपा पहले बताए कि कितने लोगों की जांच की गई ? क्या कुछ कार्रवाई की गई है

इस मामले पर मौन क्यों साधे हैं ? आल पार्टी मीटिंग में झूठ भी बोल रहे हैं।

लगातार हैकर्स द्वारा पॉलिटिशियन्स के अकाउंट हैक होने पर भूपेश बघेल ने चिंता जताते हुए कहा कि यह समाज के लिए उचित नहीं है, पहले केवल महादेव था, अब गजानंद और ड्रीम 11 भी है। डबल इंजन और ट्रिपल इंजन की सरकार है, लेकिन बावजूद यह सब चल रहा है।

**प्रदेश में चल रहा ट्रांसफर उद्योग**

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में हो रहे ट्रांसफरों को लेकर तंज कसते हुए कहा कि राज्य में ट्रांसफर उद्योग चल रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रांसफर करो और बंद करो, डबल इंजन की सरकार है, सब लोग वसूली करने में लगे हुए हैं।

प्रदेश में नक्सलवाद के खिलाफ चलाए जा रहे संयुक्त ऑपरेशन पर भूपेश बघेल ने कहा कि नक्सली पहले भारत के संविधान में विश्वास व्यक्त करें, फिर चर्चा होनी चाहिए।

रायपुर में आईबी प्रमुख तपन डेका की हाई लेवल मीटिंग को लेकर भूपेश बघेल ने कहा कि पहलगाम में हुए हमले के बाद गृह मंत्री अमित शाह बैकफुट पर हैं। अब इसमें आगे आ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि वैसे तो यूनिफाइड कमांड मुख्यमंत्री होते हैं, पर केंद्रीय गृहमंत्री के द्वारा मुख्यमंत्री को बैकफुट पर रखा गया है।

**जिला चिकित्सालय बेमेतरा में अल्ट्रा सोनोग्राफी सेवाएं 3 मई तक स्थगित**

बेमेतरा, 29 अप्रैल। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनुसार, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फैमिली मेडिसिनज कोर्स के तहत इस्ट वेल्लोर द्वारा 28 अप्रैल से 3 मई 2025 तक राजनांदगांव जिला अस्पताल में एक विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में बेमेतरा से नामांकित चिकित्सा अधिकारी डॉ. बुद्धेश्वर सिंह वर्मा भी भाग ले रहे हैं।



# पानी नहीं, छाया नहीं, 44 डिग्री तापमान में जवानों ने नक्सलियों के खिलाफ संभाला है मोर्चा : साय

**रायपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। बस्तर में माओवादियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई जारी है। करेंगुट्टा की पहाड़ियों पर जवानों ने नक्सलियों को घेर रखा है। ऑपरेशन में जवानों ने 3 महिला नक्सलियों को ढेर किया है इस बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सबसे बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन कर उन्होंने रणभूमि पर डटे जवानों के हौसले को सराहा है।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने करेंगुट्टा पहाड़ी पर जारी एंटी नक्सल ऑपरेशन पर कहा कि अधिकारियों से चर्चा कर जानकारी ली है। रणभूमि में हमारे वीर जवान 44 डिग्री की तीव्र गर्मी, पानी की कमी और बिना छांव जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच भी डटे हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक, करेंगुट्टा की पहाड़ियों पर नक्सली लीडर हिड़मा, दामोदर, बल्ली प्रकाश, आजाद ये सभी बड़े सीसी मेंबर मौजूद हैं। इनके साथ चंद्रन्ना, सुजाता, विकल्प, विज्जा, उर्मिला, गंगा, अभय, पापा राव और देवा के अलावा बटालियन नंबर 1 और 2 के लगभग सभी बड़े नक्सली भी वहां मौजूद हैं। यानी अगर ये ऑपरेशन सफल होता है तो बस्तर में नक्सलवाद की कमर टूट जाएगी।

**नक्सल ऑपरेशन पर पूरे देश की नजर**

फिलहाल पुलिस और सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन को निर्णायक दौर में पहुंचा दिया है हर दिन नक्सलियों के लिए आखिरी सुबह साबित हो रही है।कुछ दिन पहले ही पुलिस ने तीन महिला नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की थी।साथ ही कई हथियार भी बरामद किए गए थे। पुलिस ने साफ कह दिया है कि जब तक नतीजा नहीं निकलेगा ऑपरेशन जारी रहेगा। यह बस्तर के इतिहास का सबसे बड़ा ऑपरेशन है और अब पूरे देश की नजर इस निर्णायक लड़ाई पर टिकी है।

बड़े नक्सली लीडर की सूचना मिलते ही तेलंगाना, आंध्रप्रदेश और छत्तीसगढ़ की फोर्स को मिलाकर एक स्पेशल ऑपरेशन प्लान किया गया। युवा और जांबाज जवानों की टीम तैयार की गई, जो इन दुर्गम पहाड़ियों में टिक सके, लड़ सके और जीत सके। अब तक इस ऑपरेशन को 7 दिन हो चुके हैं। जवानों ने चारों तरफ से पहाड़ियों को घेर लिया है और धीरे-धीरे चोटी की ओर बढ़ रहे हैं। हालांकि गर्मी ने भी एक बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है।अब तक 40 जवान हीटवेव का शिकार हो चुके हैं, जिन्हें एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इस ऑपरेशन को सफल बनाने बिहार, झारखंड से भी सुरक्षा बल के जवानों को बुलाया गया है।

**नक्सलियों के पास महीनेभर का है राशन**

करीब 1 महीने का राशन और पहाड़ पर प्राकृतिक पानी के स्रोत नक्सलियों को ताकत दे रहे है।ऑपरेशन के दौरान जवानों को एक गुफा भी मिली, जिसमें एक शिवलिंग स्थापित था, लेकिन वहां कोई नक्सली नहीं मिला।

# जिपं सीईओ ने पंडरी, राजातालाब और कालीबाड़ी अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

## हीट स्ट्रोक वार्ड का भ्रमण कर जाना मरीजों का हाल, दवा उपलब्धता की जानकारी ली

**रायपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुमार बिश्वरंजन द्वारा जिला चिकित्सालय पंडरी, हमर अस्पताल राजातालाब और मातृ एवं शिशु चिकित्सालय कालीबाड़ी का औचक निरीक्षण किया गया।



जिला चिकित्सालय पंडरी के निरीक्षण के दौरान सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने सर्वप्रथम हीट स्ट्रोक वार्ड का भ्रमण कर वहां भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके उपरांत ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर का निरीक्षण कर नेक्स्ट जेन ई-हॉस्पिटल से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की गई। वहां उपस्थित स्टाफ द्वारा स्कैन शेयर प्रणाली की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, सीटी स्कैन, एक्स-रे एवं सोनोग्राफी कक्ष का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। दवाई वितरण कक्ष में उपस्थित फार्मासिस्ट से औषधियों की उपलब्धता एवं ऑनलाइन इंडेंट व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई।

**मातृ एवं शिशु चिकित्सालय, कालीबाड़ी**

जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन ने मातृ एवं शिशु चिकित्सालय कालीबाड़ी में ओपीडी पंजीयन कक्ष, दवा वितरण कक्ष, प्रसव कक्ष का निरीक्षण किया। नवजात शिशु चिकित्सा इकाई में उपस्थित डॉ. निधि गुप्ता द्वारा वहां भर्ती नवजात शिशुओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही अलग से स्थापित 10 बिस्तर को संचालित करने के लिए आवश्यक मानव संसाधन की मांग से संबंधित जानकारी दी गई। सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों की फीडिंग डेमोंस्ट्रेशन और उनको दिए जाने वाले आहार के संबंध में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने बच्चों के माताओं को बच्चों के आहार के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करने निर्देशित किया।

**हमर अस्पताल शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, राजातालाब**

हमर अस्पताल शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजातालाब में सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन ने ओपीडी पंजीयन कक्ष, दवा वितरण कक्ष में दवाईयों की उपलब्धता, प्रसव कक्ष, सोनोग्राफी लैब का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने का निर्देश दिया। इस दौरान मेडिकल स्टाफ एवं कर्मचारियों से उनकी समस्या पर चर्चा की गई।

# जागते रहो भारत यात्रा के यात्री मिले राजेश्री महंत से



**रायपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। महिला सुरक्षा और सम्मान को समर्पित जागते रहो भारत यात्रा के यात्री राजेंद्र कुमार (हरियाणा) एवं जम्मू बेन (गुजरात) ने श्री दूधाधारी मठ रायपुर पहुंचकर महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज से सौजन्य भेंट मुलाकात करके भारत यात्रा के विभिन्न राज्यों में महिला सुरक्षा और सम्मान से संबंधित अपने अनुभव को साझा किया। राजेश्री महन्त जी महाराज ने उनके इस साहसिक कदम के लिए उन्हें उत्साहित किया एवं शुभकामना तथा बधाई देते हुए उनका साल एवं श्रीफल से सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि जागते रहो भारत यात्रा का शुभारंभ 8 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर माउंट आबू राजस्थान से किया गया है। यह यात्रा कुल 11000 किलोमीटर की दूरी 20 राज्यों से तय करते हुए 7 जून 2025 को दिल्ली में संपन्न होगा।

# भगवान परशुराम का षोड़षोपचार पूजन आरती सहित श्रद्धांजलि दीपक प्रज्वलित कर मनाया गया प्राकट्योत्सव

**रायपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। विप्र सामाजिक संगठन समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ द्वारा आज सायंकाल रायपुर के श्री महामाया देवी मंदिर परिसर में भगवान परशुराम जी अवतरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की जानकारी प्रदान करते हुये संगठन की प्रदेश सचिव श्रीमती अर्चना दीवान ने बताया कि मंगलवार सायंकाल 5 बजकर 32 मिनट से कल 30 अप्रैल दोपहर 2 बजकर 11 मिनट तक वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि रहेगी?। क्योंकि भगवान परशुराम का जन्म प्रदोष काल में हुआ था इसलिये विप्र शिरोमणि भगवान श्री परशुराम जी का अवतरण दिवस कल मंगलवार को सायंकाल मनाया गया। भगवान श्री परशुराम प्राकट्योत्सव पूजन में सर्वप्रथम भगवान परशुराम जी के छायाचित्र का पंचोपचार पूजन एवं भोग लगाकर आरती की गयी। तत्पश्चात् मंत्र पुष्पांजलि आदि के बाद उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष डा.भावेश शुक्ला 'पराशर' एवं श्री महामाया देवी मंदिर के मंदिर व्यवस्थापक पं.विजय कुमार झा ने बताया कि पूजन के बाद मंदिर के सामने प्रांगण में ही दीपक के आकार में दियों को प्रज्वलित कर विगत 22 अप्रैल ?पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गये 26 निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी. श्रद्धांजली अर्पित करते हुये उपस्थित संगठन सहयोगियों ने सामूहिक रूप से आतंकवादियों के इस कृत्य को राक्षसी प्रवृत्ति का बताते हुये इसकी घोर निंदा की।



इस अवसर पर संगठन के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष पं.शैलेन्द्र रिछारिया, प्रदेश उपाध्यक्ष पं.विवेक दुबे, कोषाध्यक्ष पं.दीपक शुक्ला,श्रीमती राजेश्री शर्मा, श्रीमती खुशबू शर्मा, श्रीमती प्रीति तिवारी,श्रीमती संध्या उपाध्याय,पं.श्रीकांत तिवारी, पं.उमाकांत तिवारी, पं.गोपालधर दीवान, पं.दुर्गा प्रसाद पाठक, पं.उपेन्द्र शुक्ला, पं.शैलेन्द्र शर्मा, पं.अमित जोशी, श्रीमती अमिता मिश्रा,श्रीमती दीपमाला पांडेय, पं.विजय पांडेय, पं.अभयंकर शुक्ला, पं.विपिन उपाध्याय सहित अनेक संगठन सहयोगी उपस्थित थे।

# बाबूलाल जी गोधा (जैन) का निधन



**रायपुर,** 29 अप्रैल। शहर के प्रतिष्ठित नागरिक इंद्रावती कालोनी, राजा तालाब निवासी बाबूलाल जी गोधा (जैन) का मंगलवार 29 अप्रैल की रात्रि 1.36 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 29 अप्रैल को प्रातः10.30 मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। वे राकेश, राजेश, रूपेश के पिता एवं प्रकाश, संजय, विजय, अतुल, मनीष, विनय के चाचा और सपन, अरिहंत, सम्यक, अनंत, नमन, उज्जवल, सजल, भव्य, तनय, अक्षय, धर्य के दादा और संवेग, निलय के परदादा थे। बाबूलाल जी गोधा के तिये का उठावना गुरुवार 1 मई को प्रातः 10.30 बजे व तेरहवीं पगड़ी का दस्तूर प्रातः 11 बजे सुराना भवन राजीव गांधी चौक छोटापारा में रखा गया है।

# सम्पत्तिकर जमा करने आज अंतिम तिथि

**रायपुर,** 29 अप्रैल। नगर पालिक निगम रायपुर की वित्तीय वर्ष 2024-25 का सम्पत्तिकर का भुगतान करने हेतु छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेशानुसार दिनांक 30 अप्रैल 2025 को अंतिम तिथि निर्धारित है। नगर निगम रायपुर क्षेत्र का कोई भी करदाता वर्ष 2024-25 का सम्पत्तिकर का भुगतान सुविधा अनुसार ऑनलाइन, ऑफलाइन नगर निगम के राजस्व विभाग को दिनांक 30 अप्रैल 2025 तक कर सकता है। नगर निगम रायपुर के राजस्व विभाग ने रायपुर नगर निगम क्षेत्र के ऐसे करदाता नागरिकों से राज्य शासन द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि दिनांक 30 अप्रैल 2025 तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने की अपील की है।

# अदाणी फाउंडेशन के समर कैंप में 200 से अधिक स्कूली बच्चों ने लिया भाग



**रायपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के तिल्दा ब्लॉक में अदाणी फाउंडेशन द्वारा सात दिवसीय समर कैंप का समापन शुक्रवार को किया गया। अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायपुर के सामाजिक सहभागिता के अंतर्गत ग्राम ताराशिव में आयोजित इस समर कैंप में आसपास के 12 गांवों के 200 से अधिक स्कूली बच्चों ने भाग लिया। जिसमें बच्चों को पेंटिंग, रीडिंग, मिट्टी के खिलौने बनाना, नृत्य, शारीरिक खेल, क्राफ्ट, पपेट बनाना, ओरिगामी, योग, एक्शन वर्ड गेम्स, मेंहदी, अंताक्षरी और अन्य कई शैक्षणिक व मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को विभिन्न प्रकार से रचनात्मक, मानसिक और शारीरिक क्षमता बढ़ाने में मदद मिली। साथ ही टीम वर्क और समूह गतिविधियों के जरिए उनमें सहयोग और सामूहिक प्रयास की भावना विकसित की गई। टिफिन शेयरिंग के माध्यम से बच्चों को आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया गया।

**अदाणी फाउंडेशन द्वारा बच्चों के रचनात्मक विकास और टीम भावना को बढ़ाने के लिए किया गया आयोजन**

कैंप के समापन में उपस्थित ग्राम सरपंच श्रीमती पूर्णिमा मनीष वर्मा ने बच्चों को बधाईयां दीं और अदाणी फाउंडेशन टीम को कैंप के सफल आयोजन के लिए सराहा। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस पहल की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायपुर द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन अदाणी फाउंडेशन के द्वारा किया जाता है, जिसमें प्लांट के समीपस्थ ग्रामों में विभिन्न कार्य, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य पोषण, पर्यावरण सुधार, समुदाय विकास, ग्रामीण खेल विकास के कार्य किए जा रहे हैं।

# युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूल बंद करके शिक्षकों के पदों को खत्म करने का षड्यंत्र

**रायपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा सरकार के द्वारा स्कूल और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के नाम पर लिए गए अव्यावहारिक फैसले का कड़ा प्रतिवाद करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि साय सरकार ने छत्तीसगढ़ के हजारों स्कूलों को बंद करके शिक्षकों के रिक्त पदों को खत्म करने का षड्यंत्र रचा है। बिना प्रभावित वर्ग, पालकों के प्रतिनिधि और शिक्षक संघों की राय लिए अधिनायकवादी फैसला एकतरफा थोपा जाना पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है। छत्तीसगढ़ में 57000 से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त है, कई वर्षों से शिक्षक प्रमोशन की बाट जोह रहे हैं, इस सरकार में शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर कोई पॉलिसी नहीं बनी है और ऐसे में युक्तियुक्तकरण के नाम पर यह सरकार केवल शिक्षकों का भयादोहन करना चाहती है। प्रदेश में हर महीने सैकड़ो की संख्या में शिक्षक रिटायर हो रहे हैं लेकिन यह सरकार पिछले सवा साल से एक भी पद पर नियमित शिक्षक की भर्ती नहीं कर पाई है।



वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूलों को जबरिया मर्ज किए जाने से न केवल शिक्षक बल्कि उन स्कूलों से संलग्न हजारों की संख्या में रसोईया, स्वीपर और महिला स्व सहायता समूह जो स्कूलों में मध्यान भोजन तैयार करते हैं उनके समक्ष भी आजीविका का संकट उत्पन्न हो जाएगा। निजी स्कूलों को लाभ पहुंचाने भाजपा सरकार सरकारी स्कूलों को बंद करना चाहती है। प्राइमरी और मिडिल में एचएम को शिक्षकीय पद माना गया है। प्राइमरी में 30 और मिडिल में 35 बच्चों के बीच एक शिक्षक का सेटअप घोषित किया गया है। वहीं शिक्षक मध्यान भोजन की व्यवस्था भी करेंगे, डॉक का जवाब भी वही देंगे।

**सरकार तुगलती फरमान को वापस ले : कांग्रेस**

# निधन

## करूणा शंकर तिवारी



**पलारी,** 29 अप्रैल। विकासखंड पलारी के ग्राम देवसुंदा निवासी करूणा शंकर तिवारी का 57 वर्ष की उम्र में अस्वस्थता के चलते आकस्मिक निधन हो गया है। वे रमाशंकर तिवारी के बड़े भैया अविनाश तिवारी, अज्जू तिवारी के पिता तथा श्रीमती पुष्पा तिवारी के पति थे। उनके अंतिम संस्कार में स्वजनों के अलावा भारी संख्या में लोग शामिल होकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित किए हैं।

## तीरथराम ध्रुव



**राजिम,** 29 अप्रैल। परेवावाले भगत बाबा के नाम से प्रसिद्ध स्व. नारायण सिंह ध्रुव के छोटे सुपुत्र तीरथराम ध्रुव (54 वर्ष) का सोमवार को अपराह्न 4 बजे हृदय गति रुक जाने के कारण आकस्मिक निधन हो गया। स्व. तीरथराम ग्राम परेवाडीह के पूर्व सरपंच रामलाल ध्रुव, रोहित ध्रुव, तिलक ध्रुव एवं परेवावाले भगत बाबा गिरिराज सिंह ध्रुव के चाचा एवं राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष सामाजिक नेता लाला साहू के महाप्रसाद थे। स्व. तीरथराम को उनके गृह ग्राम परेवाडीह में सामाजिक रीति-रिवाज के साथ दफन किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन, ईष्ट मित्र सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। अंतिम यात्रा में शामिल लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दिए।

## विपुल कटारिया

**दुर्ग,** 29 अप्रैल। विजय नगर निवासी विपुल भाई कटारिया उम्र 52 का आज आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम यात्रा कल 30 अप्रैल को प्रातः 9 बजे उनके विजय नगर स्थित निवास से हरनाबांधा मुक्तिधाम में लिए निकलेगी।



# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के नाम से लूटा जा रहा : कांग्रेस



**रायपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। पुराने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के नाम से मची लूट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार के संरक्षण में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के नाम से आम जनता को लूटा जा रहा है परिवहन विभाग से ही हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने की अनिवार्यता के चलते आम जनता परेशान हो रही है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है की परिवहन विभाग में पंजीयन के बाद आम जनता को हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट परिवहन विभाग के चिन्हित संस्थाओं के अलावा बाहर से भी लगवाने की छूट दी जाए इससे आम जनता को सस्ते दरों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट मिल जाएगा अन्य राज्यों में जिस दर पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाया जा रहा है, उसी दर पर छत्तीसगढ़ में भी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना चाहिए। श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद रोज नए आदेश देकर जनता को परेशान किया जाता है। परिवहन विभाग में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की अनिवार्यता और हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट जो 50 रु से 60 रु में बनता है उसके लिए 10 गुना की वसूली भाजपा को चंदा एवं मुनाफाखोरी का प्रमाण है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट को परिवहन विभाग में अनिवार्य करने के बाद जिन एजेंसियों को काम दिया गया है उन एजेंसियों से भाजपा मोटी रकम वसूल रही है और आम जनता का जेब सरकारी सील लगाकर लूटा जा रहा है।

**परिवहन विभाग के अलावा बाहर भी लगाने की छूट दिया जाए**

# वक्फ सुधार जनजागरण अभियान छग में 1 से 10 मई तक, केंद्रीय मंत्री होंगे शामिल

**रायपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। केन्द्र सरकार द्वारा वक्फ (संशोधन) कानून और मुसलमान वक्फ (निरसन) कानून के संसद में पारित होने के पश्चात पार्टी द्वारा वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में 1 से लेकर 10 मई तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किये जाएंगे। वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के अंतर्गत केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह प्रवास होगा और इस दौरान वह आउटरीच गतिविधियों और कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे, इस दौरान वक्फ बोर्ड द्वारा स्थानीय स्तर पर किए गये अवैध अतिक्रमण के मुद्दे को भी उजागर किया जाएगा। मुस्लिम और अन्य समुदायों के धार्मिक नेता, डॉक्टर, कलाकार, वकील, शिक्षाविद, महिला कार्यकर्ता, मीडिया प्रमुख और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर को आमंत्रित किया जाएगा एवं टाउन हॉल इसका आयोजन किया जाएगा जिसमें 'उम्मीद अधिनियम' के प्रावधानों और उसके लाभों पर चर्चा की जाएगी। पत्रकार वार्ता में भाजपा प्रदेश महामंत्री व नान अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, सोशल मीडिया संयोजक सोमेश पाण्डेय भी मौजूद रहें।

महिला संवाद- अल्पसंख्यक मोर्चा एवं महिला मोर्चा के नेतृत्व में सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय नेता करेंगे। वक्फ संशोधन एक प्रगतिशील और महिला-हितैषी सुधार है इसके तथ्य रखे जाएंगे। इन कार्यक्रमों में प्रभावशाली महिला नेताओं जैसे कलाकारों और स्थानीय रूप से विश्वसनीय आवाज़ों को आमंत्रित किया जाएगा। धार्मिक नेता एवं इमाम संवाद-



**आयोजित किए जाएंगे विभिन्न कार्यक्रम**

अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा उलेमाओं के साथ बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिनकी अध्यक्षता केंद्रीय नेता करेंगे। बैठक का उद्देश्य सरकार की धार्मिक अधिकारों के प्रति सम्मान की भावना को उजागर करना होगा, साथ ही सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। नए संशोधन के सकारात्मक पहलुओं को साझा करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा।

ईसाई समुदाय संवाद (ईसाई सद्भाव बैठकें)- अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रमुख ईसाई नेता, केंद्रीय नेताओं के साथ मिलकर प्रमुख प्रदेशों में ईसाई सद्भाव बैठक आयोजित करेंगे, जहाँ पर ईसाई जनसंख्या उल्लेखनीय रूप से उपस्थित रहेगी।

जनजाति समुदाय संवाद - जनजाति समुदाय संवाद अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नेतृत्व में किया जाएगा, केंद्रीय नेतागण की अध्यक्षता में प्रमुख जनजातीय हस्तियों सरपंचों, मुखियाओं, पुजारियों, शिक्षकों और निर्वाचित पेसा अधिकारियों के साथ बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों का उद्देश्य जनजातीय-प्रधान क्षेत्रों में सार्थक चर्चा करना होगा। इसका लक्ष्य यह स्पष्टित करना है, कि भाजपा नए आदेश के अंतर्गत वक्फ अतिक्रमण से जनजातीय भूमि की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

**उम्मीद पर चर्चा**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बताया कि यह पहल स्थानीय स्तर पर मुस्लिम नागरिकों के साथ अनौपचारिक और ईमानदार संवाद को प्रोत्साहित करने का उद्देश्य रखती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि वक्फ बोर्ड कानून को लेकर कांग्रेस द्वारा गलत जानकारी लोगों तक फैलाई जा रही है। इसकी वास्तविकता को लेकर ही हम समाज तक जा रहे हैं। इसका सबसे अधिक नुकसान मुस्लिम समाज को हुआ है। चंद प्रभावशाली लोगों के हाथों में होने की वजह से इस संपत्ति का लगातार गलत उपयोग किया गया।

# रायपुर, मुंगेली, जशपुर समेत कई जिलों में जमकर गिरे ओले, 10 डिग्री गिरा तापमान

**रायपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है ।बारिश के साथ ओले गिरने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। आज रायपुर, बलौदाबाजार, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, जशपुर समेत कई जिलों में झमाझम बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है ।तेज आंधी-तूफान और बारिश के कारण मुंगेली, बलौदाबाजार, जांजगीर जिले में बिजली सप्लाई ठप हो गई है। सोमवार को भी कई जिलों में ओले गिरे हैं। इसके चलते प्रदेश के तापमान में करीब 10 डिग्री गिरावट दर्ज की गई है। वहीं बेमौसम बारिश का असर किसानों की फसलों पर पड़ने लगा है।



**मुंगेली, जांजगीर, बलौदाबाजार में ब्लैकआउट :** मुंगेली जिले में आज अचानक मौसम का मिजाज बदला। तेज आंधी तूफान के साथ झमाझम बारिश हो रही है ।कई क्षेत्रों में ओलावृष्टि भी हुई है ।इससे दलहन-तिलहन की फसलों को नुकसान हो सकता है। इधर भारी बारिश से बिजली व्यवस्था बाधित हो गई है। नगर सहित कई गांव में ब्लैक आउट है। बलौदाबाजार-भाटापारा में भी आंधी तूफान के साथ बारिश हो रही। इससे बिजली सप्लाई ठप हो गई है ।जांजगीर में भी तेज हवा के साथ बारिश हो रही ।इसके चलते जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण ग्रामीण इलाकों में बिजली बंद है।

**मुंगेली में भी बारिश के साथ बड़े-बड़े ओले गिरे :** अप्रैल माह में मौसम लगातार करवट ले रहा है, जिससे प्रदेश के कई स्थानों पर बारिश हो रही है, जिससे तापमान में बड़ा उतार-चढ़ाव बना हुआ है ।44.4 डिग्री तक पहुंचे अधिकतम तापमान ने बीते कई वर्षों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ में प्रभावी विभिन्न द्रोणिकाओं के असर से तापमान में करीब 10 डिग्री गिरावट भी दर्ज की गई है ।वहीं प्रदेश में बेमौसम बारिश से किसानों की रबि फसल को भारी नुकसान हुआ है. कल पेंड्रा, कवर्धा, कोरबा में ओले गिरने से फसलों को काफी नुकसान हुआ है।

**सरकार से किसानों को मुआवजा देने की मांग :** ओलावृष्टि से धरसीवां सहित आसपास के पंडरभट्टा मुर्रा कूंरा आदि गांवों में किसानों की धान की खड़ी फसल को नुकसान हुआ है। पूर्व राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा ने राज्य सरकार से सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा देने की मांग की है। किसान नेता पारसनाथ साहू ने बताया कि बदलते जलवायु से फसलों का विकास ठीक से नहीं हो रहा है ।तापमान में उतार-चढ़ाव इसके पीछे सबसे बड़ा कारण है। वहीं कल हुई बारिश को लेकर उन्होंने बताया कि इस मौसम में बरसात से सब्ज़ियों पर बड़ा असर हुआ है। महासमुंद, धमतरी, रायपुर, मुंगेली और प्रदेश के कई इलाकों में फसलों को नुकसान हुआ है। उन्होंने सरकार से किसानों को मुआवजा देने की मांग भी उठाई है।

**पांच दिनों तक बारिश के साथ ओलावृष्टि की संभावना :** मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक एंटी साइक्लोनिक एक्टिविटी के चलते छत्तीसगढ़ में बादल छाए हुए हैं ।बंगाल की खाड़ी से नमी भी मौसम में बदलाव का कारण है, जिसका असर पांच दिनों तक रहेगा। प्रदेश में अभी हल्की से माध्यम वर्षा के साथ ओलावृष्टि होगी ।इसके बाद एक बार फिर तापमान में वृद्धि होगी।

**कई जिलों के लिए जारी हुआ अलर्ट :** राजनांदगांव, जाँजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरिया, जशपुर, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सुरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर के लिए मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। इन जिलों के कुछ स्थानों में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली और तेज आंधी तूफान की चेतावनी दी गई है। वहीं कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सरगुजा, सूरजपुर, पेंड्रा, बलरामपुर और कोरबा के कुछ हिस्सों में रेड अलर्ट जारी किया गया है. सोमवार को बीजापुर में 70 मिमी, अंतागढ़, उसूर में 30 मिमी, बेलरगांव, पखांजूर, कांकेर, कुटरु में 20 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# आंधी से आमानाका ओवरब्रिज पर लगे तीन खंभे गिरे



**बाल-बाल बचे राहगीर**

**रायपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी में सोमवार दोपहर आई तेज आंधी के चलते जीई रोड स्थित आमानाका ओवरब्रिज पर लगे तीन बिजली के खंभे धराशायी हो गए। गनीमत रही कि उस समय सड़क से गुजर रहे राहगीर और वाहन चालक सुरक्षित बच गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिकए खंभे गिरते ही सड़क पर अफरा.तफरी मच गई और यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलते ही सरस्वती नगर थाना पुलिस और नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची। निगम कर्मचारियों ने तत्काल गिरे हुए खंभों को हटाया और यातायात व्यवस्था बहाल की।

**पुराने और जर्जर खंभों से बना खतरा:** स्थानीय लोगों ने बताया कि ओवरब्रिज पर लगे कई खंभे जंग खा चुके हैंए जो उनकी कमजोर स्थिति को दर्शाते हैं। इस घटना ने आने वाले बारिश के मौसम के लिए प्रशासन के सामने एक नई चुनौती खड़ी कर दी है। शहरभर में सैकड़ों पुराने और जर्जर स्ट्रीट लाइट के खंभे लगे हुए हैंए जो भविष्य में भी इसी तरह की घटनाओं का कारण बन सकते हैं। नगर निगम आयुक्त ने पहले ही बारिश पूर्व बड़े.बड़े होर्डिंग्स की मजबूती की जांच के निर्देश दिए हैं। अब स्ट्रीट लाइट खंभों की सुरक्षा जांच और मरम्मत भी निगम के एजेंडे में आ गई है।

# घर बैठे पैसा कमाने के लालच में गवांए 10 लाख

**ग्लोबल ई-कॉमर्स वेबसाईट के माध्यम से हुई धोखाधड़ी**

**रायपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। खरोरा इलाके में गांव के रहने वाला 25 वर्षीय युवा धोखाधड़ी का शिकार हो गया। अज्ञात मोबाइल धारक ने मोबाइल पर ग्लोबल ई.कॉमर्स के नाम से मैसेज भेजकर घर बैठे पैसा कमाने का प्रलोभन देकर 10 र 10 लाख की धोखाधड़ी कर दी। पुलिस के मुताबिक ग्राम बेलटुकरी निवासी उमेश माण्डे ने खरोरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि एक माह पूर्व उसके साथ किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर बैठे पैसा कमाने का झांसा देकर 10 लाख रूपए की थोखचडी कर दी। उमेश ने पुलिस को बताया कि 19 फरवरी 2025 का उसके मोबाइल नम्बर पर किसी अज्ञात नम्बर 92 9394814 से उसके मोबाइल पर ग्लोबल ई कॉमर्स के नाम से मेसेज आया था। जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने वेबसाईट के माध्यम से घर बैठे पैसा कमाने का प्रलोभन दिया। इसके झांसे में आ गया। और दिए गए लिंक पर क्लिक कर भागी गई सारी जानकारी दे दी। जिसके बाद उसे एप के माध्यम से टॉस्क दिया गया। जिसका इनकम भी दिया गया। बाद में अज्ञात व्यक्ति ने मेसेज के माध्यम से जायदा मुनाफा कमाने का लालच देकर पैसों की मांग करने लगा। उमेश माण्डे ने पून: अज्ञात व्यक्ति पर भरोसा कर दिए गए एकाउंट नम्बर पर अलग.अलग बैंक खातों से पैसा ट्रांसफर कर दिया। इस प्रकार उमेश माण्डे ने कुल 10 लाख रूपए को अज्ञात व्यक्ति के खाता में जमा करा दिए। जिसके बाद अज्ञात व्यक्ति के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई मैसेज और दिए गए पैसा का इनकग नहीं दिया गया। इस पर आरोगी को फोन लगाने पर भोबाइल नम्बर बढ आने लगा। बॉटसअप पर मेसेज करने पर भी कोई जवाब नहीं दिया गया। तब उमेश को ठगी होने का शक होने पर उसने इसकी शिकायत साइबर सेल में की। पुलिस ने शिकायत मिलने पर अज्ञात आरोपी के खिलाफधारा 318.4 का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस बताए गए मोबाइल नम्बर और ऑनलाइन हुए ट्रानेवशन के माध्यम से अज्ञात आरोपी की तलाश कर रही है

# अक्षय तृतीया पर होगी धन की वर्षा

**रायपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश भंसाली ने बताया कि हर साल अक्षय तृतीया के अवसर पर रायपुर जिले में सराफा का कारोबार करीब 200 करोड़ रुपए और प्रदेश में 700.800 करोड़ रुपए का होता है। राडा के प्रदेश अध्यक्ष विवेक गर्ग ने बताया कि अक्षय तृतीया के लिए वाहनों की लगातार बुकिंग चल रही है। ज्योतिष शास्त्र में अक्षय तृतीया और लोक परंपरा में अक्ती तिथि ऐसी सर्वसिद्धि तिथि मानी जाती है जिसमें किसी भी मुहूर्त को दिखने की आवश्यकता नहीं है।

**सबसे अधिक मांगलिक कार्यक्रम :** अबूझ मुहूर्त होने से इस तिथि पर सबसे अधिक मांगलिक कार्यक्रम होते हैं। संयोग से इस बार यह तिथि दो दिन पड़ रही है। इसलिए बाजारों में जमकर खरीदारी करने वालों की भीड़ बढ़ी है। कपड़ा और बर्तन दुकानों में ज्यादा रौनक है। अगले दो महीने तक लगातार शुभमुहूर्त होने से बाजारों में जमकर खरीदी का माहौल रहेगा।



**राज्य में होगा 2500 करोड़ का कारोबार**

**सर्वार्थ सिद्धयोग दिनभर :** पंडितों के अनुसार अक्षय तृतीया पर इस बार सर्वार्थ सिद्ध योग दिनभर है और रवियोग भी है। इसलिए इस दिन जातकर्मए नामकरणए अन्नप्राशनए उपनयन संस्कारए विवाह मुहूर्त व वधु प्रवेशए गृहप्रवेश जैसे कार्यक्रम सबसे अधिक होंगे। वहींए इसी तिथि पर ब्राह्मण समाज के ईष्ट देवता भगवान परशुराम का जयंती समारोह धूमधाम से मनेगा। बाजे.गाजे से शोभायात्रा निकालकर विप्र समाज उत्सव मनाएगा।

**ब्राह्मण समाज दो दिन मनाएगा उल्लास :** शंकराचार्य आश्रम के स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ के अनुसारए 29 अप्रैल मंगलवार को द्वितीया तिथि 8.36 बजे समाप्त होकर तृतीया तिथि प्रारंभ होगीए जो कि बुधवार को सुबह 5ण्58 बजे तक है। चूंकि भगवान परशुराम का जन्म माता रेणुका के गर्भ से तृतीया तिथि पर प्रथम पहर की रात में हुआ था। इसलिए भगवान का प्राकट्य उत्सव मंगलवार को मनाना श्रेष्ठ है। वहींए महामाया मंदिर के पंडित मनोज शुक्ला उदयातिथि को मान्यता देते हुए अक्षय तृतीया 30 अप्रैल बुधवार को है। उन्होंने बताया कि दोनों दिन 29 और 30 अप्रैल को श्रेष्ठ मुहूर्त है।

**अब लगातार हर दूसरे दिन शुभ मुहूर्त :** शादी.विवाह का सीजन पीक पर है। पंडित मनोज शुक्ला के अनुसार खरमास की वजह से शुभ मुहूर्त 14 अप्रैल से प्रारंभ हुआ। इसके साथ ही मांगलिक कार्यक्रम लगातार हो रहे हैं। अब हर दूसरे दिन मुहूर्त हैं। इस समय गांवों में सबसे अधिक शादी उपनयन संस्कार मुंडन संस्कार हो रहे हैं।

# परीक्षा परिणाम का तनाव दूर करने सीजी बोर्ड ने शुरू की हेल्पलाइन सेंटर

**रायपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। बोर्ड परीक्षा परिणाम के तनाव से बच्चों को बचाने के लिए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हेल्पलाइन सेंटर शुरू किया है हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 18002334363 पर फोन कर बच्चे एवं अभिभावक विषय विशेषज्ञों से मार्गदर्शन ले सकते हैं विषय कैरियर चयन एवं पुनर्मूल्यांकन पुनर्गणना संबंधी मार्गदर्शन के लिए यह हेल्पलाइन सेंटर बनाया गया है।

छत्तीसगढ़ में बोर्ड परीक्षा 10वीं.12वीं का परिणाम जारी होते ही कई विद्यार्थी अपने परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं होते हैं और गलत कदम उठा लेते हैं जीवन लीला को समाप्त करने की कोशिश करते हैं तो वहीं कई विद्यार्थी तनाव में आ जाते हैं अभिभावक आक्रोशित होकर बच्चों पर टूट पड़ते हैं इसे रोकने के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हेल्पलाइन सेंटर बनाया है जहां विशेषज्ञ बच्चों एवं अभिभावकों का मार्गदर्शन करेंगे छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की सचिव पुष्पा साहू ने बताया बच्चों की परेशानियों को दूर करने के लिए हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 18002334363 संचालित किया जाएगा परीक्षा परिणाम के पूर्व विद्यार्थियों के मन में परीक्षा परिणाम के भय से होने वाले तनाव का प्रबंधन विषय व कैरियर चयन एवं पुनर्मूल्यांकन पुनर्गणना संबंधी मार्गदर्शन जानकारी के लिए 29 अप्रैल से 09 मई 2025 तक मनोवैज्ञानिक मनोचिकित्सक कैरियर काउंसलर मण्डल के अधिकारी सहायक प्राध्यापक के सहयोग से उप सचिव जेके अग्रवाल के मार्गदर्शन में हेल्पलाइन सेंटर का संचालन शुरू किया गया है



**दो पालियों में संचालित होगा हेल्पलाइन सेंटर :** समन्वयक प्रदीप कुमार साहू के समन्वय से हेल्पलाइन दो पालियों में सुबह 10.30 से 1 .30 तक एवं दोपहर 2.00 बजे से 5.09 तक संचालित की जा रही है आज प्रथम दिवस में मनोवैज्ञानिकए मनोचिकित्सक कैरीयर काउंसलर अरूणा जैन एवं मण्डल के सहायक प्राध्यापक मनीषी सिंह उपस्थित रहे।

# कमरे में खून से लथपथ मिला युवक का शव

**इलाके में फैली सनसनी जांच में जुटी पुलिस**

**रायपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है राजा तालाब इलाके में एक मकान के कमरे से युवक की संदिग्ध हालत में लाश बरामद हुई ह घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान 50 वर्षीय रतनेश सागरकर के रूप में हुई है जो अपने घर में अकेला रह रहा था सोमवार देर शाम राजातलाब के कुंदरापारा इलाके स्थित उसके घर में खून से लथपथ शव पाया गया शव के पास बिखरे खून और शव के शरीर पर चोटों के निशान पाए गए हैं जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है प्रारंभिक जांच में पुलिस को यह अनुमान है कि रत्नेश की मौत दोपहर के समय हुई होगी घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ.साथ सीएसपी अजय कुमार भी मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और डॉग स्क्वाड की टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया है पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और इस मामले की गहनता से जांच कर रही है बताया जा रहा है कि मृतक किसी पुलिसकर्मी का भाई था हालांकि पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है इस समय पुलिस हत्या की संभावना से इंकार नहीं कर रही है और हर पहलू से मामले की जांच कर रही है मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारी भी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं।



# बाइक चोर गिरोह के 4 आरोपी पकड़ाए

**चोरी की 4 बाइक भी बरामद**

**रायपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर में पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चार बाइक भी बरामद किया गया है। इन गाड़ियों को चोरों ने खमतराई थाना क्षेत्र के अलग.अलग इलाकों से चोरी की थी। इन गाड़ियों की कुल कीमत 1 लाख 60 हजार रुपए हैं। खमतराई थाने में विरेन्द्र कुमार देवांगन ने 8 मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि उनकी पल्सर गाड़ी को घर के सामने से किसी ने चोरी कर ली है। इसी तरह 17 अप्रैल को सुरेश कुमार ने शिकायत दी कि उनकी बाइक भी चोरी हो गई है। इन दोनों मामलों में पुलिस जांच कर रही थी। तभी सूचना मिली कि एक पुराना बदमाश चोरी की बाइक घर पर छिपा कर रखा है। उसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है।

**दो पुराने चोर निकले:** पुलिस ने आरोपी करण यादव की घेराबंदी कर पूछताछ की। तो पता चला कि सहयोगी लाकेश साहूए विक्की उर्फभावेश दिवाकर और अमन यादव के साथ मिल कर उरकुरा क्षेत्र में बाइक चोरी किये हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों से चार बाइक बरामद की है। इनमें से दो आरोपी करण और अमन पहले भी चोरी के मामले में जेल जा चुके हैं।

# बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की शुरुआत

**रायपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य की बाल विवाह से मुक्त करने के संकल्प के तहत अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया है। मुख्यमंत्री विष्णु जय के नेतृत्व में 10 मार्च 2024 को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की शुरुआत की गई थी ।जिसका लक्ष्य वर्ष 2028.29 तक राज्य को पूरी तरह न विवाह मुक्त बनाना है। तृतीया से अवसर पर विवाह आयोजनों में बाल विवाह की संभावना को देखते हुए राज्य शासन ने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। शासन ने संबंधित विभागी पंचायत प्रतिनिधियों और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सहयोग की अपील की है। यदि किसी को बाल विवाह की सूचना मिले तो बाल बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी जिला बाल सरक्षण अधिकारी नजदीकी थाना प्रभारी चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 गहिला हेल्पलाइन 181 या बातकालीन सेवा म्त 112 पर जानकारी देने का अनुरोध किया गया है। शासन द्वारा बाल विवाह की रोकथाम के लिए ग्राम पंचायत सचिवोंए सेक्टर पर्यवेक्षकों बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं जिला महिला एवं बाल कास अधिकारियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी ;एरूक्काद्ध नियुक्त किया गया है। कुल 13,794 अधिकारी कर्मचारी इस कार्य के लिए अधिसूचित कए गए हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय को बाल विवाह मुक्त घोषित कर प्रमाणा पत्र जारी करने की भी योजना बनाई गई है। विभाग का दावा है कि अब तक की उपलब्धि यह है कि वर्ष 2025 में विभिन्न प्रयासों से अब तक 337 बाल विवाह रोके आ चुके हैं। सरकार का उद्देश्य है कि साामाजिक और प्रशासनिक साझेदारी से छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त बनाकर एक सशक्त और सुरक्षित भविष्य की और बढ़ाया

## महिला एवं बाल विकास विभाग ने उरला क्षेत्र में रोका बाल विवाह

महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर के दिशा.निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी रश्मि बाला तिवारी के मार्गदर्शन में आज उरला थाना क्षेत्र से प्राप्त बाल विवाह की सूचना पर त्वरित कार्रवाई की गई। सेक्टर पर्यवेक्षक सह बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी द्वारा विवाह स्थल पर पहुंचकर बालिका के माता.पिता से आयु संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया। दस्तावेज उपलब्ध न कराए जाने की स्थिति में शासकीय विद्यालय के नामांकन खारिज रजिस्टर का अवलोकन किया गयाए जिसमें बालिका की आयु 18 वर्ष से कम पाई गई। उक्त स्थिति में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह को रोका गया। बालिका की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने तक विवाह न करने के संबंध में माता.पिता को विधिक जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ हीए पार्षद एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सहमति.पत्र एवं पंचनामा तैयार किया गयाए जिस पर बालिका के माता.पिता एवं उपस्थित जनसमुदाय के हस्ताक्षर लिए गए।



# एक वर्ष से अधिक लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा के निर्देश

**रायपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। आईजी रायपुर रेंज अमरेश कुमार मिश्रा ने रेंज के जिला पुलिस अधीक्षकों एवं अन्य अधिकारियों की बैठक ली। इसमें उन्होंने बैठक में नवीन आपराधिक कानून के तहत समस्त अनिवार्य प्रावधानों का पालन तकनीकी दक्षता विकसित करने तथा कौशलपूर्ण तरीके से विवेचना करने के निर्देश दिए। इसी तारतम्य में निहित प्रावधानों का आवश्यकतानुसार समुचित प्रयोग कर संगठित अपराध से अर्जित की गई संपत्ति की अप्ती एवं पीडितों की क्षतिपूर्ति प्रदान करवाने की कार्यवाही के निर्देश दिये गये। विवेचना अधिकारी की सहायता के लिए निर्मित ई.साक्ष्य एवं आई.ओ मितान पोर्टल का समुचित उपयोग करने भी का।। बैठक में एक वर्ष से अधिक अवधि के लंबित अपराधों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये गये। एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में वित्तीय जांच कर संपत्ति जप्तीए कुर्कीए वाहन राजसातए नीलामी करने कहा। पिट एनडीपीएस की कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश दिये गये। जिला धमतरी एवं गरियाबंद में उक्कद्ध के लंबित प्रकरण की समीक्षा कर समत सीगा में निराकरण तथा न्यायालय में ागल की मॉनिटरिंग के समुचित निर्देश दिये गये।

# धारदार एवं खुखरीनुमा चाकू के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। आज थाना गुढियारी क्षेत्रांतर्गत सीएसईबी गेट के पास कोटा रोड एवं सीएसईबी गेट केनाल रोड गुढियारी में अलग अलग जगहो में चाकू लेकर लोगों डराते धमकाते हुए आतंकित करते अजीत बंजारे नाम एवं नयन ठाकुर के कब्जे से एक धारदार बटनदार स्प्रींगदार स्टील का चाकू एवं धारदार खुखरीनुमा चाकू को जप्त कर आरोपी अजीत बंजारे के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट एवं नयन ठाकुर के विरूद्ध थाना गुढियारी में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। नयन ठाकुर पिता रामू ठाकुर उम्र 20 वर्ष पता बच्चन चौक कुंदरा पारा गुढियारी को पकड़ा गया हैं।

उल्टा पुल्टा

औरंगजेब- सेनापति! यह बताओ कि हम शिवाजी को क्यों नहीं ढूंढ़ पा रहे हैं?

सेनापति- महाराज, क्योंकि हम मुगल हैं, गूगल नहीं।

## संपादकीय

### पर्यटन स्थल हों सुरक्षित

छत्तीसगढ़ में अनेक प्रसिद्ध पर्यटन केन्द्र हैं। इनमें कुछ धार्मिक स्थल होने के कारण तो अनेक अपनी प्राकृतिक सुंदरता के कारण लोगों को बड़े पैमाने पर आकर्षित करते हैं। रतनपुर की महामाया देवी, डोंगरगढ़ स्थित बमलेश्वरी देवी के मंदिर यदि पहाड़ों पर स्थित हैं, तो वहीं दंतेश्वरी मंदिर डंकिनी-शंखिनी नदी के किनारे बसा है। कवर्धा का भोरमदेव व पाली का मंदिर अष्टकोणीय तालाब के किनारे पर है। बस्तर और कोरबा में अनेक झरने हैं तो मैनपाट अपने खूबसूरत पठार के लिये जाना जाता है। पूरे राज्य में और भी अनेक सुंदर पर्यटन स्थल हैं। इन्हें विकसित करने के लिये राज्य सरकार और पर्यटन मंडल ने कोई कमी नहीं छोड़ी है। फिर भी, जिस बात की सबसे ज्यादा कमी नज़र आती है वह है सुरक्षा के उपाय। कई जगह पानी में गिरने अथवा पहाड़ी से नीचे गिर पड़ने का खतरा है। कई जलाशयों में भी सुरक्षा उपायों का अभाव दिखलाई पड़ता है।

राज्य के अनेक पर्यटन स्थलों पर आधुनिक उपकरणों या साधनों के प्रयोग भी किये जा रहे हैं। मैनपाट में पैराग्लाइडिंग होती है तो रायपुर के बूढ़ा तालाब, कोरबा के सतरेंगा आदि में नौकायन की सुविधाएं उपलब्ध हैं ताकि वहां जाने वाले अपना दिल बहला सकें। बमलेश्वरी मंदिर तक जाने के लिये रोप वे का इस्तेमाल काफी दिनों से हो रहा है जो वहां के श्रद्धालुओं के लिये सुविधा के साथ सभी के लिये रोमांचकारी मनोरंजन का अनुभव कराता है। ऊपर जाकर देवी के प्रति आस्था व्यक्त करने के इच्छुक सैकड़ों दर्शनार्थी रोप वे का इस्तेमाल करते हैं। बुजुर्गों, बीमारों, असक्तों, गर्भवती महिलाओं आदि के लिये रोप वे बहुत उपयोगी साबित होता है क्योंकि मंदिर तक जाने के लिये बड़ी चढ़ाई है जहां सीढ़ियों से चलकर जाना हर किसी के लिये सम्भव नहीं हो पाता। पिछली शुक्रवार को मंदिर से लौट रही एक ट्रॉली अलग होकर प्लेटफॉर्म पर गिर गयी। इसमें 6 लोग सवार थे जिनमें राज्य के एक पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा भी थे जो बुरी तरह से घायल हो गये। उन्हें रायपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य लोगों को हल्की चोटें आई हैं।

यह हादसा बहुत गम्भीर हो सकता था यदि ट्रॉली प्लेटफॉर्म पर न गिरकर ऊंचाई से गिरती, यानी जब वह हवा में आगे बढ़ रही थी। प्रारम्भिक अनुमान तो यही मिला है कि दुर्घटना का कारण खराब रख-रखाव हो सकता है। ऐसे उपकरणों एवं साधनों की नियमित देखभाल ज़रूरी है। इसी तरह से जिन पर्यटन स्थलों पर ऊंचाई से गिरने का खतरा हो, वहां रेलिंग, बाड़ आदि ज़रूरी है। जहां डूबने का खतरा होता हो, वहां रक्षक दल व नौकाएं, लाइफ जैकेट आदि की व्यवस्था होनी चाहिये। साथ ही, लोगों को चेतावनी देने वाले बोर्ड भी यथोचित स्थानों पर लगाये जाने चाहिये। इसके साथ ही स्वयं पर्यटक तथा श्रद्धालुगण सावधान रहें।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव का प्रस्ताव निगम की विशेष सामान्य सभा में बहुमत से पारित

**भाजपा एवं निर्दलीय पार्षदों ने किया समर्थन, विपक्ष कांग्रेस का विरोध**



दुर्ग, 29 अप्रेल (देशबन्धु)। नगर निगम की सामान्य सभा की विशेष बैठक में महापौर अलका बाघमार द्वारा रखा गया एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव को बहुमत से पारित कर दिया गया। इस प्रस्ताव के समर्थन में भाजपा पार्षदों के साथ ही निर्दलीय पार्षद भी एकजुट नजर आयें वहीं विपक्षी कांग्रेस पार्षदों ने इस प्रस्ताव को नगर निगम के अधिकार क्षेत्र से बाहर एवं अव्यवहारिक बताते हुए विरोध किया। निर्दलीय पार्षद के रूप में प्रकाश गीते ने वन नेशन-वन इलेक्शन के साथ ही आनलाईन डिजिटल वोटिंग लागू करने का भी सुझाव दिया। सामान्य सभा में अंतिम तौर पर सभापति श्याम शर्मा ने पार्षदों से हाथ उठवाकर प्रस्ताव के पक्ष में मतदान कराया और उसके बाद बहुमत से प्रस्ताव पारित होने की घोषणा कर दी।

बैठक के प्रारंभ में महापौर अलका बाघमार ने एक राष्ट्र एक चुनाव को पारित कराने के सदन में प्रस्ताव रखा और सभी पार्षदों से इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित करने की अपील की। उन्होंने इस प्रस्ताव के पक्ष में कहा कि इसके लागू होने से देश में प्रशासनिक एवं आर्थिक दक्षता आयेगी। चुनाव में होने वाली फिजूलखर्ची नियंत्रित की जा सकेगी। विकास कार्यों में निरंतरता आयेगी। राजनीतिक स्थिरता आयेगी। मतदाताओं में भी जागरूकता आयेगी लोकतंत्र में उनकी भागीदारी बढ़ेगी।

इस प्रस्ताव पर बहस की शुरूआत करते हुए वरिष्ठ पार्षद आर.एन.वर्मा ने सवाल उठाया कि आखिर यह प्रस्ताव आया कहां से है ? क्या राज्य या केन्द्र सरकार ने इस प्रस्ताव को नगरीय निकायों से पारित कराने का कोई लिखित परिपत्र भेजा है। उन्होंने पूछा कि क्या नगर निगम दुर्ग द्वारा प्रस्ताव पारित कर इसे राष्ट्रपति को भेजा गया तो राष्ट्रपति इस पर दस्तखत करेगी। श्री वर्मा ने कहा कि यह प्रस्ताव पारित करना नगर निगम सामान्य सभा के अधिकार क्षेत्र के बाहर है। इस तरह का कानून बनाने का ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले निगम कार्यालय में कक्ष की मांग को लेकर बैठे धरने पर



दुर्ग, 29 अप्रेल (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग के नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने निगम परिसर में नेता प्रतिपक्ष के लिये कक्ष की मांग को लेकर आज से प्रतिदिन एक घंटे का धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। श्री कोहले ने बताया कि उन्हें कक्ष की मांग जब तक पूरी नहीं हो जाती वे रोजाना 1 घंटे सुबह 11 बजे से लेकर 12 बजे तक निगम परिसर में धरना देंगे।

**■ जब तक मांग पूरी नहीं होगी रोज एक घंटे करेंगे धरना**

इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने बताया कि वे पिछले दो महिनों से लगातार नगर निगम प्रशासन व महापौर, सभापति से नेता प्रतिपक्ष के लिये कार्यालय कक्ष की मांग कर रहे है मगर अभी तक उन्हें कक्ष आबंटित नहीं किया गया है। इसके विरोध में उन्होंने आज अपने साथियों के साथ निगम परिसर में धरना दिया। वे लगभग एक घंटे तक बैठे रहे। इस संबंध में पूछने पर श्री कोहले ने बताया कि नगर निगम दुर्ग में लगातार नेता प्रतिपक्ष को कक्ष दिया ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## टापवर्थ स्टील रसमड़ा के मजदूरों का आंदोलन त्रिपक्षीय समझौते के बाद समाप्त

दुर्ग, 29 अप्रेल (देशबन्धु)। टापवर्थ स्टील रसमड़ा कंपनी द्वारा वेतन भुगतान की मांग को लेकर विगत 6 दिनों से किया जा रहा उत्पादन बंद आंदोलन त्रिपक्षीय समझौते के बाद वापस ले लिया गया। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भीमराव बागड़े ने आज शाम धरना प्रदर्शन, आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की।

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष ए.जी.कुरैशी ने बताया कि टापवर्थ स्टील रसमड़ा कंपनी ने शासन की अनुमति के बिना 15 महिने तक बंद रखा। इस बीच कंपनी 9 सौ श्रमिकों में से 3 सौ नियमित श्रमिकों के लगातार वेतन दिया गया। 6 सौ श्रमिकों को ठेका श्रमिक बताकर वेतन नहीं दिया गया। श्रमिकों द्वारा बार बार वेतन की मांग करने पर भी वेतन न दिये जाने के विरोध में उन्होंने 23 अप्रेल से

**■ 15 माह के बकाया वेतन में 3 माह का वेतन फिलहाल देने पर सहमति**

उत्पादन बंद कर आंदोलन कर दिया। श्रमिकों ने यह आंदोलन छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भीमराव बागड़े तथा एच.एम.एस. के अध्यक्ष एच.एस.मिश्रा के नेतृत्व में किया गया।

इस मामले में अंतत: तहसीलदार श्री दीवान, एडीशनल एसपी श्री राठौर की मध्यस्थता में कंपनी की ओर से अमलराम ग्रुप विजय पाण्डेय, सहायक महाप्रबंधक कमलेश पवार, यूनियन की ओर से भीमराव बागड़े, एसएचएस मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू, जनपद सदस्य नंदकुमार साहू सरपंच प्रतिनिधि बालकिशन निषाद की उपस्थिति में चर्चा के बाद आंदोलन समाप्ति की घोषणा की गई। इस चर्चा के बाद छमुमो की ओर से बताया गया कि श्रमिकों को 15 माह के वेतन में से 3 माह का वेतन देने, 6 दिनों की हड़ताल अवधि का वेतन न काटने प्रबंधक व श्रमिक दोनों पक्षों की ओर से अपनी अपनी शिकायत वापस लेने सहित अन्य मुद्दों पर भी सहमति बन गई है।

## उपमुख्यमंत्री साव सहित दो अन्य मंत्रियों ने स्व. पूर्णिमा चंद्राकर को दी श्रद्धांजलि



दुर्ग, 29 अप्रेल (देशबन्धु)। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव, वाणिज्यकरए उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल आज दुर्ग नगर के आमापारा वार्ड स्थित विधायक ललित चंद्राकर के निवास पहुंचे। उन्होंने यहां पर स्व. पूर्णिमा चन्द्राकर के तैल चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर, उन्हें श्रद्धांजली दी। उन्होंने मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की। मंत्रियों ने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर और उनके परिजनों से भेंट कर इस दु:ख की बेला में ढांढस बंधाया। इस अवसर पर विधायक गजेन्द्र यादव, नगर निगम दुर्ग की महापौर अलका बाघमार और सुरेन्द्र कौशिक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे ज्ञातव्य है कि स्व. पूर्णिमा चंद्राकर विधायक ललित चंद्राकर की मां थीं।

## हेमचंद यादव विवि ने अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को दिया नया आयाम

दुर्ग, 29 अप्रेल (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग ने शैक्षणिक और अनुसंधान के क्षेत्र में अपनी वैश्विक उपस्थिति को मजबूत करते हुए तथा अंतर्राष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय शैक्षिणक संस्थान के साथ अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए हाल ही में चार प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सहयोग ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। जिनमें यूनिवर्सिटी नॉर्वे, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक (म.प्र.) और स्वदेशी शोध संस्थान, नई दिल्ली शामिल है। इन समझौतों का मुख्य उद्देश्य अनुसंधान, संयुक्त शोध परियोजनाओं, शैक्षणिक नवाचार, कौशल विकास गतिविधियों को बढ़ावा देना, स्टार्टअप संवर्धन, पर्यावरणीय संतुलन, सतत् विकास, छात्र एक्सचेंज कार्यक्रमों तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग करना है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने, अकादमिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों में भाग लेने और नवाचार आधारित शिक्षा एवं शोध के अवसर मिलेंगे। यह पहल न केवल वि.वि. अंतर्राष्ट्रीयकरण की दिशा में एक ठोस कदम है, बल्कि विद्यार्थियों एवं शोधकर्ताओं को वैश्विक मंचों पर प्रतिस्पर्धी बनाने का अवसर भी प्रदान करेगी।

इस अवसर पर कुलपति, प्रो. (डॉ.) संजय तिवारी ने कहा कि "यह पहल वि.वि. को 'विजन 2047' के सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य है कि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा और अनुसंधान का एक उत्कृष्ट केन्द्र बनाया जाये। समझौते के तहत अनुसंधान कार्यशालाओं, अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों, छात्र एवं संकाय आदान-प्रदान कार्यक्रमों और नवाचार परियोजनाओं के आयोजन की योजना बनाई गई है। यह पहल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों के लिए वैश्विक स्तर पर सीखने और नेतृत्व करने के नए अवसर प्रदान करेगी साथ ही इन सहयोगों से विश्वविद्यालय को अनुसंधान उत्कृष्टता, शैक्षणिक नवाचार तथा वैश्विक नेटवर्किंग में नई ऊंचाईयाँ प्राप्त होंगी। हमारा उद्देश्य है कि 'विजन 2047' के अनुरूप एक आत्मनिर्भर, नवाचारी और विश्व स्तरीय शैक्षणिक केन्द्र स्थापित हो।

## जिला न्यायालय में डिजिटाईलेशन सेंटर, लॉयर्स व नवीन कान्फ्रेंस हाल का शुभारंभ

दुर्ग, 29 अप्रेल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य में पेपरलेस कोर्ट, पारदर्शी और त्वरित न्याय की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण एवं क्रांतिकारी कदम उठाते हुए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग में डिजिटाइजेशन सेंटर, लॉयर्स हॉल एवं नवीन कॉन्फ्रेंस हॉल का शुभारंभ किया। जिला न्यायालय एवं रायपुर के बाद राज्य के जिला न्यायालयों में तीसरे डजिटाइजेशन सेंटर का वर्चुअली शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा आज हम जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग में डिजिटाइजेशन सेंटर के वर्चुअल शुभारंभ अवसर पर एकत्रित हुए हैं, जो राज्य न्यायपालिका में तीसरा न्यायालय बन गया है। यहां डिजिटलीकरण केंद्र की शुरुआत हो गई है। कुछ दिन पहले ही हमने जिला न्यायालय बिलासपुर एवं रायपुर में राज्य न्यायपालिका में डिजिटाइजेशन सेंटर का शुभारंभ किया था। उन्होंने कहा हम नई तकनीक




की उन्नति की ओर आगे बढ़ रहे हैं, इस तकनीक को न्यायपालिका ने पूरे भारत में और देश के सभी राज्यों में अपनाया है। मुझे गर्व होता है कि न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ता संघ के अधिवक्तागण एवं प्रशासन के अधिकारीगण के सामूहिक प्रयास से यह दिन संभव हो सका है। हमें प्रभावी और पारदर्शी न्यायपालिका के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना चाहिए। न्यायाधीश श्री सिन्हा ने कहा कि जिला न्यायालय को डिजिटलीकरण केंद्र का पूरा उपयोग करना चाहिए, काम करने के लिए बेहतर स्थान बनाना चाहिए और केंद्र का लाभ उठाना चाहिए। पक्षकार, वकील और संस्थान से जुड़े सभी लोग इसका लाभ उठा सकें।

डिजिटाइजेशन सेंटर के शुभारंभ कार्यक्रम नरेन्द्र कुमार व्यासए न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालय दुर्ग के पोर्टफोलियो न्यायाधीश राकेश मोहन पांडे, न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय कम्प्यूटरीकरण समिति के सदस्य रवींद्र कुमार अग्रवाल, न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय कम्प्यूटरीकरण समिति के सदस्य तथा बी.डी. दत्ता गुरु, न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय कम्प्यूटरीकरण समिति के सदस्य की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल विनोद कुजूर अन्य रजिस्ट्री के अधिकारीगण, दुर्ग जिले के न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्ता संघ के अधिवक्तागण एवं प्रशासनिक अधिकारीगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। संगोष्ठी की शुरुआत में स्वागत भाषण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग डॉ. प्रज्ञा पचौरी मैडम द्वारा दिया गया और समापन धन्यवाद ज्ञापन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दुर्ग द्वारा किया गया।

## हाईवा ने जेके लक्ष्मी सीमेंट की बस को मारी ठोकर

### 3 घायल, हाईवा चालक फरार

दुर्ग, 29 अप्रेल (देशबन्धु)। मोहन नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत धमधा नाका ओवर ब्रिज के पास कल देर रात 10.30 से 11 बजे के बीच हाईवा ने जेके लक्ष्मी सीमेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की बस को जोरदार ठोकर मार दी। इस घटना में बस सवार तीन लोगों को चोंटे आई हैं। जिनका इलाज दो अलग.अलग अस्पताल में जारी है। मोहन नगर पुलिस के द्वारा अज्ञात हाईवा चालक के खिलाफअपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

जिला पुलिस प्रवक्ता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद्मश्री तंवर ने बताया कि देर रात 10.30 से 11 के बीच जेके लक्ष्मी सीमेंट की बस दुर्ग आ रही थी। धमधा नाका ओवर ब्रिज के पास अज्ञात हाईवा चालक द्वारा तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बस को जोरदार ठोकर मार दी।

इस घटना में बस सवार भास्कर साहू निवासी राजहंस कैंप संजय नगर दुर्ग, योगेश्वर देवांगन ग्राम बासीन एवं तरुण वर्मा आदित्य नगर दुर्ग को चोंटे आई थी। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जिसमें तरुण वर्मा का इलाज आरोग्यं अस्पताल दुर्ग में चल रहा है। जबकि भास्कर एवं योगेश्वर देवांगन जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती हैं। घटना की जानकारी के बाद मौका स्थल पर पहुंची मोहन नगर पुलिस के द्वारा अज्ञात आरोपी हाईवा चालक के खिलाफअपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। घटना के बाद से ही हाईवा चालक वाहन के साथ फरार हो गया।

## गुरूकुल का वार्षिकोत्सव संपन्न

दुर्ग, 29 अप्रेल (देशबन्धु)। गुरुकुल के दो वर्ष पूर्ण होने पर जलाराम भवन दुर्ग में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें गुरुओं के बच्चों द्वारा सूर्य नमस्कार मंत्र, नशा मुक्ति, महाभारत एवं आज का परिदृश्य, कृष्ण सुदामा मित्रता ऐसे बहुत सारे विषयों को लेकर समाज के सामने नाट्य प्रस्तुति दी।



थे। इन्होंने गुरुकुल के द्वारा विगत दो वर्षो से शहर के 1450 बच्चों को निशुल्क दी जा रही शिक्षा एसंस्कार की बहुत सराहना की।

इस अवसर पर गुरुकुल प्रभारी आशीष शर्मा, संजय अग्रवाल, गोपाल कृष्ण शर्मा, मेघा राठी, पूनम यादव, ममता टावरी, खिलेश्वरी साहू, अनुज अग्रवाल, रेनू श्वेता अग्रवाल भूमिजा, राधा रानी, डॉ. मानसी गुलाटी, एडवोकेट ताराचंद शर्मा के साथ-साथ बड़ी संख्या में शहर के गण मान्य नागरिक एवं गुरुकुल के बच्चे उपस्थित हुए।

मुख्य अतिथि के रूप में शहर की महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा एवं हेमचंद यादव विवि. के रजिस्टार भूपेंद्र कुलदीप उपस्थित

## प्लेसमेंट कैम्प 2 को

**निजी क्षेत्र के 30 पदों पर होगी भर्ती**

दुर्ग, 29 अप्रेल (देशबन्धु)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग मालवीय नगर चौक दुर्ग में 2 मई को प्रात: 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैम्प में जी.एस.एम.आर. सोलर प्राइवेट लिमिटेड के 30 रिक्त पदों हेतु भर्ती की प्रक्रिया की जाएगी। जिसमें सेल्स एक्सक्यूटि के 10 पर एवं फील्ड रिप्रेसेंटेटिव के 20 है। उक्त सभी पदों हेतु मासिक वेतन 15000 से 20000 प्लस इन्सेंटिव होगी। विस्तृत जानकारी के लिए छत्तीसगढ़ रोजगार एप एवं अथवा रोजगार कार्यालय के सूचना पटल के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

## जवाहर लाल गुप्ता के मरणोपरांत देहदान व नेत्रदान

दुर्ग, 29 अप्रेल (देशबन्धु)। स्टेशन रोड दुर्ग निवासी गुप्ता साईटिफिक वर्क्स के संचालक जवाहर लाल गुप्ता (78) का आज निधन हो गया। वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामरतन गुप्ता के ज्येष्ठ सुपुत्र थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में ही नेत्रदान व देहदान का संकल्प घोषित कर दिया था।

दिवंगत की वसीयत के आधार पर नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों ने गुप्ता परिवार के लोगों से संपर्क साधकर इस पर उनकी सहमति ली। इस पर उनके पुत्र रवि गुप्ता, पत्नी पुष्पा गुप्ता, भाई डॉ. ओ.पी.गुप्ता, महेश गुप्ता, पुत्र-पुत्रवधु, पुत्री दामाद, सहित पूरे परिवार ने



अपनी सहमति दे दी।

परिवार से सहमति मिलते ही नवदृष्टि फाउंडेशन की पहल पर श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज के डॉ. संदीप वाचरकर, डॉ. निवेश रावते, एवं नेत्र सहायक विवेक कसार ने नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी कराई। इसी कालेज के एनाटामी विभाग की प्रमुख अंजली बंजारी के निर्देश पर संदीप रिशवुड दीपक रवानी एवं दयाराम ने देहदान की प्रक्रिया पूरी कराई।

नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से इस नेक कार्य में अनिल बल्लेवार, कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी, मुकेश आढ़तिया, मंगर अग्रवाल, हरमन दुलई सहित अनेक सदस्यों ने अपनी भूमिका निभाई।

# एक गांव जहां पानी की समस्या देखते हुए लोग अपनी बेटी तक नहीं ब्याहते

दुर्ग, 29 अप्रेल (देशबन्धु)। दुर्ग जिला मुख्यालय से 18 किलोमीटर दूर ग्राम अंजोरा ढाबा में पानी की समस्या इतनी विकराल है कि यहां कोई भी व्यक्ति सहजता से अपनी बेटी तक ब्याहना नहीं चाहता। इस गांव के निवासियों ने विगत वर्षों में जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया मगर उनकी शिकायत दूर नहीं की गई। वे लोग जनदर्शन में भी अपनी गुहार लगा चुके है और अब तंग आकर विगत दो दिनों से ग्रामीण भूख हड़ताल पर बैठे है।

**■ अंजोरा ढाबा के ग्रामीणों ने शुरू की भूख हड़ताल**

भूख हड़ताल पर बैठे एक ग्रामीण धर्मेश देशमुख ने बताया कि गांव में कई तालाब और बोरिंग है लेकिन जलस्तर कम होने से सभी तालाब और बोर सूख गये है। लोगों ने बताया कि वे लोग पिछले लगभग 40 वर्षों से पानी की समस्या से जूझ रहे है मगर इस वर्ष स्थिति अभी से विकराल हो गई है। श्री देशमुख व उनके




साथियों ने बताया कि गांव में सौ एकड़ का बांध है अगर प्रशासन इसके माध्यम से पानी का समुचित प्रबंधन कर दे तो अंजोरा ढाबा तो क्या आसपास के 20 गांवों की समस्या हल हो सकती है।

ग्रामीणों ने बताया कि यहां पानी के लिये महिलाओं को जल स्त्रोत के पास रात्रि 3 बजे से उठकर लाईन लगानी पड़ती है। बमुश्किल 2-3 बाल्टी पानी ही मिल पाता है। इस गांव की आबादी लगभग 25 सौ है। यहां के लोगों की पानी को लेकर पीड़ा इस तरह है कि उपलब्ध होने वाले पानी को भी छानकर पीने व भोजन पकाने के कार्य में लाया जाता है।

आज की भूख हड़ताल में होरीलाल साहू, गोपी निर्मलकर, मुकेश देशमुख, बेनु प्रसाद साहू, सुमरन साहू, पेमीन साहू, रमशीला साहू, सुशीला देशमुख, मेहतरू साहू, रूपलाल देशमुख, चंद्रशेखर धनकर सहित अनेक लोग बैठे है।

# कलेक्टर ने सुशासन तिहार की समीक्षा बैठक

## लंबित आवेदनों के त्वरित समाधान के दिए निर्देश



**भिलाईनगर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में सुशासन तिहार कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त जन आवेदनों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा में समीक्षा बैठक ली। बैठक में भिलाई.चरौदा, कुम्हारी, भिलाई-3 तहसील, जामुल, अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-3 के अधिकारियों ने अपने.अपने क्षेत्रों में प्राप्त आवेदनों की स्थिति की जानकारी दी। नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा में कुल 565 आवेदन प्राप्त हुए (451 मांग व 114 शिकायत) जिनमें से 344 का निराकरण हो चुका है और 221 अभी लंबित हैं। नगर पालिका परिषद कुम्हारी में 536 आवेदन प्राप्त हुए (481 मांग व 55 शिकायत) जिनमें से 400 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 136 अभी लंबित हैं। तहसीलदार भिलाइ-3 को कुल 651 आवेदन प्राप्त हुए (607 मांग व 44 शिकायत) जिनमें से 539 का समाधान किया गया और 112 आवेदन लंबित हैं। नगर पालिका परिषद जामुल में 167 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 62 का निराकरण हुआ और 105 अभी लंबित हैं। अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-3 के पास 38 आवेदन आए, जिनमें से 34 का निराकरण हो चुका है और 4 लंबित हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने रैण्डम आधार पर शिकायत एवं मांग के आवेदनों की गुणवत्ता की भी समीक्षा की और स्पष्ट निर्देश दिए कि लंबित आवेदनों का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जनहित से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। समीक्षा बैठक में सुशासन तिहार 2025 के जिला नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह, भिलाई.चरौदा निगम आयुक्त दशरथ राजपूत, एसडीएम महेश राजपूत, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# लिफ्ट में गिरने से युवक की मौत, पुलिस जांच में जुटी



**भिलाई नगर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। आज मंगलवार सुबह 4 बजे के करीब तीसरी मंजिल से लिफ्ट में गिरने से एक 25 साल के युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक बजाज चौक धुंधाड़ा का निवासी है। चौहान स्टेट की तीसरी मंजिल की लिफ्ट का ग्रील खुला हुआ था। वही से उक्त युवक लिफ्ट से निचे गिरा। इसकी सूचना मिलने पर 112 तथा एनडीआरएफ की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर घायल युवक को रस्सी के सहारे लिफ्ट से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने रस्सी के जरिए केज में प्रवेश किया और घायल युवक को बाहर निकाला फिलहाल इस पूरे मामले में सुपेला पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मृतक सुबह 4 बजे चौहान स्टेट व्यावसायिक परिसर में कैसे पहुंचा इसकी भी जांच कर रही है। शव को सुपेला लाल बहादूर शासकीय चिकित्सालय में पोस्टमार्टम किया गया। पीएम के बाद शव को उनके परिजनों को सौप दिया गया है। मृतक के पिता ने इस घटना को लापरवाही वाली घटना बताया है। पुलिस घटना स्थल के आस-पास लगे सीसी कैमरे की जांच कर रही है। जिससे घटना की जानकारी मिल सकेगी। बताया जा रहा है, कि युवक नशे में था।

# सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी, आरोपी गिरफ्तार



**भिलाईनगर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। मछली मार्केट पुरैना निवासी ई.अपन्ना में ताला लगाकर परिवार सहित गृह ग्राम आन्ध्र प्रदेश गया था। 20 अप्रैल को पड़ोसी एल वेंकट रमन ने फोन करके बताया कि इसके घर का ताला टूटा हुआ है। 22 अप्रैल को प्रार्थी ई अपन्ना गृह ग्राम से वापस आकर चेक किया तो घर में रखे सोने.चांदी के जेवरात, मोबाईल किसी अज्ञात चोर व्दारा चोरी कर ले जाना पाया। ई. अपन्ना की रिपोर्ट पर थाना पुरानी भिलाई ने धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस कायम कर प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी की पतासाजी के दौरान सीसीटीवी फूटेज में संदिग्ध के दिखाई देने पर प्रार्थी एवं आस पड़ोस, मोहल्ले वालों से जानकारी प्राप्त करने पर मोहल्ले का ही व्यक्ति प्रार्थी के घर एवं आलमारी का ताला तोड़कर चोरी करना पाया गया। संदिग्ध को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि 17 अप्रैल को रात्रि एक लोहे के राड से घर का मेनगेट एवं दरवाजा का ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश कर आलमारी के लॉक को तोड़कर जेवरात, मोबाईल एवं तांबा, पीतल के बर्तन चोरी कर अपने भाई टोबो को देना स्वीकार किया। विधि से संघर्षरत बालक से चोरी की मशरूका बरामद कर पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर नियमानुसार बाल सम्प्रेषण गृह भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक महेश ध्रुव थाना प्रभारी पुरानी भिलाई, उनि योगेश्वर वर्मा, आरक्षक बण्टी सिंह, राजकुमार सिंह, विशाल सिंह, ईश्वर भारद्वाज की भूमिका उल्लेखनीय रही ।

# मिलेनियम पार्क व्यवस्थित होने से लोगों में खुशी



**भिलाईनगर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। निगम भिलाई क्षेत्र नेहरू नगर वेस्ट में स्थित मिलेनियम पार्क को व्यवस्थित करने का कार्य किया जा रहा है। स्थानीय निवासियों की मांग पर किये जा रहे पार्क को व्यवस्थित किया जा रहा है। इसके देखरेख की जिम्मेदारी स्थानीय लोग लेगें। इसी तारतम्य में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को अधिकृत किए। आज पार्क पुरी तरह से व्यवस्थित कर दिया गया है। स्थानीय निवासियों द्वारा आज खुशी व्यक्त की गई। कि कम समय में निगम भिलाई द्वारा इस पार्क को अच्छा और बेतहर कर दिया गया है। हम लोग सुबह-शाम यहां टहलते है। हर मंगलवार को सुंदरकांड करते है। महिला लोग बैठकर भजन गाते है। निगम आयुक्त को बुलाकर यह वायदा किए कि अब इसके देखरेख की जिम्मेदारी हम लोग की होगी। किसी को भी पेड़ पत्ते को तोड़ने नहीं देगे। इसकी सफाई का भी ध्यान रखेगे। आयुक्त पाण्डेय ने बताया कि शासन की भी योजना है। पी.पी.पी. मॉडल से काम किया जाए। नगर निगम भिलाई के संसाधन सीमित है, सबके सहयोग से ही पार्को को अच्छा बना सकते है। आज लोग जैसा चाहते थे, वैसा बन गया। अब आप सबकी जिम्मेदारी होगी इसका देखरेख करने का। स्थानीय लोग शिव नारायण मोदी, अनिल कुमार डागा, कृष्ण कुमार सिंघल, पंचानंद सिंग, नरेश गुप्ता, राधेकृष्ण शारदा, शिवचरण गोयल, राजकुमार भल्ला, के. के. परती, आर.आर. गर्ग, सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, निर्मल शर्मा, श्रीमती गीता मोदी, उमा शारदा, उर्मिला सिंघल, शिखा पाठक आदि उपस्थित रहे।

# जनता की भावना अनुरूप कैनाल रोड का होगा निर्माण



**भिलाईनगर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। भिलाई में कैनाल रोड का कार्य प्रारंभ होने जा रहा है। कैनाल रोड को लेकर जनता की कुछ आपत्ति आई है जिसे देखते हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस रोड को सेंटर से 40 फिट न करके 30 किया जाएगा। श्री सेन ने कहा कि जनता की भावना के अनुरूप ही क्षेत्र में विकास होंगे। हमारे क्षेत्र में ऐसा कोई काम नहीं होगा जिसमें जनता को किसी प्रकार की परेशानी हो। कैनाल रोड का निर्माण क्षेत्र के लिए एक बड़े विकास कार्य के रूप में देखा जाना चाहिए। इस निर्माण कार्य में जिस किसी के भी घर को तोड़ा जाएगा, उसे मात्र 75000 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर दिया जाएगा। उन्होंने प्रभावित लोगों से अपील की है कि इस विकास कार्य को पूरा करने में शासन प्रशासन का सहयोग करें क्योंकि यह कार्य भिलाईयंस की सुविधा के लिए ही किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि एक दिन पूर्व यानि 28 अप्रैल को कैनाल रोड का सर्वे का काम पूरा हो गया 18 नंबर रोड नेहरू चौक से लेकर के अवंती बाई चौक तक का सर्वे का काम पूरा हो गया। नंदनी रोड से लेकर के अवंती बाई चौक तक का मार्किंग के बाद टेक्निकल सर्वे तथा लेबलिंग का सर्वे होगा और पीडब्ल्यूडी के माध्यम से कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। लोक निर्माण विभाग कैनाल रोड को व्यवस्थित रूप से बनाएगा उसी के द्वारा सब कार्रवाई की जाएगी नगर निगम केवल उसमें सहयोगी रहेगा।

# नवयुवकों के द्वंद्वों का समाधान विषय पर एक विशेष कार्यक्रम



**भिलाईनगर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी के मनोविज्ञान विभाग द्वारा नवयुवकों के द्वंद्वों का समाधान विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन एमए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवयुवकों को शिक्षा, करियर, आपसी संबंध, मानसिक स्वास्थ्य तथा सामाजिक जिम्मेदारियों से जुड़े विविध द्वंद्वों को समझने और उनसे निपटने के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत विशेषज्ञों द्वारा जीवन कौशल, निर्णय क्षमता, आत्मनिर्भरता और मानसिक दृढ़ता विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना सिंह के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को व्यावहारिक सुझाव और प्रेरणादायक उदाहरणों के माध्यम से दिशा प्रदान की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य और सकारात्मक सोच के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं के द्वंद्वों को समझना और उन्हें सही मार्गदर्शन देना अत्यंत आवश्यक है। डीन अकादमिक डॉ.जे. दुर्गा प्रसाद राव ने भी छात्रों को आत्मविश्लेषण करते हुए सही निर्णय लेने की प्रेरणा दी तथा शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक जीवन कौशल विकसित करने पर बल दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थी, प्राध्यापकगण तथा अतिथि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन की सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के उपयोगी एवं जागरूकता बढ़ाने वाले कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर कंचन सिंह एवं श्रीमति मीता चुग का विशेष योगदान रहा।

# नृत्य संगीत और कथानक का अद्भुत संयोजन का सफल मंचन



**भिलाईनगर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कथक प्रशिक्षण में विगत तीन दशक से सक्रिय कृष्ण प्रिया कथक केंद्र दुर्ग.भिलाई की ओर से नृत्य नाटिका अल्फाज का मंचन महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर में किया गया। देश की सांस्कृतिक विरासत को दिखाने न्यूनतम छह वर्ष से अधिकतम 45 वर्ष की उम्र के कलाकारों ने अपने सधे हुए नृत्य.संगीत के साथ कथानक का ऐसा अद्भुत संयोजन मंच पर प्रस्तुत किया। अल्फाज आयोजन की शुरूआत में केंद्र की संचालक श्रीमती उपासना तिवारी ने अतिथियों का स्वागत करने के साथ.साथ सभी कलाकारों की मेहनत को भी रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि यह नृत्य नाटिका उनके केंद्र के सभी प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षकों की साझा मेहनत का परिणाम है। इसके लिए विगत महीने भर से रिहर्सल जारी थी। इस नृत्य नाटिका में दर्शकों को नृत्य और संगीत के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत देखने मिलेगी। इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से संबद्ध उनके केंद्र में कथक और सेमी क्लासिकल की प्रथम वर्ष से स्नातकोत्तर तक की शिक्षा दी जा रही है। आयोजन में मुख्य अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कृष्ण प्रिया कथक केंद्र की संचालक श्रीमती उपासना तिवारी कहा कि वह पिछले तीन दशक से देख रहे हैं कि किस तरह श्रीमती तिवारी अपनी मेहनत और लगन से बच्चों का भविष्य गढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इनका योगदान इन्हें राष्ट्रीय सम्मान के काबिल बनाता है और भविष्य में वह चाहेंगे कि श्रीमती तिवारी को कला के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर का सम्मान मिले। आयोजन में विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ.सुधीर शुक्ला और डॉ. आलोक दीक्षित भी मौजूद थे। अल्फाज नृत्य नाटिका मूलत: एक रचनात्मक यात्रा की मंचीय प्रस्तुति थी। जिसमें एक लेखिका और उसके शब्द स्वयं मंच पर सजीव होकर भारत की सांस्कृतिक विरासत को नृत्य और संगीत के माध्यम से प्रस्तुत कर रहे थे। इस अनूठी सांस्कृतिक प्रस्तुति में कथक की नजाकत से शुरू होकर लखनऊ की तहजीब दिल्ली की महफ़िलें, बनारस की आध्यात्मिक मिठास और जयपुर घराने के नृत्य रंग भरते हैं। राजस्थान के घूमर की मधुरता, पंजाब के सूफी रंग और भांगड़ा के उल्लास के साथ इस नाटिका ने प्रेम, एकता और भारतीयता का सुंदर संदेश दिया। दमादम मस्त कलंदर की गूंज के साथ दिलों को जोड़ते हुए एक भावपूर्ण समापन तक पहुँचा। वर्ष ऋतु पर आधारित मल्हार नृत्य कथक शैली में, कथक दरबारी नृत्य राग दरबारी पर आधारितए छोटा ख़याल निर्मोही पर नृत्यए लखनऊ घराने को दर्शाते हुए ग़ज़ल पर कथक की प्रस्तुति हुई। फिर जयपुर घराने आधारित कथक नृत्य और लोकनृत्य घूमर, पंजाब की यात्रा मे वहाँ के सूफियाना शायरों के ज़िक्र के साथ बाबा बुल्ले शाह का लिखा तेरे इश्क़ नचाया करके थैया थैया पर सूफ़ी नृत्य और पंजाब के लोक नृत्य भांगड़ा ने दर्शकों को उत्साह से भर दिया। बाबा बुल्ले शाह के प्रसिद्ध सूफी कलाम दमा दम मस्त कलंदर पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति हुई। इस नाटिका में संगीत समन्वय रविंद्र कर्मकार, तरुण पहाड़े और साइन चक्रवर्ती, संगीत मिक्सिंग बिन्नी पॉल अल्फाज की आवाज महेंद्र ठाकरे, लेखिका की आवाज उपासना तिवारी अल्फाज के किरदार में मुदस्सर नासिर, लेखिका के किरदार में शुभम शुक्ला, मंच संचालन प्रभनित कौर सेठी और एलईडी ग्राफिक्स में सेजल चौधरी की भूमिका रही। आयोजन में डॉक्टर दिव्या राहटगांवकर, सेजल चौधरी, देविका दीक्षित, नीलिमा वासनिक, तनिष्क कर्णेवार, पुष्टि सैनी, सोनिया चौहान का विशेष योगदान रहा।

# सियान आयोग गठित करने की उठी मांग



**भिलाईनगर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। वरिष्ठ नागरिक महासंघ की वार्षिक आमसभा वैशाली नगर सियान सदन में संपन्न हुई। आम सभा में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के निराकरण एवं उनके कल्याण हेतु छत्तीसगढ़ राज्य सियान आयोग गठित किए जाने की मांग उठी। उपस्थित सदस्यों ने सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित कर इस मांग को राज्य के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल को पत्र लिखकर गुहार लगाई है। एक अन्य प्रस्ताव में भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के लिए भूमि आबंटन की अंतिम चरण में लम्बित फाईल की तत्काल स्वीकृति देने की मांग भी शासन से की गई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू ने की। आमसभा में पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। महासंघ के सचिव गजानंद साहू ने वार्षिक प्रतिवेदन और वार्षिक आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। जिसका सदस्यों ने सर्व सम्मति से अनुमोदन किया। उन्होंने महासंघ के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए अब तक किए गए विभिन्न गतिविधियों की भी जानकारी दी। प्रमुख सलाहकार घनश्याम कुमार देवांगन ने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की उपेक्षा एवं उनकी सुविधाओं पर कटौती किए जाने पर चिंता जताई और मांग की कि राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को भी अन्य राज्यों की तरह पेंशन दिया जाए। वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के निराकरण एवं उनके कल्याण हेतु राज्य सियान आयोग गठित किए जाने की मांग की। उपाध्यक्ष बलबीर सिंह सहगल ने वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे द्वारा बंद कर दी गई यात्रा कंशेसन को तत्काल फिर से चालू करने, प्रापर्टी टैक्स में वरिष्ठ नागरिकों को छूट देने, सियान सदनों में उनके मनोरंजन के साधन मुहैया कराने आदि मांग रखी। बैठक में एन पी मिश्रा, बाबूलाल साहू, रामायण मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। पुरूषोत्तम साहू ने कहा कि कि वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए महासंघ लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में वरिष्ठ नागरिकों के हित में अनेक रचनात्मक कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर घनश्याम कुमार देवांगन, महामंत्री गजानंद साहू, बलबीर सिंह सहगल, फूलचंद साहू, दिनेश गुप्ता, हुकुमचंद देवांगन, शिवप्रसाद साहू, जोहनलाल साहू, दुलारदास साहूए सुखी राम जांगड़े उपस्थित थे।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी द्वारा बच्चों को पौधों का वितरण किया



**भिलाईनगर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित राजयोग भवन में आयोजित डिवाइन ग्रुप की साप्ताहिक कक्षा में आज एक विशेष पहल देखने को मिली। हर रविवार प्रात: 8 से 10 बजे तक संचालित होने वाली इस कक्षा में आज सभी बच्चों को पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल बच्चों को राजयोग मेडिटेशन और नैतिक मूल्यों की शिक्षा प्रदान करना था, बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक बनाना रहा। पौधे वितरित करते हुए उपस्थित ब्रह्माकुमारी पूजा दीदी, गायत्री दीदी ने बच्चों को संदेश दिया कि जिस प्रकार हम प्रेम से पौधों की सेवा करते हैं, उसी प्रकार हमें प्रकृति और समाज के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होने बच्चों को बताया कि यदि आप प्रेम, शांति बड़ों के प्रति आदर और मधुरता आदि गुणों को अपने व्यवहार में लाएंगे तो प्रकृति सदा आपकी सहयोगी रहेगी। सभी बच्चों को विशेष होमवर्क दिया गया की अपने से छोटे और बड़ों की, पशु पक्षियों की और आप सभी को दिए गए पौधों की समय पर पानी देकर प्रेम से आत्मिक पालना करनी है। ज्ञात हो कि प्रत्येक रविवार क्लास 4 से क्लास 9 तक के बच्चों के लिए आयोजित यह डिवाइन ग्रुप की क्लास विगत 20 वर्षों से अधिक समय से अनवरत सफ्लता पूर्वक चल रहा है।

# सुरक्षा पर दो दिवसीय मंथन बैठक का समापन




**भिलाईनगर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु) संयंत्र तथा सेल सुरक्षा संगठन रांची के सौजन्य से भिलाई निवास में विगत दिनों आयोजित दो दिवसीय सेल स्तरीय सुरक्षा मंथन कार्यक्रम के दूसरे दिन, विभिन्न संयंत्रों के कुल 22 वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कार्यपालक निदेशक सेफ्टी सर्विसेस ऑर्गनाइजेशन अनूप कुमार द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों का अवलोकन किया गया। इनमें अग्निशमन विभाग, सुरक्षा उत्कृष्टता केंद्र, स्टील मेल्टिंग शॉप-3, ब्लास्ट फर्नेस-8, बीआरएम, यूआरएम सहित कई प्रमुख इकाइयाँ सम्मिलित रहीं। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में बीएसपी के सुरक्षा विभाग के सभी अधिकारी तथा सेल के विभिन्न संयंत्रों के 22 मुख्य सुरक्षा अधिकारी एवं वरिष्ठ अग्निशमन अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन संयंत्र की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता, उत्कृष्ट कार्य प्रणालियों के प्रोत्साहन, बीते वर्ष में सुरक्षा के क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय कार्यों की समीक्षा तथा भविष्य की सुरक्षा रणनीतियों पर विस्तृत विचार-विमर्श के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा आत्ममंथन के साथ विभिन्न संयंत्रों द्वारा सुरक्षा से संबंधित प्रस्तुतीकरण भी प्रस्तुत किए गए। समापन समारोह में महाप्रबंधक प्रभारी सुरक्षा एस.के. अग्रवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक सेफ्टी सर्विसेस ऑर्गनाइजेशन अनूप कुमार के ने आमंत्रित अतिथियों डुको भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग की ओर से स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस आयोजन का मूल उद्देश्य सुरक्षा संबंधी प्रभावी जानकारी एवं श्रेष्ठ कार्य प्रणालियों को आपसी संवाद के माध्यम से संयंत्र के समस्त कर्मचारियों तक पहुँचाना था।

# लोक गायक तुषांत को मिला कला साधक सम्मान



**भिलाईनगर,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के युवा लोक गायक तुषांत बारले को उनकी कला साधना के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं कांकेर सांसद भोजराज नाग ने कला साधक सम्मान प्रदान किया है। ग्राम भेंडरा खपरी विकासखंड गुंडरदेही जिला बालोद में मिनीमाता मूर्ति अनावरण समारोह में उन्हें यह सम्मान दिया गया। विदित हों कि तुषांत बारले छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पंथी कलाकार पद्मश्री डॉ. राधेश्याम बारले के सुपुत्र हैं। इनके द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न मेला, मड़ाई तथा लोक महोत्सव में अपने सुमधुर आवाज में गायन प्रस्तुत कर चुके हैं। इस हेतु उन्हें शासन, प्रशासन एवं सामाजिक स्तरों पर विभिन्न पुरस्कार एवं सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। गरियाबंद में गीतकार भूपेंद्र साहू की संस्था प्रंग सरोवर में तुषांत बारले लोक गायक की भूमिका अदा करते हैं। अभी हाल ही में बोरिया रंग महोत्सव 2025 में उन्हें कला श्री सम्मान, बानबरद लोक कला महोत्सव 2024 में छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान, 2024 में शक्ति भवन रिसाली में सुरता मिनीमाता एवं सम्मान समारोह सम्मानए 2023 में गोंडवाना भवन कांकेर में राष्ट्रीय स्तरीय वैद्य महासम्मेलन एवं कला महोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह में गुरु बालक दास वीरता सम्मान और पर्रेगुड़ा करहीभदर जिला बालोद 2021 में भोला दशहरा एवं नवा खाई महोत्सव में छत्तीसगढ़ कला रत्न सम्मान सहित ढेरों सम्मान मिल चुके हैं। तुषांत छत्तीसगढ़ी संस्कृति को देश विदेश में फैलाने का संकल्प कला साधना कर रहे हैं।

**जिला चिकित्सालय बेमेतरा में अल्ट्रा सोनोग्राफी सेवाएं 3 मई तक स्थगित**

**बेमेतरा,** 29 अप्रैल। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनुसार, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फैमिली मेडिसिनज्ज कोर्स के तहत ष्टस्ष्ट वेल्लोर द्वारा 28 अप्रैल से 3 मई 2025 तक राजनांदगांव जिला अस्पताल में एक विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में बेमेतरा से नामांकित चिकित्सा अधिकारी डॉ. बुद्धेश्वर सिंह वर्मा भी भाग ले रहे हैं।



# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर न फार्मासिस्ट आखिर कौन करे इलाज

**पांडातराई,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। सरकार अपने विकास और योजनाओं के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद आम जनता को स्वास्थ्य सुविधा देने में नाकाम साबित हो रही है स्वास्थ्य केंद्र में ना तो डॉक्टर पदस्थ है और ना ही कोई एंबुलेंस की व्यवस्था जिसके चलते नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की जनता को हर छोटी बड़ी बीमारियों के लिए तहसील और जिला स्तरों के अस्पतालों के चक्कर लगाने में समय के साथ शारीरिक मानसिक और आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पांडातराई जिस पर क्षेत्र के करीब 20 गांव के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा देने की जिम्मेदारी है इसके चलते क्षेत्र के ग्रामीणों का मर्ज बिगडता ही जा रहा है खासकर महिलाओं और बच्चों को क्योंकि आमतौर पर रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने के चलते मौसमी बीमारियों व अन्य रोगो का शिकार महिलाएं ही होती हैं यहां कोई पुरुष व महिला डॉक्टर आना नहीं चाहते या जनप्रतिनिधि और अधिकारी भेजना नहीं चाहते पांडातराई को नगर पंचायत बने 17 साल से अधिक समय बीत गया है लेकिन यहां मौजूद विकास क्षेत्र की जरूरत के हिसाब से नाकाफी है पांडा तराई क्षेत्र की जनता स्वास्थ्य को तरस रही है स्वास्थ्य समस्या समाधान के लिए ग्रामीण यहां नियमित डॉक्टर की मांग कर रहे हैं पांडातराई स्वास्थ्य केंद्र में इमरजेंसी में यहां ट्रीटमेंट का कोई इंतजाम नहीं है खासकर गर्भवती महिलाओं को डिलीवरी के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है यहां इलाज के अभाव में कईयो की असमय समय मौत हो चुकी है इसके बाद प्रशासन यहां कोई ठोस इंतजाम नहीं कर पाया बेहतर स्वास्थ्य हर नागरिक की मूलभूत आवश्यकता है लेकिन डॉक्टर की कमी के चलते लोगों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता इस नगर के स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर का पद खाली है इसको लेकर पूर्व में भी लोगों द्वारा जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया था लेकिन इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है लंबे समय से डॉक्टर नहीं होने के कारण अब लोगों में आक्रोश पनप रहा है नागरिक कहते हैं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि अस्पताल में डॉक्टर की नियुक्ति नहीं कर पा रहे हैं स्वास्थ्य सुविधा को सुधारने के लिए यहां नियमित डॉक्टर का होना जरूरी है स्वास्थ्य सुविधा पर ना तो कांग्रेस सरकार के दौरान ध्यान दिया जा रहा था और ना ही भाजपा शासन में कोई विशेष ध्यान दिया जा रहा है लोगों का कहना है कि भाजपा सरकार से उम्मीद थी कि अस्पताल में डॉक्टर की कमी दूर करने कार्रवाई होगी लेकिन अब तक कुछ ना हो सका है अस्पताल आने वाले मरीजों का इलाज यहां पदस्थ आर एम ए के भरोसे चल रहा है।

**यह होती है समस्या**

यहां के लोगों का कहना है कि जब कभी कोई गंभीर बीमार होता है तो इलाज नहीं मिल पाता वही दुर्घटनाग्रस्त केस में इलाज की वजह सीधे जिला अस्पताल भेज दिया जाता है अस्पताल में डॉक्टर की कमी का असर सबसे ज्यादा महिला मरीजों पर पड़ रहा है डॉक्टर के अभाव में आए दिन मरीजों को छोटी-मोटी जांच के लिए कवर्धा पंडरिया या प्राइवेट अस्पताल में जाना पड़ता है जहां इस तरह लोगों का धन और समय बर्बाद होती है वही कभी कभार देरी हो जाने से बीमार व्यक्ति की मौत भी हो जाती है पांडातराई व आसपास के गांव कई गांव के लोगों ने मांग उठाई लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हुई क्षेत्र का इकलौता बड़ा केंद्र होने के बावजूद डॉक्टर व संसाधनों के अभाव में यहां के मरीजों को छोटी-मोटी बीमारियों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।

# कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने किया संयुक्त जिला कार्यालय के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण

**बालोद,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभी कार्यालय प्रमुखों एवं मौके पर उपस्थित अधिकारी.कर्मचारियों को कार्यालय में अधिकारी.कर्मचारियों की टेबल, कुर्सी के अलावा दस्तावेज आदि को व्यवस्थित कर कार्यालय के गरिमा के अनुरूप बेहतर एवं सुव्यस्थित स्वरूप में रख.रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सभी अधिकारी.कर्मचारियों को अपने.अपने कार्यालयों में साफसफाई की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने अपने.अपने कार्यालयों के अलावा कार्यालय के सामने स्थित बरामदे का भी नियमित रूप से साफसफाई कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के प्रथम तल में स्थित आदिवासी विकास विभाग, खनिज, भू.अभिलेख, रिकार्ड रूम, खाद्य विभाग, जनसंपर्क विभाग, जिला योजना एवं सांख्यिकी, अंत्यावसायी, जिला हथकरघा, जिला कोषालय, आबकारी, स्वान कक्ष, महिला एवं बाल विकास विभाग, निर्वाचन, समग्र शिक्षा, क्रेडा एवं श्रम विभाग आदि का अवलोकन किया। श्रीमती मिश्रा ने भू.अभिलेख कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कार्यालय में रखे गए पुराने दस्तावेजों का भी अवलोकन किया। उन्होंने कार्यालय के पुराने दस्तावेजों का अपलेखन कराने के निर्देश जिला नाजिर को दिए। श्रीमती मिश्रा ने रिकार्ड रूम के निरीक्षण के दौरान पुराने एवं जीर्णशीर्ण दस्तावेजों का भी अवलोकन किया। उन्होंने अत्यंत पुराने एवं जीर्णशीर्ण दस्तावेजों को सुरक्षित रखने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। आबकारी विभाग के निरीक्षण के दौरान अधिकारी.कर्मचारियों से कुल स्टाफ के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारी.कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने सभी अधिकारी.कर्मचारियों को समय पर कार्यालय पहुँचकर निर्धारित समयावधि तक कार्यालय में उपस्थित रहकर पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। इस दौरान अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, जिला जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश कुमार ठाकुर सहित अन्य अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित थे।



**कार्यालय को व्यवस्थित रखने तथा साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था करने के दिए निर्देश**

## जैन श्री संघ द्वारा आयोजित शिविर में 300 से अधिक लोगों का किया गया निःशुल्क नेत्र परीक्षण

**बालोद,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। जैन श्री संघ बालोद एवं राजनांदगांव के एक निजी आई हॉस्पिटल राजनांदगांव के संयुक्त प्रयास से स्थानीय महावीर भवन में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 300 से अधिक लोगो का मशीन पद्धति से आंखों की जांच की गई। वहीं जैन युवा शक्ति के मिशन जीव दया के तहत भीषण गर्मी को देखते हुए सभी मरीजों के आंखों की जांच के बाद पक्षियों के लिए दाना पानी हेतू मिट्टी के सकोरे बांटे गए एवं अपने घरों के छत पर रखने का आग्रह किया गया जिसमे नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी उपाध्यक्ष कमलेश सोनी एवं पार्षदों को सकोरे बांटकर घर तथा नगर पालिका कार्यालय में रखने का निवेदन जैन युवा शक्ति के सदस्यों ने किया। जैन समाज के इस कार्य की सराहना करते हुए नपा अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कहा कि जैन समाज नर सेवा को नारायण सेवा मानकर लोगो की सेवा में हमेशा अग्रणी रहता है। पशु पक्षियों की चिंता भी करना सबका धर्म है ऐसे पुनीत कार्य हेतु समाज के सभी सदस्य बधाई के पात्र है। उक्त आयोजन में जैन श्री संघ के संरक्षक डॉ प्रदीप जैन, अध्यक्ष ताराचंद सांखला, सचिव मांगीलाल देलडिया, संघ के वरिष्ठ सदस्य गुलाबचंद नाहटा, मूलचंद रतनबोहरा, नगर पालिका के सभापति दीपक लोढा, पार्षद गिरिजेश गुप्ता, पूर्व एल्डरमेन विनोद जैन, संजय ढ़ेलडिया, प्रकाश भंसाली, लक्की लोढा, मुकेश भंसाली, प्रदीप गोलू चौरड़िया, जैन युवा शक्ति के अध्यक्ष शुभम नाहटा, सचिव शुभम श्रीश्रीमाल, आनंद बाफ्ना, दर्शील चौरड़िया सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।



**जैन युवा शक्ति ने पक्षियों के दाना पानी के लिए बांटे सकोरे**

## कलेक्टर ने दिव्यांग विद्यार्थी राहुल को प्रदान किया व्हीलचेयर

**बालोद,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष में बालोद विकासखण्ड के प्राथमिक शाला जगतरा के कक्षा पहली के दिव्यांग विद्यार्थी राहुल को व्हीलचेयर प्रदान कर अपनी शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि 25 अप्रैल को जिला के बालोद विकासखण्ड के प्राथमिक शाला जगतरा में आयोजित अंगना म शिक्षा, कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर मिश्रा ने कक्षा पहली में प्रवेश लेने पहुँचे दिव्यांग विद्यार्थी राहुल से मुलाकात कर उनके परिजनों से उनका हाल.चाल पूछा था। परिजनों द्वारा दिव्यांग बालक राहुल के चलने.फिरने एवं अन्य दैनिक क्रियाकलापों को पूरा कर पाने में असमर्थ होने की जानकारी दी गई थी। इसे त्वरित संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने मौके पर उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी एवं समग्र शिक्षा के परियोजना अधिकारी को दिव्यांग बालक राहुल का तत्काल समुचित इलाज कराने तथा उन्हें शीघ्र व्हीलचेयर प्रदान करने की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए थे जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अधिकारियों के द्वारा दिव्यांग बालक राहुल को कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के हाथों व्हीलचेयर प्रदान किया गया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, सहायक कार्यक्रम समन्वयक राधेश्याम साहू सहित अन्य अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित थे।



**जगतरा में आयोजित अंगना म शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत अधिकारियों को दिए गए निर्देश के परिपालन में की गई कार्रवाई**

## बाबूलाल जी गोधा (जैन) का निधन



**रायपुर,** 29 अप्रैल। शहर के प्रतिष्ठित नागरिक इंद्रावती कालोनी, राजा तालाब निवासी बाबूलाल जी गोधा (जैन) का मंगलवार 29 अप्रैल की रात्रि 1.36 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 29 अप्रैल को प्रातः10.30 मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। वे राकेश, राजेश, रूपेश के पिता एवं प्रकाश, संजय, विजय, अतुल, मनीष, विनय के चाचा और सपन, अरिहंत, सम्यक, अनंत, नमन, उज्जवल, सजल , भव्य, तनय , अक्षय, धर्य के दादा और संवेग, निलय के परदादा थे। बाबूलाल जी गोधा के तिये का उठावना गुरुवार 1 मई को प्रातः 10.30 बजे व तेरहवीं पगड़ी का दस्तूर प्रातः 11 बजे सुराना भवन राजीव गांधी चौक छोटापारा में रखा गया है।

## रजिस्ट्रार कार्यालय में चाकू की नोंक पर दहशत फैलाता आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग,** 29 अप्रेल (देशबन्धु)। स्थानीय भाजपा कार्यालय के पीछे रजिस्ट्रार कार्यालय के पास एक आरोपी को धारदार चाकू लेकर आने जाने वाले नागरिकों को धमकाने के मामले में दुर्ग कोतवाली पुलिस ने 25-26 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार कोतवाली थाने में कतिपय लोगों द्वारा उक्त मामले को लेकर शिकायत की गई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी दीपेश उर्फ आयुषदीप उत्कल कालोनी गंजपारा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त किया जा रहा चाकू जब्त कर लिया गया।

## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकथाम हेतु प्रशासन सतर्क

**बेमेतरा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कल बुधवार 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी के संकल्प अनुसार च्बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ज्ज अभियान की अवधारणा को साकार करने हेतु समस्त जिलों के प्रशासनिक अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकथाम हेतु प्रशासन सतर्क, मुख्यमंत्री के संकल्प को साकार करने प्रयास तेज कर दिए है ।

अक्षय तृतीया' पर गाँव में बाल विवाह के मामलें सामने आते है। यह एक गम्भीर सामाजिक बुराई है समाज में इस कुप्रथा का स्वरूप बहुत ही भयावह है. सामान्य रूप से प्रचलित वैवाहिक कार्यक्रमों के साथ-साथ शहरी, ग्रामीण क्षेत्रों में 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर अन्य वैवाहिक कार्यक्रम भी शुरु हो जाएंगे, किसी भी स्थिति में बाल विवाह न हो, यह प्रशासन के द्वारा सामुदायिक सहयोग से ही संभव है जिसके लिए कई तैयारियां की गई है। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने जिला अधिकारियों पत्र लिख कर कहा है कि 'अक्षय तृतीया' (30अप्रैल) के अवसर पर बाल विवाह को रोकने के लिए जागरुकता फैलाई जाए।अभियान के तहत पंचायत, आंगनबाड़ी, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाए। बाल विवाह रोकथाम अधिनियम के तहत कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को अधिकार सौंपे गए हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में निगरानी समितियों का गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त, ग्राम पंचायत स्तर पर प्रचार-प्रसार, रैली, नुक्कड़ नाटक एवं परामर्श शिविरों के माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी दी जा रही है।

अक्षय तृतीया जैसे पर्वों पर बाल विवाह की परंपरा को समाप्त करने हेतु समाज के हर वर्ग का सहयोग आवश्यक है। प्रशासन से अपेक्षा की गई है कि ऐसे आयोजनों पर विशेष निगरानी रखी जाए एवं किसी भी प्रकार की सूचना पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अनुरोध किया गया है कि रोके गए बाल विवाहों की जानकारी एकत्र कर तत्काल विभाग को अवगत कराया जाए, जिससे अभियान की प्रभावशीलता आंकी जा सके एवं भविष्य की रणनीति तय की जा सके।

**मुख्यमंत्री के संकल्प को साकार करने प्रयास तेज**



**बेमेतरा।** वार्ड नंबर 03 के किसान समिति के उपाध्यक्ष नेमसिंह वर्मा के घर अक्ती के दिन बच्चों के द्वारा गुड्डा गुड़िया का धूमधाम से विवाह कराया गया। जिसमें वर्षा वर्मा, डाली वर्मा, लिली वर्मा, चुनमुन वर्मा, ऐश्वर्या वर्मा, मेघा यादव, भूमि यादव हर्षिका वर्मा, उपस्थित रहे।

## राशन दुकान की शिकायत के बाद कुम्हारी भाजपा पार्षदों ने किया दुकान का निरीक्षण

**कुम्हारी,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। बीते दिनों नगर पालिका परिषद कुम्हारी के भाजपा पार्षदों की एक टीम के द्वारा कुगदा स्थित उचित मूल्य की दुकान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्डवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान चर्चा करते हुए वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद एवं पीआईसी सदस्य खाद्य प्रभारी उमाकांत साहू ने बताया कि विगत कुछ दिनों से कुगदा गांव के निवासियों द्वारा लगातार राशन दुकान की शिकायत मिल रही थी शिकायत में ग्रामवासियों ने बताया कि 4 माह से उचित मूल्य की दुकान सुचारू रूप से नहीं चलाया जा रहा है। दुकानदार राशन देने से लेकर सामग्री वितरण तक घोर लापरवाही कर रहे है, कार्ड जमा करने के बाद भी चावल व शक्कर सहित अन्य सामग्रियों के लिए बार-बार भटकना पड़ता है। शिकायत के बाद नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मीना वर्मा के निर्देश में भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा एवं पार्षद खाद्य प्रभारी उमाकांत साहू वार्ड 22 के पार्षद ओंकार मारकंडे, वार्ड 21 के पार्षद लता निषाद एवं युवा मोर्चा के पूर्व महामंत्री सुमित द्विवेदी, तिलक परिहार, सूरज यादव एवं वार्डवासियों द्वारा तत्काल उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया गया एवं दुकानदार को निराकरण के उपयुक्त निर्देष दिये ।



## निधन

### करूणा शंकर तिवारी



**पलारी,** 29 अप्रैल। विकासखंड पलारी के ग्राम देवसुंदा निवासी करूणा शंकर तिवारी का 57 वर्ष की उम्र में अस्वस्थता के चलते आकस्मिक निधन हो गया है। वे रमाशंकर तिवारी के बड़े भैया अविनाश तिवारी, अज्जू तिवारी के पिता तथा श्रीमती पुष्पा तिवारी के पति थे। उनके अंतिम संस्कार में स्वजनों के अलावा भारी संख्या में लोग शामिल होकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित किए हैं।

### तीरथराम ध्रुव



**राजिम,** 29 अप्रैल। परेवावाले भगत बाबा के नाम से प्रसिद्ध स्व. नारायण सिंह ध्रुव के छोटे सुपुत्र तीरथराम ध्रुव (54 वर्ष) का सोमवार को अपराह्न 4 बजे हृदय गति रुक जाने के कारण आकस्मिक निधन हो गया। स्व. तीरथराम ग्राम परेवाडीह के पूर्व सरपंच रामलाल ध्रुव, रोहित ध्रुव, तिलक ध्रुव एवं परेवावाले भगत बाबा गिरिराज सिंह ध्रुव के चाचा एवं राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष सामाजिक नेता लाला साहू के महाप्रसाद थे। स्व. तीरथराम को उनके गृह ग्राम परेवाडीह में सामाजिक रीति-रिवाज के साथ दफन किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिवारजन, ईष्ट मित्र सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। अंतिम यात्रा में शामिल लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दिए।

### विपुल कटारिया



**दुर्ग,** 29 अप्रैल। विजय नगर निवासी विपुल भाई कटारिया उम्र 52 का आज आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम यात्रा कल 30 अप्रेल को प्रातः 9 बजे उनके विजय नगर स्थित निवास से हरनाबांधा मुक्तिधाम में लिए निकलेगी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### एक राष्ट्र-एक चुनाव का ...

अधिकार संसद को है, नगर निगम को नहीं है। उन्होंने इस महापौर एवं भाजपा का राजनीतिक एजेंडा निरूपित किया ।

इसके बाद एमआईसी के प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार ने प्रस्ताव के समर्थन में दलीलें देते हुए प्रश्न उठाया कि फिर नगर निगम में निर्मित इस भवन का नाम श्रद्धेय मोतीलाल वोरा भवन किस कानून के तहत रखा गया है। उनके इस सवाल उठाते ही सत्ता और विपक्ष के लोग कुछ देर के लिये आमने सामने हो गये। उन्होंने चुनौती दी कि भाजपा पार्षददल इस प्रस्ताव को बहुमत से पारित करा लेगा। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने इस प्रस्ताव के विरोध में तर्क दिये और सदन का नाम वोरा जी के नाम पर रखे जाने पर कहा कि यह नाम तत्कालीन विपक्ष भाजपा पार्षदों की सहमति से नगर निगम की सामान्य सभा में रखा गया है। निगम अधिनियम के अनुसार नगर निगम अपनी किसी भी संपत्ति का नाम नगर के किसी भी सपूत के नाम पर रख सकती है। एमआईसी प्रभारी देवनारायण चंद्राकर ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव का प्रस्ताव नगर निगम में पारित हो जाने के बाद इसे लेकर जनता के बीच जायेगें और जन जागरण करेगें। सत्तापक्ष की ओर से भाजपा पार्षद साजन जोसेफ, नरेन्द्र बंजारे ने प्रस्ताव के पक्ष में पैरवी करते हुए इसे सर्वसम्मति से पारित करने पर जोर दिया।

विपक्ष की ओर से नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने एक से अधिक बार प्रस्ताव पर चर्चा की और विरोध किया। कांग्रेस की ही विजयंत पटेल ने संविधान की विभिन्न धाराओं का उल्लेख करते हुए इस प्रस्ताव का विरोध किया।

अंत में सभापति के आग्रह पर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीदों को मौन श्रद्धांजलि दी गई।

### नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ...

जाता रहा। पूर्व में डोमार सिंह वर्मा, मदन जैन, व अन्य नेता प्रतिपक्ष को कक्ष दिया गया। पिछली परिषद में भी नेता प्रतिपक्ष के लिये कक्ष की व्यवस्था थी किंतु कक्ष बनते बनते ही कार्यकाल पूरा होने के कारण उन्होंने कक्ष लिया ही नहीं। श्री कोहले ने कहा कि यदि उन्हें कक्ष नहीं दिया गया तो आंदोलन को और विस्तार किया जायेगा। श्री कोहले के साथ आज के धरने पर उपनेता प्रतिपक्ष विजयंत पटेल, दीपक साहू, पायल पाटिल, भास्कर कुंडले, मनीष बघेल, अश्वनी निषाद, पूर्व पार्षद भोला महोबिया, मनदीप भाटिया, व अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से बोड़ला विकासखंड के 895 किसानों को 61 लाख से अधिक की सहायता राशि खाते में हस्तांतरित

**कवर्धा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से बोड़ला विकासखंड के किसानों को बड़ी राहत मिली है। ओला वृष्टि के कारण चना फसल में हुए भारी नुकसान की भरपाई के लिए 895 किसानों को आरबीसी 6-4 के तहत कुल 61 लाख 1 हजार 250 रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई है। इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गंगाबाई लोकचंद साहू ने ग्राम कांपा, तारों, टुकड़ा ढोंगईटोला प्लांट और खैरबाना कला के किसानों की समस्याओं से उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया था। किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए श्री शर्मा ने त्वरित कार्रवाई कर मुआवजा स्वीकृत करवाया।

बोड़ला विकासखंड के ग्राम खैरबाना कला के 215 किसानों को 29 लाख 57 हजार 669 रुपए, तारों के 188 किसानों को 9 लाख 72 हजार 146 रुपए, ढोंगईटोला प्लांट के 124 किसानों को 6 लाख 44 हजार 986 रुपए और कांपा 368 किसानों को 15 लाख 26 हजार 449 रुपए किसानों के खातों में सीधे मुआवजा राशि हस्तांतरित कर दी गई है, जिससे किसानों को तत्काल राहत मिली है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सरकार किसानों के दुख-दर्द को समझती है और उनकी हर समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गंगाबाई लोकचंद साहू ने उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों को समय पर राहत मिलना एक सराहनीय कदम है और इससे किसानों का विश्वास सरकार में और मजबूत हुआ है।

**किसानों ने जताया आभार**

क्षेत्र के किसानों ने त्वरित राहत कार्य के लिए उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रति आभार प्रकट किया है और आशा व्यक्त की है कि भविष्य में भी इसी तरह उनके हितों की रक्षा की जाएगी।

## विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण में वर्मीकल्चर और वर्मीकम्पोस्टिंग के बारे में ली जानकारी



**कुम्हारी,** 29 अप्रैल। स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी में कृषि विज्ञान केंद्र पहन्दा (अ) का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोनिता सत्संगी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। यह शैक्षणिक भ्रमण बी एस सी. द्वितीय सेमेस्टर के दक्षता विकास पाठ्यक्रम (एस ई सी) के अंतर्गत संचालित वर्मिकल्चर एवं वर्मिकम्पोस्टिंग हेतु आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने वर्मिकल्चर के तकनीकों जैसे फ्लोर हिप विधि, ग्रो बैग विधि एवं टैंक विधि का अवलोकन किया साथ ही केंचुए की प्रजातियों का अध्ययन किया। कृषि विज्ञान केंद्र की मृदा विशेषज्ञ डॉ. ललिता रामटेके के द्वारा मृदा परीक्षण हेतु सैंपल का संग्रहण, विश्लेषण करने की बारीकियों को समझाया गया। क्षेत्रीय भ्रमण विद्यार्थियों को जैविक खेती की महत्ता को समझने तथा रासायनिक खाद के लगातार प्रयोग से हो रहे मृदा की गुणवत्ता क्षति के प्रति जागरूक करने हेतु उपयोगी रहा द्य भ्रमण का नेतृत्व एस ई सी कोर्स कॉर्डिनेटर नेहा कुमारी सहायक प्राध्यापक, जंतुविज्ञान के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

# एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने रू20 सम्मेलन 2025 में रचा इतिहास




**बेमेतरा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। चंडीगढ़ स्थित चितकारा यूनिवर्सिटी में 25 से 27 अप्रैल 2025 तक आयोजित रू20 सम्मेलन 2025 में एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में देश भर से लगभग 20 प्रतिष्ठित बोर्डिंग स्कूलों के 350 से अधिक प्रतिभाशाली छात्रों ने भाग लिया, जिनमें द दून स्कूल (देहरादून), वेल्हम्स गर्ल्स स्कूल (देहरादून), यादविंद्र पब्लिक स्कूल (मोहाली), सनबीम स्कूल (वाराणसी), संस्कार वैली (भोपाल), डीपीएस (पिलानी), मेयो गर्ल्स स्कूल (उत्तराखंड), संजय घोडावत इंटरनेशनल स्कूल (कोल्हापुर), कोठारी इंटरनेशनल स्कूल (गुजरात) और राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स स्कूल (जोधपुर) जैसे प्रतिष्ठित संस्थान शामिल रहे।

इस भव्य सम्मेलन का आयोजन के माध्यम से किया गया था, जो भारत के प्रतिष्ठित बोर्डिंग स्कूलों का एक संगठन है। क्ष्ङ्क शिक्षा के क्षेत्र में समय-समय पर विविध कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल भी इसी समूह का सदस्य है और गर्व से कह सकते हैं कि आज देश भर के श्रेष्ठ बोर्डिंग स्कूलों के बीच हमारी उपस्थिति सशक्त होती जा रही है।

उक्त सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी विद्यालय भी के गौरवशाली सदस्य हैं।

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के 16 प्रतिभागियों ने निम्नलिखित चार चुनौतियों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया- इम्पैक्ट चैलेंज, कंटेंट क्रिएशन चैलेंज, थिएट्रिक्स चैलेंज, एंटरप्रेन्योर स्किल्स चैलेंज

कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद, एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल ने प्रत्येक श्रेणी में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई और थिएट्रिक्स चैलेंज में रनर-अप पुरस्कार जीता, इम्पैक्ट चैलेंज में 4 पदक हासिल किए, तथा पावर ड्रिल में भी 1 पदक प्राप्त किया।

यह सम्मेलन युवा प्रतिभाओं, उद्योग विशेषज्ञों और नवप्रवर्तकों को एक मंच पर लाकर भविष्य के लिए नवाचार और सकारात्मक परिवर्तन के अवसर तलाशने का अवसर प्रदान करता है।

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा अपने शैक्षणिक कैलेंडर में प्रतिवर्ष विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक एवं व्यावहारिक सम्मेलन को विशेष रूप से शामिल करता है। इसका उद्देश्य छात्रों को पुस्तक के बाहर की दुनिया से जोड़ना और उन्हें वास्तविक जीवन के अनुभव प्रदान करना है। इसी कड़ी में आयोजित चंडीगढ़ स्थित चितकारा यूनिवर्सिटी रू20 का यह सम्मेलन आयोजित किया गया।

समारोह के दौरान, एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के उपप्राचार्य श्री राकेश कुमार ने छात्रों को अपने प्रेरक संबोधन द्वारा नेतृत्व कौशल, सृजनात्मकता और सामाजिक दायित्व के महत्व पर प्रकाश डाला।

हमारे विद्यार्थियों ने जिस आत्मविश्वास, रचनात्मकता और समर्पण के साथ इस सम्मेलन में भाग लिया, वह वास्तव में प्रशंसनीय है।

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल का हर विद्यार्थी एक नयी प्रेरणा गाथा लिख रहा है — और हमें आप सभी पर गर्व है।

विद्यालय संचालिका श्रीमती भावना बोहरा ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें सतत प्रयास, नवाचार और दृढ़ संकल्प की राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने जिस जुनून, लगन और प्रतिबद्धता के साथ इस सम्मेलन में भाग लिया, वह विद्यालय के लिए गौरव की बात है।

आज की दुनिया तेज़ी से बदल रही है। आने वाला समय केवल किताबी ज्ञान का नहीं, बल्कि नवाचार, समस्या समाधान, नेतृत्व, रचनात्मकता और सहानुभूति का होगा। इस मंच ने आपको इन्हीं कौशलों को पहचानने और विकसित करने का एक व्यावहारिक अवसर दिया है।

मैं आप सबसे यह कहना चाहती हूँ — स्वप्न देखें, बड़े सपने देखें। और उन सपनों को साकार करने के लिए अथक परिश्रम करें।

याद रखिए, सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। ईमानदारी, अनुशासन, निरंतरता और सकारात्मक सोच ही वे चार स्तंभ हैं, जिन पर एक सशक्त व्यक्तित्व और सुनहरा भविष्य निर्मित होता है।

मैं विद्यालय के सभी शिक्षकों का भी आभार प्रकट करना चाहती हूँ, जिनके मार्गदर्शन और प्रशिक्षण ने आज हमारे विद्यार्थियों को इस मुकाम तक पहुँचाया। साथ ही, अभिभावकों का भी धन्यवाद, जिनके विश्वास और सहयोग हमारे विद्यालय को निरंतर प्राप्त होता रहा है।

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने इस सम्मेलन में न केवल पुरस्कार अर्जित किए बल्कि द्वद्गठ्ठद्धह्लह्य और आयोजकों के हृदयों में अपनी अमिट छाप भी छोड़ी।

# परपोड़ा में स्टार क्लब प्रो कबड्डी टूर्नामेंट के समापन समारोह में योगेश तिवारी ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह




**बेमेतरा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम परपोड़ा में आयोजित स्टार क्लब प्रो कबड्डी टूर्नामेंट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिन्दू सनातन संगठन एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

योगेश तिवारी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी हुई प्रतिभाओं को इस प्रकार के आयोजनों से मंच मिलता है, जिससे वे आगे चलकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं।

समारोह के दौरान योगेश तिवारी ने विजेता टीम बिरोदा और उपविजेता टीम दारगांव को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया। उन्होंने आयोजन समिति और ग्रामवासियों को भी सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं और भविष्य में ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, जिला पंचायत सभापति प्रीतम सिंह चंदेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल, जनपद सदस्य नीरज राजपूत, सरपंच डॉ. फत्तेलाल साहू, मालिकराम साहू उपसरपंच, बीरेंद्र साहू, मनोज साहू, कमल साहू, राजेश सिंह राजपुत, अरविंद सिंह राजपुत, त्रिलोक राजपुत, तुमनाथ साहू, भारत निषाद, रामवतार साहू, प्रियांशु राजपूत आयोजन समिति अध्यक्ष, देवेंद्र साहू, मोहनीश निषाद, दीनू निषाद, निखिल राजपूत, अमित राजपूत, ऋतिक राजपूत, रामप्रसाद निषाद, दिनेश साहू, ज्ञानेश्वर साहू, मोहित साहू, ओमप्रकाश साहू, शिवकुमार साहू, भानु साहू, हेमंत साहू, वेदप्रकाश निषाद, लायकराम साहू, अर्जुन निषाद, इंद्रपाल विश्वकर्मा, बंटी मानिकपुरी, राजेंद्र सेन, टेकराम साहू, सागर हुड्डा, तरुण साहू, एवन साहू, जूनियर साहू, हरीश साहू सहित कई गणमान्य नागरिक एवं आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

योगेश तिवारी की मौजूदगी ने न केवल कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई, बल्कि खिलाड़ियों में भी नया जोश और उत्साह भर दिया।

# भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव,अक्षय तृतीया पर होगा पूजन आरती प्रसाद वितरण



**बेमेतरा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज बेमेतरा द्वारा श्री श्री 1008 श्री शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा अनावरित भगवान परशुराम जी के समक्ष प्रात: 8 बजे सत्यनारायण व्रत कथा विधि विधान से आचार्य पंडित थानेश्वर दीवान के आचार्यकत्व एवम मुख्य यजमान श्री राकेश मोहन मनीषा शर्मा द्वारा सम्पन्न होगा ।तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा ।संध्या 07 बजे भगवान परशुराम जी की नियमित आरती संपाद लक्षेश्वर धाम सलधा के दंडी स्वामी श्रीमज्ज्योतिरमयानंद:सरस्वती जी महाराज की विशेष उपस्थिति में किया जाएगा ।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सर्व ब्राह्मण समाज बेमेतरा द्वारा प्रति वर्ष की भांति भगवान परशुराम जयंती के शुभ अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम रखा गया है।

जिसमें दिनांक 30 अप्रैल को सुबह 8 बजे से सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा परशुराम जयंती अवसर पर भगवान सत्यनारायण की कथा पूजन फिर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

संध्या कालीन बेला में भगवान परशुराम जी की भव्य संध्या महाआरती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी विप्रवर बंधु सहपरिवार उपस्थित होकर इस मंगल कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।

छत्तीसगढ़ सर्व ब्राह्मण समाज बेमेतरा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला और प्रांत उपाध्यक्ष लेखमणि पाण्डेय ने बताया की गणमान्य जनता जिसमें विधायक दीपेश साहू जिलापंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा एवं सभी सम्मानित पार्षद गण को इस कार्यक्रम में शामिल होने और परशुराम जयंती की शोभा बढ़ाने के लिए उपस्थित रहेंगे ।उक्त जानकारी दीपक पाण्डेय प्रदेश प्रचार सचिव सर्व ब्राह्मण समाज छत्तीसगढ़ ने दी है

भगवान परशुराम का जन्म प्रदोष काल में हुआ था। इसलिए भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना संध्याकाल में करने का विधान है। परशुराम जयंती 30 अप्रैल 2025 को मनाई जाएगी। साथ ही अक्षय तृतीया का पर्व भी मनाया जाएगा।

# पहलगाम घटना के विरोध में मुस्लिम समाज ने आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए

**आतंकवाद का पुतला फूंककर किया विरोध**




**बेमेतरा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर के सिग्नल चौक पर मुस्लिम समाज ने बीते 22 अप्रैल को पहलगाम में दहशतगर्दी द्वारा मासूमों के कत्लेआम के विरोध में आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए एक स्वर में इस घटना की निंदा की। बड़ी संख्या में उपस्थित मुस्लिम समाज के लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आतंकवाद का पुतला फूंककर आक्रोश जताया।

विरोध प्रदर्शन के दौरान मुस्लिम जमात अध्यक्ष सैय्यद कौशर अली ने अपनी बात रखते हुए कहा कि यह घटना दिल दहला देने वाली है और हम हिन्दुस्तान के मौजूदा सरकार से ये मांग करते हैं कि इन दहशत गदाँ को पनाह देने वाले पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कदम उठाए और कड़ी से कड़ी सजा दे। हम यह बताना चाहते हैं कि हिन्दुस्तान के मुसलमान अमन पसंद हैं इस घटना के लिए पाकिस्तान को कभी माफ नही करना चाहिए। मुस्लिम समाज इसका पुरजोर विरोध करता है।

पूर्व पार्षद वाहिद रवानी,गुलज़ार अली ने कहा कि यह देश अमन परस्त है यहां हमसब हिन्दू,मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी मिलकर रहते हैं। आतंकवादियों के इस कायराना हरकत को देश कभी माफ नहीं करेगा और पूरा मुस्लिम समाज सरकार से यह गुजारिश करता हैं कि इन दहशतगदों को मौत की सजा दी जाय और पाकिस्तान को भी मुहतोड़ जवाब देकर यह बताया जाए कि दहशतगर्दी का अंजाम क्या होता है। इस देश की कौमी एकता ही हमारी पहचान है।

**मृतात्माओं को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि**

घटना पर आक्रोश जताने के पश्चात मुस्लिम समाज के लोगों ने मोमबत्ती जलाकर मृतात्माओं की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। इस घटना की निन्दा करने वालों में हाजी गफ्फार शेखनी ,हाजी सैयद नवाब अली हाजी अब्दुल कादर मेमन,सैयद कोशर अली, नगर पालिका के पूर्व सभापति अब्दुल वाहिद रवानी,सैयद अहमद अली,फैजान अली ,मो इमरान शेख,साबिर शेख,मो सादाब ,मो शाहबाज़,मो यूसुफ ,गुलाम रिज़वी,फ़िरोज़ मलकानी,रिज़वान कुरेशी,सैयद रियासत अली,सैयद आसिफ अली पार्षद आकिब मलकानी,शब्बीर अली,फारूक अहमद ,मो तौफिक मेमन,अल्लारख रिज़्वी , मोइन कुरेशी,समीर सरदफ़,सैयद गुलज़ार अली, मो सोहेल मेमन,सैयद अस्साद अली ,सैयद अज़हर अली,अनवर खान,हाजी असलम शेखनी मो इलयास शेखनी सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित थे।

# पहलगॉव के मृत सैलानियों को सशिमं में दी गयी श्रद्धांजलि



**थानखम्हरिया,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में पहलगॉव में मृत हुये सैलानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी तथा आतंकवादियों के इस जघन्य अपराध की घोर निंदा करते हुये इन्हें नेस्तनाबूत करने की मांग की गयी। सशिमं के सभाकक्ष में मैथिली शिक्षण समिति के सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारणकर मृत सैलानियों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की गयी। उपस्थित सदस्यों ने आतंक के पर्याय पाकिस्तान को सबक सिखाये जाने की मांग की। सदस्यों ने कहा आतंकवाद की फैक्ट्री पाकिस्तान को धराशायी किया जाना आवश्यक हो गया है। आतंकवादियों और उनके आकाओं का खात्मा किया जाना जरूरी है। साथ ही देश के गद्दारों पर भी सख्त कार्रवाई किये जाने की मांग की। इस अवसर पर सुरेश सिंघानिया, पुरूषोत्तम सिंघानिया, राकेश जोशी, पुरूषोत्तम अग्रवाल, गोपाल कागलीवाल, निखिल अग्रवाल, देवानंद त्रिपाठी, साकेत सिंघानिया, लखनलाल साहू आदि उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने चलाया गया वाहन मोटर चेकिंग अभियान

**विशेष अभियान के तहत 749 लापरवाह वाहन चालकों पर किया गया 1,88,500 रु. की चालानी कार्यवाही**




**बालोद,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक बालोद योगेष कुमार पटेल के निर्देषन पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अषोक कुमार जोषी के मार्गदर्षन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बालोद देवांष सिंह राठौर एवं यातायात प्रभारी निरीक्षक राकेष ठाकुर के नेतृत्व में यातायात बालोद द्वारा विगत सप्ताह विषेष मोटर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस वाहन चकिंग अभियान का उद्देष्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना एवं आम जनाें कों यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारीयों, यातायात बालोद द्वारा 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक मोटर वाहन चेकिंग में 749 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर 1,88,500रू. राषि वसूल किया गया है। विषेष तौर पर मालवाहक वाहन में सवारी बैठाने वाले 08 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर 42,400रू. समन शुल्क वसूल किया गया एवं शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 04 प्रकरणों में कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां माननीय न्यायालय द्वारा 41,000रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। शराब सेवन कर वाहन चलाने एवं मालवाहक में सवारी बैठाने वाले वाहन चालकों का लायसेंस निलंबन के लिए संबंधित परिवहन विभाग को पत्र जारी कर उनका लायसेंस भी निलंबन कराया जा रहा है। यातायात पुलिस बालोद के द्वारा लगातार वाहन चालको से यातायात नियमों का पालन करने अपील की जा रही है। आम जनो एवं वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए बालोद पुलिस सदैव तत्पर है। यातायात पुलिस बालोद आम नागरिकों से अपील करता है कि मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करे, यातायात नियमों का पालन करे, रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करे, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवष्य लगावें व वाहन चलाते समय वाहन के दस्तावेज हमेषा अपने साथ रखे।

# लोधि कापा सेवा सहकारी समिति में समस्याओं का अंबार, कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की



**थानखम्हरिया,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। तेलघानी विकास बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू के शपथ ग्रहण समारोह में क्षेत्र से सैकड़ो लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑटोडोरियम में आयोजित कार्यक्रम में सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष श्री तोशू सिंह वर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से भेंट मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिसमें सोसाइटी में क्रांकीटीकरण तथा बाउंड्री वॉल टीन सेट संबंधी कार्यों से अवगत कराया। तथा पंचायत पूर्व में किए गए, भ्रष्टाचार के विषय में जानकारी दी। जिसे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढा। और कारवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गिरधारी निर्मलकर सरपंच ग्राम खपरी, राजेंद्र निर्मलकार, गुलाब साहू मुकेश वर्मा, लखन वर्मा, नरेश निर्मलकर, देवा वर्मा उपस्थित रहे।

# एसपी रामकृष्ण साहू ने किया थाने का निरीक्षण दिए कई निर्देश

**देशबंधु प्रतिनिधि अनिल सिंघानिया से खास मुलाकात**



**थानखम्हरिया,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। एसपी पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने थाना का निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने लंबित मामलों की समीक्षा की पुलिस गस्त की व्यवस्था ने को मजबूत करने के लिए निर्देश दिए, और आमजन से समन्वय स्थापित करने के लिए निर्देश जारी किया, निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस के समक्ष उत्पन्न हुए समस्याओं से भी अवगत हुए ,थाना परिषद का निरीक्षण किया साथ ही उन्होंने थाना परिसर में साफ सफाई का भी आलोकन किया एसपी ने थाना प्रभारी चंद्र देव वर्मा से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी लिए अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गस्त तेज करने का निर्देश भी दिया न्यायालय से जुड़े मामलों में शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया निरीक्षण के बाद एसपी ने गांजा, जुआ, शराब ,माफियाओं पर नकेल कसने का आदेश दिया एसपी ने करीब 2 घंटे तक थाने में विभिन्न पंजीयों का जांच किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया एसपी ने बताया नया कानून की समीक्षा लंबित प्रकरण कुर्की जाप्ती वारंट समीक्षा विधि व्यवस्था के अनुसंधान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया!

अंतिम में एसपी रामकृष्ण साहू ने थाना प्रभारी चंद्र देव वर्मा को थाना परिसर में पत्रकार जनप्रतिनिधि की एक बैठक आहूत करने की बात कही।

# सायबर फ्रॉड का आरोपी कानपुर से गिरफ्तार

**■ प्रकरण में पूर्व में कमलेश रावटे की हो चुकी है गिरफ्तारी, कुल 02 आरोपी गिरफ्तार**

**बालोद,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के देवरी थानान्तर्गत प्रार्थी खिलेश देवांगन पिता शेखर देंवागन निवासी पिनकापार ने थाना देवरी के साइबर पोर्टल से प्राप्त शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कराया है कि संदेही कमलेश रावटे ने अवैध रूप से किसी अन्य व्यक्ति के रकम को ट्रांजेक्शन कराकर किसन यादव के खाता में कुल 174900 रूपये अवैध रूप से ट्रांसफर कराया गया। उक्त रकम में से आवेदक खिलेश देवांगन का खाता का उपयोग कर घटना 02 अप्रैल से 05 अप्रैल 2025 तक अपने गांव के ग्राहक सेवा केन्द्र में कुल 77200 रूपये संदेही द्वारा नगद निकालकर प्राप्त किया गया। संदेही कमलेश रावटे के द्वारा किशन के बैंक खाते से छत्रपाल के खाता में फने पे क्यूआर कोड से 42000 रूपये ट्रांजेक्शन कराकर नगदी रकम प्राप्त किया है। संदेही कमलेश रावटे के बैंक खाता का उपयोग म्यूल एकाउन्ट के रूप में अवैध राशि ट्रांजेक्शन होने से उसका बैंक खाता होल्ड होने से संदेही ने गांव के किशन, छत्रपाल व खिलेश देवांगन के खाता से नगदी रकम प्राप्त किया गया है यह जानते हुए कि वह रकम उसका नही है। सायबर फ्राड से अवैध धन राशि धोखाधडी से बेईमानी पूर्वक लाभ अर्जित करने के लिए किया जाना पाया जाने से थाना देवरी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग राम गोपाल गर्ग के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के पर्यवेक्षण में एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर के नेतृत्व में थाना देवरी के अपराध प्रकरण में आरोपियों के संबधं में तकनीकी साक्ष्य, बैंक डिटेल, केवायसी डिटेल, बैंक ट्रांजेक्शन हिस्ट्री की जानकारी एकत्र कर प्रकरण के आरोपी कमलेश रावटे पिता रामचरण रावटे पता ग्राम परना डोंगरगांव को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी कमलेश रावटे से पूछताछ करने पर वह बताया की वह उ0प्र0 निवासी पंकज सिंह के कहने पर उसे सायबर फ्राड मे उपयोग करने हेतु कुछ बैंक खाता कमीशन पर उपलब्ध कराता था। और फ्राड रकम को चॉइस सेन्टर के माध्यम से और गांव के कुछ लोगो के बैंक खाता का उपयोग कर नगदी रकम प्राप्त कर कमीशन की रकम अपने पास रख्कर बाकी राशि पंकज सिंह के बताये बैंक खाता डाल देता था। थाना देवरी व सायबर सेल बालोद से संयुक्त टीम रवाना होकर कानपुर उ0प्र0 गये। टीम द्वारा लोकल स्तर पर ग्रामीण वेशभूषा में कैम्प कर आरोपी के संबंध में जानकारी प्राप्त कर तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपी पंकज सिंह को चिंन्हाकित कर लोकल पुलिस की मदद से रेड कार्यवाही किया गया। आरोपी पंकज कुमार सिंह पिता रविंद्र सिंह उम्र 27 साल निवासी एलआईजी 97 प्लाट जरौली फेस 2 बर्रा 8 कानपुर नगर थाना गुजैनी पुलिस चौकी जरौली कानपुर उत्तरप्रदेश को विधिवत गिरफ्तार कर बालोद लाया गया।

# नवीन कानूनों पर रेंज स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

- कार्यशाला के मुख्य वक्ता डीपीओ कबीरधाम कृष्ण कुमार चतुर्वेदी द्वारा दिया गया प्रशिक्षण
- राजनांदगांव रेंज के लगभग 150 से अधिक विवेचक रहे उपस्थित।



**राजनांदगांव,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। आज 29 अप्रैल को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन, प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव में आयोजित किया गया। जिसमें पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव श्री अभिषेक शांडिल्य एवं पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्री मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती गीता वागवानी की उपस्थिति में डीपीओ कबीरधाम श्री कृष्ण कुमार चतुर्वेदी द्वारा नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के विषय में 150 से अधिक विवेचकों को प्रशिक्षण दिया गया।

डीपीओ कबीरधाम श्री कृष्ण कुमार चतुर्वेदी के द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में पुलिस को सशक्त करने के लिये प्रक्रियाओं में लाये गये सुदृढ़ता को बताया की एफआईआर से लेकर ऑनलाईन शिकायत जांच, गिरफ्तारी अन्य प्रक्रियाओं को भी बताया गया। भारतीय संहिता में हुये मूल परिवर्तन को बताते हुये कहा की भारतीय न्याय संहिता सभी वर्गो के लिये न्याय सुनिश्चित करेगी जिसमें नवीन अपराध, झपटमारी, देशद्रोह, संगठित अपराध जैसे विभिन्न अपराधों को समावेश पर प्रकाश डाला और पहली बार किसी अपराध में सामुदायिक सेवाआओं को दंड में शामिल करने पर किया जाना बताया गया। भारतीय साक्ष्य अधिनियम में साक्ष्यों के रूप में इलेक्ट्रानिक दस्तावेज, इलेक्ट्रानिक उपकरण एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों पर अधिक बल देने हेतु न्याय की प्रक्रिया को प्रमुखता से सुनिश्चित करने वाला पहल बताये, नए आपराधिक कानूनों को धाराओं और सजा से अवगत कराया गया एवं उनको जागरूक कर उनकी क्षमता को विकसित कर प्रभावी कार्य करने के लिए समस्त अधिकारियों को प्रेरित किया।

आईजी अभिषेक शांडिल्य द्वारा कहा की इस प्रशिक्षण का उद्देश्य था कि विवेचक नवीनतम कानूनी प्रावधानों और प्रक्रियाओं से अवगत हों, जिससे वे अपने जांच कार्यों को अधिक प्रभावी और न्यायसंगत तरीके से संपन्न कर सकें। प्रशिक्षण सत्र में विवेचकों को नवीन कानूनों की व्याख्या, उनके अनुप्रयोग, और जांच प्रक्रिया में आने वाली चुनौतियों के समाधान पर विशेष ध्यान दिया गया।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा इस अवसर पर कहा कि कानूनों में समय-समय पर होने वाले परिवर्तनों के कारण विवेचकों को निरंतर अद्यतन रहना आवश्यक है, ताकि वे न्यायिक प्रक्रिया में अपनी भूमिका को प्रभावी ढंग से निभा सकें। इस तरह के प्रशिक्षण सत्र न केवल विवेचकों की पेशेवर दक्षता को बढ़ाते हैं, बल्कि न्याय प्रणाली में पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने में भी सहायक होते हैं। उनको जागरूक कर उनकी क्षमता को विकसित कर प्रभावी कार्य करने के लिए समस्त अधिकारियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में एसपी श्री गर्ग के द्वारा समस्त विवेचकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विश्वास जताया कि सभी अधिकारी नए कानूनों के संबंध में विशेष रुचि लेकर समझकर प्रभावी कार्य संपादन कर पाएंगे।

पुलिस महानिरीक्षक रेंज अभिषेक शांडिल्य के द्वारा डीपीओ कबीरधाम श्री कृष्ण कुमार चतुर्वेदी को स्मृति चिह्न भेंट कर नए कानूनों के संबंध में जागरूक करने पर उनका आभार व्यक्त किया गया।

उपरोक्त कार्यक्रम में डीएसपी डोंगरगढ आशीष कुंजाम, डीएसपी दिलीप सिसोदिया, डीएसपी आजाक श्रीमती तनुप्रिया ठाकुर, प्रशिक्षु आईपीएस ईशु अग्रवाल एवं जिला राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अं.चौकी के सउनि से निरीक्षक तक लगभग 150 से अधिक विवेचकगण उपस्थित रहे।

# अक्षय तृतीया एंव भगवान परशुराम की जयंती पर सभी नगर के धर्मावलंबियों को महापौर ने दी शुभकामनाएं

**राजनांदगांव,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जी की जयंती पर महापौर श्री मधुसूदन यादव ने नगर वासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने भगवान श्री परशुराम जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे भगवान शंकर के परम भक्त थे। भगवान शंकर जी ने ही परशुराम जी को एक अमोघ अस्त्र. परशु प्रदान किया था। इनका वास्तविक नाम राम था, किंतु हाथ में परशु धारण करने से ये परशुराम नाम से विख्यात हुए। ये अपने पिता के अनन्य भक्त थे, पिता की आज्ञा से इन्होंने अपनी माता का सिर काट डाला था, लेकिन पुनः पिता के आशीर्वाद से माता की स्थिति यथावत हो गई। यह ईश्वरीय चमत्कार था और उनकी परीक्षा जिसमें उन्होंने अपने पिता के आदेश पर तत्क्षण भी नहीं सोचा और अंततः ईश्वरीय चमत्कार से माता जी पुनः यथास्थिती में हो गई। भगवान विष्णु के अवतार परशुराम जी का जन्म वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हुआ था. इस वजह से हर वर्ष परशुराम जयंती इस तिथि को मनाई जाती है।

महापौर श्री यादव ने अक्षय तृतीया की बधाई देते हुये कहा कि यह पर्व दान पून्य का पर्व है, इस दिन शुभकार्य करना अच्छा माना जाता है। इसलिये इस दिन बिना मुहुर्त के शादी ब्याह सहित अन्य मांगलिक कार्य किया जाता है। छत्तीसगढ़ में इस दिन पितरों का तर्पण अक्ती पानी देकर किया जाता है। उन्होंने सभी नगरवासियों को अक्षय तृतीया एवं परशुराम जयंती की बधाई देते हुये सभी के लिये मंगलमय जीवन की कामना की है।

महापौर श्री यादव सहित निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री साावन वर्मा, सुनील साहू, राजेश जैन रानू, श्रीमती बिना ध्रुव, शैंकी बग्गा, आलोक श्रोती, राजा माखीजा, श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा, श्रीमती केवरा विजय राय, एवं डीलेश्वर प्रसाद साहू, सहित अपील समिति के सदस्यों श्रीमती श्रुती लोकेश जैन, श्री संतोष कुमार साहू, श्रीमती मोहनी बाई एवं श्री सेवक राम उइके तथा पार्षदों ने भी नागरिकों को परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया पर अपनी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम के आदर्शो पर चले और अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर शुभ कार्य कर दान पून्य कर अपने जीवन को सफल बनाये।

# नरेश टिकैत का किसान मोर्चा पुतला दहन करेगा

**राजनांदगांव,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश आव्हान पर, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की दिशानिर्देश पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टीकैत का किसान मोर्चा द्वारा पुतला दहन किया जाएगा।



किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष हीरेंद्र साहू ने बताया कि टिकैत द्वारा दिया गया बयान पाकिस्तान परस्त और देशद्रोह की श्रेणी में आता है, भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा इस बयान का पुरजोर विरोध करती है, भारत के सर्वोच्च सदन के सर्वमान्य नेता के द्वारा देशहित में लिए गए निर्णय की अवहेलना करना और देश के हित में लिए गए संवेदनशील मुद्दे पर बयान देना निश्चय ही देश विरोधी कृत्य है, पहलगाव में हुए घृणित कृत्य के विरोध में भारत में निश्चय किया की सिंधु जल समझौता तोड़ा जाएगा, पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा नहीं दिया जाएगा, यहां पर जितने भी पाकिस्तानी अधिकारी है, उन्हें वापस जाने कहा गया। इस विषय पर टीकैत ने गलत बयान बाजी की जो स्पष्ट रूप उनको पाकिस्तान परस्ती होना दिखाता है । भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा इस बयान से आक्रोशित है और कल दिनांक 30 अप्रैल को 11ः00 बजे महावीर चौक से रैली के माध्यम से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, रैली महाकाल चौक ( मानव मंदिर) पहुंचेगी, जहां पर भाजपा द्वारा नरेश टीकैत का पुतला दहन भी किया जाएगा तत्पश्चात जिला कलेक्टर को ज्ञापन भी सोपा जाएगा।

# भगवान श्री परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर सांसद एवं विधायक ने नागरिको को दी शुभकामनाएं

**राजनांदगांव,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। दान, पुण्य एवं मांगलिक व शुभ कार्य शुभारंभ करने के पावन दिन अक्षय तृतीया तथा भगवान श्री परशुराम जी जन्म जयंती की विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद श्री संतोष पाण्डे ने नागरिकों को अनन्य शुभकामनाए दी है।

विधायक डॉ. सिंह एवं सांसद श्री पाण्डे ने भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि परशुराम जयंती भगवान विष्णु के छठे अवतार, भगवान परशुराम के जन्मदिवस के रूप में मनाई जाती है। यह पर्व वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को आता है। भगवान परशुराम को शस्त्र विद्या, धर्म रक्षा और अन्याय के विरुद्ध युद्ध का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने क्षत्रियों के अत्याचार को समाप्त किया और धर्म की स्थापना की। इसी कारण परशुराम जयंती केवल एक जन्मोत्सव नहीं है, यह धर्म और न्याय के समर्थन का भी पर्व है।

सांसद एवं विधायम ने अक्षय तृतीया के प्रंसग पर कहा कि अक्षय तृतीया या आखा तीज वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को कहते हैं। पौराणिक ग्रंथों के मुताबिक, इस दिन जो भी शुभ कार्य किए जाते हैं, उनका अक्षय फल मिलता है। इसी कारण इसे अक्षय तृतीया कहा जाता है। वैसे तो सभी बारह महीनों की शुक्ल पक्षीय तृतीया शुभ होती है, लेकिन वैशाख माह की तिथि स्वयंसिद्ध मुहूर्तो में मानी गई है। भविष्य पुराण के मुताबिक, इस तिथि की युगादि तिथियों में गणना होती है, सतयुग और त्रेता युग का प्रारंभ इसी तिथि से हुआ है। प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बद्रीनारायण के कपाट भी इसी तिथि से ही पुनरू खुलते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन से प्रारंभ किए गए कार्य या इस दिन को किए गए दान का कभी भी क्षय नहीं होता। उन्होंने इस पावन पर्व को उमंग व उल्लास के साथ मनाने की नागरिको से अपील की है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 20 जोड़ी का विवाह संपन्न

**राजनांदगांव,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। आज नगर पंचायत घुमका में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री अरुण साव जी शामिल हुए साथ में राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे, श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल विधायक डोंगरगढ़, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविंद्र वैष्णव, जिला भाजपा अध्यक्ष कमल सिंह राजपूत, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू, जिला पंचायत सभापति किरण विनोद बारले, जिला पंचायत सभापति देवकुमारी साहू, जिला पंचायत सभापति शीला टाकेश सिन्हा आदि के अतिथि में हुआ।



सामाजिक बंधुओ ने एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा अतिथियों को गजमल पहनाकर पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत सम्मान किया।

मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन अरुण साव ने संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह दिन ऐतिहासिक दिन है ऐतिहासिक पल है घुमका नगर पंचायत के विकास कार्यों के लिए डेढ़ करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया। आप सभी के आशीर्वाद से प्रदेश में विष्णु देव साय सरकार के नेतृत्व में विकास के सभी कार्य किए जा रहे हैं। श्री अरुण साव ने आगे कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने लोगों के चिंता को मिटा दिया है। हर गरीब के आवास बनाने का काम देश की यशस्वी प्रधानमंत्री जी कर रहे हैं। 14 लाख आवास देने का काम इस 15 महीने के कार्यकाल में कर चुके हैं और प्रधानमंत्री आवास योजना 2 के सर्वे के काम चल रहा है। दूसरे योजना आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीबों को 5 लाख तक के मुफ्त में इलाज का काम देश के प्रधानमंत्री जी कर रहे हैं और तीसरा काम प्रदेश के मुख्यमंत्री जी कर रहे हैं मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 50 लाख दे रहे हैं। और प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री जी ने माताओ, बहनो के खाते में महतारी वंदन योजना के तहत 1000 खाते मे दे रही है। जहां माताओ की सम्मान होती है वहा सुख समृद्धि और शांति आती है यही विष्णु देव साय सरकार कर रही है।

राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे ने संबोधित करते हुए सभी नव दंपतियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने नव दंपतियों को उपहार भेंट किया और बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# महापौर मधुसूदन यादव अपने कार्यकाल का पहला बजट 2 मई को पेश करेंगे

**राजनांदगांव,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम की बजट बैठक 2 मई 2025 शुक्रवार को अपरान्ह 12:00 बजे नगर निगम टाउन हाल सभागृह में आहूत की गई है। बैठक में पुनरीक्षित आय-व्यय वर्ष 2024-25 एवं प्रस्तावित आय-व्यय बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 के स्वीकृति के संबंध में विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया जायेगा।

बजट बैठक के संबंध में निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा ने बताया कि अपरान्ह 12:00 बजे से बैठक प्रारंभ होगी। बैठक में महापौर श्री मधुसूदन यादव अपने कार्यकाल का शहर विकास के लिये पहला बजट पेश करेंगे, बैठक के प्रारंभ में बजट प्रतिवेदन का पठन किया जायेगा। पठन उपरांत चर्चा पश्चात निर्णय लिया जावेगा। उन्होनें महापौर सहित निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों, पार्षदों व पत्रकार बंधुओं एवं अधिकारियों कर्मचारियों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

# नवाजतन योजना में ब्लाक डौण्डी की समस्त प्राथमिक शाला कर रहे बेहतर कार्य

- शिक्षिका ममता झा, पद्मनी साहू को बेहतर कार्य के लिए किये सम्मानित



**डौण्डी/दल्लीराजहरा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु) ।पूरे प्रदेश मे निपुण भारत मिशन (स्नरूह) और नवाजतन का संचालन सफलतापूर्वक राज्य के समस्त प्राथमिक शालाओं मे मे किया जा रहा है ।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत कक्षा 1 से 3 तक के सभी बच्चों को मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान मे 2026-27 तक दक्ष करने का लक्ष्य है ।इसी कड़ी मे बहुत सारे शिक्षक राष्ट्रीय मिशन को सफल बनाने हेतु बेहतर प्रयास कर रहे है । उत्कृष्ठ प्रदर्शन और प्रयास करने वाले शिक्षकों और शालाओं को राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ( स्ष्टश्वक्रञ्ज) की ओर से अंजनेय यूनिवर्सिटी रायपुर में राज्य स्तर पर अतिरिक्त संचालक लोक शिक्षण संचनालय रायपुर डॉ योगेश शिवहरे और उप संचालक लोक शिक्षण संचनालय आशुतोष चाँवरे के द्वारा सम्मानित किया गया । जिसमे डौंडी विकासखंड को स्नरूह और नवाजतन योजना में बेहतर कार्य और प्रदर्शन के लिए सच्चिदानंद शर्मा खंडस्त्रोत समन्वयक डौंडी को सम्मानित किया गया ।स्नरूह और नवाजतन योजना के माध्यम से मूलभूत साक्षरता और सख्या ज्ञान मे 100त्न परिणाम देने वाले राज्य के 100 शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया । जिसमे जिला से प्रमुख रूप से प्राथमिक शाला औराटोला , विकासखंड डौंडी की शिक्षिका ममता झा और प्राथमिक शाला जगतरा बालोद, पदमनी साहू को बेहतर कार्य करने के लिए प्रमाणपत्र, मोमेंटों और पुस्तिका देकर सम्मानित किया गया ।इस कार्य मे विशेष सहयोग के लिए लैंग्वेज एण्ड लर्निंग फाउंडेशन के सदस्य विजय साहू, उत्तम साहू और माया पवार को भी राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया । इस सफलता के लिए जिला शिक्षा अधिकारी प्रभात मरकले, छ्रस्ष्ट अनुराग त्रिवेदी, खंड शिक्षा अधिकारी जयसिंग भारद्वाज, खंड स्त्रोत समन्वयक बालोद गजेन्द्र, जिला प्रभारी शोभा बेंजामीन, लैंग्वेज एण्ड लर्निंग फाउंडेशन के जिला प्रबंधक कृष्णा कुमार, ढालेन्द्र सिन्हा, प्रधान पाठक सीएल दिल्लीवार एवं समस्त संकुल समन्वयकों ने बधाई प्रेषित किया है।

# शहर के बापुटोला में अवैध प्लाटिंग की जांच की मांग

## कांग्रेस प्रवक्ता अभिमन्यु मिश्रा ने दिया नवपदस्थ कलेक्टर को ज्ञापन

**राजनांदगांव,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के नवपदस्थ कलेक्टर श्री सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने जनता से मुलाकात की समय सारणी जारी की गई है जिसमें वे सप्ताह में तीन दिन सुबह 10 से 1.30 बजे तक जिलावासियों से मुलाकात करेंगे इसी कड़ी के आज प्रथम दिन छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने उनसे भेंट कर बहुचर्चित बापुटोला अवैध प्लाटिंग मामले में जांच की मांग की है।



उन्होंने बताया कि पिछले काफी समय से बजरंगपुर नवागांव वार्ड के बापुटोला में प्रीकास्ट वॉल निर्मित कर अवैध प्लाटिंग की शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा की जाती रही है इसे ले कर पूर्व में स्थानीय पार्षद द्वारा भी शिकायत की गई थी उक्त प्लॉटिंगकर्ता द्वारा सत्ता के संरक्षण की बात जगह जगह मौखिक रूप से कही जाने की बाते भी सामने आई हैं इसे ले कर बिंदुवार रूप से खसरा नंबर इत्यादि सहित जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया है और जांच की मांग की गई है व आगे भी लगातार जनता की शिकायतों को ले कर कलेक्टर महोदय को अवगत कराया जाएगा आशा है कि उक्त मामले को गंभीरता से लिया जाएगा, जांच व उचित कार्यवाही न किए जाने पर उच्च स्तरीय शिकायत सहित आंदोलन की भी बात कही ।

# केसीजी जिले में लाखों की अवैध शराब के साथ तीन आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**खैरागढ़,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। केसीजी जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खैरागढ़ पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। 28 अप्रैल को पुलिस चौकी जालबांधा अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर तीन आरोपियों को 150 नग अवैध शराब की बोतलों के साथ गिरफ्तार किया गया। एसपी त्रिलोक बंसल व एएसपी नितेश कुमार गौतम एवं एसडीओपी आशा रानी के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी के साथ साइबर सेल के आरक्षक आशीष वर्मा और अख्तर मिर्जा की अहम भूमिका रही। जानकारी अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक स्कूटी से अवैध शराब लेकर नंदकट्टी की ओर से जालबांधा आ रहे हैं। शनि मंदिर चौक शेरगढ़ के पास नाकाबंदी कर उन्हें रोका गया। स्कूटी (जुपिटर की कीमत 1 लाख) में सवार युवकों की पहचान धनराज बंजारे निवासी ग्राम पवनतरा एवं अजय बंजारे निवासी ग्राम जालबांधा के रूप में हुई। तलाशी लेने पर स्कूटी में 60 नग गोवा स्पेशल अंग्रेजी व्हिस्की कीमत 7200 एवं 90 नग शोले देशी शराब कीमत 7200, एक मोबाइल कीमत 5000 बरामद किया गया। कुल जब्ती कीमत 1 लाख 19 हजार 400 बताई गई। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे संतोष सोनवान के कहने पर मजदूरी में शराब की ढुलाई और बिक्री करते थे। संतोष स्थानीय भट्टियों से शराब मंगवाकर इनसे बिक्री कराता था। वैध लाइसेंस नहीं दिखाने पर तीनों आरोपियों पर धारा 34(2), 42 छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम एवं 111(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। धनराज और अजय पर पूर्व में भी खैरागढ़ थाने में आबकारी, जुआ, शांति भंग, मारपीट आदि के कई मामला दर्ज हैं।



- शराब के परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी व मोबाइल को भी पुलिस ने किया जप्त

# मीरा चौक पर हुई तोड़ फोड़ के मामले में सीएमओ के खिलाफ अपराध दर्ज करने कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

**खैरागढ़,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर के ऐतिहासिक मीरा चौक में खैरागढ़ सीएमओ के द्वारा की गई अचानक तोड़फोड़ और हरे-भरे वृक्षों की अवैध कटाई को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इसे शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुँचाने वाला कृत्य बताते हुए थाना प्रभारी को सीएमओ के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने तथा दोषी अधिकारी के विरुद्ध अपराध दर्ज करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि 14 अप्रैल 2025 को बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर नगर पालिका खैरागढ़ के सीएमओ ने बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया या सार्वजनिक सूचना के मीरा चौक में स्थापित प्रतिमा को हटवाते हुए संपूर्ण चौक परिसर की तोड़फोड़ कराई। इस दौरान परिसर में लगे पुराने वृक्षों की भी अवैध कटाई कर दी गई जिससे पर्यावरण को भी गंभीर क्षति पहुँची है। नगरवासियों का कहना है कि मीरा चौक का निर्माण नगर पालिका परिषद द्वारा सार्वजनिक खर्च से कराया गया था और यह स्थान श्रद्धा का केंद्र रहा है। नगर पालिका अधिनियम 1961 के तहत बिना सामान्य सभा या परिषद संचालन समिति की स्वीकृति के ऐसी कोई भी कार्रवाई नियमों के खिलाफ है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि इस तरह की मनमानी से न केवल जनभावनाओं को ठेस पहुँची है बल्कि शासकीय धन और संपत्ति का भी अपव्यय हुआ है। प्रदर्शनकारियों ने भारतीय दंड संहिता की धारा 324(4) सहित अन्य धाराओं के तहत दोषी अधिकारी के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर दंडात्मक कार्यवाही की मांग की है। साथ ही उन्होंने शासकीय संपत्ति को पहुंचे नुकसान की भरपाई और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी करने की मांग भी उठाई है। इस घटना को लेकर नगर में जनाक्रोश व्याप्त है। कई सामाजिक संगठनों ने भी इस मुद्दे पर जल्द निर्णय नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।शिकायत करने विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, उपाध्यक्ष रज्जाक खान, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सुमित जैन, पार्षद दिलीप लहरे, पुरुषोत्तम वर्मा, शेखर दास वैष्णव, अंकित चोपड़ा, महेश यादव, संत निषाद, अल्ताफ अली, सूर्यकांत यादव, चंद्रशेखर वर्मा, रामकुमार जांगड़े, भूपेंद्र वर्मा, रामगोपाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# बायपास रोड को शीघ्र चालू करने की मांग, तहसीलदार को सौंपा गया ज्ञापन

**थानखम्हरिया,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर की वर्षों से बंद पड़ी बायपास रोड को शीघ्र चालू करने की मांग को लेकर आज नगरवासियों और सामाजिक संस्थाओं ने एकजुट होकर तहसीलदार के. आर. वासनिक एवं नायब तहसीलदार प्रदीप तिवारी को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।



यह बायपास रोड बेमेतरा रोड से कुरदा, उमरावनगर होते हुए कवर्धा रोड तक पूरी तरह बनकर तैयार है, लेकिन अव्यवस्थित अतिक्रमण के कारण इसका संचालन अब तक शुरू नहीं हो सका है। कुछ लोगों द्वारा सड़क पर अवैध रूप से दुकानें लगाकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया गया है, जिससे नगर के भारत माता चौक और गोलबाजार क्षेत्र में प्रतिदिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। यह क्षेत्र नगर का प्रमुख व्यापारिक केंद्र है, जहाँ प्रतिदिन 50 से 60 गांवों से लोगों का आवागमन होता है।

स्थानीय नागरिकों ने कहा कि भारी वाहनों की आवाजाही के कारण शहर के मध्य में जाम और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। यदि बायपास रोड को चालू कर दिया जाए, तो यातायात का दबाव कम होगा, सड़क सुरक्षा में सुधार आएगा और नगरवासियों को ट्रैफिक की समस्या से राहत मिलेगी।

ज्ञापन सौंपने वालों में राजेंद्र बिंदल, अनिल सिंघानिया, पवन मुरारका, प्रमोद सिंघानिया, शिव केडिया, चंद्रशेखर राजपूत, धनराज सोनी, गिरीश शर्मा एवं विनीत शर्मा सहित अनेक नागरिक शामिल रहे। सभी ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाकर बायपास रोड को जनहित में चालू किया जाए।

**उल्टा पुल्टा**

एक अमेरिकी डॉक्टर भारत आया. बस स्टैंड पर एक किताब देखते ही उसे दिल का दौरा पड़ गया.
20 रुपये की इस किताब का नाम था- 30 दिनों में डॉक्टर कैसे बनें.

# राजिम के जनआक्रोश रैली में पाकिस्तानी झंडे-पोस्टर जलाएं एवं जूतों से रौंदा






**पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारा लगते रहे**

**राजिम,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी नरसंहार के विरोध में शाम 5रू बजे जन आक्रोश रैली निकालकर प्रदर्शन किया गया। जिसमें शहर के व्यापारी संघ, सर्व समाज, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के साथ ही आम नागरिक भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में झंडा लेकर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए और पंडित सुंदरलाल शर्मा के प्रतिमा पर राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव ने पुष्पहार अर्पित किया। देखते ही देखते रैली में सम्मिलित होने के लिए लोगों की भीड़ बढ़ती गई और उपस्थित लोगों में जबरदस्त आक्रोश देखा गया। पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक से होकर शिवाजी चौक, गोवर्धन चौक, महामाया चौक, मदरसा पारा, आजाद चौक, पटेल पारा, सुभाष चंद्र बोस चौक, पंडित श्यामाचरण शुक्ला चौक के बाद पुन: पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में पहुंची। वहां सभा का आयोजन किया गया। दो मिनट मौन रहकर आतंकवादी हमले में मारे गए सभी 28 लोगों को श्रद्धांजलि दी तथा दीप प्रज्वलित भी किया गया। श्रद्धांजलि सभा में राज्य भंडार निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, विधायक रोहित साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, भाजपा जिला गरियाबंद के पूर्व अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू, , व्यापारी संघ के लालचंद मेघवानी सहित अनेकों लोग शामिल थे । पूरे रैली के दौरान देश के गद्दारों को जूता मारो साले को, पाकिस्तान मुर्दाबाद हिंदुस्तान जिंदाबाद जैसे नारे लगाते रहे। रैली में शामिल लोग अपने हाथों में तख्तियां लेकर घटना पर बड़ा एक्शन लेने तथा आतंकवादियों समेत पाकिस्तान का समूह नाश करने के नारे भी लगाएं। जगह- जगह पाकिस्तानी झंडे वाले पोस्ट को जूते तले रौंदा गया। पोस्टर जलाएं गए।

**पर्यटकों के ऊपर आतंकवादी के माध्यम से पाकिस्तान के द्वारा षड्यंत्र कर हमला किया गया : चंदूलाल साहू**

राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि 22 तारीख को कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों के ऊपर आतंकवादी के माध्यम से पाकिस्तान के द्वारा षड्यंत्र कर हमला किया गया है। उन्होंने विशेषकर धर्म को पूछ कर अटैक किया है यह बहुत ही शमर्नाक और आपत्तिजनक है, इसको देखकर भारत देश के हर समाज के लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। ऐसी घटना दोबारा ना घटे इसके लिए पाकिस्तान के लोगों को सबक सिखाना जरूरी है। केंद्र की मोदी सरकार जो कदम उठाए हैं वह निश्चित ही सराहनीय है। पूरा देश उनके साथ है। ऐसे लोगों को सबक सिखाना आवश्यक है। यही सही समय है राजिम के लोग की मांग हैं कि पाकिस्तान को सबक सिखाना बहुत जरूरी है।

**आतंकवादी मुर्दाबाद ही है और मुर्दाबाद ही रहेंगे:** विधायक रोहित साहू ने कहा कि हिंदुओं को टारगेट करके मारा गया है उसके विरुद्ध में पूरे देश में आक्रोश है मोदी जी के ऊपर पूरा भरोसा है कि वह इसका जबरदस्त जवाब देंगे और दोबारा पाकिस्तानी आंख उठाकर नहीं देखेंगे।

**पाकिस्तान जिस भाषा में समझते हैं उसे उसी भाषा में समझाया जाएं राजिम की जनता का आक्रोश व्यर्थ नहीं जाएगा : महेश यादव**

नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि आतंकवादियों के द्वारा किया गया कायराना हरकत बहुत ही शमर्नाक और हृदय विदारक है। हम इसकी घोर निंदा करते हैं। जो जैसा करेगा वैसा भरेगा इस कहावत के अनुसार पाकिस्तान जिस भाषा में समझते हैं उसे उसी भाषा में समझाया जाएं राजिम की जनता का आक्रोश व्यर्थ नहीं जाएगा। भारत माता के आंचल में दाग लगने वाले का हस्र बहुत बुरा होगा आतंकवाद और नक्सलवाद का भारत से खत्मा होगा हमें हमारी सरकार के ऊपर पूरा भरोसा है।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, राजिम भक्तिन मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू, भूपेंद्र साहू, उमेश यादव, लीलेश्वर साहू, विक्रम मेघवानी, कुलेश्वर साहू, राकेश मांढरे, जग्गू ठाकुर, यशवंत निराला, रामकुमार साहू, खुशी साहू, मधु नत्थानी, हरीश साहू, लालचंद मेघवानी, राजेश सोनकर, सुनील श्रीवास्तव, ज्ञानेंद्र सिंहा, प्रीति पांडे, टंकेश्वर सोनकर, तुषार कदम, उत्तम निषाद, मोंटू दुबे, गोकुल सेन, भारत यादव, राजेश धीवर, अरविंद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# आवेदकों की भावना और मंशा के अनुरुप करें निराकरण : प्रभारी सचिव सिद्धार्थ




- बिधिवत जांच कर निराकरण करने के निर्देश
- प्रभारी सचिव ने की विभागीय कार्यों एवं आवेदनों के निराकरण की समीक्षा

**बलौदाबाजार,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। स्कूल शिक्षा एवं जिले के प्रभारी सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने मंगलवार को जिला प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय में विभागीय कार्यों एवं सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने विभागवर प्राप्त अ ावेदनों एवं निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा करते हुए विधिवत जांच कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

प्रभारी सचिव ने कहा कि जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए है जो यह दिखाता है कि जिलेवासी काफी जागरूक है। उन्होंने कहा कि आवेदन में लोगों ने अपनी भावना व मंशा व्यक्त की है उसी के अनुरूप ही आवेदनों का निराकरण करें। शिकायत से सम्बधित आवेदन का निराकरण विधिवत जांच करने के उपरांत ही करें। इसीतरह राजस्व विभाग से सम्बधित सीमांकन, बंटांकन एवं नामांतरण के आवेदनों का शतप्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। इसके साथ ही राजस्व कोर्ट में दर्ज प्रकरणो का भी प्राथमिकता से निराकरण करें। उन्होने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि मनरेगा के तहत गांव गांव में रोजगार सृजन कर रोजगार दिलाये। अमृत सरोवर के कार्यों में भी नियोजित करें। इसीतरह स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए आमजनों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्द कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली एवं लो वोल्टेज की समस्या को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिये।

प्रभारी सचिव ने जिले में जल संचयन के लिए चलाए जा रहे मोर गांव, मोर पानी अभियान अंतर्गत नलकूपो के पास सोखता गड्ढा का निर्माण, पक्के मकान में वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण की सराहना करते हुए इसे जारी रखने कहा। इसीतरह पेयजल एवं निस्तारी की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिय दीपक सोनी ने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत जिले से 2,52,476 आवेदन प्राप्त हुए है। द्वितीय चरण में आवेदनों का सकारात्मक निराकरण का प्रयास किया जा रहा है। आवेदकों से सम्पर्क कर निराकरण की जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने दिये गए निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देशित कियासंपर्क केंद्र का अवलोकन-प्रभारी सचिव ने संयुक्त जिला कार्याल य में संचालित सम्पर्क केंद्र का अवलोकन किया। उन्होने सम्पर्क केंद्र के माध्यम से लोगों की समस्याओ का त्वरित निराकरण की पहल की सराहना की। बैठक में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, मिथलेश डोंडे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# आवासीय खेल अकादमी बिलासपुर के लिए जिले के 35 खिलाड़ी शामिल



**महासमुंद,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अंतर्गत तीरंदाजी, हॉकी एवं एथलेटिक्स बालक . बालिका की आवासीय खेल अकादमी संचालित है तथा राज्य शासन द्वारा बालिका कबड्डी खेल अकादमी संचालित है, जिसके लिए प्रवेश दिया जाना है। आवासीय खेल अकादमी तीरंदाजी, हॉकी एवं एथलेटिक्स बालक एवं बालिका एवं कबड्डी बालिका का चयन ट्रायल बेहतराई बिलासपुर में 29 से 30 अप्रैल तक आयोजित किया गया। जिसमें महासमुंद जिले के बागबाहरा, बसना, पिथौरा एवं महासमुंद ब्लॉक के तीरंदाजी एवं हॉकी खेल में कुल 35 खिलाड़ी शामिल हैं। तीरंदाजी खेल में पिथौरा से जानवी निर्मलकर, आरिन चौधरी, प्रज्ञा चौधरी, बसना से मनीष सिदार, चंदन सिदार, महासमुंद से जयंत ठाकुर, राहुल धीवर, अबीर पांडे, टिकेश्वरी साहू, दुर्गेश्वरी साहू, वेनिका साहू बागबाहरा से प्रियांशु साहू, ओमप्रकाश ध्रुव, अमर सवर, लक्ष्मण चंद्राकर, टुकेश साहू, लोकेश, पीयूष, भास्कर, टोपू ध्रुव, लीलाधर हरबन, मान साहू, वैशाली साहू, तृषा प्रजापति, मिताली यादव, सरोज भारती, चांदनी साहू, जया पहटिया, हॉकी खेल में कुणाल कुलदीप, भूपेंद्र साहू, राकेश निषाद, डोगेश निषाद, सागर सेन, देवेश, फलेश यादव, टोमेश चंद्राकर शामिल हैं। दल मैनेजर एवन कुमार साहू, राजेश चौधरी, पिरित राम साहू, नीलम साहू शामिल हैं। जिले के एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बास्केटबाल खिलाड़ी साई सेंटर रायपुर, बैंगलोर, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# ग्रामीण अंचल में गुड्डा-गुड्डी विवाह को लेकर बच्चों में उत्साह



**रोहाँसी/बलौदाबाजार,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर सहित क्षेत्र में बुधवार 30 अप्रेल को अक्षय तृतीया अक्ति में धुमधाम से मनाया जाएगा। इस दिन मुहूर्त का कोई बाध्यता नही रहेगा क्योंकि इस दिन भगवान के छठवे अवतार परशुराम का जन्म हुआ था इसलिए आज का शुभ माना गया है आज के दिन लोग मँगलमय कार्यक्रम का आयोजन बेरोक टोक करँगे इसी के साथ अक्षय तृतीया पर गुड्डा गुड़ियों की शादी धुमधाम से की जाएगी। इसके लिए बकायदा मंडप भी सजाया गया है, पलारी के वार्ड नं 12 शाँती नगर में हनुमान मंदिर के समीप मँडप सजाकर पारँपरिक तरिके से गुड्डा गुड़ीयो का विवाह किया जा रहा जहां सोमवार को युवतियां गाजे बाजे के साथ नाचते हुए शितला मँदिर के पास चुलमाटी का कार्यक्रम किया जहां मोहल्ले वासी भी इस खुशी मे शामिल हुए पश्चात तेल हल्दी का कार्यक्रम विधि वत किया गया, मँगलवार को मेहंदी कार्यक्रम किया गया जहां वर पक्ष और वधू पक्ष ने हाँथो मे आकर्षक मेहँदी लगवाई इसके बाद सँगीत कार्यक्रम मे वर पक्ष और वधू पक्ष मे वैवाहिक सँगीत पर जोरदार तरिके नृत्य किया इस दौरान युवँतिया और महिलाएं सज धजकर पारँपरिक पोशाक में थे ।वही बुधवार को बारात स्वागत, गुड्डा गुड़ीयो का विवाह और टीकावन कार्यक्रम सम्पन्न होगा जिसमे लोग खुशी-खुशी उपहार भी देंगे। वर पक्ष मे गोल्डी, मनीषा, सृष्टी, खुशबु, लल्ली पुनम, कुमारी, तिजबती, राधा, चन्द्रिका शामिल हैं वही वधू पक्ष मे जिया, मीना, हर्षा, रिना, किरण, मँजू, पिँकी, दशोदा, कुँती अनुसुइया शामिल हैं।

किसान करेंगे अच्छी फसल की कामना- इसी के साथ अक्षय तृतीया पर किसान नवा बछर की शुरुआत करेंगे। पांच-पांच मुठ्ठी धान बीज को खेतों में छिड़कर शुभारंभ करेंगे, धान के बीज निकालकर माटी महतारी की पूजा अर्चना करके बोनी की शुरूआत की जाएगी। नदी, तालाबो में लोगों द्वारा पितरों के मोक्ष के लिये अक्ती पानी देकर पितरों को याद कर विशेष पूजा अर्चना किए जाएंगे। किसानों ने के द्वारा के महामाया मंदिर, शीतला मंदिर और ठाकुर देव, सहाड़ा देवता, बाबा देव धाम, शनिदेव और सभी माता देवालय सहित प्रमुख देवी-देवताओं को पांच-पांच मुठ्ठी धान चढ़ाएंगे। साथ ही घरों में पूजा-अर्चना और खेतों में धूप हवन देकर और श्रीफल तोड़कर ईश्वर को अच्छी फसल की कामना की जाएगी, परंपरा को बनाए रखते हुए सुबह से ही सभी देवालय सहित और अपने खेतों में जाकर के ग्राम के सभी देवी देवताओं को आवाह करते हुए नवा किसानी बछर की शुरुआत किया जाएगा।



# स्वामी विवेकानंद वार्ड का 'आदर्श वार्ड' बनने का सपना होगा अब साकार

## एमआईसी सदस्य विभा चन्द्राकर ने व्यक्त की उम्मीद, वार्डवासी भी दिखा रहे उत्साह

**धमतरी,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कहते हैं जब तकदीर साथ दे तो तस्वीर बदलने में वक्त नहीं लगता। कुछ ऐसा ही नजारा धमतरी के स्वामी विवेकानंद वार्ड में देखने को मिल रहा है। यहां की जागरूक महिला पार्षद श्रीमती विभा चन्द्राकर ने अपने वार्ड को 'आदर्श वार्ड' बनाने का सपना संजोया है, जिसे साकार करने के लिए स्वयं वार्डवासी भी बढ़-चढ़कर साथ दे रहे हैं। इस वार्ड का सौभाग्य है कि नगर निगम के महापौर रामू रोहरा भी इसी वार्ड के निवासी हैं, जिससे विकास कार्यों में गति आने की पूरी संभावना है।

स्वामी विवेकानंद वार्ड, जो डाकबंगला वार्ड से विभाजित होकर अस्तित्व में आया है। यहां के नागरिकों ने भाजपा से श्रीमती विभा चन्द्राकर को अपना प्रतिनिधि चुना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर वे स्वच्छ और विकासशील राजनीति के माध्यम से अपने वार्ड को आदर्श रूप देने की दिशा में प्रयासरत हैं।

श्रीमती चन्द्राकर ने बताया कि वार्ड में करीब 2300 मतदाता निवासरत हैं। यहां अधिकांश लोग शिक्षित और संपन्न हैं, लेकिन कुछ मोहल्लों में बुनियादी सुविधाओं





की कमी अभी भी महसूस की जा रही है। वार्ड के गरीब परिवारों को पक्का मकान दिलाने की दिशा में भी उन्होंने अपने प्रयास तेज कर दिए हैं।

**हरियाली, स्वच्छता और सुरक्षा पर विशेष ध्यान, सड़क चौड़ीकरण से विकास को मिलेगा नया आयाम**

श्रीमती विभा चन्द्राकर का मानना है कि धमतरी विकास के मामले में अपेक्षाकृत पीछे रहा है। अब जब राज्य, केंद्र और नगर निगम में एक ही दल की सरकार है, तो विकास के अवसर पहले से अधिक है। वे नगर निगम में महिला एवं बाल विकास विभाग की एमआईसी सदस्य के रूप में कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड में गार्डन निर्माण और हरियाली बढ़ाने के कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। बरसात के मौसम में व्यापक पौधरोपण अभियान चलाने की भी तैयारी है। पुराने कुओं को सोख्ता के रूप में पुनः उपयोग करने की योजना भी बन रही है।

स्वच्छता के क्षेत्र में भी वे विशेष सक्रियता दिखा रही हैं। प्रतिदिन सुबह सफाई कर्मियों के साथ स्वच्छता अभियान में सम्मिलित होती हैं तथा अटल आवास कालोनियों में निवासरत परिवारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रही हैं। उनका स्पष्ट मानना है कि स्वच्छता की शुरुआत घर और वार्ड से ही होनी चाहिए।

पेयजल और प्रकाश व्यवस्था में भी सुधार के प्रयास जारी हैं। नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर परिसर में बोर खनन कराया गया है तथा कई स्थानों पर हाई मास्क लाइट्स लगवाई गई हैं। अंधेरी गलियों में भी प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ की जा रही है।

श्रीमती चन्द्राकर ने बताया कि रत्नाबांधा चौक से कॉलेज मोड़ तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रस्तावित है, जो स्वामी विवेकानंद वार्ड के बड़े हिस्से को कवर करेगा। इससे न केवल स्थानीय निवासियों को सुविधा होगी, बल्कि वार्ड की कनेक्टिविटी भी अन्य वार्डों और राष्ट्रीय राजमार्ग से बेहतर होगी। आंतरिक सड़कों के उन्नयन के लिए भी योजनाएं बनाई गई हैं।

महिला सुरक्षा के प्रति सजग रहते हुए वे शहर के विभिन्न हिस्सों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना पर कार्य कर रही हैं। नगर निगम से सहमति मिल चुकी है और शीघ्र ही कार्य प्रारंभ होगा। श्रीमती चन्द्राकर का समर्पण और सकारात्मक सोच स्पष्ट संकेत देती है कि स्वामी विवेकानंद वार्ड जल्द ही धमतरी का आदर्श वार्ड बनकर उभरेगा।

# गर्मी छुट्टी में खेल कूद के बजाय नन्हे भाई-बहन ने शुरू किया खुद का व्यवसाय

**गरियाबंद,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। गर्मी की छुट्टियों में जब बच्चे खेल-कूद में व्यस्त हैं, गरियाबंद के वाकपल्ली योगनी और वाकपल्ली महेश ने कुछ अलग कर दिखाया। 17 साल की योगनी और 15 साल के महेश ने च्ओरिजनल साउथ इंडिया का ओरिजनल टेस्टज् नाम से इडली-डोसा की रेहड़ी शुरू की। पहले ही दिन 1500 रुपए की बिक्री हुई और 350 रुपए का मुनाफा कमाया। उनके स्टार्टअप को चार दिन हो गए। धीरे धीरे उनकी रेहड़ी पर ग्राहकों की भीड़ बढ़ती जा रही है।




जानकारी के मुताबिक योगनी और महेश का परिवार मूल रूप से साउथ इंडिया से है। पिछले 40 साल से गरियाबंद में रह रहे हैं। पिता वाहन चालक हैं। मां गृहणी हैं। मां के हाथों में साउथ इंडियन खाने का खास स्वाद है। इडली, डोसा और चटनी बनाने में माहिर हैं। गर्मी की छुट्टियों में बच्चों ने सोचा कि मां के हुनर को दुनिया तक पहुंचाया जाए। साथ ही परिवार की आर्थिक मदद भी हो। पिता को शुरुआत में चिंता थी कि पैसे कहां से आएंगे। मां ने बच्चों का हौसला बढ़ाया। सुबह 3 बजे से मां इडली-डोसा का सामान तैयार करती हैं। एक छोटा ठेला, कुछ बर्तन और मां-पिता का आशीर्वाद ही उनकी पूंजी है।

चार दिन से हर सुबह योगनी और महेश ठेले को 1 किलोमीटर धक्का देकर शारदा चौक से पुराने एसपी ऑफिस और आत्मानंद स्कूल के पास ले जाते हैं। सिर्फ 3 घंटे में सारा सामान बिक जाता है। योगनी कहती हैं, च्हम तीन भाई-बहन हैं। पापा बहुत मेहनत करते हैं। हम भी परिवार की मदद करना चाहते हैं और अच्छी पढ़ाई करना चाहते हैंज्ज महेश बताता है, च्लोगों को मम्मी के हाथ की बनी चटनी और इडली-डोसा बहुत पसंद आ रहा है। हमें बहुत खुशी हो रही है।

ज्ञात हो कि महज चार दिन में ही योगनी और महेश की रेहड़ी शहर में मशहूर हो गई है। स्थानीय निवासी लोकेश सिन्हा ने कहा इन बच्चों की मेहनत और स्वाद दोनों काबिले तारीफ हैं। गुरुनूर कुकरेजा ने कहा गरियाबंद में रायपुर के जैसे साउथ इंडियन टेस्ट मिलना बहुत खुशी की बात है। योगनी और महेश की कहानी आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। छोटी उम्र में भी मेहनत, लगन और परिवार के सपोर्ट से बड़े सपने पूरे किए जा सकते हैं।

# उपार्जित धान की गड़बड़ी पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**बलौदाबाजार/पलारी,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। समर्थन मूल्य में खरीदे गए धान का उपार्जन केंद्र में गड़बड़ी करने वालों पर जिला प्रशासन द्वारा कड़ा रुख अपनाते हुए उपार्जन केंद्र प्रभारी, समिति प्रभारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।

**■ केंद्र प्रभारी सहित 3 पर एफआईआर दर्ज**

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहकारिता विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में तहसील पलारी अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति उपार्जन केंद्र जारा में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की जांच की गई। जांच में पाया गया कि उपार्जन केंद्र जारा में 54905.60 चिंटल धान उपार्जन किया गया है जिसके विरुद्ध 54536.82 चिंटल धान का परिदान किया गया है। उपार्जन केंद्र में 368.78 चिंटल धान राशि 8 लाख 48 हजार 194 रुपये का परिदान किया जाना शेष है परन्तु वर्तमान में उपार्जन केंद्र में उक्त 368.78 चिंटल धान भौतिक रूप से उपलब्ध नहीं है। इस तरह 368.78 चिंटल धान राशि 8 लाख 48 हजार 194 रुपये की कमी कर शासन एवं समिति को क्षति पहुंचाई गई है जिसके कारण उपार्जन केंद्र प्रभारी परदेशी राम साहु, समिति प्रभारी पंच राम ध्रुव एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर दीपक साहु के विरुद्ध थाना पलारी में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बताया गया कि इसके साथ ही अन्य उपार्जन केंद्रों की भी जांच चल रही है जिसमें किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

# आधुनिक तकनीक से खेती कर रमाकांत ने बढ़ाई अपनी आमदनी

## ड्रिप, मल्चिंग और मेहनत से बदली खेती की तस्वीर

**महासमुंद** 29 अप्रैल (देशबंधु)। जिले के सरायपाली ब्लॉक स्थित ग्राम पण्डरीपानी के छोटे किसान रमाकांत पटेल ने यह दिखा दिया है कि अगर हौसले बुलंद हों और तकनीक का सही इस्तेमाल हो तो किस्मत को भी बदला जा सकता है। जहां अधिकतर किसान पारंपरिक खेती के भरोसे सीमित आमदनी से जूझ रहे हैंए वहीं रमाकांत ने शासकीय योजनाओं का समुचित लाभ उठाते हुए और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती को समृद्धि और आत्मनिर्भरता का जरिया बना दिया है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना 2024.25 के तहत रमाकांत ने मात्र 0.40 हेक्टेयर भूमि में ग्राफ्टेड बैंगन की खेती की। रमाकांत ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना 2024.25 के तहत मिले सहयोग से केवल 0.40 हेक्टेयर भूमि में ग्राफ्टेड बैंगन की खेती शुरू की। परंपरागत तरीके छोड़कर उन्होंने ड्रिप सिंचाई प्रणाली, मल्चिंग तकनीक और आधुनिक कृषि यंत्रों का इस्तेमाल किया।



परिणामस्वरूपए उन्हें 300 क्विंटल बैंगन की शानदार पैदावार प्राप्त हुई, जिससे उन्होंने लगभग 5 लाख रुपए की आमदनी अर्जित की। रमाकांत बताते हैं कि यदि बाजार भाव और बेहतर होते, तो कमाई इससे भी अधिक हो सकती थी। सफलता से उत्साहित होकर अब वे 3 एकड़ भूमि में मिर्च, बैंगन और करेला जैसी फसलों का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यदि बाजार में फसल की अच्छी कीमत मिलती, तो यह आंकड़ा और भी अधिक हो सकता था। इस सफलता से उत्साहित होकर उन्होंने अब मिर्च, बैंगन और करेला की खेती को विस्तार देते हुए 3 एकड़ भूमि में यह कार्य शुरू किया है। रमाकांत की सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि छोटे किसान आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाएं और सरकारी योजनाओं का सही ढंग से लाभ उठाएं तो वे आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ सकते हैं और सब्ज़ी की खेती से शानदार मुनाफा कमा सकते हैं। रमाकांत की मेहनत और सूझबूझ इस बात का उदाहरण है कि यदि नीति, तकनीक और परिश्रम का सही संगम हो तो गांवों से ही समृद्धि की नई इबारत लिखी जा सकती है।

# शिविर में 799 आवेदकों का बना लर्निंग लायसेंस



**बलौदाबाजार,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 के तहत आमजन द्वारा ड्रायविंग लायसेंस से संबंधित मांग के त्वरित निराकरण हेतु जिला परिवहन कार्यालय बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा 26 एवं 27 अप्रैल 2025 को परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से लर्निंग लायसेंस बनाने हेतु शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में कुल 799 लोगों को लर्निंग लायसेंस जारी किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कसडोल विकासखण्ड के ग्राम पिपरछेड़ी एवं रिकोकला, विकासखण्ड पलारी में ग्राम सरसेनी, बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोरदा एवं ग्राम चितावर, भाटापारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत देवरी एवं कोनी, सिमगा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बुचीपार एवं चण्डी, बिलाईगढ़ अंतर्गत गाताडीह एवं बलौदी में आयोजित किया गया।

# युवा प्रकोष्ठ के तेजराम बने जिलाध्यक्ष

## चमन कुर्रे संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष व महेश जोशी युथ ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत

**महासमुंद** 29 अप्रैल (देशबंधु)। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की जिला स्तरीय बैठक सांस्कृतिक भवन गुरु घासीदास वार्ड महासमुंद में जिलाध्यक्ष दाऊ विजय बंजारे के अध्यक्षता व दिनेश बंजारे पूर्व प्रदेशाध्यक्ष युथ,खोशिल गेंड्रे जिला उपाध्यक्ष के विशेष अतिथि एवं जिला, ब्लॉक पदाधिकारियों की उपस्थिति में निर्वाचन हेतु रखा गया। बैठक की शुरुआत गुरु घासीदास बाबा जी के पुजा अर्चना से हुई तथा दिनेश बंजारे ने युवाओं की भटकाव की स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए समाज को संगठित करने आगे आकर नेतृत्व करने की अपील किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष दाऊ विजय बंजारे ने युवा वर्ग को समाज की प्रमुख पावर सेंटर बताते हुए संगठित एवं प्रशिक्षित कर शिक्षा रोजगार उपलब्ध कराने की योजना बनाकर सही दिशा में युवाओं की ऊर्जा खर्च करने की बात कही। खोशिल गेंड्रे व अन्य पदाधिकारीयों ने भी युवाओं को आगे आने संबोधित किया। निर्वाचन अधिकारी एवं जिला सचिव रेखराज बघेल ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष के पद पर तेजराम चौलिक टुरीडीह झलप, महासमुंद ब्लॉक अध्यक्ष महेश जोशी खट्टी तथा संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष के पद पर चमन कुर्रे भलेसर को मनोनयन की घोषणा की। साथ ही बाकी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी की विस्तार करने की अनुमति दी गई। निर्वाचन बैठक में भोजनाथ मधुकर जिला सहसचिव, डॉ विजय चतुर्वेदी, घनश्याम जांगड़े जिला कार्यकारिणी सदस्य, चित्र कुमार भारती ब्लॉक अध्यक्ष, हर्ष प्रताप मन्नाडे संघर्ष समिति ब्लॉक अध्यक्ष,फगेंद्र बंजारे शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष,लक्ष्मण रात्रे, घनश्याम भारती अठगंवा अध्यक्ष, देवकुमार जोशी, दशरथ गायकवाड़,आत्माराम मारकंडेय, रामनारायण जांगड़े,चुम्मन घृतलहरे,सोनु टंडन,भरत गेंड्रे,खुबचंद भारती, राहुल अंवड़े, महेंद्र सुर्यवंशी, राजकुमार कुर्रे,परेश पात्रे, राजेश मारकंडेय,हरक मन्नाडे, दुर्गा प्रसाद मारकंडेय एवं समाज के युवा वर्ग उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला मिडिया प्रभारी सोमनाथ टोंडेकर ने दी।



# विधायक चातुरी नंद ने किया साप्ताहिक हाट बाजार का उद्घाटन

**■ ग्राम सनबहाली में अब प्रति रविवार को लगेगा हाट बाजार**

**सरायपाली,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने ग्राम सनबहाली में साप्ताहिक हाट बाजार का लोकार्पण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक चातुरी नंद ने ग्राम देवता का पूजा अर्चना कर किया।

इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि गांव में हाट बाजार खुलने से सनबहाली समेत आस पास के गांवों के लोगों को लंबी दूरी का सफर तय नहीं करना पड़ेगा और गांव में ही विभिन्न प्रकार की सब्जियों समेत दैनिक जरूरत की चीजें हाट बाजार में उपलब्ध होंगी।

उन्होंने कहा कि साप्ताहिक हाट बाजार से गांव के छोटे व्यापारियों समेत सब्जी उत्पादक किसानों को भी व्यापार करने का अवसर मिलेगा और उनकी आमदनी में भी बढ़ोत्तरी होगी।



कार्यक्रम को विधायक नंद के साथ ही स्थानीय जनपद सदस्य महेश्वरी रिंकू सिदार, ग्राम पंचायत सन बहाली के सरपंच केंकती हरिचंद्र पटेल ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता लोकनाथ पटेल, ईश्वर अग्रवाल, उपसरपंच उसत टंडन, बिजेंद्र सिदार, श्रवण पटेल, सत्या भोई, विक्की वैष्णव, भूतपूर्व सरपंच लीला बाई देवकुमार सिदार, वरिष्ठ कार्यकर्ता घसिया बसंत, देवकुमार सिदार, सचिव दाशरथी बेहर, पटवारी दीनबंधु सिडार, रोशन लाल सिडार, फत्ते सिंह, दुलेश्वर, कमल सिंह, कैलाश हेमलाल, शौकीलाल मुंडा, जीत राम पटेल, अजय पटेल, पूर्व बीईओ महेंद्र कश्यप, कामता प्रसाद, वेदराम पटेल, वाह दास मानिकपुरी, नंद कुमार सैन, शिव प्रसाद मुंडा, हरिसिंह, पवित्रा भृंगराज, जयंत यादव समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मेघा स्कूल परीक्षा परिणाम 11 वीं में दामिनी साहू, 9वीं में वंदना निषाद प्रथम रही



**धमतरी,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेघा में कक्षा 9वीं 11वी का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 11वीं में प्रथम दामिनी साहू 92 प्रतिशत, द्वितीय लक्ष्मी साहू 86 प्रतिशत, तृतीय तामेश्वरी साहू 80 प्रतिशत अंक हासिल किया। कक्षा 9वी में प्रथम कु वंदना 84.83 प्रतिशत द्वितीय हेमलेश्वरी 83.83 तृतीय धारणी 82.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्थान हासिल किया। परीक्षा परिणाम प्राचार्य ने घोषित किया। उन्होंने कहा, असफल छात्र निराश न हों। हर परिस्थिति के लिए खुद को तैयार करें। शिक्षकों ने अनुत्तीर्ण छात्रों को अपनी कमजोरियों को सुधारने की सलाह दी। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, सरपंच मनीषा धुव्र, पूर्व सरपंच नीरामणी पटेल, संध्या साहू, प्रेमलता सोनी राजेश साह, ताराचंद साहू, संतोष साहू, तोरण पटेल, पालक पूजा साहू, परदेशी राम, जगेश्वर निषाद, दुर्गेश, नंदनी शामिल हुए। स्कूल के प्राचार्य एस.के. साहू। रेडक्रॉस काउंसलर अवध राम साहू, लाइब्रेरियन विद्या साहू, अमित कुमार कंवर, कीर्ति लता साहू, दिलीप कुमार साहू, भावना चावड़ा, किरण साहू, जयंत कुमार साहू, प्रीतम लाल साहू, टूकेश्वरी साहू एवं समस्त छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

# क्रिकेट का महाकुम्भ सरायपाली प्रीमियर लीग 2025

**सरायपाली,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। मां शारदा क्रिकेट क्लब सरायपाली एवं युवा साथी सरायपाली के सहयोग से आगामी 5 मई से हाई स्कूल ग्राउंड सरायपाली में रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता सरायपाली प्रीमियर लीग५ का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अंचल के मशहूर खिलाड़ी भाग लेंगे ज्ञात हो कि इस टूर्नामेंट में बलौदाबाजार, सारंगढ़, रायगढ़, सरिया, बरमकेला, उड़ीसा, पिथौरा एवं बागबाहरा के खिलाड़ी शिरकत करेंगे। प्रतियोगिता में कुल 192 खिलाड़ियों ने पंजीयन करवाया है। जिनका ऑक्शन के माध्यम से 12 टीम के मध्य वितरण किया गया ऑक्शन दिनांक 27.4.25 को ग्रीन वैली रेस्टोरेंट सरायपाली में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में कुल बारह टीम इस प्रकार से हैं एस एस टर्मिनेटर बसना, बसना फाइटर्स, ब्लू डायमंड, एग्रो रॉयल्स,सीजी 11 सरायपाली, अमित टाइगर,वृंदावन वॉरियर्स, वृंदावन वायकिंग्स, सी एल लायंस, विनायक ब्लास्टर, पी आर एस 11, विराट आरपी11.

मां शारदा क्रिकेट क्लब सरायपाली के संरक्षक होमराज चौधरी का कहना है कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से अंचल के ऊर्जावान प्रतिभावान खिलाड़ियों को एक क्रम नया मंच प्रदान हो रहा है जिससे वह आगे जाकर क्रिकेट में अपना भविष्य बना सकते हैं आयोजन समिति मां शारदा क्रिकेट क्लब के द्वारा उक्त आयोजन को सफल बनाने हेतु अंचल के क्रिकेट प्रेमियों को सादर आमंत्रित किया गया है।

# शास. महाविद्यालय में संविधान स्मरण उत्सव मनाया गया

**सरायपाली,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में च्संविधान स्मरण उत्सव के तहत् भारत के संविधान को आत्मसात करने के 75 वर्ष पूर्ण होने के महत्व को चिन्हित करने हेतु 28अप्रैल सोमवार को प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के मार्गदर्शन में च्सामाजिक सशक्तिकरण, महिला सशक्तिकरण एवं लैंगिक समानताज् विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें हिंदी एवं राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने इन विषयों की परिचर्चा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और वर्तमान परिप्रेक्ष्य में शिक्षा किस तरह महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता लाने का कार्य कर रही है, इस विषय पर बहुत सुंदर ढंग से अपनी बात रखी। वक्ता के रूप में यू के बरिहा ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर का नाम विश्व के प्रमुख पाँच विचारकों में शामिल किया जाता है। जिन्होंने शिक्षा के माध्यम से खुद को ऊपर उठाया और समाज को शिक्षा के माध्यम से जागरूक बनने की सीख दी। इस अवसर पर डॉ. चंद्रिका चौधरी और श्रीमती हेमलता पटेल ने भी महिला सशक्तिकरण विषय पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संचालन स्नातकोत्तर हिंदी, द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा कुमारी शिल्पा साहू ने किया।



# एनडीपीएस के मामले में 8 साल से फरार आरोपी को बिलाईगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलाईगढ़** 29 अप्रैल( देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे अनुभागीय अधिकारी पुलिस विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप. निरीक्षक शिव कुमार धारी के नेतृत्व में एनडीपीएस के मामले में 8 साल से फरार आरोपी को किया गया गिरफ्तार।

मामले की संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है की सूचना मिली थी कि ओमनी कार कमांक सीजी 04 ए इस प्रकार है कि 14.10.2017 वाहन क्र आर 7108 में गांजा भरकर 03 व्यक्ति सलिहा तरफ से मंडोरा बिलाईगढ़ तरफ जा रहे हैं कि उक्त सूचना की रिपोर्ट पर थाना से मय पुलिस वाहन ग्राम भंढोरा फारेस्ट बेरियर के पास गवाहन टिका रामकुमार उरुसेना के साथ नाकाबंदी किया गया। फारेस्ट बेरियर मंडोरा के पास उक्त ओमनी कार कार के सवार आरोपी कार को छोड़कर जंगल तरफ भाग गये जिन्हें भागते देख पुलिस स्टाफ के व्दारा पीछा किया गया एवं उक्त कार ओमनी क्रमांक सीजी 04 सी यु 9841 के पास जाकर उक्त कार कोरी में बोरी के अंदर रखे 30 पैकेट गांजा मादक पदार्थ को बरामद कर शील बंद किया गया था बाद पास में खड़े एक अल्टो कार क्रमांक सीजी 06 आर 7108 एवं पृष्ठ भाग पर नंबर ओ आर 15 आर 7108 लिखा था को विधीवत तलाशी लिया गया। अल्टो कार की सीट के नीचे एवं डिग्गी के नीचे 97 पैकेट गांजा बरामद किया गया कुल 132 किलो ग्राम गांजा किमती 660000 रु. को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। जांच पर आरोपी अल्टो कार कमांक सीजी 06 आर 7108 एवं पृष्ठ भाग का नंबर ओ आर 15 आर 7108 उक्त कार के चालक / ओनर के व्दारा धोखा देने की नियत से दुसरा नंबर औ आर 15 आर 7108 लिखकर धोखाधड़ी किया गया कि चालक / ओनर के व्दारा अपराध धारा



- बिलाईगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई
- फरार आरोपी को उड़ीसा के सिंदूरपुर से किया गया गिरफ्तार

20 (बी) एनडीपीएस एक्ट एवं धारा 420 भादवि का अपराध घटित करना पाये जाने पर मौके पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था। विवेचना के दौरान आरोपी लक्ष्मीनारायण पटेल पिता धनसाय पटेल उम्र 27 वर्ष साकिन दुष्डनरा थाना गिधौरी को दिनांक 06.04.2018 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया एवं आरोपी रामसाय पटेल उर्फ रवि पटेल पिता दुकालू पटेल उम्र 42 वर्ष ग्राम टुण्डरा थाना गिधौरी को दिनांक 16.10.2020 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है एवं फरार आरोपी हरिहर पाड़ी की पतासाजी जारी थी कि दिनांक 28 04.2025 को फरार आरोपी को घेराबंदी कर सकुनत के पास से पकड़कर थाना तलब किया गया। जिनको पूछताछ कर कथन लिया गया। जिन्होंने अपने कार क्रमांक ओ आर 15 आर 7108 के पीछे में सीजी 06 7108 को लगाकर रामसाय पटेल उर्फ रवि पटेल एवं लक्ष्मीनारायण पटेल के साथ मिलकर दिनांक 14.10.2017 को कार में गाजा लेकार बिक्री करने जा रहे थे जहां बिलाईगढ़ फारेस्ट बेरियर के पास पुलिस को देखकर कार घोड़कर भाग गये थे। अपने कथन में बताया गया एवं वाहन को बिन्दु कगरा के नाम पर ट्रांसफर करा दिया है। जिसके संबंध में पूर्व में उड़ीसा राज्य के सोनपुर जिला के आरटीओ कार्यालय में प्रतिवेदन भेजकर जानकारी प्राप्त किया गया है. जो वाहन कर ओनर ट्रांसफर घटना दिनांक के बाद का है कि आरोपी के व्दारा अपराध का घटित करना पाये जाने पर आरोपी हरीहर पाठी पिता ब्रम्हानंद पाठी उगा 57 वर्ष साकिन ग्राम सिन्दुरपुर थाना मानामुण्डा जिला बौध्द (उड़ीसा) को उसके गिरफ्तारी का कारण बताते हुए दिनांक 28.04.2025 के 21.35 बजे गिरफ्तार कर गिरफतारी की सुधना परिजन को दिया गया तथा गिरफ्तारी के संबंध में चेकलिस्ट तैयार कर न्यायालय पेश किया गया जिसे मा,न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर भेजा गया द्य

# पीपरछेड़ी हाई सेकेंडरी स्कूल में बेटियों ने रचा सफलता का इतिहास

## 11वीं में पूजा और 9वीं में मुन्नी यादव रही प्रथम



**गरियाबंद,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपरछेड़ी में कक्षा 9वीं और 11वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किए गए। दोनों कक्षाओं में बेटियों ने शानदार प्रदर्शन कर हैट्रिक रिकॉर्ड बनाया। कक्षा 11वीं में वाणिज्य संकाय की पूजा ने 76.64 फीसदी अंक लाकर प्रथम स्थान हासिल किया।

इस बार कक्षा 11वीं का कुल परीक्षा परिणाम 80.80 फीसदी रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.64 फीसदी अधिक है। इसी तरह कक्षा 9वीं में भी बेटियों ने ही बाजी मारी। मुन्नी यादव ने 81.33 फीसदी अंक लाकर प्रथम स्थान पाया। कक्षा 9वीं का कुल परीक्षा परिणाम 74.69 फीसदी रहा, जो पिछले साल से 3.44 फीसदी कम है। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य बसंत त्रिवेदी ने सभी सफल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि परिश्रम का चिराग सफलता से ही जलता है। यदि कोई लगातार परिश्रम करता है, तो उसे अंततः सफलता अवश्य प्राप्त होती है। व्याख्याता केआर साहू ने कहा कि कोशिश अंतिम क्षण तक करनी चाहिए। सफलता मिले या न मिले, अनुभव जरूर मिलेगा। यानी हमें तब तक प्रयास करते रहना चाहिए जब तक संभव हो, क्योंकि भले ही सफलता तुरंत न मिले, लेकिन प्रयास करने से अनुभव अवश्य प्राप्त होता है। कार्यक्रम में शाला समिति प्रमुख खेदू राम यादव, पालक जीवन लाल यादव, ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी की सरपंच लक्ष्मी दीवान, दीपेश दीवान, वरिष्ठ व्याख्याता केआर साहू, दिनेश निर्मलकर, विरेंद्र सिन्हा, डॉ. ओम प्रकाश वर्मा, कक्षा शिक्षक व मंच संचालक दीपक कुमार गवली, हरि नारायण यादव, किरण लाल दीवान, हेमंत कुमार दाऊ, नूतन साहू, योगेश्वरी यादव, जिला वॉलीबॉल कोच व व्यायाम शिक्षक सूरज महाडिक सहित सभी शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शास महाविद्यालय में हिन्दी विभाग में शोध केन्द्र की मान्यता के लिए निरीक्षण किया

**सरायपाली,** 29 अप्रैल( देशबन्धु)। स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में विगत दिनों प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के मार्गदर्शन में चहिंदी विभागज् में च्शोध केंद्रज् की मान्यता हेतु पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से निरीक्षण समिति का आगमन हुआ।



संयोजक के रूप में प्रोफेसर माया वर्मा (संकायाध्यक्ष, कला संकाय/अध्यक्ष ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान अध्ययन शाला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर) डॉ. राजेश दुबे (प्राचार्य, शहीद राजीव पाण्डेय शासकीय महाविद्यालय भटगाँव, रायपुर) एवं डॉ. कविता वैष्णव (अध्यक्ष, हिंदी अध्ययन मंडल पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर) विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित होकर शोध केंद्र हिंदी, पुस्तकालय व शोध केंद्र हेतु आवश्यक सभी भौतिक सुविधाओं और दस्तावेजों का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय में पदस्थ हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ चंद्रिका चौधरी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित च्शोध निर्देशकज् संबंधित सभी मापदंडों को पूरा करने के बाद पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में आवेदन किया था, जिन्हें दिनांक 26मार्च को च्शोध निर्देशकज् की मान्यता प्रदान की गई है। तत्पश्चात् हिंदी विभाग में शोध केंद्र खुलवाने के प्रयास में महाविद्यालय ने आवेदन किया था, जिसके तहत निरीक्षण समिति का आगमन हुआ था। क्योंकि शासकीय महाविद्यालय सरायपाली अपना 52 वर्ष पूर्ण कर परिपक्वता की अवस्था को प्राप्त कर रहा है, अतः यहाँ च्शोध केंद्रज् खुलने और इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को पी-एच डी. हेतु स्थानीय स्तर पर सुविधा प्राप्त होना इस नगर के लिए बेहद खास महत्व रखता है। अतएव अब पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा दिए जाने वाले च्शोध केंद्र (हिंदी) संबंधित मान्यता आदेश की प्रतीक्षा पूरा महाविद्यालय कर रहा है।

# राज्य स्तरीय बेसबॉल कप टूर्नामेंट के लिए जिले की टीम बिलासपुर रवाना

**महासमुंद** 29 अप्रैल (देशबंधु)। जिला बेसबॉल संघ बिलासपुर द्वारा मेजर लीग बेसबॉल कप टूर्नामेंट का आयोजन छत्तीसगढ़ स्कूल बिलासपुर में 30 अप्रैल से 1 मई तक आयोजित किया गया है। प्रशिक्षक डॉ सुनील कुमार भोई ने बताया कि महासमुंद जिले के 11 वर्ष आयु के बेसबॉल खिलाड़ियों की भागीदारी करने टीम बिलासपुर के लिए रवाना हुई। विगत वर्ष जिले ने इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन किया था। बेसबॉल खेल का अभ्यास प्रतिदिन तुमगांव में किया जाता हैं जिसमें आसपास क्षेत्र के बच्चे खेल की बारीकियां सीखते हैं। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य बेसबॉल खेल का विकास करने एवं खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर प्राप्त होने के लिए किया जा रहा हैं।



जिले की टीम में शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव से हितेश्वर धीवर पिता शंकर लाल धीवर, उमेश धीवर पिता मोहन धीवर, लेखराज धीवर पिता राजेश धीवर, हिमेश विश्वकर्मा पिता दीपक विश्वकर्मा, नवजीवन मिशन हाई स्कूल तुमगांव से पुष्कर साहू पिता इंद्र कुमार साहू, अनुराग ध्रुव पिता होरी लाल ध्रुव, वेटरनर मेमोरियल स्कूल महासमुंद से दीपेश साहू पिता प्रशांत साहू, केंद्रीय विद्यालय महासमुंद से दुर्गेश कुमार साहू पिता लोचन कुमार साहू, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तुमगांव से आशीष टंडन पिता किसलाल टंडन एवं अशद पिता कलामुद्दीन शामिल हैं। टीम के प्रशिक्षक अभिषेक निर्मलकर, सहायक कोच पार्थ शर्मा शामिल हैं। बेसबॉल टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन कर पदक जीतने के लिए अध्यक्ष नगर पंचायत तुमगांव बलराम कांत साहू, उपाध्यक्ष सावित्री उत्तम निर्मलकर, पार्षद राम शरण निर्मलकर, पार्षद गौतम सिन्हा, पार्षद चोवा राम तांडेकर, पार्षद शिव यादव, भुवनेश्वर साहू, पार्षद रोहित साहू, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, शत्रुहन निषाद, राहुल यादव, पिंटू सिंह, हर्ष शर्मा, जमील कुरैशी, रितेश अग्रवाल, कुबेर साहू, के के चंद्राकर, संगीता रात्रे, प्राचार्य जियो वर्गिश, जितेंद्र साहू, बलराम नेताम ने शुभकामनाएं दी।

# सिंगपुर में ओपन स्कूल का परीक्षा सेंटर बनने से लोगों में उत्साह का माहौल

**नगरी,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा सेजेस सिंगपुर विकासखण्ड मगरलोड को ओपन स्कूल परीक्षा का केंद्र बनाया गया है। केंद्र बनने की खबर मिलते ही शाला प्रबंधन एवम विकास समिति के सदस्य एवं पालक खुशी मनाने के लिए विद्यालय में एकत्रित हुए तथा एक दूसरे को बधाई देते हुए खुशियां मनाए। ज्ञात हो कि मगरलोड विकासखण्ड के अंतर्गत सिंगपुर दूरस्थ अंचल में स्थित है। किसी कारण से हाईस्कूल,हायर सेकेंडरी उत्तीर्ण नहीं कर पाने वाले बच्चों को मगरलोड जाकर ओपन स्कूल की परीक्षा देनी पड़ती थी। अब केंद्र खुल जाने से बच्चे सिंगपुर में ही परीक्षा दे सकेंगे। जिन पालकों ने विद्यालय में उपस्थित होकर खुशियां मनाई उनमें धनन्जय साहू अध्यक्ष , सरपंच लोमेश्वर साहू,राधेलाल सिन्हा, अयूब खान, शिक्षा विद हेमलाल साहू, विष्णु निर्मलकर के नाम उल्लेखनीय है। केंद्र खुलने से सेजेस सिंगपुर के शिक्षकों में भी हर्ष व्याप्त है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. व्ही. पी.चन्द्रा ने भी शिक्षक तथा पालकों को बधाई दी है।

# छात्रों के भविष्य निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका

**खरोरा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। देश के भविष्य निर्माण में शिक्षक अहम भूमिका होती हैं। शिक्षक अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए छात्रों को ज्ञान, संस्कृति, राष्ट्रभक्ति, संस्कार , की पाठ पढ़ाकर छात्रों के भविष्य के साथ साथ राष्ट्र निर्माण करते हैं। जिस प्रकार माली पौधे को उत्तम खाद, बीज, जल देकर उसे तैयार करते हैं, उसी प्रकार शिक्षक भी अपना सब कुछ न्यौछावर कर विद्यार्थियों को गढ़ने का काम करते हैं। उक्त बात सुनील कुमार नायक राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता एवं अजय साव व्याख्याता के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह में अतिथि द्वारा कहीं गई ।शाला परिवार द्वारा संकुल स्तरीय सम्मान समारोह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मठपुरैना रायपुर में सेवानिवृत शिक्षक के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के पूर्व महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा, प्रभारी प्राचार्य सरोज चंद्राकर, पूर्व प्राचार्य अर्चना चौबे,प्राचार्य चमेली वर्मा के उपस्थिति में सुनील नायक राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता एवं अजय साव व्याख्याता के विदाई समारोह में का आयोजन किया गया। अतिथि यशवंत वर्मा कहा कि शिक्षक छात्रों में नैतिक, राष्ट्रीय, संस्कारों के मूल्यों को छात्रों तक हस्तांतरण करते हैं ,शिक्षक अपनी पूरी निष्ठा ,ईमानदारी से अपना दायित्व का निर्वहन कर छात्रों का भविष्य संवारते है। शासकीय शालाओं में चुने हुए योग्यताधारी शिक्षक सेवाएं देते हैं ,वे अपने छात्रों को शिखर तक पहुंचाने की प्रयास करते हैं। छात्रों को एक नेक इंसान बनाने का लक्ष्य होता हैं ।छात्रों की सफलता ही गुरु के लिए सही गुरु दक्षिणा होती हैं। शिक्षक छात्रों के भविष्य को संवारते हैं, वे हमेशा याद किए जाते हैं। बच्चों के प्रथम गुरु माता-पिता होते हैं, तत्पश्चात वे अपने बच्चों को शाला में शिक्षक के पास काफी उम्मीद के साथ सौंपते हैं। छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षक की भूमिका अहम होती है। राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक सुनील नायक ने कहा कि अपने 38 वर्ष की सेवा में अनुभव किया कि ,छात्रों को उनके रुचि के अनुसार कक्षा अध्यापन कराने से उनमें अधिगम , दक्षता का विकास होता हैं। शिक्षक द्वारा कही गई बातों को छात्र ठीक समझ सके । उनकी जिज्ञासा को समझकर उनकी समस्या का समाधान करें। शिक्षक अपने विषयवस्तु को पूर्ण रूप से तैयारी कर कक्षा प्रस्तुत करें। छात्रों को कक्षा में ईमानदारी से अध्ययन करवाने पर ही आत्म संतुष्टि मिलती है। शिक्षक छात्रों के लिए आईना के सामान होता हैं,वे उनका आदर्श होते है।




देशहित,छात्रहित,शिक्षा हित,शिक्षक हित को सर्वोपरि मानते हुए अपने दायित्व का निर्वहन किया जाना चाहिए। मुख्य अतिथि अर्चना चौबे ने कहां शिक्षक को अपने जीवन में सबसे बड़ा उपलब्धि उनके द्वारा दिया गया शिक्षा दान जिसके द्वारा छात्र अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में कार्य की सराहना करते हुए कहा कि समर्पित शिक्षक होने के साथ साथ कुशल नेतृत्व कर्ता रहे, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के विभिन्न पदों पर रहकर शिक्षक एवं शिक्षा हित की लिए कार्य किया ।प्रभारी प्राचार्य सरोज चंद्राकर एवं सभी स्टाफ द्वारा उत्तम स्वास्थ्य, शतायु होने की कमाना की। विदाई समारोह में शाला परिवार के गोविंद सोनी, लेमन ठाकुर, बाबूलाल पटेल,मनोज बारीक, शैल चंद्रवंशी, रामलाल पटेल संगीता मिश्रा ,रितु वैष्णव विजय भारती पटेल, सुषमा कंवर,श्वेता यास्मीन,ममता वर्मा चित्रलेखा नेताम जितेंद्र सिन्हा,मोहित वर्मा छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, राहुल वर्मा, चित्रलेखा नेताम,चंद्रभूषण शुक्ला,आरती पांडेय, संजीव बल्लाल ,सरिता त्रिपाठी सविता श्रीवास्तव, जया मिश्रा, संध्या देशपांडे, प्रज्ञा झा, संदीप नेताम, विद्या नायडू कोमल सिंहा ,देवाशीष भोई ,निक्की चौरसिया, लक्ष्मी पटेल, मंजू नेताम, ज्योति शिंदे, पूजा ठाकुर, संदीप चंद्राकर ,उत्तम पांडे ,छोटे लाल, अंकिता तिवारी ,कुसुम सोनी ,गंगा नायक,तृप्ति साव आदि सभी संकुल के शिक्षक,गणमान्य उपस्थित थे ।कार्यक्रम का संचालन गोविंद सोनी, विजया भारती पटेल,के द्वारा किया गया।

# बच्चों की देखभाल हम सबकी जिम्मेदारी : केशव टेकाम

**नगरी,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। विगत दिवस विकासखंड के ग्राम फरसिया में लईका घर केंद्र क्रमांक 2 के नए भवन में शिफ्टिंग सह शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में सरपंच केशव टेकाम एवं उपसरपंच त्रिलोक साहू उपस्थित थे।

कार्यक्रम शुभारंभ कर सरपंच श्री टेकाम ने कहा कि लईका घर बच्चों के समग्र विकास का केंद्र है, जहां बच्चों को मिलती है पोषण के साथ-साथ खेल , शैक्षिक, मानसिक गतिविधियां तथा संस्कार । उपसरपंच त्रिलोक साहू ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों की देखभाल हम सबकी जिम्मेदारी है। बच्चों के लिए उचित वातावरण निर्माण के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। गर्मी में बढ़ती उमस से बच्चों को राहत दिलाने सरपंच एवं उपसरपंच व ओमप्रकाश साहू के नेतृत्व में केंद्र को एक कूलर प्रदाय किया गया। उपस्थित जनों ने पंचायत प्रमुखों के निर्णय का तालियां बजाकर स्वागत किया। इसके पूर्व अतिथियों व ग्राम के वरिष्ठ जनों ने नये केन्द्र भवन का विधिवत पूजन अर्चन कर व फीता काटकर केन्द्र को समर्पित किया।



पंचायत प्रमुखों ने केन्द्र को दिया कूलर

अतिथियों के उद्बोधन के पूर्व मोबाईल क्रैचेस संस्था से मुकेश कुमार वर्मा ने लईका घर कार्यक्रम में मोबाईल क्रैचेस संस्था व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की भूमिका की जानकारी दी। तत्पश्चात सुपरवाईजर उपेंद्र साहू ने लईका घर की सेवाएं, बच्चों की पात्रता, पोषण प्रबंधन तथा अन्य गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। अतिथियों के उद्बोधन पश्चात लईका घर प्रबंधन समिति का गठन किया गया। समिति में अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष अनिता साहू, सचिव अश्वनी सिन्हा व संयोजक संगीता गोस्वामी का मनोनयन किया गया। समिति में सरपंच केशव टेकाम, उपसरपंच त्रिलोक साहू, पूर्व उपसरपंच शिवदयाल साहू को प्रमुख रूप से शामिल किया गया। इस अवसर पर पंच अनिता साहू, सोपसिंग जी, तोरण साहू, ओमप्रकाश साहू, अग्नू साहू, पालक अश्वनी सिन्हा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नंदनी साहू, देखभाल कार्यकर्ता संगीता गोस्वामी, प्रीति सिन्हा, वालिंटियर लोकेश्वर साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## निधन

### करूणा शंकर तिवारी

**पलारी**, 29 अप्रैल। विकासखंड पलारी के ग्राम देवसुंदा निवासी करूणा शंकर तिवारी का 57 वर्ष की उम्र में अस्वस्थता के चलते आकस्मिक निधन हो गया है। वे रमाशंकर तिवारी के बड़े भैया अविनाश तिवारी, अज्जू तिवारी के पिता तथा श्रीमती पुष्पा तिवारी के पति थे। उनके अंतिम संस्कार में स्वजनों के अलावा भारी संख्या में लोग शामिल होकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित किए हैं।



### तीरथराम ध्रुव

**राजिम,** 29 अप्रैल। परेवावाले भगत बाबा के नाम से प्रसिद्ध स्व. नारायण सिंह ध्रुव के छोटे सुपुत्र तीरथराम ध्रुव (54 वर्ष) का सोमवार को अपराह्न 4 बजे हृदय गति रुक जाने के कारण आकस्मिक निधन हो गया। स्व. तीरथराम ग्राम परेवाडीह के पूर्व सरपंच रामलाल ध्रुव, रोहित ध्रुव, तिलक ध्रुव एवं परेवावाले भगत बाबा गिरिराज सिंह ध्रुव के चाचा एवं राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष सामाजिक नेता लाला साहू के महाप्रसाद थे। स्व. तीरथराम को उनके गृह ग्राम परेवाडीह में सामाजिक रीति-रिवाज के साथ दफन किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिवारजन, ईष्ट मित्र सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। अंतिम यात्रा में शामिल लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दिए।



# स्व. कुलेश्वर वर्मा के पत्नी को अग्रेसियस राशि 50 हजार प्रदान किया गया



**पलारी,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। शा. उच्च माध्यमिक विद्यालय गोडा में पदस्थ व्याख्याता शिक्षक कुलेश्वर वर्मा के आकस्मिक निधन उपरांत आज उनके निवास स्थान पलारी में उनके पत्नी श्रीमती पुष्पलता वर्मा को अग्रेसियस राशि 50 हजार रुपए प्रदान किया गया। इस अवसर पर डीडीओ प्राचार्य डी एस डाहरे, गोड़ा के प्राचार्य डी के साहू,मोहन बंजारे,वटगन प्राचार्य हेमन्त वर्मा, देवसुन्द्रा प्राचार्य रोहित जायसवाल, जी. एन वर्मा, उमाशंकर साहू,राजकुमार सोनवानी, पटेल सर सरजू वर्मा सहित प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### आवासीय खेल अकादमी बिलासपुर...

हरियाणा, खेल अकादमी रायपुर, बिलासपुर इत्यादि जगहों में चयनित होकर पदक जीतने में सफ्ल हो रहे हैं तथा नियमित अभ्यास कर रहे हैं। खिलाड़ियों को चयन ट्रायल में अच्छे प्रदर्शन करने खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, जिला तीरंदाजी संघ अध्यक्ष डॉ विकास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़ा, डॉ अधीक्षक बॉल आश्रम बिहाझर पुणेंद्र चंद्राकर, सोमनाथ साहू, रिंकल बग्गा, ऋषि साहू, व्यायाम शिक्षक डॉक्टर सुनील कुमार भोई, डॉ सेवन दास मानिकपुरी, अंजनी साहू ने शुभकामनाएं दी।

# फेडरेशन ने दी पहलगाम घटना के मृतकों को श्रद्धांजलि

## युद्ध की स्थिति निर्मित होने पर देश हित में आर्थिक सहयोग करेगा फेडरेशन

**मगरलोड**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। आज देश वासियों का खून खौल रहा है और खून खौले भी क्यों न। जिस प्रकार से जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष लोगों की हत्या की गई है,इससे हर भारतीयों का खून खौल रहा है और हर कोई इस बार पाकिस्तान को सबक सिखाने की बात कर रहा है। बात जब देश और देश के लोगों की आती है तो निश्चित रूप से सारा देश एकजुट हो जाता है। इसी कड़ी में मृतकों को श्रद्धांजलि देने का सिलसिला भी लगातार जारी है। आतंकवादियों के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन करने छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक शाखा मगरलोड द्वारा पहलगाम घटना में शहीद हुए लोगों को कारगिल उद्यान मगरलोड में कैंडल लाइट जलाकर एवं दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि दी गई। तथा आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान होश में आओ, जैसे नारे लगाए गए और कहा कि ईंट का जवाब पत्थर से देना चाहिए,आतंकी भारत की धैर्य की परीक्षा ना ले। भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। तथा छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक शाखा मगरलोड के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने युद्ध की स्थिति निर्मित होने पर देश हित में आर्थिक सहयोग करने की बात भी कही। इस अवसर पर ब्लॉक संयोजक दयाराम साहू, ब्लॉक प्रवक्ता डेवेश कुमार साहू, ?ब्लाक कोषाध्यक्ष सियाराम कुर्रे, सह प्रवक्ता खिलेश्वर सोनबेर,प्रचार-प्रसार मंत्री बेदराम साहू, मार्गदर्शक तामेश्वर ठाकुर, दुष्यंत साहू, दिलीप कोठारी, शेखन साहू,मोहन सारथी, प्रमोद डड़सेना, ताम्रध्वज साहू, भामेश्वरी साहू , ईश्वरी निर्मलकर, कीर्ति लता, रश्मि निर्वाण,कामना केरकेट्टा, सहित आम नागरिक इस आंतकी घटना के विरोध एवं आक्रोश प्रदर्शन में उपस्थित थे।



# डीजे पिकअप और ऑल्टो में टक्कर, 12 घायल एक की मौत

## नेशनल हाइवे पर भीषण सड़क हादसा

**गरियाबंद,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। मंगलवार शाम जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर ग्राम कोड़ोहरदी में बारात के लिए निकले दो वाहनों में आमने सामने भिड़ंत हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में 12 लोग घायल हो गए वही एक शिक्षक की मौत हो गई। पांच घायलों को बताया जाता है कि दोनों वाहन काफी तेज गति में थे। घटना के बाद दोनों ही गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। जानकारी के मुताबिक पहला वाहन पिकअप में बड़ी संख्या में ग्रामीण भरे थे। ये डांगनबाय से निकले थे। वही दूसरे वाहन ऑल्टो कार में चार लोग सवार थे। वे कोण्डागांव से रायगढ़ जा रहे थे। इस दौरान शाम करीब चार बजे दोनों के जबदस्त टक्कर हो गई। घटना में ऑल्टो चालक समरूलाल किसान की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं साथ में सवार पत्नी रत्ना, भाई पवन और पुत्र भानुप्रताप को गंभीर चोट लगी है। जिसे रायपुर रिफर किया गया। वहीं पिकअप चालक प्रकाश देवांगन सहित 8 ग्रामीणों को गंभीर चोट लगी है। इसके पहले घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर केस दर्ज कर लिया है और हादसे की जांच जारी है।



# बागबाहरा अंचल में ओलावृष्टि से धान फसल को भारी क्षति, किसानों में छाई चिंता





**बागबाहरा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कल सोमवार को दोपहर 3 से 4 बजे के बीच नगर समेत अंचल के गांवों में अंधड़ के साथ झमाझम बारिश हुई। इस दौरान लगभग आधे घंटे तक जमकर ओले गिरे। जिससे रबी फसल की धान को भारी क्षति हुई है। धान की तैयार फसल तेज हवाओं से गिरकर अस्त व्यस्त हो गई है। वही अंधड़ से कई जगहों पर पेड़ उखड़ गए। और घर के टीन टप्पर शेड उड़ कर जमीन में गिर गए। क्षेत्र में जमकर ओले गिरने से सबसे ज्यादा नुकसान रबी सीजन में धान की खेती किसानी कर रहे किसानो को हुई है। रबी धान फसल पककर तैयार हो गई है। अथवा पकने के कगार पर पहुंच चुके। धान के फसल को बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से धान के दाने जमीन में झड़कर गिर गए हैं। धान की फसल नुकसान होने से किसानो में चिंता छा गई है।

भीषण गर्मी के दौरान अचानक कल सोमवार को दोपहर 3 से 4 बजे के बीच नगर समेत अंचल के गांवों में अंधड़ के साथ झमाझम बारिश हुई। जिससे वातावरण में ठंडकता आ गई। वहीं तेज़ अंधड़ एवं हवा पानी से कई खेतों के किसानो की खड़ी रबी धान फसल को सुला दिया। जहां ओलावृष्टि का अधिक दबाव रहा, वहां फसल जो पककर कटने को तैयार थी। उसके बालियो में लगे धान झड़कर जमीन में गिर गया। इस हवा पानी ओलो ने किसानो के चेहरे पर लकीरे खड़ी कर दी। तेज अंधड़ एवं ओलावृष्टि के साथ झमाझम एक घंटे तक क्षेत्र में बेमौसम बारिश होने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था। वहीं नगर एवं गांवों के खेत खार के गड्ढे एवं डबरे पानी से लबालब भर गए थे। ओलावृष्टि की चपेट में बागबाहरा नगर के आसपास 10 से 15 किमी के परिधि में आने वाले ग्राम हरनादादर, घुंचापाली, बागबाहराकला, खोपली, बिहाझर, मौलीमुड़ा, फुलवारी, पतेरापाली, दारगांव, सिर्रीपठारीमुड़ा, सुखरीडबरी, दाबपाली, कोमा, कोल्दा, खल्लारी, भीमखोज , आंवराडबरी, बीके बाहरा , सोनदादर, आमगांव, सम्हर , सोनपुटी , मनबाय , बकमा आदि आने वाले गांव में रबी धान की फसल को ज्यादा नुकसान होने की खबरे किसानो से मिली हैं। इसी तरह झलप, पटेवा, छिलपावन, नरतोरा, भटगांव, चिरको, तोरला, झारा, रामखेड़ा, सौरमसिंघी, पाली, मुड़ियाडीह, चौकबेड़ा, चितमखार आदि गांवों में कल सोमवार को दोपहर में एक से डेढ़ घंटे तक तेज़ हवाओ के बीच जमकर बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि हुई। जिससे किसानो की रबी धान फसल को सबसे ज्यादा नुकसान हुई है। किसानो के माथे पर चिंता की लकीर उभर गई है।

# आज होगी मिट्टी के बने पुतला व पुतलियों की शादी



**नवापारा राजिम,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। आज होगी मिट्टी के बने पुतला और पुतलियों की शादी सुबह से बच्चे तैयारी मे लगे हुए है। सोलह संस्कारों में विवाह एक ऐसा संस्कार है जिन्हें बच्चे भी अक्ति के दिन अपने बडो की सहायता से विवाह मे होने वाले रस्मों से भली भांति परिचित हो जाते है। अक्ति का लगन ऐसा होता कि इस दिन खूब शादी होती है। हमारे बडे बुजुर्ग कहते है कि विवाह के लिए अक्ति के दिन मुहूर्त देखने की आवश्यकता नही होती वही आज बच्चे अपने चिर-परिचित सगा समबन्धित को आमंत्रण देने मे लगे है। वही बाजार मे पुतला और पुतली और विवाह सामग्री 100 रूपये मे बिक रही है।

# ग्राम नारी के लोकनाथ का अग्निवीर में चयन



**नवापारा राजिम,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। समीपस्त ग्राम नारी के साहू समाज के होनहार युवा लोकनाथ साहू(लक्की) का अग्निवीर सेना में चयन होने पर ग्राम नारी के ग्राम वासी सहित परिवार जनों ने उनका फूल माला पहनाकर एवं आरती उतार कर भारत माता की जय घोष के साथ विदाई दी गई। वे ग्राम सोनेसिली के सरपंच अजय साहू के मामा के पुत्र गैंद लाल साहू के बड़े बेटा है।अग्निवीर सेना में चयनित होने पर भोपाल ट्रेनिंग में जाने के लिए घर से विदाई पश्चात बधाई शुभकामनाएं देकर, देश सेवा में अपना योगदान देने के लिए सराहा,और उनके माता पिता को भी बधाई प्रेषित किए कि अपने पुत्र को देश के सेवा लिए सेना में भर्ती के लिए भेजने का जजबा रखा, सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश साहू ने कहा कि यह हमारे साहू समाज के लिए गौरव का विषय है। जोकि देश सेवा के लिए अग्निवीर सेना में चयनित हुआ है।इस अवसर पर ग्राम नारी के पंचायत प्रतिनिधि,सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि लोग भारी संख्या में उपस्थित होकर बधाई शुभकामनाए दिए।

# बयानबाजी को लेकर किसान मोर्चा ने किया पुतला दहन



**बलौदाबाजार,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा गार्डन चौक बलौदाबाजार में राष्ट्रविरोधी बयान दिए जाने के विरोध में तथाकथित किसान नेता नरेश टिकैत का पुतला दहन किया गया। ज्ञात हो कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थक आतंकवादियों द्वारा देश के 27 निर्दोष पर्यटकों की धर्म पूछकर क्रूरता पूर्वक हत्या की गई। इस अमानवीय कृत्य से देश आहत है इस गंभीर कृत्य के प्रतिकार में नरेंद्र मोदी ने सिंधु जल समझौते को रद्द करने की पहल की जो कि अत्यंत दुर्भाग्य पूर्ण है कि देश के भीतर ही कुछ स्वघोषित नेता राष्ट्रहित निर्णय का विरोध कर रहे है।

किसान नेता नरेश टिकैत का बयान अत्यंत दुर्भाग्यजनक है जो कि 140 करोड़ जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता पर सीधा प्रहार है। नरेश टिकैत जैसे लोग देश की रोटी खा कर देश के विरोध में बयान देते है ऐसे देश द्रोही नेताओं पर देश द्रोह का मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला बलौदाबाजार के जिला अध्यक्ष द्वारिका वर्मा से की है। पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य टेसूलाल धुरंधर, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, जिला महामंत्री भाजपा कृष्णा अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष नरेश केशरवानी, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा रितेश श्रीवास्तव, राहुल सोनी, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा नेतराम साहू, राजकुमार बंजारे, भरत वर्मा, शिवप्रसाद ध्रुव, मालिक राम वर्मा, सुधेराम वर्मा, डागेश्वर ध्रुव, हितेश वर्मा, मनहरण यदु, खोरबहरा ध्रुव, शत्रुघ्न ध्रुव, बिरजू निषाद, विशेषर ध्रुव, होरीलाल यादव, झड़ी ध्रुव, गोलू ध्रुव, रूपसिंह साहू, राजू वर्मा, राजकुमार यदु, अजय साहू, गजेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित रहें।

















































# अट्ठारहगुड़ी में बच्चों द्वारा त्रिदिवसीय पुतरा-पुतरी विवाह

## आकर्षक मंडप सजाया, आज बाराती स्वागत, ग्रामीणों को मिला स्नेहभोज

**पिथौरा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम अट्ठारहगुड़ी , लहरौद , नयापारा खुर्द आदि स्थानों में अक्षय तृतीया अक्ति पर्व अवसर पर बच्चों द्वारा त्रिदिवसीय पुतरा पुतरी विवाह विधि विधान से मनाया जा रहा है ठीक उसी तरह जिस तरह से वर वधु दोनों पक्षों के विवाह के समय विवाह रस्म निभाई जाती है प्रथम दिवस मंडप छादन द्वितीय दिवस तेल , मायन और तृतीय दिवस बेटी विदाई , वधु प्रवेश आदि । ग्राम अट्ठारहगुड़ी में प्रथम दिवस बच्चों ने बड़े ही आकर्षक ढंग से विवाह मंडप सजाया और मंगोरहन लाकर पूजा अर्चना कर



पुतरा पुतरी का तेल रस्म निभाई द्वितीय दिवस मायन नाच कर तृतीय दिवस अक्षय तृतीया के दिन पूरे विधि विधान से बारात स्वागत और बेटी विदाई करेंगे इस अवसर पर गाँव में ग्रामीण बच्चों के इस विवाह समारोह शामिल होकर बच्चों की प्रशंसा कर रहे हैं कहते है अक्ति पर्व पर बच्चों द्वारा इस तरह से पुतरा पुतरी का विवाह रचाया जाता है एक मोहल्ला लड़की पक्ष और दूसरा मोहल्ला लड़का पक्ष की रस्म अदाएगी करेंगे । अक्षय तृतीया अक्ति पर्व विशेष पर साहित्यकार संतोष गुप्ता ने कहा कि अक्ति का पर्व वैशाख के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है इस लग्न में विवाह सहित अन्य शुभ कार्य फलदायी होता है आगे उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया बसंत ऋतु के समापन और ग्रीष्म ऋतु के आगमन काल है इस पर्व में शुभचिंतक अपने अपने चिर परिचितों को पानी से भरे मिट्टी के घड़े शुभकामना स्वरूप देते हैं कोई कोई शर्बत घोलकर मीठे पानी भी दान करते हैं जिसका उद्देश्य होता है जीवन में हमेशा मिठास , शीतलता बनी रहे ग्रीष्म काल का आगमन होने से इस दिन तन और मन को शीतलता देने वाले खाद्य या पेय पदार्थ शक्कर , इमली , आम , चना से बने सत्तू जिसके सेवन से शरीर को फायदा हो इसका एक दूसरे को दान करते हैं । अक्षय तृतीया के दिन ही भगवान विष्णु के नर अवतार , भगवान परशुराम , ब्रम्हा पुत्र अक्षय कुमार , माँ गंगा , अन्नपूर्णा माता का जन्म दिवस भी माना जाता है इसी दिन किसान ग्राम देवता , शीतला माता आदि देवी देवताओं का स्मरण कर सुख , शांति ,समृद्धि की कामना करते अपने खेतों में अन्न छिड़कर अच्छी फसल होने की आशा करते अन्नपूर्णा माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं । इन्ही विशेष कारणों से अक्षय तृतीया पर्व की महत्ता है इस दिन बच्चों द्वारा पुतरा पुतरी का विवाह रचाने का उद्देश्य बच्चों में पारिवारिक जिम्मेदारियों , रीति रिवाजों , सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कराने जीवन जीने की कला से अवगत कराना होता है । पुतरा पुतरी के विवाह हर्षोउल्लास से कराने श्रीमती विद्या डड़सेना , अशोक , गौतम डड़सेना , रानू ,प्रभा , श्यामा सिन्हा बच्चों का मार्गदर्शन कर रहे हैं । विवाह मंडप और उसे सजाने संवारने में हर्षिता डड़सेना , त्रिवेणी सिन्हा , चिंकी , रोशनी , रोशन , काव्या , रुपाली , पायल , सार्थक , गुनगुन सिन्हा ,सक्षम सिन्हा बच्चों सहित ग्रामवासी जुटे हैं ।

# लोकल सत्तू ने ब्रांडेड को पछाड़ा अक्षय तृतीया की जोरदार मांग निकली

**भाटापारा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। पहली बार ब्रांडेड सत्तू को लोकल से कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है। कीमत ज्यादा होने के बावजूद लोकल सत्तू में अक्षय तृतीया की जोरदार मांग निकली हुई है।



छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों का बाजार अब जोर पकड़ने लगा है। खुश इसलिए भी क्योंकि इन व्यंजनों को सभी वर्गों का प्रतिसाद मिल रहा है। खास तौर पर ठेठरी, खुरमी, पीड़िया, गुझिया और अईरसा को। जोरदार मांग हैरत में डाल रही है। ताजा डिमांड सत्तू में हैं, जो ब्रांडेड को पछाड़कर लोकल सत्तू में सबसे आगे हैं।

### महंगा फिर भी लोकल

सत्तू लोकल 200 रुपए किलो। ब्रांडेड 180 रुपए किलो। इसके बाद भी उपभोक्ता मांग लोकल सत्तू में सबसे ज्यादा है। इसके पीछे स्थानीय उत्पादन के प्रति बढ़ता भरोसा को माना जा रहा है। इसके साथ विक्रेता संस्थानें भी विश्वसनीयता बनाए रखी हुई हैं। यही वजह है कि ब्रांडेड प्रोडक्ट को लोकल प्रोडक्ट से कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है। ।

### बढ़ रही पारंपरिक व्यंजनों में मांग

अईरसा, ठेठरी, खुरमी, पीड़िया, गुझिया। यह छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन हैं। ग्रामीण के अलावा शहरी उपभोक्ताओं को भी इनका स्वाद पसंद आने लगा है। इसे देखते हुए शादी ब्याह के बाद विदाई के दौरान दिए जाने वाले च्जोरनज्की भी उपलब्धता करवाई जा रही है। नया था च्जोरनज्का प्रवेश बाजार में, हाथों-हाथ उठाई जा रही है सुविधा।

### पूरा ध्यान छत्तीसगढ़ी व्यंजन पर

उच्च कीमत वाली मिठाइयों की भीड़ में आसान नहीं था छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का पहुंचाया जाना लेकिन नवीकरण की सोच रखने वाले देवांगन खजूरवाला के संचालक मयंक देवांगन को 6 साल की मेहनत के बाद अपने प्रयास में तब सफलता मिली, जब अईरसा, और ठेठरी, खुरमी को उपभोक्ताओं ने हाथों-हाथ लिया। अब पूरा ध्यान, छत्तीसगढ़ी त्यौहार और पर्व में सेवन किए जाने वाले व्यंजनों पर ही है।

# वन विभाग ने कब्जा हटाया

**पिथौरा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। वन परिक्षेत्र के बुन्देली वृत्त में वनरक्षक आवास के आधे हिस्से मे बेजा कब्जा हटाने तहसीलदार पिथौरा ललित सिंग, एसडीओ वन यूआर बंसत, नवपदस्थ प्रभारी रेंजर सालिकराम डड़सेना , वन अमला, राजस्व अमला एवं पुलिश बल की उपस्थिति मे मंशाराम के द्वारा बेजा कब्जा को हटाया गया । ज्ञात हो कि मंशाराम पिता रतिराम द्वारा वनरक्षक आवास के आधे हिस्से मे बेजा कब्जा कर झोपड़ी बनाकर उसके सीमा में अपना ट्रेक्टर खड़ी कर पिछले 8-10 वर्षो से कब्जा कर रखा था । वनरक्षक आवास बुन्देली ग्राम के राजस्व भूमी में लगभग 40.-50 साल पूर्व से बना हुआ था जो जीर्ण शीर्ण होने के कारण बीट गार्ड चार्टर परिसर के आधा हिस्सा मे मंशाराम कब्जा कर लिया था । नया बीटगार्ड चाटर का निर्माण करने से कब्जाधारी कर्मचारी के साथ गाली गलौच कर निर्माण कार्य मे बाधा डालता रहा । प्रकरण तहसीलदार पिथौरा के न्यायालय से वन विभाग के पक्ष मे फैसला आने के बाद भी कब्जाधारी कब्जा छोड़ने को तैयार नही



था । प्राप्त सूत्रो के अनुसार कब्जा हटाने के लिए वनमंडलाधिकारी महासमुंद द्वारा बार - बार पिथौरा परिक्षेत्र अधिकारी को निर्देश दिया गया , इस दौरान जयकांत गंडेचा , मोतीलाल साहू, तोषराम सिन्हा, प्रत्युश तांडे ने रेंज चार्ज मे रहने के दौरान बेजा कब्जा हटाने मे कोई रुचि नहीं लिया । वनप्रबंधन समिति बुन्देली के अध्यक्ष विमल दास मंहत एवं स्थानीय कर्मचारियो ने कब्जा हटाने अधिकारियो को कई बार निवेदन किया लेकिन परिणाम शुन्य रहा । अंततः आज वनमंडलाधिकारी महासमुंद पंकज राजपूत के निर्देशन में, उपवनमंडलाधिकारी पिथौरा के मार्गदर्शन में प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी पिथौरा सालिकराम डडसेना के नेतृत्व में वन अमला, राजस्व अमला एवं पुलिश बल की उपस्थिति मे बेदखली की कार्यवाही कर बीटगार्ड चार्टर सीमा मे फेसिंग पोल्स गाड़कर फेंसिंग तार लगा कर पौधारोपण भी किया गया । इस कार्यवाही से स्थानीय जनप्रतिनिधियो, ग्रामीणो एवं समिति के महिला सदस्यो मे काफी हर्ष ब्याप्त है ।

# बेमौसम ओलावृष्टि से हुई धान फसल की क्षति का निरीक्षण करने गांवों में पहुंचे जनपद अध्यक्ष एवं किसान नेता केशव नायक राम

**बागबाहरा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में कल सोमवार को हुई बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि ने किसानों की रबी धान फसलों को भारी नुकसान पहुंचाई है। किसानों की इस पीड़ा को समझने और उसे शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बागबाहरा जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ किसान नेता केशव नायक राम चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार, जनपद सदस्यगण तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ खेतों में जाकर धान के फसलों का निरीक्षण अभियान पर निकले। इस निरीक्षण में अतिरिक्त तहसीलदार भवानी शंकर साव, संबंधित पटवारी, राजस्व निरीक्षक सहित प्रशासनिक अधिकारी भी सम्मिलित रहे। निरीक्षण दल ने बागबाहरा विकासखंड के ग्राम कोमा, बोईरगांव, कन्हारपुरी, बीके बाहरा, आंवराडबरी, पतेरापाली, दारगांव, हाथीगढ़ आदि गांवों का दौरा कर किसानों से सीधे संवाद किया।

**किसानों के लिए संवेदनशीलता और मुआवजा की मांग:** जनपद अध्यक्ष



प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किसानों से संवाद, तीस हज़ार प्रति एकड़ मुआवजे की मांग, अन्यथा आंदोलन करने की चेतावनी

श्री चंद्राकर ने किसानों को ढाढस बंधाते हुए कहा किसानों की मेहनत कभी बेकार नहीं जाती, लेकिन जब प्रकृति इस प्रकार का प्रकोप दिखाए तो सरकार और प्रशासन का दायित्व है कि वह किसानों के साथ खड़ी हो। मैं स्वयं इस पूरे नुकसान की रिपोर्ट जिला कलेक्टर और राज्य सरकार तक पहुंचाऊंगा। किसानों को प्रति एकड़ ?30,000 की क्षतिपूर्ति की मांग हम शासन से करेंगे। ताकि वे फिर से अपने खेतों में मेहनत करने के लिए सक्षम हो सकें।

उन्होंने आगे कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते वे हर प्रभावित किसान के साथ खड़े हैं। और जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता, वे चैन से नहीं बैठेंगे। वहीं जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार ने भी किसानों को ढाढ़स बंधाते हुए हम किसानों के साथ हैं, वे अकेले नहीं हैं। जिला प्रशासन को हम लोग रबी धान फसल नुकसान की सही रिपोर्ट बनवाकर भिजवाएंगे। ताकि किसानो को फसल क्षतिपूर्ति की राशि मिल सकें।

**प्रशासन हुआ सक्रिय:** अतिरिक्त तहसीलदार भवानी शंकर साव ने मौके पर उपस्थित पटवारियों और राजस्व निरीक्षकों को निर्देश दिए कि वे तत्काल सर्वे शुरू करें और प्रभावित किसानों की सूची बनाकर रिपोर्ट जल्द से जल्द तहसील कार्यालय को सौंपें। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर राहत पहुंचाने की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ की जाएगी।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनप्रतिनिधियों में कृषि स्थाई समिति सभापति एवं जनपद सदस्य गरिमा केशव चंद्राकर, जनपद सदस्य भूमिका रामलाल सिन्हा, गिरीश पटेल रिंकू चेतन चंद्राकर पूर्व सरपंच, सरपंच दुलारी मुकुंद सिन्हा, उमेश साहू राहुल बंछोर, पुन्नी बाई दीवान सरपंच ग्राम कोमा, प्रशासनिक अधिकारियों में बागबाहरा अतिरिक्त तहसीलदार भवानी शंकर साव, पटवारी किरण साहू पटवारी, कंचन साहू, सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि गण, सहित बड़ी संख्या में कृषक जन उपस्थित रहे।

# एक राष्ट्र एक चुनाव से रुकेगा संसाधन का अपव्यय

**राजिम,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। राजिम के गायत्री मंदिर परिसर में अधिवक्ता संघ राजिम द्वारा एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर प्रबुद्धजन सम्मेलन आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता छग स्टेट वेयरहॉउस कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष चंदूलाल साहू शामिल हुए। साथ ही राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, एक राष्ट्र एक चुनाव के जिला संयोजक चंद्रशेखर साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष दशरथ सिन्हा सहित अधिवक्तागण व प्रबुद्धजन शामिल हुए। मुख्य वक्ता चंदूलाल साहू ने एक राष्ट्र-एक चुनाव की उपयोगिता व समाजिक महत्व का सामाज में प्रभाव बताया और कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव होना अति आवश्यक है। इससे बार-बार मतदान से होने वाली परेशानियों के साथ अनिश्चितता का दौर समाप्त होगा। एक बार




राजिम में अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित सम्मेलन में वरिष्ठ नेताओं ने रखे सुझाव

में चुनाव हो जाने से संसाधन का अपव्यय रुकेगा। लोकतंत्र मजबूत होगा। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र के लिए यह लंबी अवधि के लिए समाधान हो सकेगा।

विधायक रोहित साहू ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से सुरक्षाबलों पर दबाव कम होगा तथा नागरिकों के समय की भी बचत होगी जिससे सार्वजनिक भागीदारी बढ़ेगी और

पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि एक ही समय पर सभी चुनाव होने पर लाखों करोड़ रूपये की बचत होगी। एक राष्ट्र एक चुनाव से होने वाली बचत से विकास का नया अध्याय लिख सकते हैं। यह निर्णय व्यक्तिगत हित से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में परिवर्तनकारी कदम सिद्ध होगा।

कार्यक्रम का संचालन नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने किया तथा स्वागत उद्बोधन अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दशरथ निषाद ने किया। आभार प्रदर्शन एक राष्ट्र एक चुनाव के जिला संयोजक चंद्रशेखर साहू ने किया। इस अवसर पर विक्रम मेघवानी, राजेश ठाकुर, हेमराज साहू, निखिल यादव, सुनील श्रीवास्तव, रोमन साहू, ओमप्रकाश वर्मा, मनीराम साहू, संतोष साहू, टीकम साहू, हरीश साहू सहित अधिवक्तागण, व्यापारी गण, पेंशनर्स समाज गायत्री परिवार व प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# अक्षय तृतीया पर आज रचाया जाएगा गुड्डा-गुड्डी का विवाह

**महासमुंद,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। अक्षय तृतीया का पावन त्यौहार हर वर्ष बैसाख मास के शुक्ल पक्ष के तृतीया तिथि को मनाई जाती है इस दिन को बहुत ही शुभ माना जाता है कोई भी काम सम्पन्न किया जा सकता है। आज का दिन इतना शुभ होता है कि पंचांग देखने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। आज के दिन को अक्ती तिहार भी कहा जाता है। आज के दिन ठाकुर देव, सांहडा देव, शीतला माता, मौली माता, खेत के देवी देवता का पूजन किया जाता है । गाँव के देवी देवता से सुख समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की जाती है अच्छे फसलों की कामना की जाती है। घर परिवार में किसी सदस्य की मृत्यु हुई रहती है उसे अक्ती पानी दिए जाने की परम्परा है । अक्ती पानी देने के पश्चात् पितर मिलाने की परम्परा है जिन मृतक व्यक्ति को



अक्ती पानी दिया जाता है उसके लिए परिवार वालो को एकत्र कर पानी दिया जाता है और भोज कराया जाता है । आज के दिन दान करने का भी विशेष महत्व है । दान पुण्य करने से सुख समृद्धि में वृद्धि होती है । अक्षय तृतीया के दिन गुड्डा- गुड्डी का विवाह पूरे रीति रिवाज से किया जाता है । अक्षय तृतीया का सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व होता है । मांगलिक कार्य के लिए बहुत ही शुभ होता है साथ ही साथ आने वाले खरीब की फसल के अच्छे पैदावार के लिए देवी देवताओं का पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लेते है। अक्षय तृतीया को खरीददारी की विशेष परम्परा होती । आज के दिन खरीदी से घर परिवार में सुख सुविधाओं की वृद्धि होती है अपने अपने सामर्थ्य के अनुसार खरीदी की जाती है आज का दिन बहुत ही शुभ माना जाता है।

# नई दिल्ली में राजिम के कवि नूतन लाल साहू को दिनकर साहित्य एवं तुलसीदास सम्मान से नवाजा गया

**राजिम,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। काव्य हिंदुस्तान अंतरराष्ट्रीय साहित्य समूह लीचीपुरम मुजफ्फरपुर बिहार द्वारा गांधी शांति प्रतिष्ठान भवन नई दिल्ली में आयोजित कवि सम्मेलन में हिंदी, शिक्षा, साहित्य एवं सामाजिक क्षेत्र में अप्रतिम अवदान के लिए राजिम के कवि नूतन लाल साहू को राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर साहित्य सम्मान तथा संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास सम्मान से विभूषित किया गया। एक साथ दो सम्मान इन्हें प्रदान किया गया। सम्मान मिलते ही पूरा सभा हाल पर तालियां गुंजने लगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उषा जोशी थी। अध्यक्षता प्रख्यात गीतकार प्रमोद मिश्र निर्मल ने किया। प अति विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रद्धेय दिनकर के सुपुत्र केदारनाथ सिंह तथा विशिष्ट अतिथि रेखा शर्मा थी। इस कार्यक्रम में दिल्ली, मालपुरा, राजस्थान, हरियाणा, ललितपुर उत्तरप्रदेश, आगरा, दतिया, बिहार, गाजियाबाद, जम्मू, कश्मीर, ग्रेटर नोएडा वाराणसी, बेगूसराय, मध्य प्रदेश, अहमदाबाद, जयपुर, राजस्थान, उत्तराखंड, कुशीनगर, पंडरौना प्रयागराज एवं छत्तीसगढ़ के कवि ने कविता पढ़ा। इसमें छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिला के राजिम से पहुंचे कवि नूतन लाल साहू ने आ जाओ साहित्य के टच में, कविता पढ़कर खूब तालियां बटोरी। इसके बाद छत्तीसगढ़ी में कविता धूम मचे हे, जैसे ही पढ़ना शुरू किया, पूरा सभा हाल में छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया की अनुगूंज होने लगी। कविताओं को ध्यान से सुना गया और खूब वाहवाही लूटी।



नूतन लाल साहू ने छत्तीसगढ़ी में कविता पढ़कर देश के राजधानी दिल्ली में मचाई धूम

**पिछले वर्ष नेपाल में भी हुए थे सम्मानित:** बता दे कि पिछले वर्ष कवि नूतन साहू नेपाल में सम्मानित हुए थे देश के विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं के द्वारा लगातार इन्हें सम्मान दिया जा रहा है। श्री साहू प्रतिदिन एक कविता अलग-अलग विषय पर लिखते हैं। जिनकी चर्चा लगातार हो रही है। इनके सम्मानित होने से पूरे जिले में खुशी की लहर है और बधाई देने का क्रम जारी है। वतर्मान में नूतन लाल साहू छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति तहसील इकाई राजिम के अध्यक्ष है। जिला रत्नांचल साहित्य समिति गरियाबंद, मंथन साहित्य समिति पांडुका, प्रयाग साहित्य समिति राजिम के संरक्षक है इसके अलावा विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं में उनकी भागीदारी इन्हें लोकप्रिय बना रही है।

# चोरी के माल सहित 2 आरोपियों को सरिया पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलाईगढ़,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के पुलिस अधीक्षक सारंगढ़-बिलाईगढ़ आंजनेय वार्ष्णेय के द्वारा जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को थाना क्षेत्र में चोरी, अवैध जुआ, सट्टा, शराब में संलिप्त व्यक्तियों के उपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा अति0 पुलिस अधीक्षक सारंगढ़-बिलाईगढ़ निमिषा पाण्डेय एवं उप पुलिस अधीक्षक महोदय सारंगढ़ अविनाश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में मुखबीर की सुचना पर चोरी के माल के साथ 02 आरोपीयों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है।

प्रकरण में प्रार्थी संजय चौहान पिता स्व0 विदेशी राम चौहान उम्र 42 वर्ष साकिन सरिया वार्ड क0 11, थाना सरिया, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ0ग0) के द्वारा दिनांक 28.04.2025 को थाना सरिया आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया गया है कि घटना दिनांक 10.03.2025 को रात्रि में उसके स्वामित्व के 02 नग एल.ई.डी. फ्लड लाईट, 01 नग डी.डी. 3 माईक सिस्टम एवं कॉपर वाईडिंग वायर वजन करीबन 12 किलोग्राम को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।



प्रार्थी की इस रिपोर्ट पर थाना सरिया में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप0क0- 68/2025 धारा 303(2), 3(5) बी0एन0एस0 का अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया। प्रकरण में प्रार्थी एवं गवाहों के कथन तथा घटनास्थल निरीक्षण किया गया जो मुखबीर की सुचना पर आरोपीयान- 1. राजकिशोर बैरागी उर्फ छोटु पिता रवि बैरागी उम्र 21 वर्ष साकिन पंचधार थाना सरिया जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ0ग0) 2. अजय पाव पिता पटवारी पाव उम्र 32 वर्ष साकिन पंचधार थाना सरिया जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ0ग0) के कब्जा से उनके मेमोरेण्डम कथन/निशानदेही पर चोरी गये मशरूका को बरामद कर जप्त किया गया है। आरोपीयों के विरूद्ध अपराध धारा 303(2), 3(5) बी0एन0एस0 का अपराध सबुत पाये जाने से उन्हें आज दिनांक 29.04.2025 को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा रहा है।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद यादव के नेतृत्व में प्र0आर0-टीकाराम पटेल, भुनेश्वर पंडा आरक्षक लक्ष्मीनारायण पटेल, प्यारे साहू, का सराहनीय योगदान रहा।

# राजिम नगर में आईटीआई खुलवाने एकजुट हुए जनप्रतिनिधि

**राजिम,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। अंचल की जनसंख्या के अनुरूप यहाँ एक तकनीकी शिक्षा के लिए लंबे समय से आई टी आई और पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की आवश्यकता की उठते आ रही है। नगर पंचायत के जागरूक अध्यक्ष महेश यादव ने आज इस विषय को ले कर पार्षदों के साथ विधायक रोहित साहू से भेंट की। विधायक महोदय ने इस विषय को गंभीरता से लिया, और तत्काल मुख्यमंत्री एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री को पत्र लिखने की बात कही। इस अवसर पर उन्होंने कहा की जनसंख्या की दृष्टि से हमारा क्षेत्र काफ़ी बड़ा है और युवाओं से सामने तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा का अभाव लगातार देखने को मिलता रहा है। जबकि आसपास के छोटे छोटे स्थानों में भी आई टी आई की स्थापना हो चुकी है। श्री साहू ने कहा कि यह विषय उनका ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है। इसके लिए उच्च स्तरीय वार्ता कर जल्द ही एक राजिम नगर के प्रतिष्ठा के अनुरूप आई टी आई और पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना का प्रयास होगा। साथ ही नगर पंचायत में कर्मचारियों की कमी को दूर करने विभागीय मंत्री अरुण साव को पत्र लिखेंगे।

नगर के प्रतिष्ठा के अनुरूप आईटीआई और पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना का प्रयास होगा : रोहितसाहू



इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा चंद्राकर के साथ पार्षद भारत यादव, टंकू सोनकर, तुषार कदम, सुरेश पटेल, मंशा कुर्रे, कुलेश्वर साहू, अजय पटेल और प्रतिनिधि पार्षद सोमनाथ पटेल, यशवंत निराला, उत्तम निषाद उपस्थित थे।